RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 334
लखनऊ, मंगलवार, 27 सितंबर, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




पीओके पर निर्णय 71 के युद्ध में लिया जाना चाहिए था

राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# ट्रैक्टर-ट्राली तालाब में गिरी, 10 की मौत

## नवरात्र के पहले दिन दुर्गादेवी मंदिर में दर्शन को जा रहे थे एक ही गांव के 47 लोग

● दुर्घटना में घायल हुए 37 लोगों का चल रहा है इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** में इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत गद्दीनपुरवा गांव में सीतापुर के अटरिया से श्रद्धालुओं को बैठा कर आ रही एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक तालाब में गिर गई। सुबह करीब 10 बजे हुए इस भीषण हादसे में ट्रैक्टर ट्राली में सवार 2 बच्चियों सहित 10 महिलाओं की मौत हो गई और 37 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, आईजी रैंज लक्ष्मी सिंह, एसपी ग्रामीण बृजेश कुमार मौके पर पहुंचे और एनडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। अनियंत्रित होकर तालाब में गिरी ट्रैक्टर ट्राली में सवार लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह से तालाब से निकलवा कर अस्पताल में भर्ती कराया जहां अटरिया सीतापुर की रहने वाली 18 वर्षीय रुचि मौर्य, 45 वर्षीय सुखरानी, 51 वर्षीय सुषमा मौर्य, 32 वर्षीय कोमल, 55 वर्षीय केतकी देवी, 55 वर्षीय अन्नपूर्णा, 40 वर्षीय मालती, 14 वर्षीय बिट्टी, 13 वर्षीय अंशिका और 36 वर्षीय सुनीता की मौत हो गई।



दुर्घटनास्थल पर तालाब में गिरी ट्रैक्टर ट्राली को निकालते राहत और बचाव दल के लोग

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक ट्वीट में घटना पर दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हादसे में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। वहीं आईजी रैंज लक्ष्मी सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली पर सीतापुर से अटरिया थाना क्षेत्र से 47 लोग सवार होकर इटौंजा थाना क्षेत्र के उनई गांव में स्थित दुर्गा देवी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। वहीं जिलाधिकारी ने बताया कि 37 लोगों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। गंगवार ने बताया कि इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजन को मुख्यमंत्री राहत कोष से चार-चार लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। इटौंजा थाना क्षेत्र के गद्दीन गांव के पास सोमवार की सुबह हुए इस दर्दनाक हादसे की खबर पूरे गांव में जंगल की आग की तरह फैल गई गांव के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस के पहुंचने से पहले ही गांव वालों ने तालाब से कई लोगों को बाहर भी निकाल लिया था। मौके पर बड़ी क्रेन को बुलाकर तालाब में गिरे ट्रैक्टर और ट्राली को बाहर निकलवाया गया।

## कुल्लू में दिल्ली, नोएडा के सात पर्यटकों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा/शिमला

**हिमाचल** प्रदेश के कुल्लू जिले में टैंपो-ट्रैवलर रविवार रात खड्ड में गिर गया, जिससे दिल्ली और नोएडा के सात पर्यटकों की मौत हो गई। हादसे में आईआईटी वाराणसी के तीन छात्रों समेत नौ लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक प्रकट किया है। हादसे का शिकार हुए सभी 16 सैलानी उत्तर प्रदेश के नोएडा से हिमाचल प्रदेश के जलोड़ी दर्रा घूमने गए हुए थे। इन्होंने दिल्ली के ट्रैवल एजेंट से टैंपो ट्रैवलर बुक कराया था। इनकी गाड़ी जब रविवार रात साढ़े आठ बजे कुल्लू जिले के बंजार विधानसभा क्षेत्र के घियागी के निकट पहुंची तो अनियंत्रित होकर हाईवे से 400 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। इस हादसे में पांच लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 11 घायलों को बंजार के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान दो अन्य सैलानियों की मृत्यु हो गई। कुल्लू के पुलिस अधीक्षक गुरदेव शर्मा ने बताया कि मृतकों की पहचान ( शेष पेज 4 )



गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में मठ के पहले तल पर स्थित शक्ति पीठ में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना कर प्रथम दिन मां शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा अर्चना की।

## आरक्षी के 534 पदों पर होगी पुरुष व महिला खिलाड़ियों की भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

मुख्यमंत्री के निर्देश पर उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड ने आरक्षी के 534 पदों पर खिलाड़ियों की भर्ती के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। कुल 534 पदों में 335 पुरुष और 199 महिला खिलाड़ियों के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस चयन में केवल खिलाड़ियों की खेल विषयक दक्षता व प्रमाण पत्रों के मूल्यांकन के आधार पर ही चयन किया जाएगा एवं न्यूनतम अर्हता के रूप से नेशनल खेल, नेशनल चैम्पियनशिप (जूनियर/सीनियर), फेडरेशन कप नेशनल (जूनियर/सीनियर), अखिल भारतीय अंतर राजकीय चैम्पियनशिप (सीनियर), अखिल भारतीय अन्त विवि टूर्नामेंट, विश्व खेल (अंडर-19), राष्ट्रीय विद्यालयखेल (अंडर-19) और अखिल भारतीय पुलिस खेल प्रतियोगिता में से किसी एक में प्रतिभाग कने का प्रमाण पत्र देने का अनिवार्य होगा। ( विस्तृत पेज 2 )

### द्वितीय ब्रह्मचारिणी



**दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

**मां दुर्गा** की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म का अर्थ तपस्या से है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। यह देवी दाएं हाथ में जप की माला और बाएं हाथ में कमंडल धारण किए हुए हैं।

## अमेरिका-पाकिस्तान में एफ-16 सौदे पर भारत ने उठाए सवाल

● अमेरिकी नेतृत्व के आतंकवाद से लड़ने के लिए मदद वाले तर्क पर जयशंकर का जवाब- किसी को बेवकूफ नहीं बना सकते

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसियां।** नई दिल्ली/वाशिंगटन

**पाकिस्तान** को अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को एफ-16 बेचने पर भारत ने सवाल उठाया उठाया है। अमेरिका ने 450 मिलियन डॉलर से अधिक के सौदे को लेकर तर्क दिया है कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मददगार साबित होगा, लेकिन भारत ने प्रतिकार करते हुए कहा कि यह केवल बेवकूफ बनाने वाली ही बात है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पाकिस्तान के साथ संबंधों से दोनों में से किसी देश को कोई फायदा नहीं हुआ है। जयशंकर ने भारतीय-अमेरिकियों के साथ एक संवाद के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि ईमानदारी से कहूं, तो इस संबंध से न तो पाकिस्तान को कोई फायदा हुआ है और न ही इससे अमेरिका के हितों को पूरा करने में मदद मिली है, इसलिए अब अमेरिका को वास्तव में यह सोचना चाहिए कि इस संबंध का फायदा क्या है और इससे उन्हें क्या मिल रहा है। अमेरिका ने इसको लेकर तर्क दिया था कि आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए एफ-16 के रख-रखाव के लिए पैकेज को मंजूरी दी गई है। ( शेष पेज 4 )



### भारत के प्रति रुख पर अमेरिकी मीडिया को लिया आड़े हाथ

**वाशिंगटन ( एजेंसी )।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत के संबंध में पूर्वाग्रही खबरें देने को लेकर द वाशिंगटन पोस्ट सहित कई प्रमुख अमेरिकी मीडिया घरानों को आड़े हाथों लिया है। जयशंकर ने भारतीय-अमेरिकियों के साथ एक संवाद में रविवार को कहा कि मैं मीडिया में आने वाली खबरों को देखता हूं। कुछ समाचार पत्र हैं, जिनके बार में आपको अच्छी तरह पता होता है कि वे क्या लिखने वाले हैं और ऐसा ही एक समाचार पत्र यहां भी है। वाशिंगटन पोस्ट वाशिंगटन डीसी में प्रकाशित होने वाला राष्ट्रीय दैनिक पत्र है और इसके मालिक अमेजन के जेफ बेजोस हैं। ( शेष पेज 4 )

## राजस्थान संकट पर सोनिया ने मांगी लिखित रिपोर्ट

● पर्यवेक्षकों खड़गे व माकन ने जयपुर से लौटकर कांग्रेस अध्यक्ष के सामने बयां किए हालात

● पार्टी हाईकमान गहलोत गुट से बेहद नाराज, परंतु नेतृत्व परिवर्तन पर फैसला अभी नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजस्थान** में उभरे ताजा संकट से कांग्रेस हाईकमान ने इस चुनावी राज्य में नेतृत्व परिवर्तन से कदम पीछे खींच लिए हैं। हालांकि यह अभी देखना होगा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके वफादार विधायकों द्वारा बगावती तेवर दिखाने पर सोनिया गांधी क्या फैसला लेती हैं। इस वक्त कांग्रेस हाईकमान के पास विकल्प बहुत सीमित हैं, क्योंकि यह इकलौता ऐसा बड़ा राज्य है जहां पार्टी सत्ता में है। सोमवार को दिनभर ऐसी खबरें तैरती रहीं कि हाईकमान की अवज्ञा करने पर राजस्थान के कई नेताओं पर सोनिया गांधी अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकती हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि गांधी ऐसा कोई कदम नहीं उठाएंगी जिससे एक और मुसीबत राजस्थान में पार्टी की सरकार के सामने खड़ी हो जाए।

सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान इस ताजा संकट से बचने के लिए नए नेता का चयन करने का फैसला टाल सकता है। बड़ी संभावना यह भी बन रही है कि अब संभवतः गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर हो जाएं। हालांकि मुख्यमंत्री गहलोत ने एआईसीसी पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन से पूरे मामले के लिए माफी मांग ली है, लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं कि सबकुछ सामान्य हो गया है। यह स्पष्ट है कि बिना इशारा मिले विधायक कोई कदम नहीं उठा सकते हैं, लेकिन गहलोत ने उन्हें रोकने के लिए कुछ नहीं किया। यह संकट मंगलवार को भी जारी रहा और गहलोत के भरोसेमंद विधायकों ने खड़गे और माकन से मिलने से इनकार कर दिया। उन्होंने समानांतर बैठक की और गहलोत को मुख्यमंत्री पद पर बने रहने की मांग की। ( शेष पेज 4 )



नई दिल्ली में सोनिया गांधी से मिलने के बाद पत्रकार वार्ता करते कांग्रेस नेता अजय माकन

### क्या कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में बने रहेंगे गहलोत?

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री और दिग्गज नेता अशोक गहलोत के बगावती तेवरों ने कांग्रेस आलाकमान को चौंका दिया है। अब सवाल यह उठ रहा है कि शीर्ष नेतृत्व की पहली पसंद गहलोत क्या अभी भी पार्टी अध्यक्ष पद की दौड़ में बने रह सकते हैं। क्योंकि, पार्टी इस बात को लेकर चिंतित है कि जब बेहद भरोसेमंद गहलोत अध्यक्ष बनने से पहले ही ठेंगा दिखा सकते हैं तो पार्टी की बागडोर संभालने के बाद वह गांधी परिवार के साथ कैसा व्यवहार करेंगे। गहलोत ने भले ही पार्टी के पर्यवेक्षकों अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे से अपने वफादार विधायकों द्वारा किए गए गलत व्यवहार के लिए माफी मांग ली हो, लेकिन इससे गया समय वापस नहीं लाया जा सकता। ( शेष पेज 4 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 57,145 | ↓ 954 | |
| निफ्टी | 17,016 | ↓ 311 | |
| सोना | 49,620 | ↑ 219 | /10g |
| चांदी | 56,025 | ↓ 208 | /kg |

### क्विक न्यूज

**रूस के स्कूल में गोलीबारी 15 की मौत, 24 घायल**

**मॉस्को।** मध्य रूस स्थित एक स्कूल मे सोमवार को एक बंदूकधारी ने खुद को गोली से उड़ाने से पहले गोलीबारी करके 15 लोगों की जान ले ली वही इस घटना मे 24 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस की जांच समिति ने ऑनलाइन जारी एक बयान मे बताया कि गोलीबारी उदमुर्तिया की राजधानी इझेवस्क के एक स्कूल में हुई। इझेवस्क शहर मॉस्को से करीब 960 किलोमीटर पूर्व मे स्थित है। समिति ने बताया कि मृतकों मे 11 बच्चे शामिल है वही घायलो मे 22 बच्चे है। रूस की जांच समिति ने हमला करने वाले बंदूकधारी की पहचान 34 वर्षीय अरट्योम कजांतसेव के रूप मे की है, जिसने इसी स्कूल से स्नातक किया है। यह भी बताया गया कि हमलावर ने काले रंग का टी-शर्ट पहन रखी थी जिसपर नाजी चिन्ह थे। फिलहाल हमले के मकसद के बारे में कोई जानकारी नही मिली है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने इस गोलीबारी को आतंकवादी घटना करार दिया और कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संबंधित विभागो को सभी जरूरी आदेश दिए है।

## सरकार ने 10 यूट्यूब चैनल के 45 वीडियो पर लगाया प्रतिबंध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने धार्मिक समुदायों के बीच घृणा फैलाने के इरादे से सामग्री में छेड़छाड़ करने और फर्जी खबरें प्रसारित करने के लिए 10 यूट्यूब चैनल के 45 वीडियो को प्रतिबंधित करने का आदेश दिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जिन वीडियो को प्रतिबंधित किया गया है, उन्हें कुल मिलाकर 1.30 करोड़ बार देखा जा चुका है और उनमें दावा किया गया है कि सरकार ने कुछ समुदायों के धार्मिक अधिकार छीन लिए हैं। ठाकुर ने कहा, इन चैनलों में ऐसी सामग्री थी, जो समुदायों के बीच भय और भ्रम फैलाती है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रतिबंधित सामग्री में धार्मिक समुदायों के बीच घृणा फैलाने की मंशा से प्रसारित फर्जी खबरें और छेड़छाड़ किए गए वीडियो शामिल हैं। इसमें कहा गया है, मंत्रालय द्वारा प्रतिबंधित किए गए कुछ वीडियो का इस्तेमाल अग्निपथ योजना, भारतीय सशस्त्र बलों, भारत का राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र, कश्मीर से जुड़े मुद्दों पर गलत सूचनाएं प्रसारित करने के लिए किया जा रहा था। बयान के अनुसार, यह सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा और दूसरे देशों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों के नजरिए से झूठी और संवेदनशील मानी गई। इसमें कहा गया है कि इन वीडियो को प्रतिबंधित करने का आदेश सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा निर्देश एवं डिजिटल मीडिया नैतिकता संहिता) नियम 2021 के प्रावधानों के तहत 23 सितंबर को जारी किया गया। ठाकुर ने बताया कि इससे पहले सरकार ने साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले 102 यूट्यूब चैनल और फेसबुक अकाउंट को प्रतिबंधित किया था।



### सरकार ने जिन ट्वीट को ब्लॉक करने को कहा उनमें से 50-60% अहानिकारक थे: ट्विटर

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**माइक्रोब्लॉगिंग** साइट ट्विटर ने सोमवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय में दावा किया कि सरकार राजनीतिक सामग्री की वजह से अनुपयुक्त प्रतीत हो रहे किसी ट्वीट के बजाय उसे अकाउंट ब्लॉक करने के लिए कह रही है। ट्विटर ने कहा कि आरोपी उल्लंघनकर्ताओं को नोटिस जारी किए बगैर उसे कई अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई करने को कहे जाने से एक मंच के तौर पर वह प्रभावित हुआ है। इसने कहा कि ऐसे कई ट्वीट, जिन्हें ब्लॉक करने के लिए कहा जा रहा था, वे अहानिकारक थे। उच्च न्यायालय कुछ अकाउंट, यूआरएल और ट्वीट ब्लॉक करने के केंद्र सरकार के आदेश खिलाफ ट्विटर की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। ट्विटर ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन किए जाने और सामग्री हटाने के लिए इस सोशल मीडिया मंच को निर्देश देने से पहले कथित उल्लंघनकर्ताओं को नोटिस जारी नहीं किए जाने के आधार पर सरकार के आदेशों को चुनौती दी थी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ट्विटर की याचिका पर एक सितंबर को 101 पृष्ठों का एक बयान दाखिल किया था। सोमवार को ट्विटर की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने दलील दी कि कंपनी सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम में निर्धारित नियमों का पालन कर रही है। डिजिटल माध्यम से अदालत में पेश हुए दातार ने दलील दी कि कथित उल्लंघनकर्ताओं को नोटिस जारी किए बगैर उसे (ट्विटर को) अकाउंट हटाने के लिए कहे जाने पर एक मंच के रूप में ट्विटर केंद्र द्वारा प्रभावित किया गया। ( शेष पेज 4 )

## गुलाम नबी आजाद ने डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी की स्थापना की

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**कांग्रेस** के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद ने सोमवार को अपने नए दल डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी का गठन किया और कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल करने को चुनावी मुद्दा नहीं बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सड़क, जलापूर्ति और महंगाई चुनावी मुद्दे हैं। आजाद ने कहा, मैं किसी को चुनावी मुद्दा बनाने से नहीं रोक सकता। मेरे पास बहुत सारी चीजें हैं, मैं इसे चुनावी मुद्दा क्यों बनाऊं? कश्मीर-केंद्रित दलों, विशेष रूप से पीडीपी द्वारा अनुच्छेद 370 पर उनकी टिप्पणी की आलोचना किए जाने के बारे में पूछने पर आजाद ने कहा, आप बस संसद के रिकॉर्ड पर गौर कर लीजिए कि (अनुच्छेद 370 पर) किसने बात की है या किसने नहीं। किसी के नाम पर संसद का रिकॉर्ड हासिल करें। लेकिन मेरा मानना है कि मैं चुनाव के लिए ऐसे मुद्दों का इस्तेमाल नहीं कर सकता। आजाद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं आज यहां से डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) की शुरुआत कर रहा हूं। यह लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रतीक है। हमारी विचारधारा महात्मा गांधी के आदर्शों पर आधारित होगी। आजाद ने कहा कि डीएपी का किसी अन्य राजनीतिक पार्टी से कोई मुकाबला नहीं होगा और यह जम्मू-कश्मीर में शांति व सामान्य स्थिति को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। ( शेष पेज 4 )



# स्मार्ट युवा आज की आवश्यकता: योगी

## जंगल कौड़िया में महंत अवेद्यनाथ महाराज स्टेडियम का सीएम ने किया लोकार्पण

● 700 दिव्यांगजन को मिला जरूरी उपकरणों का नवरात्र गिफ्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर



**शारदीय** नवरात्र के पहले दिन सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। सोमवार को जंगल कौड़िया के रसूलपुर चकिया में 10.16 करोड़ रुपये की लागत से बने महंत अवेद्यनाथ महाराज स्टेडियम और महंत अवेद्यनाथ राजकीय महाविद्यालय में 5.80 करोड़ रुपये से निर्मित प्रेक्षागृह का लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर प्रदेश के शक्ति एवं सामर्थ्य का प्रदर्शन करते हैं। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार हर गांव में खेल मैदान, विकास खंड स्तर पर स्टेडियम, बड़ी संख्या में स्पोर्ट्स कॉलेज बनवाने तथा बड़े पैमाने पर खेल सुविधाओं को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ा रही है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के निर्माण में हमारे खिलाड़ियों का योगदान भी सुनिश्चित हो। सीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के महाविद्यालय और स्टेडियम विकास के कई आयामों समेत राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़ने और खेलों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं।

नवरात्र के पहले दिन सभी नागरिकों के जीवन में मंगल की प्रार्थना करते हुए उन्होंने कहा कि शैलपुत्री के आराधना के पावन अवसर पर इस स्टेडियम का लोकार्पण शक्ति व सामर्थ्य के प्रति श्रद्धा निवेदित करने का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार बिना भेदभाव समाज के हर तबके को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। पीएम मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से जनसेवा के विभिन्न आयामों को लेते हुए सेवा पखवाड़ा शुरू किया गया है। इसी क्रम में 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई और यह सेवा पखवाड़ा महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि आज यहां के समारोह में 700 दिव्यांगजन को उनके लिए जरूरी उपकरण दिए गए हैं, यह समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति और वंचितों के उत्थान की सोच रखने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। योगी ने कहा कि सुदृढ़ हुई कानून व्यवस्था से आज देश-दुनिया के हर निवेशक प्रदेश में निवेश को इच्छुक हैं। पूरे प्रदेश में विकास की नई कहानी दिखती है। जबकि सात-आठ साल पहले यहां उद्योगों के बंद होने की स्थिति थी। उन्होंने कहा कि एक साल में यहां विद्यार्थियों की संख्या 1400 हो गई है। यह इस बात का प्रमाण है कि किसी शिक्षण संस्थान के खोलने का क्या लाभ होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया के मंच पर नई पहचान के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसमें युवाओं की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। इस भागीदारी को मजबूत करने के लिए स्मार्ट युवा आज की आवश्यकता है। युवाओं को स्मार्ट बनाने के लिए सरकार उन्हें डिजिटल प्लेटफार्म पर ले जा रही है। इसी सिलसिले में प्रदेश में दो करोड़ युवाओं को टैबलेट, स्मार्ट फोन उपलब्ध कराने के कार्य को युद्धस्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है।

# आरक्षी के 534 पदों पर होगी पुरुष व महिला खिलाड़ियों की भर्ती

● उत्तर प्रदेश भर्ती बोर्ड ने प्रारंभ की भर्ती की प्रक्रिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खिलाड़ियों** के लिए उप्र पुलिस में सेवायोजन का सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड ने आरक्षी के 534 पदों पर खिलाड़ियों की भर्ती के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में बोर्ड की ओर से शीघ्र ही सूचना जारी कर दी जाएगी।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड के मुताबिक कुल 534 पदों में 335 पुरुष और 199 महिला खिलाड़ियों के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस चयन में केवल खिलाड़ियों की खेल विषयक दक्षता व प्रमाण पत्रों के मूल्यांकन के आधार पर ही चयन किया जाएगा एवं न्यूनतम अर्हता के रूप से नेशनल खेल, नेशनल चैम्पियनशिप (जूनियर/सीनियर), फेडरेशन कप नेशनल (जूनियर/सीनियर), अखिल भारतीय अन्तर राजकीय चैम्पियनशिप (सीनियर), अखिल भारतीय अन्त विश्वविद्यालय टूर्नामेंट, विश्व खेल (अंडर-19), राष्ट्रीय विद्यालयखेल (अंडर-19) और अखिल भारतीय पुलिस खेल प्रतियोगिता में से किसी एक खेल में प्रतिभाग कने का प्रमाण पत्र देने का अनिवार्य होगा। इस चयन प्रक्रिया में खेल की विभिन्न विधाओं में पुरुष तथा महिला अभ्यर्थियों के पद निर्धारित किए गए हैं। वाटर स्पोर्ट्स में 42, वालीबाल में 10, वास्केट बाल में 13, हैंडबाल में 12, कबड्डी में 10, फुटबाल में 20, टेबिल टेनिस में चार, बैडमिंटन में छह, क्रासकंट्री में आठ, हाकी में 20, तीरंदाजी में 12, जिन्नास्टिक में12, भारोत्तोलन में10, बुश में 9, जूडो में 10, बाक्सिंग 11, एथलेटिक्स 57, तैराकी में 21, ताइक्वांडो में 8, शूटिंग में 14, साइक्लिंग में 6 और कुश्ती में 20 पदों पर पुरुष अभ्यर्थियों की भर्ती आरक्षी के पद पर होगी। इसी प्रकार वालीबाल में 10, वास्केट बाल में 10, कबड्डी में 10, टेबिल टेनिस में 2, बैंडमिंटन में 4, क्रासकंट्री में 6, हाकी में 12, तीरंदाजी में 10, भारोत्तोलन में 8, बुधु में 6, जूडो में 10, बाक्सिंग में 8, एथलेटिक्स में 46, तैराकी में 10, ताइक्वांडो में 8, शूटिंग में 8, साइक्लिंग में 4 और कुश्ती में 18 पदों पर महिला अभ्यर्थियों की भर्ती आरक्षी के पद पर की जाएगी। भर्ती बोर्ड के मुताबिक इस भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 22 वर्ष निर्धारित की गई है तथा कुशल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष परिस्थतियों में डीजीपी उत्तर प्रदेश द्वारा न्यूनतम आयु सीमा में 2 वर्ष तथा अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष तक की छूट प्रदान की जा सकती है।

# लम्बे समय से अनुपस्थित रहने पर उत्पादन निगम के 18 कार्मिक बर्खास्त

● निगम के अलावा दूसरे विभाग में भी कर रहे थे नौकरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** राज्य उत्पादन निगम के 18 कार्मिकों की लम्बे समय से बगैर सूचना या अवकाश स्वीकृत कराये अनुपस्थित रहने पर सेवा समाप्त कर दी गयी है। इस मामले में पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने जब विभागीय समीक्षा की तो उनको बताया गया कि निगम में अनेक अधिकारी एवं कार्मिक कई वर्षों से बगैर सूचना के अनुपस्थित चल रहे हैं। उन्होंने नौकरी से त्याग पत्र भी नहीं स्वीकृत कराया है और न ही कोई सूचना दी है। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि इन कर्मियों को निगम से बाहर किया जाए ताकि दूसरे योग्य और बेरोजगार व्यक्ति को नौकरी दी जा सके। इस मामले में जो कर्मचारी बिना सूचना गायब थे उन्होंने किसी दूसरे विभाग में नौकरी कर ली और उत्पादन निगम में भी काम कर रहे हैं। ऐसे में निगम ने उन्हें नोटिस देने की प्रक्रिया पूरी करते हुए अब बर्खास्त किया है।

अध्यक्ष के निर्देश के बाद 39 कार्मिकों ने त्याग पत्र स्वीकृत कराया एवं 71 लाख रुपये बंधपत्र के तहत जमा हुए। जिन कार्मिकों को बर्खास्त किया गया है उनमें बबिता (प्रवक्ता) हरदुआगंज, कुमारी ललितेश (रसायनज्ञ श्रेणी-2) हरदुआगंज, प्रशान्त पाण्डेय (टीजी-2) अनपरा, प्रदीपकुमार (टीजी-2) पनकी, अरूण कुमार सिंह (श्रमिक) अनपरा, दूधनाथ (श्रमिक) अनपरा, साधना बाथम (अनुसेवक) पनकी, रज्जनलाल (श्रमिक) पनकी, संतोष कुमार (श्रमिक) ओबरा, संजय कुमार (धावक) पनकी, दशाराम (श्रमिक) अनपरा, मुन्ना प्रसाद गुप्त (रसायनज्ञ श्रेणी-2) ओबरा, प्रवीन सिंह (रसायनज्ञ श्रेणी-2) ओबरा, अशोक कुमार (टेक-2) ओबरा, सुनील जॉर्ज (श्रमिक) हरदुआगंज, उरूज अहमद (श्रमिक) पारीछा, सुनील कुमार (श्रमिक) ओबरा एवं अमर सिंह (सहायक) पनकी हैं।

# गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के सर्वे का उद्देश्य व्यवस्थायें सुनिश्चित कराना: धर्मपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अल्पसंख्यक** कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे कार्य की प्रगति का पर्यवेक्षण नियमित रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि सर्वे को लेकर किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य केवल गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की सूचना संकलित किये जाने के उद्देश्य से कराया जा रहा है न कि किसी प्रकार की जॉच आदि से संबंधित है। उन्होंने कहा कि मदरसों की शिक्षा को गुणवत्तायुक्त एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरूप बनाना राज्य सरकार का उद्देश्य है। मंत्री धर्मपाल सिंह ने यह बात सोमवार को विधानसभा स्थित कक्ष कार्यालय में प्रदेश के गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे कराये जाने की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान कही। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने मदरसों में एनसीईआरटी पुस्तकों के वितरण के विषय में निर्देश दिये कि मदरसों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को डयरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर के माध्यम से खातों में धनराशि अंतरित कर दी जाए। जिससे छात्र-छात्रायें सुविधानुसार किताबों का क्रय कर सकें। उन्होंने कहा कि मदरसा शिक्षा को बेहतर बनाने एवं उसके आधुनिकीकरण की दिशा में यह निर्णय अत्यन्त महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा कि मदरसे के कुछ प्रतिभाशाली बच्चे जिन्होंने एनईईटी परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें सम्मानित किया जाए ताकि अन्य बच्चों में उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न हो और मदरसों के बच्चों में आगे बढ़ने व पढ़ने की प्रेरणा जगाई जा सके। मदरसों की शिक्षा के आधुनिकीरण से छात्र एवं छात्रायें राज्य सरकार की मंशा के अनुसार डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस व उच्च पदों पर चयनित हो सकेंगे। उन्होंने मदरसें के बच्चों को एनसीआरटी की पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मदरसों के सर्वे के संबंध में यथाशीघ्र सर्वे कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिये ताकि सर्वे से प्राप्त परिणामों के आधार पर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करते हुए मदरसा शिक्षा को और बेहतर बनाया जा सके ताकि अल्पसंख्यक समाज के अधिक से अधिक छात्र एवं छात्राएं लाभान्वित हो सकें। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव मोनिका एस.गर्ग, विशेष सचिव आनन्द कुमार, एवं विशेष सचिव अनिल कुमार, निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण इन्दुमति, रजिस्ट्रार यूपी मदरसा शिक्षा परिषद के जगमोहन सिंह एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. इफ्तेखार अहमद जावेद, उपसचिव शकील अहमद सिद्दीकी उपस्थित थे।

# कुख्यात अपराधी को छुड़ाने के प्रयास के आरोप में पूर्व सपा विधायक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कुख्यात** अपराधी को छुड़ाने के प्रयास के आरोप में झांसी के गरौठा से सपा के पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद से तलाश में जुटी पुलिस ने सोमवार को दीपनारायण को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। बीती 16 सितंबर को कन्नौज से पेशी पर लाए गए कुख्यात लेखराज सिंह यादव को कस्टडी से छुड़ाने की कोशिश की गई थी। इस मामले में कन्नौज में पुलिस ने पूर्व विधायक दीपनारायण समेत 11 लोगों पर मामला दर्ज कराया गया था। इसमें पुलिस लगभग सभी लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के अनुसार 18 सितंबर को पुलिस ने गैंगेस्टर के अभियुक्त लेखराज सिंह यादव को कन्नौज से झांसी कोर्ट में पेश किया था। पेशी के बाद कोर्ट गेट के पास उसे फरार कराने की कोशिश की गई। एक स्कार्पियो गाड़ी ने पुलिस की गाड़ी को कई बार ओवरटेक किया। ओवरटेक करने वालों ने बाद में स्कार्पियो पुलिस की गाड़ी के आगे लगाकर उसे रोक दिया। कन्नौज पुलिस अपने बचाव में गाड़ी को लेकर मॉठ थाने में घुस गई। इस मामले की सूचना मिलने के बाद अधिकारी मॉठ थाने पहुंचे और पुलिस की गाड़ी को वापस कन्नौज लगाया गया। इस मामले में पहले पूर्व सपा विधायक दीपनारायण सिंह और उनके रिश्तेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में 11 लोगों को पहले ही गिरफ़्तार किया जा चुका है। इनमें दीपनारायण के रिश्तेदार अनिरुद्ध यादव और बृजेंद्र यादव भी शामिल हैं।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा पूर्व में नाम फातिमा अंसारी था, अब मुझे Fatima Bibi के नाम से जाना एवं पहचाना जाये। फातिमा बीबी पत्नी हफीज अहमद बलुआबीर पीलीकोठी, वाराणसी।

**NOTICE**

I Madhuri, w/o Raghav Chandra Flat no 48 G, sector 8 Jasola, New Delhi 110025 have changed my name to Madhuri Jha vide affidavit dt. 26.09.2022 for all future purposes.

**सूचना**

मैं अजय कुमार डिंगरे पुत्र स्व0 आर0के0 डिंगरे सूचित करता हूँ कि मेरे मकान संख्या-4/77 विवेकखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ का आवंटनपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका उपयोग अवैध होगा।

**सूचना**

मेरी पुत्री अफरा उबैद के विद्यालय के अभिलेखों में पुत्री की माता का नाम Saboora Khatoon अंकित है जो कि गलत है। सत्य व सही नाम Sabura Khatoon है। जो अन्य अभिलेखों में अंकित है। सबूरा खातून निवासिनी- 602/1952, अवध इन्क्लेव, दुबग्गा, लखनऊ।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शुभम सिंह व पुत्रवधू दिव्या सिंह उर्फ शुभ के गलत आचरण व दुर्व्यवहार से तंग आकर दोनों को चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किए गए कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। नरेंद्र सिंह पुत्र इंद्रपाल सिंह निवासी 120 अमौली थाना महाराजपुर जिला कानपुर नगर।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद तसलीम को उसकी नाजायज हरकतों की वजह से अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मोहम्मद तसलीम द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिये शपथी जिम्मेदार न होगा। मोहम्मद हलीम निवासी-ग्राम- शेख पुरवा, सराय प्रेमराज, लखनऊ।

# पावर कारपोरेशन के चेयरमैन सहित सभी डिस्काम के एमडी तलब

● नियामक आयोग ने उपभोक्ता परिषद की याचिका का लिया संज्ञान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** राज्य विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन आर पी सिंह ने विद्युत उपभोक्ता परिषद की याचिका का संज्ञान लेते हुए पावर कारपोरेशन के चेयरमैन, प्रबंध निदेशक व सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निदेशक को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 142 के तहत नोटिस जारी करते हुए 21 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से नियामक आयोग में तलब किया गया है। साथ ही मामले की गंभीरता को देखते हुए विद्युत नियामक आयोग ने सभी बिजली कंपनियों के लिए यह निर्देश भी जारी किया है कि तत्काल बिना देरी किए हुए जिन भी विद्युत उपभोक्ताओं कास्ट डाटा बुक के विपरीत जाकर अधिक वसूली की गई है उन्हें पूरी धनराशि 21 अक्टूबर तक वापस किया जाए और सुनवाई के दिन पूरे मामले पर उपभोक्ताओं को वापस की गई धनराशि से अवगत कराया जाए। नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों को जारी नोटिस में कहा कि जिस प्रकार से बिजली कंपनियों ने आयोग आदेश का घोर उल्लंघन किया है वह रेगुलेटरी प्रोसेस के विपरीत अवमानना की श्रेणी में आता है जो माफ करने योग्य नहीं है यह किसी आदेश का उल्लंघन नहीं बल्कि कार्ड डाटा बुक का उल्लंघन है जो रेगुलेटरी फ्रेमवर्क का एक कानून है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा बिजली कंपनियों ने आयोग आदेश के विपरीत जाकर अपने ऑनलाइन सॉफ्टवेयर ईआरपी में जिस प्रकार से आयोग आदेश को हटाकर एक नियम विरुद्ध गलत आदेश उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डालने के लिए लागू कर दिया गया।

विद्युत उपभोक्ताओं का बड़े पैमाने पर शोषण किया गया है। किसानों के कनेक्शन के एस्टीमेट पर 18 प्रतिशत जीएसटी की वसूली नहीं करना था और उनके लिए जीएसटी शून्य है किसानों से भी नए कनेक्शन के स्टीमेट पर पर 18 प्रतिशत जीएसटी की वसूली की गई। अन्य विद्युत उपभोक्ताओं से जीएसटी के मद में 39 प्रतिशत तक वसूली की गई जो उत्पीड़न का सबसे बडा मामला है जिस प्रकार से बिजली कंपनियों ने उदाहरण के तौर पर 25 केवीए के ट्रांसफार्मर रुपया 56780 के विपरीत रुपया 74198 रुपए की वसूली की गई। इसी प्रकार अन्य मदों में भी अधिक वसूली की गई।

# प्रदेश में 31 अक्टूबर तक पुलिस कर्मियों की छुट्टियों पर रोक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** ने आगामी त्योहारों को देखते हुए प्रदेश में पुलिसकर्मियों के सभी प्रकार के अवकाशों पर 31 अक्टूबर तक के लिए रोक लगा दी है। अपरिहार्य परिस्थितियों में अवकाश डीजीपी मुख्यालय से स्वीकृत किए जाएंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। डीजीपी मुख्यालय की ओर से इस संबंध में सभी डीजी, एडीजी, पुलिस आयुक्त, रेंज और जोन के प्रभारियों, पुलिस कप्तानों, एसपी रेलवे और पीएसी के सभी कंपनी कमांडेंट को आदेश पत्र प्रेषित कर दिया है। पत्र में कहा गया है कि आने वाले त्योहारों को देखते हुए 31 अक्टूबर तक के लिए सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि अभी बीते रविवार की रात ही सीएम योगी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों, रेंज, जोन के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने शारदीय नवरात्रि, दशहरा, बाल्मीकी जयंती, बारावफात, दीपावली और छठ जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान पुलिस को 24 घंटे अलर्ट मोड में भी रहने के निर्देश दिए थे।

# मिट्टी, पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य को बचाएगी प्राकृतिक खेती: सूर्य प्रताप शाही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रदेश में गौ आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रगतिशील किसानों, कृषि वैज्ञानिकों तथा कृषि अधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिलाकर प्रदेश की मिट्टी, पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य के संरक्षण के कार्य को वृहद स्तर पर शीघ्र ही धरातल पर उतर जाएगा। यह बात सोमवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने लोक भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। श्री शाही ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गौ आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय भ्रमण दल दिनांक 28, 29 सितंबर तक हरियाणा प्रदेश के कुरुक्षेत्र में स्थित गुरुकुल प्रक्षेत्र पर अध्ययन की दृष्टि से जायेगा। इस भ्रमण दल में स्वयं कृषि मंत्री, गन्ना विकास मंत्री, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री, कृषि राज्य मंत्री, मुख्य सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, अपर मुख्य कृषि, अपर मुख्य सचिव, गन्ना, कृषि एवं संबद्ध विभाग के समस्त निदेशकगण, निदेशक मंण्डी इत्यदि सम्मिलित होंगे। भ्रमण दल के साथ-साथ 20 से 25 कृषक भी 3 दिवसीय भ्रमण एवं प्रशिक्षण हेतु 28 सितम्बर को गुरुकुल के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के मार्गदर्शन के उपरान्त कृषि विभाग द्वारा योजना के क्रियान्वयन से संबंधित गम्भीरता से कार्यवाही की जा रही है। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती कृषि बोर्ड की स्थापना करने जा रही है।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने सुनीं जन शिकायतें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय पर लगभग दो दर्जन जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना साथ ही तत्काल ही निस्तारण के निर्देश भी दिए। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी तथा पुलिस अधिकारियों से बात की। जनता दर्शन में बुजुर्ग, महिलाएं, पुरूष एवं दिव्यांग सहित सैकड़ों लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्यायें बतायी। जनता दर्शन में आये तमाम लोगों से उनकी समस्याएं सुनीं एवं प्रार्थना पत्र भी लिये, साथ ही कई लोगों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में उपमुख्यमंत्री ने शासन के कई उच्चाधिकारियों, जिलाधिकारियो व पुलिस अधीक्षको सहित कई अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की। कई लोगों की समस्याओं का जनता दर्शन के दौरान ही निस्तारण भी कराया गया।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री आशिष रस्तोगी पुत्र अनिल कुमार रस्तोगी निवासी फ्लैट नं0 B-Ist फ्लोर मिथल भवन बिल्डिंग नं0 5, 10 स्टेशन रोड लखनऊ के है। मेरे मुवक्किल के द्वारा मुख्तारनामा दिनांक 25.06.2003 को श्रीमती कृष्णा शाह W/o स्वर्गीय श्री भूपेन्द्रा शाह निवासी पारसी शाह बिल्डिंग अमीनाबाद पार्क लखनऊ द्वारा श्री अश्वनी शाह S/o श्री भुपेन्द्रा शाह एवं श्री आशुतोष शाह S/o स्वर्गीय भुपेन्द्रा शाह को किया था। जिसका जिल्द नं0 1941 पेज 78/81 क्र0नं0 5101 बुक नं0 IV स0 रजि0 V नयी दिल्ली है जो कि कहीं खो गया है। यह मूल कागजात सम्पत्ति Shop No. 1, IInd फ्लोर बिल्डिंग नं0 113/9, पारसी शाह बिल्डिंग अमीनाबाद लखनऊ की है। जो कि पूर्ण रूप से मेरे मुवक्किल के स्वामित्व व अधिकार में है तथा उक्त सम्पत्ति पर किसी भी हक बन्धक, लेन देन या बकाया है तो आज से 7 दिन की अवधि के अन्दर एडवोकेट निशांत सिंह से 9453431919 या इंडसइड बैंक लि0 लखनऊ पर सम्पर्क कर सूचित करें। अन्यथा भविष्य में किसी भी प्रकार का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

# वृद्धावस्था पेंशन के आधार सत्यापन में पश्चिमी यूपी सबसे आगे

● प्रदेश में कुल 53.15 लाख लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण पूरा, शीर्ष 5 जिलों में 4 जिले पश्चिम उप्र के

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन योजना में आधार सत्यापन की प्रक्रिया को अभियान के तौर पर चलाया जा रहा है। अब तक इस अभियान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिले बाकी क्षेत्रों की तुलना में सबसे आगे चल रहे हैं। आधार सत्यापन के मामले में शीर्ष 5 जिलों में से 4 जिले पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हैं। इनमें भी फिरोजाबाद सबसे ऊपर है।

फिरोजाबाद में आधार प्रमाणीकरण संख्या 49257, बिजनौर में 41856, अमरोहा 24155, हापुड़ में 10613 है। इसके अलावा फिरोजाबाद में लाभार्थियों की संख्या 57124 है बिजनौर में 52841, अमरोहा में 30691 और हापुड़ में 13737 है। कुल मिलाकर इन जिलों में आधार सत्यापन पूरा हो चुका है। प्रदेश में आधार प्रमाणित पेंशनरों की संख्या कुल 37.49 लाख हैं। इसके अलावा आधार प्रमाणीकरण से बचे लाभार्थियों की संख्या 15.55 लाख है। प्रदेश में कुल लाभार्थियों की संख्या 56 लाख हैं। उत्तर प्रदेश में वृद्ध जनों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े इसके लिए समाज कल्याण विभाग के आला अधिकारी टीम बनाकर घर घर जाकर सत्यापन का कार्य कर रहे हैं। आधार प्रमाणीकरण का कार्य कराने से लाभार्थियों को पेंशन की धनराशि मिलने में सुविधा होगी। निकट भविष्य में लाभार्थियों के बैंक आधार सीडिंग खाते में धनराशि भेजी जा रही है जिससे बैंक का खाता अथवा आईएफएससी कोड में परिवर्तन होने पर लाभार्थियों को पेंशन की धनराशि मिलने में किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। आधार प्रमाणीकरण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सही व्यक्ति को योजना का लाभ प्राप्त हो तथा लाभार्थियों को दोहरा भुगतान से रोका जा सके एवं अधिक से अधिक वृद्धजन इस योजनान्तर्गत लाभान्वित हो सके। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया कि वृद्धवस्था पेंशन योजनान्तर्गत वेबसाइट पर जाकर अपने जिले विकास खंड, नगर निकाय, ग्राम पंचायत, नगरीय वार्ड को सेलेक्ट कर अपने ग्राम तथा नगरीय वार्ड की पेंशन सूची से अपना रजिस्ट्रेशन नंबर ज्ञात कर सकते हैं। लाभार्थी पेंशन पोर्टल पर जाएं और लाल रंग की पट्टी आधार प्रमाणीकरण के लिए फ्लैश होती है उसे क्लिक कर वृद्धास्था पेंशन का चयन करते हुए रजिस्ट्रेशन नम्बर, मोबाइल नम्बर और बैंक अकाउण्ट नम्बर डालते ओटीपी के माध्यम से अपना मोबाइल नम्बर पेंशन के साथ दर्ज कर लें। लाभार्थी का नाम पेंशनर सूची में व आधार में समान है तो रजिस्ट्रेशन के साथ आधार का प्रमाणीकरण आसानी से हो जायेगा। जिन लाभार्थियों का नाम उनके आधार कार्ड से भिन्न है। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत अधिकारी, पंचायत सहायक के माध्यम से आधार कार्ड की फोटोकॉपी पर लाभार्थी का मोबाइल नम्बर अथवा किसी निकट सम्बन्धी का मोबाइल नम्बर जिला समाज कल्याण अधिकारी को उपलब्ध करायें, जिससे जिला स्तर से आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

# घटतौली मिलने पर तौल लिपिकों के लाइसेंस होंगे निरस्त

**लखनऊ।** गन्ना एवं चीनी आयुक्त संजय आर. भूसरेड्डी ने सोमवार को पेराई सत्र 2022-23 के लिए मिलगेट एवं गन्ना क्रयकेन्द्रों पर घटतौली पर अंकुश लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किये हैं। गन्ना आयुक्त द्वारा बताया गया कि गन्ना क्रयकेन्द्र संचालित होने से 15 दिन पूर्व तौल लिपिकों के लाइसेंस संबंधित जिला मजिस्ट्रेट से बनवाकर चीनी मिलों को उपलब्ध कराये जाएं। क्रयकेन्द्र पर गन्ना तौल करते समय तौल लिपिकों को लाइसेंस के साथ-साथ पहचान-पत्र भी अनिवार्य रूप से अपने पास रखना होगा। घटतौली में दोषी पाये गये तौल लिपिकों के लाइसेंस निलंबन एवं उनके निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जायेगी इसके साथ ही घटतौली पाये जाने पर सम्बन्धित चीनी मिल के साथ-साथ तौलन यन्त्र विनिर्माता कम्पनी के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराये जाने के निर्देश भी दिये गये है। आयुक्त श्री भूसरेड्डी ने बताया कि तौल लिपिकों के पाक्षिक स्थानान्तरण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाये जाने के लिए स्मार्ट गन्ना किसान प्रोजेक्ट के माध्यम से स्थानान्तरण किया जायेगा तथा निर्गत स्थानान्तरण सूची को विभागीय वेबसाइट एवं सोशल मीडिया पर अपलोड कर प्रसारित भी कराया जायेगा साथ ही जिन तौल लिपिकों को लाइसेंस जारी किया जायेगा।

**FORM NO. 5**

**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL**

600/1 University Road, Near Hanuman Setu Mandir, Lucknow - 226007
(Area of Jurisdiction-Part of Uttar Pradesh)
SUMMONS FOR FILING REPLY & APPEARANCE BY PUBLICATION
O.A. NO. 1566/2018 Date: 23.05.2022
(Summons to defendants under Section 19(3) of The Recovery of Debts and Bankruptcy Act, 1993 read with rules 12 And 13 of The Debts Recovery Tribunal (Procedure Rules), 1993)
Original Application No. 1566 of 2018
Bank of Maharashtra ........Applicant
Versus
M/s Career Sources and Others ........Defendants
To,

1. M/s Career Sources A Proprietorship Firm through Its Sole Proprietor Smt. Aanchal Mathur, W/o Shri Sumit Kumar Chaturvedi, R/o House No. 27/2, Kha, II Floor, Poddar House, 8 way lane, Gokhale Marg, Lucknow
   **Also at:-** House no. 302, Garden View, Halwasiya, Rana Pratap Marg, Lucknow- 226001
2. Smt. Aanchal Mathur, W/o Shri Sumit Kumar Chaturvedi, R/o House no. 302, Garden View, Halwasiya, Rana Pratap Marg, Lucknow- 226001
   **Also at:** House No. C/1/G, Sector- C, Sitapur Road Yojna, Lucknow
   Also at: House No. 27/2, Kha, II Floor, Poddar House, 8 way lane, Gokhale Marg, Lucknow.
3. Shri Sumit Kumar Chaturvedi, S/o Shri, Lalit Mohan Chaturvedi R/o House no. 302, Garden View, Halwasiya, Rana Pratap Marg, Lucknow- 226001
   **Also at:** House No. C/1/ G, Sector- C, Sitapur Road Yojna, Lucknow

In the above noted application, you are required to file reply in Paper Book Form in Two sets along with documents and affidavits (if any), personally or through your duly authorized agent or legal practitioner in this Tribunal, after serving copy of the same on the applicant or his counsel/duly authorized agent after publication of the summons and thereafter to appear before the Tribunal on **27.09.2022** at **10.30 A.M.** failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Registrar
Debts Recovery Tribunal, Lucknow

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# जिलाधिकारी पहुंचे घटना स्थल चलाया गया रेस्क्यू आपरेशन

## ● गद्दीनपुरवा में ट्रैक्टर ट्रॉली के अनियंत्रित होकर तालाब में गिरने की घटना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीकेटी** के गद्दीनपुरवा में ट्रैक्टर ट्रॉली के अनियंत्रित होकर तालाब में गिरने की घटना की जानकारी होने पर जिलाधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और एनडीआरफ के जवानों और गोताखोरों से रेस्क्यू आपरेशन चलाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मृतकों के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। वहीं, राम सागर मिश्र हास्पिटल में घायलों को तत्काल उच्चस्तरीय उपचार उपलब्ध कराने के आदेश दिए। वहीं घटना स्थल पर चीख पुकार व अफरी तफरी का माहौल बन गया। सोमवार को राजधानी में इंटौजा में हुए हादसे में 10 लोगों की जान चली गयी। जबकि 37 लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार इंटौजा के गद्दीनपुरवा गांव में घटना स्थल पर पहुंचे। घटना स्थल पर पहुंचते ही तालाब में गिरे लोगों को ढूढने के लिए एनडीआरएफ को रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के निर्देश दिए, जिसे तत्काल शुरू कर दिया गया। घटना स्थल के बाद वे राम सागर मिश्र हास्पिटल पहुंचे। हास्पिटल में घायलों से मिलकर उनका हाल चाल जाना। जिलाधिकारी ने घायलों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ज़िलाधिकारी ने बताया गया कि इस दुःखद हादसे में कुल 37 लोग घायल हुए, जिसमे एक व्यक्ति को केजीएमयू में भर्ती कराया गया, वर्तमान में जिसकी हालात अब स्थिर है। बाकी सभी लोगों का उपचार स्वास्थ्य केन्द्र इटौंजा में कराया जा रहा है। सभी घायल खतरे से बाहर है। घायलों को उनके निवास स्थानों स्थान तक पहुंचाने के लिए बस की व्यवस्था की गई है। ज़िलाधिकारी ने बताया कि इस हादसे में 10 व्यक्तियों में 8 महिलाएं जिनमें दो 18 वर्ष से कम आयु की महिलाएं, की दुःखद मृत्यु डूबने से हुई है। ज़िलाधिकारी द्वारा बताया गया कि मृतको के परिजनों को मुख्यमंत्री उप्र सरकार की ओर से आपदा राहत कोष से 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। ज़िलाधिकारी द्वारा लगातार फील्ड में रहते हुए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटौंजा पहुँचे। स्वास्थ्य केंद्र पहुँच कर ज़िलाधिकारी द्वारा मृतको व घायलो के परिजनों से संवाद करते हुए उनको सांत्वना दी गई। ज़िलाधिकारी द्वारा एमरजेंसी वार्ड में जा कर घायलों से उनका हाल चाल लिया और उनके जल्दी स्वास्थ्य होने की कामना की गई। ज़िलाधिकारी द्वारा चिकित्सको को निर्देश दिए कि सभी घायलों को उच्चस्तरीय उपचार उपलब्ध कराया जाए। किसी को भी कोई असुविधा न होने पाए। हादसे के मद्देनजर डीएम द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि त्यौहारों के तहत बड़ी संख्या में लोग ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा दर्शन करने आते है। जिसको देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर-ट्राली के चालको की काउंसलिंग की जाए कि वह अत्यधिक लोगो को लेकर न चले और यातायात के नियमों का पालन करे ताकि भविष्य में ऐसी दुःखद घटना की पुनरावृत्ति न हो।



### सर्वे कर सड़कों के गड्ढों को भरने का निर्देश

ज़िलाधिकारी द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी सड़कों का सर्वे किया जाए। विशेषकर जिन रास्तों पर श्रद्धालु निकल रहे है। सर्वे में ध्यान दिया जाए कि जिन सड़कों के पास की पटरी खत्म हो गई है, प्राथमिकता पर उन सड़कों की पटरी जिनके आस पास तालाब एवं खाई है, उसमे मिट्टी डाल कर पटरी बनवाना जाए।

### कौशल किशोर व ब्रजेश पाठक ने लिया घायलों का हालचाल

**लखनऊ।** इंटौजा के गद्दीनपुरवा गांव में ट्रक से ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर घटना की सूचना मिलने पर केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इंटौजा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। परिजनों से भेंट कर समुचित इलाज का आश्वासन दिया। पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केन्द्रीय मंत्री ने चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद कौशल किशोर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। कौशल किशोर ने कहा इस घटना में पीड़ित परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी घटना को लेकर गहरा शोक जताया है।

# डीएम कर रहे छात्र ने लगाया वाइवा में जानबूझ कर फेल करने का आरोप

**लखनऊ।** किंग र्जा मेडिकल यूनिविर्सटी से डीएम कर रहे एक छात्र ने वाइवा में जानबूझकर फेल करने का आरोप विभाग प्रमुख सहित विभाग के शिक्षकों पर लगाया है। छात्र के अनुसार उसे मानसिक रूप से प्रताड़ति करने के साथ ही एक शिक्षक यौन उत्पीड़न करने की कोशिश भी करते थे। सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आयोजित हुई राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में हैदराबाद के रहने वाले छात्र ने देश भर में पांचवा स्थान हासिल किया था। उसका शैक्षणिक रिकॉर्ड शानदार रहा है, लेकिन दुर्भावना की वजह से उसे वाइवा में फेल किया गया है। छात्र का कहना है कि अभी तक अपनी डिग्री के लिए वह काफी कुछ सह रहा था। थीसिस में उनके गाइड ने विषय चयन और उसकी रूपरेखा में किसी प्रकार की मदद नहीं की। इसके बजाय अंतिम समय तक उसमें बदलाव कराते रहे। इसके साथ ही वे उससे काफी निजी काम भी कराते थे। इसके अलावा ऑनलाइन शॉपिंग में उससे मदद लेने के साथ ही पहले उसे सामान लेकर आने को कहा जाता और बाद में उसी को वापस करने का आदेश सुनाया जाता। उसने बताया कि कई मौकों पर उसका यौन उत्पीड़न करने की कोशिश भी की गई। इसी तरह विभागाध्यक्ष और एक अन्य महिला शिक्षिका ने भी उसे बराबर परेशान किया। यहां तक कि दूसरे प्रांत का होने की वजह से उसके साथ लगातार भेदभाव किया जाता रहा। वह किसी भी सूरत में अपनी डिग्री चाहता था, लेकिन अब उसे साजिश के तहत वाइवा में फेल कर दिया गया। छात्र ने केजीएमयू प्रशासन से थ्योरी और वाइवा दोनों का पुर्नमूल्यांकन जल्द से जल्द कराने की मांग की है। वहीं इस बारे में विवि के प्रवक्ता डॉ सुधीर सिंह का कहना है कि ऐसी बात नहीं है कि जानबूझकर फेल किया गया है। प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

# बीबीएयू के छह छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर** केन्द्रीय विश्वविद्यालय के ग्रामीण प्रबंधन विभाग के छह विद्यार्थियों का चयन बायजू कंपनी द्वारा बिजनेस डेवलपमेन्ट एसोसिएट के पद पर किया गया है। कैंपस प्लेसमेंट के जरिए चयनित इन विद्यालयों को 8 लाख सालाना का पैकेज प्राप्त होगा। चयनित विद्यार्थियों में अपर्णा बाजपाई, नीतीश यादव, प्रतिमा वर्मा, शहबाज शाही, खुशबू गुप्ता और आराध्य द्विवेदी शामिल है। विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने चयनित सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। विभाग के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के चयन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# असलहे के बल पर महिला से दुराचार करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

## ● पुलिस ने कब्जे से लाइसेंसी रिवालवर व दो जिन्दा कारतूस बरामद किए

**लखनऊ।** राजधानी के विभूतिखंड इलाके में महिला के साथ असलहे के बल पर रेप किए जाने के मामले में फरार चल रहे शातिर अपराधी संदीप यादव को विभूतिखंड पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। अभियुक्त के कब्जे से लाइसेंसी रिवालवर व दो जिन्दा कारतूस भी बरामद किये हैं। कमला कालोनी माढर मऊ सुल्तानपुर रोड पर रहने वाली एक पीड़िता ने विभूतिखंड थाने में तहरीर देकर बताया कि 14 सितंबर 2022 को सिविल कोर्ट गई थी कि कचहरी के बाहर बिजनौर लखनऊ निवासी संदीप यादव मिला और वह अपने झांसे में लेकर पीड़िता को बताया कि उसके पास दमदार वकील हैं और वह काम करा देंगे। 18 सितंबर को संदीप यादव पीड़िता को हुसेड़िया चौराहे पर बहाने से बुलाया और स्कार्पियो में बैठाकर गोमतीनगर स्थित एक होटल में ले गया, जहां दबंग संदीप असलहे के बल पर युवती की इज्जत लूटा और जान से मारने की धमकी देते हुए पत्रकार पुरम चौराहे पर छोड़ कर भाग निकला था। संदीप यादव को विभूतिखंड पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। रेप के मामले में नामजद संदीप यादव के खिलाफ पूर्व में बंथरा मुकदमा दर्ज आशियाना में छेड़छाड़ की धारा में दर्ज के अलावा वर्ष 2018 में थाना बिजनौर गोली चलाकर सनसनी फैलाने के मामले में दर्ज हैं। डीसीपी पूर्वी प्राची सिंह के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी कि सोमवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी संदीप यादव पिकअप भवन के पास मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है। पुलिस ने तत्काल पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया।

# फैसले के खिलाफ अपील पर सुनवाई अब 31 अक्टूबर को

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** अयोध्या के विवादित ढांचा को ढ़हाए जाने के मामले में सत्र अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर अब 31 अक्तूबर को सुनवाई होगी। सोमवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के समक्ष अपील पर सुनवाई नियत थी। लेकिन अपीलार्थियों की ओर से अगली तारीख की गुजारिश की गई। पिछली सुनवाई पर इस अपील के खिलाफ सीबीआई की ओर से आपत्ति दाखिल किया गया था। अपीलार्थियों को इस आपत्ति का जवाब देना है। जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रेनू अग्रवाल की पीठ ने यह आदेश अयोध्या निवासी हाजी महबूब अहमद व सैयद अखलाक अहमद की अपील पर दिया है। इस मामले में इनकी ओर से पुनरीक्षण याचिका दाखिल की गई थी। पीठ ने पुनरीक्षण याचिका को आपराधिक अपील में परिवर्तित करने का आदेश दिया था। 30 सितंबर 2020 को अयोध्या प्रकरण की विशेष अदालत ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया था।

# गोंडा में हिरासत में हुई मौत के मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब तलब किया

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** गोंडा के नवाबगंज थाने में हिरासत में हुई मौत के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। पीठ ने इस मामले में हुई न्यायिक जांच की रिपोर्ट सील बंद लिफाफ़े में पेश करने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई 20 अक्टूबर को होगी। जस्टिस राजन रॉय एवं जस्टिस संजय कुमार पचौरी की पीठ ने यह आदेश इस मामले में मुल्जिम बनाए गए नवाबगंज थाने के तत्कालीन एसएचओ तेज प्रताप सिंह की याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया है कि मृतक से जब पूछताछ चल रही थी तब वह पूछताछ में मौजूद नहीं था। बल्कि अपने कार्यालय में मृतक के पिता, ताऊ व फूफा के साथ बैठा था। मृतक से एसओजी टीम के लोग पूछताछ कर रहे थे। मृतक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी किसी चोट का उल्लेख नहीं है। उसकी मृत्यु का कारण कार्डियोजेनिक शॉक बताया गया है। इससे स्पष्ट है कि उसकी मौत मारपीट के कारण नहीं हुई है। 14 सितंबर को हत्या के एक मामले में पूछताछ के लिए संविदा लाइनमैन देव नारायण उर्फदेवा को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया था। पूछताछ के दौरान थर्ड डिग्री टार्चर की वजह से उसकी थाने में ही मौत हो गई।

# जीपीओ ने सुकन्या समृद्धि योजना के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर शुरू किया




**लखनऊ।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के महत्व को चरितार्थ करने वाली सुकन्या समृद्धि योजना को जन जन तक पहुंचाने हेतु लखनऊ जीपीओ में सशक्त बेटियाँ सशक्त समाज अभियान का उदघाटन समारोह एवं विशेष हेल्पलाइन नंबर की शुरुआत पोस्ट मास्टर जनरल लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र विवेक कुमार दक्ष द्वारा की गयी। लखनऊ जीपीओ से संबन्धित सुकन्या योजना हेल्पलाइन नंबर 9454838599 की शुरुआत की गई। नवरात्रि के पावन अवसर पर पोस्ट मास्टर जनरल लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र विवेक कुमार दक्ष द्वारा 21 कन्याओ को सुकन्या समृद्धि की पासबुक प्रदान करते हुये नवरात्रि नौ दिन सुरक्षा हर दिन का संदेश दिया। प्रदीप कुमार, प्रबंध निदेशक ओडीओपी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त केएस बाजपेयी, चीफ़पोस्टमास्टर लखनऊ जीपीओ एपीअस्थाना, सहायक निदेशक लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र युवराज सिंह डिप्टी चीफ़पोस्टमास्टर लखनऊ जीपीओ व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मेरिट न जारी होने से असमंजस, बीबीएयू में सीट से कई गुना हुए रजिस्ट्रेशन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केन्द्रीय** विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए एनटीए की तरफ से प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी किये जाने के बाद मेरिट न जारी किये जाने के चलते दाखिला लेने वाले अभ्यर्थियों में असमंजस बरकरार है। जबकि विश्वविद्यालयों की तरफ से दाखिले के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। ऐसे में अभ्यर्थियों द्वारा एडमिशन सुनिश्चित करने के लिए एक से अधिक विश्वविद्यालयों में रजिस्ट्रेशन कराने से दावेदारों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में राजधानी स्थित बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में स्नातक कोर्सो में शामिल कई कोर्सों में एक सीट के सापेक्ष 30 से 40 दावेदार अभी हैं। जबकि रजिस्ट्रेशन की आखिरी तिथि 30 सितंबर है।

लखनऊ में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के लखनऊ कैंपस और सेटेलाइट कैंपस अमेठी में प्रवेश के लिए पंजीयन चल रहा है। जिन अभ्यर्थियों ने सीयूईटी क्वालिफाई किया है, वह आवेदन कर रहे हैं। बीबीएयू के कैंपस और सेटेलाइट कैंपस दोनों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों की संख्या अधिक है। बीबीएयू सीयूईटी में चौथे नंबर पर है, जिसमें देश भर से सबसे अधिक आवेदन आए हैं। अभी तक के रजिस्ट्रेशन को देखें तो बीबीए, बीकाम, बीएससी जैसे कोर्स में सबसे अधिक आवेदन आए हैं। बीबीएयू में जितनी सीट है, उसमें एक सीट पर 30 से 40 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। बीए में अभी तक दो हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। ऐसे बीबीए में भी दो हजार से अधिक अभ्यर्थियों के आवेदन हुए हैं। विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक डा रिपुसूदन सिंह का कहना है कि रजिस्ट्रेशन की संख्या अभी और बढ़ सकती है।

# ऑनलाइन प्लेटफार्म पर होंगे केजीएमयू के आईसीयू, कुलपति भी जुड़ेंगे वर्चुअली

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के आईसीयू अब ऑनलाइन प्लेटफार्म पर एक साथ जुड़ेंगे। इसका फायदा रेफरेंस वाले मरीजों को अधिक होगा। दूसरे विभाग से मशविरे के लिए उनके तीमारदारों को न तो भागदौड़ की मशक्कत करनी पड़ेगी और न ही सिफारिश। सबसे बड़ी बात यह है कि कुलपति भी वर्चुअली तौर पर जुड़कर इसकी मानीटरिंग कर सकेंगे। अभी तक रेफरेंस वाले मरीजों के केस में उनके तीमारदारों को एक विभाग से दूसरे विभाग की दौड़ लगानी पड़ती थी लेकिन आईसीयू के ऑनलाइन होने से एक स्थान पर बैठकर विशेषज्ञ भी दूसरे विशेषज्ञों के साथ जुड़कर मरीज के इलाज को लेकर चर्चा कर सकेंगे। केजीएमयू ट्रॉमा वेंटीलेटर यूनिट, क्रिटिकल केयर मेडिसिन, इमरजेंसी मेडिसिन, पीआईसीयू, एनआईसीयू, पीसीसीएम, रेस्पिरेटरी मेडिसिन, आईडीएच आईसीयू एमईटीसी और क्वीन मेरी आईसीयू चल रहा है।

# बर्लिंगटन चौराहे का नाम अब अशोक सिंघल चौराहा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दासता** का प्रतीक बर्लिग्टन चौराहा अब विश्व हिंदू परिषद के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अशोक सिंघल के नाम से जाना जाएगा। अशोक सिंघल की 96वीं जयंती के पूर्व महापौर द्वारा चौराहे का लोकार्पण किया गया।

सोमवार को नवरात्रि के प्रथम दिवस पर विश्व हिंदू परिषद के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अशोक सिंघल की 96वीं जयंती के पूर्व दिवस पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय एवं विधायक आशुतोष टंडन के साथ बर्लिंगटन चौराहा का नामकरण अशोक सिंहल चौराहे का लोकार्पण किया। इस अवसर पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने बताया कि बर्लिंगटन चौराहे को लम्बे समय से अंग्रेजी काल की दासता का प्रतीक माना जाता रहा है। इससे मुक्ति के लिए अनेक संगठन बहुत बार माँग करते रहे हैं।




महापौर ने आगे बताया कि विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष रहे अशोक सिंहल इसी चौराहे के निकट स्थित भार्गव निवास में प्रायः रुका करते थे। स्वर्गीय पुरुषोत्तम भार्गव उनके घनिष्ठ मित्र थे। इसलिए दासता के प्रतीक बर्लिंगटन चौराहे के नाम को परिवर्तित करना लखनऊ महानगर के जनमानस के लिए बहुत सुखदायी अनुभूति सिद्ध हुई है। इस अवसर पर महापौर संग पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी, राज्य बाल आयोग में सदस्य श्याम त्रिपाठी, विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं जनमानस उपस्थित रहे। वहीं सीएमएस गोमती नगर विस्तार में अशोक सिंघल की 96 वी जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है कार्यक्रम का उद्घाटन अशोक सिंघल के जीवन यात्रा संकलन चित्र की प्रदर्शनी चंपत राय द्वारा नारियल तोड़कर विधिवत पूजन कर जय श्री राम जय घोष के साथ प्रारंभ किया। इस मौके पर स्मरण एवं नमन कार्यक्रम में भजन संध्या एकल परिवार द्वारा प्रस्तुत की गयी। वहीं उनके जीवन यात्रा पर आधारित एक चलचित्र फिल्म को उपस्थित जनसमूह के साथ साझा किया गया।


## बैंक ऑफ महाराष्ट्र

भारत सरकार का उद्यम **एक परिवार एक बैंक**

अंचल कार्यालय - एलडीए ऑफिस के सामने, विपिन खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010
ई-मेल : legal_luc@mahabank.co.in , प्रधान कार्यालय - लोकमंगल, 1501, शिवाजी नगर पुणे - 5

### ई-नीलामी द्वारा विक्रय हेतु आम सूचना

**सरफेसी अधिनियम 2002 तथा सहपठित नियम 8(6) के 2002 के अन्तर्गत की नीलामी के द्वारा बैंक ऑफ महाराष्ट्र में बंधक अचल संपत्ति के विक्रय की सूचना**

इस आम सूचना के द्वारा बैंक के अनर्जक खातेदार, जमानतदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है निम्नलिखित अचल संपत्तियाँ जो कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र में बंधक हैं तथा जिनका कब्जा (सांकेतिक/प्रत्यक्ष) प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा सरफेसी अधिनियम 2002 के अंतर्गत लिया जा चुका है। यह संपत्तियाँ **''जहाँ है जैसी है'' ''जैसा है जो है'' ''जहां भी है'' तथा ''दायित्व रहित''** आधार अनर्जक खातों में ऋण की वसूली हेतु दिनांक 30.09.2022 को ई-नीलाती द्वारा विक्रय की जाएंगी। अनर्जक खाते, खाताधारक, जमानतदार, बैंक पर बकाया धनराशि, ऑनलाइन नीलामी द्वारा विक्रय की जाने वाली संपत्ति का विवरण, प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी में किसी तरह का संपत्ति पर भार, संपत्ति पर कब्जे का प्रकार, विक्रय धनराशि (RESERVE PRICE), नीलामी में भाग लेने हेतु जमा की जाने वाली पूर्ण धनराशि (END AMOUNT) इत्यादि की जानकारी निम्नलिखित है :-

| क्र. सं. | ऋणी/ज़मानतदार का नाम एवं पता/शाखा | बकाया धनराशि जिसके लिए सम्पत्ति विक्रय की जा रही है | सम्पत्ति का विवरण | ई-नीलामी की दिनांक | आरक्षित मूल्य<br>धरोहर राशि<br>बोली वृद्धि की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **1) संदीप कुमार सिंह राठौर** अ) एल-3, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ 226010 ब) जी-4, विराट मार्केट, विराट खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010<br>**2) श्रीमती नमिता सिंह पत्नी श्री संदीप सिंह राठौर** अ) एल-3, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ 226010 ब) जी-4, विराट मार्केट, विराट खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010<br>**शाखा - गोमती नगर** | रु0 **36,21,582/-** + ब्याज @ संविदात्मक रेट, कीमत, चार्जेस एवं खर्च 02.07.2018 से | संपत्ति के सभी भाग व हिस्से **(स्वामी - संदीप कुमार सिंह राठौर)** प्लॉट नं0 07, खसरा नं0 912/ए, ग्राम भरवाडा, वार्ड चिन्हट, लखनऊ - 226010 **क्षेत्रफल - 85.88 वर्ग मीटर, चौहद्दी - उत्तर** - सड़क, **दक्षिण** - वेदी वर्मा की जमीन, **पूर्व** - प्लॉट नं0. 6, **पश्चिम** - प्लॉट नं0 8 | **14.10.2022** | आरक्षित मूल्य - रु. 26,00,000/-<br>धरोहर धनराशि - रु. 2,60,000/-<br>बोली वृद्धि राशि- रू 20,000/- |
| 2 | **1) मेसर्स अग्रोहा, पेपर इन्डस्ट्रीज प्रा0 लि0 (निदेशक-श्री चेतन अग्रवाल द्वारा)** प्लॉट नं0 2/98/एफ, सेक्टर-एफ, सीतापुर रोड योजना, लखनऊ-226001<br>**2) श्री चेतन अग्रवाल पुत्र श्री रामकृष्ण अग्रवाल (डायरेक्टर /गारन्टर)** अ) खसरा गाटा नं0 191/497, ग्राम खड़गपुर, परगना करौना, तहसील मिश्रिख, जिला-सीतापुर, उ0प्र0 ब) मकान नं0 26, जानकीपुरम, नहर रोड, लखनऊ - 226021<br>**3) श्री तारा चन्द पुत्र श्री राम नारायण (गारन्टर),** मकान नं0 537/ख/13, सीतापुर रोड, फैजुल्लागंज, लखनऊ-226013<br>**शाखा अमीनाबाद** | रु0 **4,39,55,214/-** + ब्याज @ संविदात्मक रेट, कीमत, चार्जेस एवं खर्च 11.01.2019 से | संपत्ति के सभी भाग व हिस्से **(स्वामी - श्री चेतन अग्रवाल राठौर)** निर्माण एवं फैक्ट्री फिक्सचर, भूमि वं बिल्डिंग गाटा नं0 191/497 एवं 191 **क्षेत्रफल क्रमशः 4860 वर्ग मीटर एवं 400 वर्ग मीटर** ग्राम-खडगपुर, परगना-करौना, तहसील-मिश्रिख, जिला - सीतापुर उ0प्र0<br>**प्रत्यक्ष कब्जा** | **14.10.2022** | आरक्षित मूल्य - रु. 86,00,000/-<br>धरोहर धनराशि - रु. 8,60,000/-<br>बोली वृद्धि राशि- रू 20,000/- |
| 3 | **1) मेसर्स आर्या अस्पताल (प्रोपराइटर - श्री रवि मोहन आझा पुत्र स्व0 करतार नाथ ओझा)** अ) रंजीतपुर, छिलबिला, इलाहाबाद फैज़ाबाद रोड, तहसील एवं जिला प्रतापगढ़-230001, ब) मकान नं0 236 (60 नया), बेल्हा घाट, अजीत नगर, पडाव वार्ड, मिश्रा पेट्रोल पम्प के पीछे, तहसील सदर, जिला प्रतापगढ - 230001<br>**2) श्रीमती प्रतिभा ओझा पत्नी श्री रवि मोहन ओझा,** मकान नं0 236 (60 नया), बेल्हा घाट, अजीत नगर, पडाव वार्ड, मिश्रा पेट्रोल पम्प के पीछे, तहसील सदर, जिला प्रतापगढ - 230001<br>**3) श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री कमल कान्त शुक्ला** मकान नं0 236 (60 नया), बेल्हा घाट, अजीत नगर, पडाव वार्ड, मिश्रा पेट्रोल पम्प के पीछे, तहसील सदर, जिला प्रतापगढ - 230001<br>**4) श्री कमल कान्त शुक्ला** मकान नं0 236 (60 नया), बेल्हा घाट, अजीत नगर, पडाव वार्ड, मिश्रा पेट्रोल पम्प के पीछे, तहसील सदर, जिला प्रतापगढ - 230001<br>**शाखा : प्रतापगढ़** | रु0 **53,56,004/-** + ब्याज @ संविदात्मक रेट, कीमत, चार्जेस एवं खर्च 29.05.2015 से | संपत्ति के सभी भाग व हिस्से मकान/बिल्डिंग सं0 236, प्लॉट सं0 1095, बेलाघाट सदर, प्रतापगढ़, जिला- प्रतापगढ़ **क्षेत्रफल - 253.00 वर्ग मीटर, चौहद्दी - उत्तर** - जयनरायण सिंह की भूमि, **दक्षिण** - प्लॉट सं0 1096, **पूर्व** - जयनरायण सिंह की भूमि, **पश्चिम** - रास्ता<br>**प्रतीकात्क कब्जा** | **14.10.2022** | आरक्षित मूल्य - रु. 44,00,000/-<br>धरोहर धनराशि - रु. 4,40,000/-<br>बोली वृद्धि राशि- रू 20,000/- |

**निविदा जमा करने/के.वाइ.ई. दस्तावेज/ईमएडी. प्रूफ करने की दिनांक व समय IBAPI- E BIKRAY के अनुसार**

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय बाजी वृद्धि प्रत्येक 10 मिनट - 14.10.2022 को सुबह 11:00 बजे से 04:00 बजे तक**

विक्रय निर्धारित निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट नियम एवं शर्तों के कठोराता से अनुपालन की शर्त पर है और ''जैसा है जहाँ है'' तथा जो कुछ भी है वही है'' दायित्व रहित आधार पर किया जायेगा।

1. यह बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियिम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के प्रावधानो द्वारा अनुशासित है एवं निम्नलिखित विशिष्ट नियम एवं शर्तों के अधीन है:
2. उल्लिखित सम्पत्ति हेतु नीलामी विक्रय केवल वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** के माध्यम से ''ऑनलाइन ई-नीलामी/संविदा'' के माध्यम से दिनांक 14.10.2022 को 11 बजे पूर्वा. से 4 बजे अप. तक सम्पन्न होगी। नीलामी के अन्तिम 10 मिनटों में संविदा प्राप्त होने की स्थिति में प्रत्येक 10-10 मिनट के असीमित विस्तार दिया जायेगा। संविदाकार सम्पत्ति हेतु ऑनलाइन संविदा के दौरान अपने प्रस्ताव रु. 20,000(रुपये बीस हजार मात्र) के गुणक में बढ़ा सकेंगे।
3. संविदाकार द्वारा ईएमडी सहित ऑनलाइन संविदा हेतु केवाईसी जमा करने उपरोक्त सम्पत्तियों हेतु अन्तिम तिथि **IBAPI-E BIKRAY** के अनुसार।
4. ई-नीलामी के इच्छुक भागीदार विक्रय सूचना की प्रतियाँ, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें, ई-नीलामी के प्रचालनातमक भाग के हेल्प मैनुअल ई-विक्रय - आईओएपीआई पोर्टल **(https://www.ibapi.in)** से निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।
5. इच्छुक संविदाकार/क्रेता से अपने मोबाइल नम्बर तथा ई-मेल आईडी का प्रयोग करते हुए पोर्टल **(https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp)** पर पंजीकृत होने का निवेदन किया जाता है। पुनः उन्हें अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज अपलोड करने हैं। ई-नीलामी सेवा प्रदाता द्वारा एक बार केवाईसी दस्तावेज सत्यापित होने पर (2-3 कार्यकारी दिवस का समय लग सकता है), इच्छुक संविदाकारों/क्रेताओं को अपने ग्लोबल वालेट में ऑनलाइन माध्यम का प्रयोग करते हुए ईएमडी राशि अन्तरित करनी हागी। उसके वॉलेट में पर्याप्त ईएमडी होने के पश्चात ही इच्छुक संविदाकार ई-नीलामी की तिथि पर बोली लगाने मं सक्षम होंगे।
6. उपर्युक्त जमा धरोहर राशि (ईएमडी) केवल एक माध्यम अर्थात एनईएफटी **(https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp)** से चालान सृजित करने के उपरान्त, संविदाकार को ग्लोबल वालेट में जमा करनी होगी एनईएफटी ट्रांसफर किसी भी अनुसूचित बैंक से किया जा सकता है। किसी अन्य माध्यम जैसे चेक द्वार ईएमडी का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। अपेक्षित ईएमडी ऑनलाइन नहीं जमा करने वाले संविदाकार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। अपेक्षित ईएमडी ऑनलाइन नहीं जमा करने वाले संविदाकारों को ई-नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी। जमा धरोहर राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा।
7. संविदाकार एक या सभी सम्पत्तियों, जैसी स्थिति हो, के लिए प्रस्ताव कर सकते हैं। एक से अधिक सम्पत्ति के लिए प्रस्ताव की स्थिति में संविदाकार को प्रत्येक सम्पत्ति के लिए ईएमडी जमा करनी होगी। बोली के समय संविदाकार के ग्लोबल वालेट में पर्याप्त धनराशि (ईएमडी राशि के बराबर या अधिक) होनी चाहिए।
8. विक्रय सूचना, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें, ई-नीलामी के प्रचालनात्मक भाग का हेल्प मैनुअल उचित रूप से पढ़ना तथा उसका दृढ़ता से अनुपालन करना इच्छुक संविदाकार(रों) का उत्तरदायित्व है।
9. ई-नीलामी प्रक्रिया के पूर्व या उसके दौरान किसी कठिनाई या सहायता की आवश्यकता के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** के अधिकृत प्रतिनिधि से सम्पर्क करें। जिसका विवरण ई-नीलामी पोर्टल पर उपलब्ध है।
10. अधिकृत प्रधिकारी द्वारा ई-नीलामी को अन्तिम स्वरूप दिये जाने के बाद केवल सफल संविधाकार को हमारे उपर्युक्त सन्दर्भित सेवा प्रदाता द्वारा एसएमएस, ई-मेल के माध्यम से सूचित किया जायेगा। (उसके द्वारा प्रदत्त मोबाइल नम्बर/ई-मेल पते पर/सेवा प्रदाता के साथ पंजीकृत)
11. प्रतिभूति आस्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जायेगी।
12. सफल संविदाकार को जमा की गयी ईएमडी राशि घटाकर संविदा राशि का 25 प्रतिशत उसी दिन या अधिकतम अगले कार्य दिवस तक शेष राशि नीलामी की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधिकृत प्राधिकारी बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाते में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से **खाता नाम-Administrative Account, खाता संख्या-60002368918 IFSC कोड MAHB0001281 बैंक ऑफ महाराष्ट विकास नगर, लखनऊ मुख्य शाखा** में जमा करनी होगी। उपर्युक्त निर्धारित समय सीमा के भीतर राशियों के जमा करने में असफल होने पर सफल संविदाकार द्वारा जमा की गयी राशि बैंक द्वारा जब्त कर ली जायेगी और अधिकृत प्राधिकारी को सम्पत्ति की नई नीलामी/बिक्री करने का अधिकार होगा तथा चूककर्ता संविदाकार का जब्त की गयी राशि तथा सम्पत्ति पर काई दावा नहीं होगा।
13. संवदिकारो के लिए चेतावनी
   (अ) बैंक के पूर्ण संज्ञान में सम्पत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है। फिर भी इच्छुक सविदाकारो को ई-नीलामी प्रक्रिया में अपनी संविदा जमा करने से पूर्व ऋण भारी, नीलामी पर रखी सम्पत्ति के स्वामित्व, सम्पत्ति का भौतिक क्षेत्रफल तथा दावों/अधिकारों/बकाया/सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले कारकों के विषय में अपनी स्वतंत्र पूछताछ कर लेनी चाहिए। पुनः संविदाकारों को बोली लगाने से पूर्व किसी विधिक बकायों, कर के बकायों, दावों आदि के विषय में स्वयं अपनी निजी पूछताछ कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञान बैंक की ओर से किसी प्रतिबद्धता अथवा किसी प्रतिनिधि को न तो निर्मित करता है और न निर्मित करेगा। यह सम्पत्ति बैंक की जानकारी या गैर जानकारी में समस्त वर्तमान तथा भावी ऋणभारों सहित बिक्री की जा रही है। अधिकृत प्राधिकारी/प्रतिभूति लेनदार किसी भी प्रकार से किसी दावे/अधिकार/बकाये के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।
   (ब) बैंक बिक्री हेतु प्रस्तावित सम्पत्ति के परिप्रेक्ष्य में किसी अनुमति/लाइसेंस, एनओसी आदि के लिए अथवा कथित सम्पत्ति की बिक्री के परिप्रेक्ष्य तथा/अथवा सम्बन्ध में किसी बकाये जैसे पानी/सेवा प्रभार के बकाये, अन्तरण शुल्क, नगर निगम/स्थानीय प्राधिकरण/सहकारी आवास समिति के बकाये या कोई अन्य बकाये, कर, लेवी, शुल्क अन्तरण शुल्क, यदि कोई हो, का कोई उत्तरादायित्व नहीं लेता है। सफल संविदकार को सम्पत्ति के क्रय से सम्बन्धित आयकर के प्रावधानो का अनुपालन करना होगा तथा प्रयोज्य दरों के अनुसार प्राधिकारणों को कर अदा करने होंगे।
   (स) संविदाकारों को सम्बद्ध राजस्व रिकार्ड/अन्य विधिक प्राधिकरणों जैसे विक्रय कर/आबकारी/ आयकर आदि से सत्यापित करने की सलाह/चेतवनी दी जाती है तथा अपनी संविदाएं जमा करने से पूर्व स्वयं को सम्पत्ति की प्रकृति, विवरण दशा, ऋण भार, लिएन, प्रभार, विधिक बकायों आदि के विषय में सन्तुष्ट कर लेना चाहिए।
   (द) संविदाकारो को संविदा जमा करने तथा ऑनलाइन बोली/नीलामी में भाग लेने से पूर्व बिक्री के समस्त नियम एवं शर्तों तथा साथ ही संगत सार्वजनिक बिक्री सूचना के विस्तृत विवरण को ध्यानपूर्वक देखने की सलाह दी जाती है।
   (य) बिक्री सूचना /निविदा दस्तावेज में प्रदर्शित सरकार/स्थानीय निकाय के प्रति बकाया विधिक देयताएँ/दायित्व आदि क्रेता(ओं) द्वारा वहन किया जायेगा।
   (र) बिक्री की सूचना स्थानीय भाषा में भी प्रकाशित की जा रही है। यदि इसी व्याख्या में कोई विवाद होता है तो अंग्रेजी संस्करण को वरीयता दी जायेगी।
14. संविदाकारो बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों को ध्यानपूर्वक देखने की सलाह दी जाती है, कृपया बैंक की वेबसाई में प्राविधनित लिंक **"https://bankofmaharashtra.in/propsale.asp" तथा साथ ही ई-विक्रय पोर्टल https://mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp देखें। तथा मुख्य प्रबन्धक वसूली, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, अंचल कार्यालय, प्रथम तल, उत्तर प्रदेश सुगर कार्पोरेशन लिमिटेड, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 पर सम्पर्क किया जा सकता है। श्री संजीव वर्मा (मोबा.- 9999668374), श्री मनीष सिंह (मोबा. - 9673894606)**

***इस आम सूचना के माध्यम से ऋणी व ज़मानतदार को सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत नीलामी पूर्व 30 दिनों का वैधानिक नोटिस भी दिया जाता है**

दिनांक : 26.09.2022 | स्थान : लखनऊ | प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, लखनऊ अंचल

# नई शिक्षा नीति का उद्देश्य जरूरतों के अनुसार मानव संसाधन तैयार करना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को गोरखपुर स्थित मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मुख्य अतिथि के तौर पर दिए गए दीक्षा उद्बोधन का विशेष उल्लेख किया और कहा यह उद्बोधन युवा पीढ़ी को अवश्य अनुप्राणित करेगा। उन्होंने उनके उद्बोधन में महिला कर्मचारियों को औद्योगिक प्रतिस्पर्धा में बेहतर सहयोगी साबित होने के उल्लेख पर हर्ष व्यक्त किया। राज्यपाल ने उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचाने हेतु प्रतिबद्धता के लिए आव्हान किया। उन्होंने कहा समग्र शिक्षा का उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों को अकादमिक सफलता के लिए तैयार करना है बल्कि उन्हें जीवन की सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाना भी है। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य सिर्फ डिग्रीधारी युवा तैयार करना नहीं, वरन् देश की जरूरतों के अनुसार मानव संसाधन तैयार करना है। राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में विश्वविद्यालय को हाल ही में नैक मूल्यांकन में ए ग्रेड प्राप्त होने का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय स्तर को और बेहतर करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय को भारत सरकार के इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित परियोजना चिप टू स्टार्ट अप के अंतर्गत सेमीकण्डक्टर चिप डिजाइन की दिशा में कार्य करने हेतु चुने जाने पर प्रशंसा व्यक्त की। समारोह में राज्यपाल ने 1290 विद्यार्थियों को उपाधि वितरण किया, इनमें 941 छात्र एवं 339 छात्राएं हैं। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के कुल 39 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों को उपाधि प्राप्त होने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बचपन कैंसर जागरूकता कार रैली को आज रवाना करेंगे उप मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कैंसर** पीड़ित बच्चों के दु:ख-दर्द बांटने के साथ ही उनको बेहतर इलाज की सुविधा मुहैया कराने के लिए तत्पर कैनकिड्स किड्सकैन सोसायटी के तत्वाधान में मंगलवार को लखनऊ से जागरूकता कार रैली निकाली जाएगी। कैनकिड्स किड्सकैन सोसायटी की स्टेट लीड डॉ योगिता भाटिया ने बताया कि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सुबह साढ़े आठ बजे अपने निवास राजभवन कालोनी से कार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस मौके पर किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी भी उपस्थित रहेंगे। यह रैली पूर्वांचल के अधिकतर जिलों में जागरूकता का प्रचार-प्रसार करते हुए 28 सितम्बर को एम्स गोरखपुर पहुंचेगी।

## सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशील है विद्यार्थी परिषद: पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद की गतिविधि विकासार्थ विद्यार्थी द्वारा सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग स्थित राधाकमल मुखर्जी सभागार में उद्गम का उद्घाटन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक शामिल हुए। जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जाने माने पर्यावरणविद इम्तियाज अली उपस्थित रहे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ नगर निगम की महापौर संयुक्ता भाटिया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार राय ने की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत महानगर अध्यक्ष मंजुला उपाध्याय ने किया व आभार ज्ञापन महानगर मंत्री सिद्धार्थ शाही ने किया। कार्यक्रम संयोजक के रूप में शाश्वत सांकृत्यायन रहे। मुख्य अतिथि बृजेश पाठक ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशील रहता है तथा साथ ही साथ ये आश्वासन भी दिया कि वे और उत्तर प्रदेश सरकार विकासार्थ विद्यार्थी के इस अभियान के साथ खड़े हैं । मुख्य वक्ता इम्तियाज अली ने कचरा कलेक्शन व उसके प्रकारों पर बात करते हुए उससे सम्बंधित समस्याओं और उनके निवारण के बारे में बताया । महापौर सयुक्ता भाटिया जी ने स्वछता सर्वेक्षण सूचकांक पर बात करते हुए लखनऊ को स्वच्छ रखने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लखनऊ विश्विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने समावेशी विकास पर बात करते हुए कहा कि जब तक विकास समावेशी नहीं होगा तब तक वह विकास वृद्धि बनकर ही रह जायेगा। मंच पर उपस्थित घनश्याम शाही ने वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हुए सारे विश्व व इस देश को स्वच्छ, सुंदर व पर्यावरणीय अनुकूलता की ओर बढ़ाने की अपील की । साथ ही साथ कहा कि छात्रों में पर्यायवरण के प्रति चिंता के साथ साथ समाधान का भी बोध होना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित मंजुला उपाध्याय ने जल, जंगल,जमीन, जानवर व जन की बात करते हुए विकासार्थ विद्यार्थी के इस अभियान के बारे में बताया।

# अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म स्थली बटेश्वर में बनेगा विशाल स्मारक

● परियोजना स्वीकृत, खर्च की जाएगी 8 करोड़ 32 लाख रुपये की धनराशि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म स्थली बटेश्वर में एक विशाल स्मारक की परियोजना स्वीकृत की गयी है। इस परियोजना पर 8 करोड़ 32 लाख रूपये की धनराशि व्यय की जायेगी। स्व. बाजपेयी की जन्म स्थली को खूबसूरत पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। इस स्मारक में स्व. अटल की एक बड़ी प्रतिमा स्थापित करायी जायेगी। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि स्मारक के आसपास पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधायें विकसित की जायेगी। इसके अलावा अटल जी की स्मृति में एक संग्रहालय व गैलेरी को निर्माण भी कराया जायेगा। अटल की ओजस्वी वाणी के साथ उनकी कलाकृतियों व चित्रों का प्रदर्शन आदि भी परियोजना में शामिल किया गया है। जयवीर सिंह ने बताया कि स्व. अटल के जन्म स्थली के पास पहले से ही निर्माणाधीन भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी सांस्कृतिक काम्प्लेक्स के भवन को भी 12 करोड़ 23 लाख रूपये की लागत से अतिशीघ्र तैयार कराकर जनमानस को समर्पित किया जायेगा। इसके अलावा बटेश्वर में ही प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल सौरीपुर के पर्यटन विकास पर 2 करोड़ 75 लाख की परियोजना भी स्वीकृत की गयी है। इस परियोजना के तहत तीर्थस्थल पर जाने वाले मार्ग का सौन्दर्यीकरण एवं विकास किया जायेगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि बटेश्वरनाथ मंदिर के लिए घाटों का निर्माण व मंदिर के पर्यटन विकास तथा सौन्दर्यीकरण के लिए लगभग 50 करोड़ रूपये की परियोजना तैयार की गयी है।

# शिक्षा का दर्शन और राष्ट्र का दर्शन एक होना चाहिए: डॉ. कृष्ण गोपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डा.** शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में सोमवार को विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान और संलग्न संस्थानों की अखिल भारतीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उदघाटन सत्र में अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए सर संघ कार्यवाह डा कृष्ण गोपाल ने कहा कि भारत में नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के मौलिक केंद्र थे, यहां जावा सुमात्रा, जापान आदि देशों से विद्यार्थी पढ़ने आते थे। शिक्षा का दर्शन और राष्ट्र का दर्शन दो नही होता है, एक ही होता है, हमने शिक्षा को यज्ञ माना था, यज्ञ अपने लिए नही होता है, दूसरे के लिए होता है, ज्ञान यज्ञ का मतलब है दूसरों को ज्ञान देना।

उन्होंने कहा कि यह शिक्षकों की जिम्मेदारी है अपने विषय में प्राचीनतम ज्ञान का अध्ययन करें।



शिक्षा में भारतीयता का तत्व आना चाहिए। प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्या भारती ने जिन उद्देश्यों के लिए काम किया था वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परिलक्षित होता है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो डी पी सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्ण मानव क्षमता को प्राप्त कर अच्छे व्यक्तित्व के धनी वैश्विक नागरिक का निर्माण करना ही हमारा उद्देश्य है। उच्च शिक्षा का लक्ष्य केवल ज्ञान अर्जित करना नही है बल्कि आत्म ज्ञान अर्जित करना है, विश्व बाजार नही है बल्कि विश्व परिवार है, हमारे चिंतन के आधार पर कैसे विश्व निर्माण करना है इसी दृष्टि से हमें भारत को ज्ञान की महाशक्ति बनाना है।

# अधिकारी क्षेत्रों का भ्रमण कर कमियों को निस्तारित करें: जैकब



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**त्यौहारो** को देखते हुए मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था के तहत अधिकारियों से वीडियों कांफ्रेन्सिंग से मण्डल के अन्य जिलों के अधिकारियों के साथ भी बैठक की। मंडलायुक्त ने सभी अधिकारी त्यौहारों पर क्षेत्रों में भ्रमण कर जो कमियां दिखे उसका निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने आपसी सौहार्द एवं भाई.चारे की भावना के साथ त्यौहारों को मनाये जाने को लेकर अपील की। आगामी त्योहार नवरात्रि, दशहरा, ईद.ए.मिलाद के साथ दीपावली परम्परागत ढंग से मनाने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि विभिन्न समुदाय के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करते हुए मिलजुल कर मनाये जाने की परम्परा रही है, उसी परम्परा का निर्वाहन करते हुए हम सब इस वर्ष भी दुर्गापूजा का त्योहार, मूर्तियों का विसर्जन एवं आने वाले वारावफात त्योहार को भी शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से मनायेंगे। मंडलायुक्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि त्योहारों को मनाये जाने के दौरान आम जनमानस की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाये, दुर्गापूजा पाण्डालों को सड़कों पर न लगाया जाये, बिजली के ढ़ीले तारों को सही कराये जाये, जहां-जहां सड़के खराब है उसे गड्ढा मुक्त कराया जाये।

## विद्युत अभियन्ता संघ की नई केंद्रीय कार्यकारिणी ने ली शपथ

लखनऊ। उप्र राज्य विद्युत परिषद अभियन्ता संघ की सत्र 2020-22 के केन्द्रीय कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सोमवार को लखनऊ में संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी इं. सीपी यादव ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के पश्चात अध्यक्ष राजीव सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात सिंह व महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने अपने संबोधन में मुख्य चुनाव अधिकारी व उनकी टीम तथा सभी सदस्यों के प्रति आभार व धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्युत निगमों को आत्मनिर्भर व बेहतर बनाने, बेहतर उपभोक्ता सेवा प्रदान करने, ऊर्जा निगमों में कार्य का स्वस्थ वातावरण स्थापित कराना, अभियंताओं की समस्याओं को प्रबंधन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखकर उनका सार्थक निराकरण कराया जायेगा। प्रबंधन व संगठन के मध्य बेहतर संवाद व समन्वय स्थापित किया जायेगा किन्तु किसी भी अभियन्ता का उत्पीड़न व अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## गर्ल्स बटालियन ने चलाया गोमती सफाई अभियान



लखनऊ। पुनीत सागर अभियान की पूर्वसंध्या पर रविवार 2022 को महामाया राजकीय महाविद्यालय महोना लखनऊ के 20 यूपी गर्ल्स बटालियन केअंतर्गत गर्ल कैडेट्स द्वारा गोमती नदी की सफाई का अभियान चलाया गया। समाजसेवी संस्था स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेवा के साथ इस पावन कार्य को सुबह 6:30 बजे से झूलेलाल पार्क के निकट गोमती नदी के किनारे शुरू किया गया। गोमती नदी से जलखुम्बी, कूड़ा कचरा आदि निकाल कर उसमें से देवी देवताओं की नदी में विसर्जित मूर्तियों को अलग किया गया और उन्हें अलग से बनाये गये जलाशय में समाहित किया गया। शेष कचरे को नगर निगम द्वारा ले जाया गया। तकरीबन 20 टन कचरा गोमती नदी से निकाला गया। स्वयंसेवकों तथा कैडेट्स द्वारा पूरी शिद्दत से इस कार्य को किया गया।

## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए यूपी हुआ सम्मानित



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की प्राथमिकता राष्ट्रीय स्तर पर भी सराही जा रही है। देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सर्वाधिक सुधार करने वाला पहला राज्य उत्तर प्रदेश हो गया है। इसके लिए दिल्ली में सोमवार को आयोजित आरोग्य मंथन कार्यक्रम में आयुष्मान उत्कृष्ट पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा करीब दो करोड़ आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता खोलने वाला देश का दूसरा राज्य यूपी बन गया है। सीएम योगी ने पिछले साढ़े पांच वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उसी का नतीजा है कि स्वास्थ्य सुविधा रजिस्टर में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं को जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुविधा रजिस्टर में 28,728 स्वास्थ्य सुविधाओं को जोड़ने के साथ उत्तर प्रदेश देश में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला राज्य है। जबकि कर्नाटक 23,828, आंध्र प्रदेश 13,335, महाराष्ट्र 12,902, बिहार 12,453, मध्य प्रदेश 12,268, पश्चिम बंगाल 11,607, छत्तीसगढ़ 9349, तेलंगाना 7988 और गुजरात 7791 सुविधाओं तक ही सीमित हैं। करीब दो करोड़ आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता खोलने वाला देश का दूसरा राज्य यूपी बन गया है।

## सपा मुख्यालय में मनाई गई अग्रसेन जायंती

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय सोमवार को महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाराजा अग्रसेन की चित्र पर माल्यार्पण कर देश और प्रदेशवासियों को बधाई दी है। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने अपने शासन काल में समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि अग्रसेन जी ने यज्ञों में पशुबलि बंद कराई थी और आर्थिक समानता पर बल दिया था। अखिलेश यादव ने कहा महाराजा अग्रसेन का बन्धुत्व तथा सद्भाव का संदेश वर्तमान समय में भी प्रासंगिक है।

## समाजसेवी राम उजागर यादव समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल

लखनऊ। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों, उसकी समावेशी विचारधारा एवं देश की जनता और राहुल गांधी की नफरत, बेरोजगारी, महंगाई जैसे तमाम मुद्दों को लेकर की जा रही भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर प्रमुख समाजसेवी राम उजागर यादव, आशीष यादव, सीमा मोहन और भारी संख्या में अपने अन्य समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने सभी कांग्रेस पार्टी की सदस्तया ग्रहण कराई। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णाकांत पाण्डेय ने बताया कि सदस्यता ग्रहण कराते हुए पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि कांग्रेस सर्वधर्म समभाव की पार्टी है। देश और प्रदेश में जो भी विकास कार्य हुए वह केवल कांग्रेस सरकार में ही हुए। आज पूरा प्रदेश बेरोजगारी, महंगाई का दंश झेल रहा है पूरे देश की निगाह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर लगी हुई है। प्रवक्ता ने बताया कि कार्यगिम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी ने किया। उपस्थित प्रमुख लोगों में महासचिव संगठन दिनेश सिंह, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष मनोज यादव, संगठन सचिव अनिल यादव, प्रवक्ता कृष्णाकांत पाण्डेय, शुचि विश्वास, संजय सिंह, प्रियंका गुप्ता, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, मनोज यादव फौजी अदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय पोषण माह के उपलक्ष्य में पीजीआई में वॉकथान कल

लखनऊ। राष्ट्रीय पोषण माह के उपलक्ष्य में उचित पोषण व संतुलित आहार के विषय पर जन जागरूकता फैलाने के लिए संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के नेफ्रोलॉजी विभाग, रेनल न्यूट्रीशन एंड मेटाबॉलिज्म सोसायटी और डायटेटिक्स विभाग व फैकल्टी क्लब के सहयोग से वॉकथॉन का आयोजन बुधवार को होगा। वॉकथान प्रातः 6 बजे से हॉबी सेंटर से प्रारंभ होगी, जो पीएमएसएसवाई बिल्डिंग, नवीन ओपीडी बिल्डिंग, प्रशासनिक भवन होते हुए 7 बजे तक वापस हॉबी सेंटर पहुँच कर समाप्त होगी। वॉकथॉन को संस्थान के निदेशक प्रोफेसर आर के धीमन झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

## आश्वासन पाकर खाली हाथ लौटे मीटर की शिकायत लेकर पहुंचे फरियादी

मोहनलालगंज। मीटर की किल्लत से सोमवार को मोहनलालगंज ओल्ड सबस्टेशन पर मीटर खराबी की शिकायत लेकर पहुंचे फरियादियों को आश्वासन के भरोसे मायूस लौटना पड़ा। हालांकि अधिकारियों ने शिकायतों को मीटर सेक्शन भेजकर निस्तारण दिखा दिया है। उधर बारिश की वजह से सभी विद्युत उपकेन्द्रों पर शिविर में दर्जनभर शिकायतें ही दर्ज की गई। मोहनलालगंज के धनुवासांड़ निवासी बच्चूलाल घर के अन्दर लगा मीटर बाहर लगवाने की शिकायत लेकर ओल्ड सबस्टेशन पर आयोजित विद्युत समाधान शिविर पहुंचे। लेकिन मीटर नहीं होने से उनकी शिकायत का त्वरित निराकरण नहीं हो सका। गढ़ी कनकहा निवासी महेन्द्र कुमार चेक मीटर लगवाने की शिकायत लेकर शिविर में पहुंचे लेकिन समाधान नहीं मिल सका। धनुवासांड़ के मुन्नीलाल और खुझौली निवासी बादल भी मीटर की समस्या लेकर अधिकारियों के पास पहुंचे। लेकिन मीटर उपलब्ध नहीं होने से उनकी शिकायत का निराकरण नहीं कराया जा सका।

# ग्रामीणों को घर बैठे रुपए उपलब्ध करा रहीं बीसी सखी

● गांव के लोगों को रुपयों की जमा और निकासी के लिए बैंक जाने से मिला छुटकारा

संवाददाता। मोहनलालगंज



**गांव** के लोगों को बैंक खातों से रुपए निकालने के लिए अब बैंक तक दौड़ लगाने की जरूरत नहीं है। ई पेमेण्ट मशीन के जरिए बीसी सखी अब गांव में ही लोगों के खातों से धनराशि का भुगतान कर रही हैं। इसके लिए लोगों में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

मोहनलालगंज ब्लाक की कुल 78 ग्राम पंचायतों के लिए 32 बीसी सखी कार्य कर रही हैं। इन सभी ग्राम पंचायतों में बीसी सखी के माध्यम से लोगों को रुपयों का भुगतान गांव में ही प्राप्त करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बीसी सखी पंचायत सचिवालय में बैठकर गांव के लोगों को बैंक खाते से रुपये निकालने और जमा करने की सुविधा मुहैया करा रही हैं। इसके अतिरिक्त मनरेगा कार्यस्थलों पर जाकर मनरेगा श्रमिकों को साप्ताहिक मजदूरी का भुगतान कर रही हैं। दरअसल सभी बीसी सखी को ई पेमेण्ट मशीन दी गई है। जिस पर बैंक खाताधारक का आधार नंबर दर्ज कर अंगूठा लगवाकर उसके खाते में मौजूद धनराशि का भुगतान बेहद आसानी से कर रही हैं। एडीओ आइएसवी दिनेश सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सभी ग्राम पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गांव के लोगों को अब रुपये निकालने के लिए बैंक तक जाने की आवश्यकता नहीं है। वह बीसी सखी की मदद से गांव में ही रुपये निकाल सकते हैं और जमा भी किए जा सकते हैं।

## प्रसूता सहित नवजात की मौत पर परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के क्वीन मेरी हॉस्पीटल में प्रसव के लिए भर्ती एक प्रसूता सहित उसके नवजात की मौत पर परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों ने घटना को लेकर चौक थाने में तहरीर भी दी है। पीएमएस में तैनात बाबूगंज निवासी डॉ सुनेहा सिंह वर्तमान में बाराबंकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात थी। 20 सितंबर को डॉक्टर सुनेहा की तबीयत गड़बड़ा गई। परिजन उन्हें लेकर क्वीनमेरी पहुंचे, जहां उन्हें भर्ती कर लिया गया। डॉक्टर सुनेहा के पति डॉ हरिओम हरदोई में पशु चिकित्सक हैं। परिजनों का आरोप है कि डॉ सुनेहा की तबीयत लगातार बिगड़ रही थी, इसके बावजूद डॉक्टर ने ध्यान नहीं दिया। समय पर समुचित इलाज नहीं मिलने से सुनेहा की हालत रविवार को बिगड़ गई। परिवार ने जब कड़ी आपत्ति जताई, तब डॉक्टर हरकत में आए। इसके बाद डॉ सुनेहा का इलाज शुरू हुआए ऑपरेशन के जरिए प्रसव कराया। इस दौरान नवजात की मौत हो गई। कुछ समय बाद डॉक्टर सुनेहा ने भी दम तोड़ दिया।

# एलयू पीएचडी में साक्षात्कार को लेकर सूची जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीएचडी** कोर्सों में दाखिले को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से सोमवार को पीएचडी 2021-22 के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची साक्षात्कार के लिए वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है। विवि के मुताबिक इंटरव्यू की तिथि जल्द घोषित की जायेगी। जिन विषयों की सूची अपलोड की गयी है, उनमें होम साइंस, साइकोलॉजी, अप्लाइड इकोनॉमिक्स, फिजिकल एजुकेशन और मेडिवल एंड मार्डन हिस्ट्री शामिल है। वहीं विवि की तरफ से बीए एनईपी बीएससी मैथ एनईपी और बीएससी बायलॉजी एनईपी के लिए शुरू कराई गयी च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया समाप्त हो गयी है। उक्त पाठ्यक्रमों के सीट आवंटन का परिणाम अभ्यर्थी की मेरिट एवं च्वाइस के आधार पर जारी किया गया है। अभ्यर्थी अपने लॉगिन का प्रयोग कर सीट कंफर्मेशन कर सकते हैं। शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 29 सितंबर है।

**एलयू में दाखिले से वंचित छात्राओं को तीन कालेज आवंटित**

विवि में दाखिले से वंचित छात्राओं का आवंटन तीन अनुदानित कालेजों में किया गया है। इन कालेजों में महिला पीजी कालेज, एपी सेन महिला महाविद्यालय, नवयुग महिला विद्यालय शामिल है। जिन छात्राओं ने इन महाविद्यालयो का विकल्प नहीं दिया था और उनको ये महाविद्यालय आवंटित हुए हैं तो यदि महिला अभ्यर्थी सीट कन्फर्मेशन फीस नहीं जमा करती है तो भी वह सेकेंड एलाटमेंट के लिए अर्ह है। यदि महिला अभ्यर्थी सीट फीस जमा कर देती है और सेकेंड एलाटमेंट में उसे विवि में सीट मिल जाती है तो जमा की गयी फीस विश्वविद्यालय की फीस में समायोजित हो जाएगी।

**दो छात्राओं का 6 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट:** लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की 2 छात्राओं प्रियल सिंह और शिवांशी त्रिवेदी का प्लेसमेंट प्रतिष्ठित यूरोपियन कम्पनी सोपरा स्टेरिया में हुआ है। कम्पनी ने छात्राओं को इंजीनियर ट्रेनी के पद पर 6 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया हैं।

## सीएमएस के चार छात्रों को 16 लाख रुपये की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) के चार मेधावी छात्रों पार्थ तिवारी, अनुष्का सिंह, शिवम एवं स्पन्दिता श्रीवास्तव को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 16 लाख रूपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष 80,000 अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। इन मेधावी छात्रों ने इस वर्ष की आईएससी (कक्षा-12) परीक्षा-2022 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में 'टॉप वन परसेन्ट' मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है एवं इसी अभूतपूर्व प्रदर्शन हेतु इन छात्रों को विज्ञान की उच्चस्तरीय शिक्षा हेतु इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप हेतु चयनित किया गया है।

# पेज एक का शेष

## कुल्लू में दिल्ली, नोएडा के...

दिल्ली निवासी सौरभ, प्रियंका गुप्ता, किरण एवं नोएडा निवासी ऋषभ राज, अंशिका जैन, आदित्य और अनन्मय के रूप में की गई है। शर्मा ने बताया कि घायलों में हरियाणा निवासी राहुल गोस्वामी, क्षितिजा अग्रवाल, प्रियापाल एवं ईशान गुप्ता, वाहन चालक अजय चौहान, उत्तर प्रदेश निवासी अभिनव सिंह एवं निष्ठा बदोनी, नई दिल्ली निवासी रुषव, राजस्थान निवासी लक्ष्य और मध्य प्रदेश निवासी जय अग्रवाल शामिल हैं।

## अमेरिका-पाकिस्तान में...

जयशंकर ने अमेरिका के इस तर्क का जिक्र करते हुए कहा कि हर कोई जानता है कि एफ-16 का कहां और किसके खिलाफ इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि आप इस प्रकार की बातें कहकर किसी को मूर्ख नहीं बना सकते। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के पाकिस्तान को सैन्य सहायता पर रोक लगाने संबंधी फैसले को बदलते हुए आठ सितंबर को पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के वास्ते 45 करोड़ डॉलर की मदद देने की मंजूरी दी थी। अमेरिकी संसद को दी एक अधिसूचना में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि उसने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के रख-रखाव के लिए संभावित विदेश सैन्य बिक्री (एफएमएस) को मंजूरी देने का निर्णय किया है। मंत्रालय ने दलील दी थी कि इससे इस्लामाबाद को वर्तमान तथा भविष्य में आतंकवाद के खतरों से निपटने की क्षमता बनाए रखने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से बातचीत में पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान बेड़े के रख-रखाव के लिए पैकेज देने के अमेरिका के फैसले पर भारत की ओर से चिंता प्रकट की थी।

## भारत के प्रति रुख पर...

जयशंकर ने भारत विरोधी ताकतों के मजबूत होने से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि मेरा यह कहना है कि कुछ लोग पूर्वाग्रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समूहों की भारत में जीत नहीं होगी। मंत्री ने कहा कि ऐसे समूह देश के बाहर जीतने की कोशिश करते हैं और बाहर से भारत की राय व धारणाएं बनाने की कोशिश करते हैं। हमें इसको लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। चुनौती देना जरूरी है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि अधिकांश अमेरिकियों को यह नहीं पता होगा कि भारत में किस तरह की बारीकियां और जटिलताएं हैं, इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि बैठे न रहें, दूसरों को मुझे निर्देशित करने का मौका नहीं देना है।

## राजस्थान संकट पर सोनिया...

गहलोत जयपुर के एक होटल में खड़गे से मिले। समझा जा रहा है कि यहां उन्होंने दिल्ली लौटने की तैयारी कर रहे खड़गे से माफी मांगी। गहलोत के वफादार विधायकों ने खड़गे और माकन को यह संदेश पहुंचाया कि 19 अक्टूबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन होने तक राज्य के मुख्यमंत्री के बारे में कोई फैसला नहीं लिया जाना चाहिए और जो भी कदम उठाया जाए, वह गहलोत से मशविरे के बाद ही उठाया जाए। उन्होंने यह मांग भी रखी कि वर्ष 2020 में सचिन पायलट द्वारा बगावत करने पर संकट की घड़ी में पार्टी के साथ मजबूती से खड़े रहे विधायकों में से ही किसी एक को मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए। वर्ष 2018 के राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के तुरंत बाद गहलोत और पायलट मुख्यमंत्री पद को लेकर आमने-सामने आ गए थे। उस समय मामला किसी तरह सुलझा लिया गया, लेकिन जुलाई 2020 में पायलट ने अपने वफादार 18 विधायकों के साथ गहलोत के नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया था।

## क्या कांग्रेस अध्यक्ष पद...

बताया जा रहा है कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और गांधी परिवार का एक वर्ग पूरे नाटक की पटकथा को लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री से काफी नाराज है। उन्हें लगता है कि गहलोत ने राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के जरिए पार्टी को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। सूत्रों ने कहा कि सीडब्ल्यूसी के एक से अधिक सदस्यों ने सोनिया गांधी से शीर्ष पद के लिए गहलोत के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार का चयन करने का आग्रह किया है।

## सरकार ने जिन ट्वीट को...

उनके मुताबिक, केंद्र ने कई अकाउंट को बंद करने को कहा, जो उसके कारोबार को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि कई बड़ी हस्तियों के अकाउंट ट्विटर पर हैं। दातार ने यह दलील भी दी कि अनुपयुक्त प्रतीत होने वाले ट्वीट को ब्लॉक करने के बजाय, राजनीतिक सामग्री वाले अकाउंट को ही ब्लॉक करने को कहा जा रहा है। उन्होंने दिल्ली में हुए किसानों के प्रदर्शन का जिक्र किया और दावा किया कि मीडिया में प्रसारित की गई सामग्री को ट्विटर पर ब्लॉक करने को कहा गया था। उन्होंने दलील दी , किसानों के प्रदर्शन के दौरान मुझसे अकाउंट ब्लॉक करने को कहा गया था। टीवी और प्रिंट मीडिया खबरें प्रकाशिताप्रसारित कर कर रही हैं। मुझे (ट्विटर को) अकाउंट ब्लॉक करने को क्यों कहा जा रहा है? दातार ने उच्चतम न्यायालय बनाम श्रेया सिंघल मामले का जिक्र किया और कहा कि अकाउंट ब्लॉक करने का आदेश जारी करने से पहले ट्विटर जैसे मध्यस्थों को नोटिस जारी किया जाना और उनका पक्ष सुनना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इसलिए उन्होंने दावा किया है कि मंत्रालय द्वारा जारी किया गया इस तरह का आदेश उच्चतम न्यायालय के फैसले और संबंद्ध अधिनियम (सूचना प्रौद्योगिकी ब्लॉक कार्वाई नियम 6 और 8) के खिलाफ है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने अकाउंट ब्लॉक करने के लिए दिए गए एक आदेश का उदाहरण दिया, जिसमें ट्विटर को 1,178 अकाउंट ब्लॉक करने को कहा गया था। दातार ने दलील दी कि ट्विटर जिन ट्वीट को अनुपयुक्त समझता है उसे खुद ही ब्लॉक कर देता है। उन्होंने खालिस्तान का समर्थन करने वाले ट्वीट को ट्विटर द्वारा ब्लॉक किए जाने का उदाहरण भी दिया। बहरहाल, उच्च न्यायालय ने सुनवाई 17 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी।

## गुलाम नबी आजाद ने...

आजाद ने कहा कि उन्होंने यह कभी नहीं कहा कि अनुच्छेद 370 की बहाली संभव नहीं है। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं कहा कि ऐसा नहीं हो सकता। मैंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी-जी को नहीं मना सकता। अगर कोई मोदी जी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी को मना सकता है, तो उन्हें ऐसा करना चाहिए। यह एक स्वागत योग्य कदम होगा। मेरा मोदी-जी पर इस तरह का कोई प्रभाव नहीं है। उन्होंने कहा कि केवल संसद ही अनुच्छेद 370 को बहाल कर सकती है, लेकिन हमें बहुमत की जरूरत होगी। आजाद ने कहा, जब मोदी जी और अमित शाह जी ने संसद में मतदान कराया तो उन्हें 86 फीसदी वोट मिले।

# काशी का कोना-कोना दुर्गा सप्तशती के मंत्रों से गूंजा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी







**कण-कण** शंकर की नगरी आश्विन शुक्ल प्रतिपदा पर शक्तिमय हो उठी। मातृशक्ति भगवती मां दुर्गा की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र आज आरंभ हो गया। सोमवार अलसुबह से ही काशी का कोना-कोना दुर्गा सप्तशती के ओजस मंत्रों से गूंज उठा। शैलपुत्री माता के दर्शन के लिए अलईपुर स्थित भगवती दरबार में अनवरत कतार लगी है।श्रद्धालु जय माता दी का उद्घोष करते हुए देवी के दरबार में मत्था टेक कर अपनी मुरादें पूरी करने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

पंचामृत स्नान, श्रृंगार, षोडशोपचार पूजन व आरती उपरांत भोर में तीन बजे पट खुले और दर्शन-पूजन आरंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने माता रानी को गुड़हल समेत लाल फूलों की माला, मिष्ठान और नारियल-चुनरी अर्पित किया। इसके साथ दुर्गाकुंड स्थित मॉ दुर्गा जी के मंदिर में सोमवार को अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन-पूजन के लिए लग गई थी। श्रद्धालुओं ने लाइन लगाकर कतारबद्ध तरीके से मॉ जगदम्बा की दर्शन-पूजन किया। श्रद्धालुओं ने जमकर मॉ जगदम्बा की जय, सच्चे दरबार की जय आदि उद्घोष से प्रांगण गूंज उठा।

## घर-घर विराजीं आदिशक्ति जगदंबा

**शक्ति** की अधिष्ठात्री मां जगदम्बा के विविध स्वरूपों के दर्शन-पूजन के लिए मंदिरों में अनवरत कतार लगी है। श्रद्धालुओं ने व्रत का संकल्प लिया। घर-घर सविधि कलश स्थापन व ध्वजारोहण के साथ शक्ति की अधिष्ठात्री देवी भगवती दुर्गा का आह्वान किया गया। मंदिरों व मठ-आश्रमों में भी विधि-विधान से कलश स्थापन, पूजन, देवी आवाहन किया गया। इसके साथ ही शिव की नगरी काशी शक्ति की आराधना में तल्लीन हो गई।

## शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन से पांच पूजा पंडालों में मॉ जगदम्बा हुई विराजमान

**वाराणसी।** शारदीय नवरात्र के प्रतिपदा से कलश स्थापना के साथ नगर के पांच दुर्गा पूजा पंडालों में आदिशक्ति मॉ जगदम्बा की प्रतिमा का सोमवार को दोपहर बाद विधि-विधान एवं वासंतिक विधि से मॉ की पूजन-अर्चन किया गया तथा आज से पूजा पंडालों में मॉ जगदम्बा विराजमान हो गयी। नवयुवक समिति दुर्गा पूजा नवापुरा में सोमवार को मॉ जगदम्बा की प्रतिमा का विधि-विधान से प्रतिस्थापित की गई। दारानगर दुर्गा पूजनोत्सव समिति ने भी मॉ जगदम्बा की प्रतिमा को विधि-विधान से पूजन, दुर्गा सप्तशती का पाठ आदि हवन-पूजन कर मॉ दुर्गा को पंडाल में बैठाया गया। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति टाउनहाल में विधि-विधान से मॉ जगदम्बा को दुर्गा-सप्तशती, हवन-पूजन आदि के साथ प्रतिस्थापित किया गया। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के संयोजक तिलकराज मिश्र ने बताया कि ग्यारह ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन मॉ की दुर्गा सप्तशती एवं शतचंडी का किया जाएगा साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगें।सुडिया स्थित एस बी दुर्गोत्सव समिति के पूजा पंडाल में सोमवार को विधि-विधान से मॉ जगदम्बा की प्रतिमा प्रतिस्थापित की गयी साथ पांच ब्राह्मणों द्वारा मॉ को दुर्गा सप्तशती एवं शतचंडी का पाठ तथा हवन-पूजन कर मॉ को विराजमान किया गया। सायं काल से पंडाल में श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन के लिए मॉ जगदम्बा की कपाट खोल दिया जाएगा। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष लखन शर्मा ने बताया ि कइस बार पूजा पंडाल को मॉ की खो एवं बर्फ की सिल्ली पर से होकर जाना होगा तथा मॉ जगदम्बा दर्शन देगीं। वहीं शारदा विद्या मंदिर दुर्गा पूजा समिति के कार्यकर्ता डॉ0 श्याम प्रताप सिंह एवं वल्लभ अग्रवाल ने बताया कि पं0 शिवकुमार त्रिपाठी के आचार्यत्व में मॉ दुर्गा की पूजन-अर्चन तथा सप्तशती पाठ व कलश स्थापना कर स्थापित किया। इसके अलावा प्रतिदिन पूजा पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगें।

## संस्थान ने कहा-कुल्लू हादसे में घायल छात्र खतरे से हैं बाहर

**वाराणसी।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के बंजार में पर्यटकों का टेंपो ट्रेवलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस दुर्घटना में आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी के तीन छात्रों के मौत की खबर तमाम मीडिया चौनल और पोर्टल पर चलाई जा रही है जो गलत और भ्रामक है। इस संबंध में यह सूचित करना है कि इस हादसे में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय), वाराणसी के तीन छात्र लक्ष्य सिंह, चतुर्थ वर्ष, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, ईशान गुप्ता और निष्ठा बोडानी, चतुर्थ वर्ष, केमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्र घायल हो गए हैं। सभी का इलाज हिमाचल प्रदेश के कुल्लु स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में चल रहा है। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार जैन ने कुल्लु हादसे पर अफसोस जताते हुए बताया कि तीनों छात्र खतरे से बाहर हैं एवं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उनके परिजनों से संस्थान के अधिकारी लगातार संपर्क में हैं।

# हिन्दी कार्यशाला का हुआ आयोजन



**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन के राजभाषा अनुभाग ने हिन्दी के संवर्धन हेतु मनाए जा रहे हिन्दी पखवाड़े के दौरान हिन्दी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का आयोजन एनटीपीसी रिहंद परिसर स्थित कल्याण केंद्र में किया गया। कार्यशाला का विषय राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देना था। कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं संकाय डॉ. एम के श्रीवास्तव शिखर रहे। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि हिंदी हम सभी की मातृ भाषा है। मातृभाषा को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक कार्य हिंदी में किए जाने चाहिए। कार्यक्रम की शुरुवात उप महाप्रबंधक ईडीसी रवीद्र सिंह ने संकाय का स्वागत करते हुए किया। कार्यक्रम एनटीपीसी कर्मचारियों तथा कर्मचारियों के आश्रितों ने हिस्सा लेकर अपने भाव रखे। आयोजन मानव संसाधन विभाग के राजभाषा अनुभाग के दिशा-निर्देशों में हुआ। कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक प्रचालन सिद्धार्थ उप महाप्रबंधक मानव संसाधन अनित कुमार के साथ एनटीपीसी के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विविधता में एकता ही भारत की पहचानः अजीत चौबे

संवाददाता। सोनभद्र



**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत सोमवार को विविधता मे एकता कार्यक्रम भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे जनपद के आदिवासी कलाकारो द्वारा जनपद की प्रसिद्ध नृत्य प्रस्तुत किया। विविधता मे एकता कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओं को उसके उद्देश्य को बताते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहाँ विविधता में एकता देखने को मिलती है क्योंकि अपने धर्म के लिये एक दूसरे की भावनाओं और भरोसे को बिना आहत किये कई कई धर्मों, नस्लों, संस्कृतियों, और परंपराओं के लोग एक साथ रहते हैं। असमानता में अखंडता है विविधता में एकता है। भारत एक ऐसा देश है जो विविधता में एकता की अवधारणा को अच्छे तरीके से साबित करता है। भारत एक अधिक जनसंख्या वाला देश है तथा पूरे विश्व में प्रसिद्ध है क्योंकि यहाँ विविधता में एकता का चरित्र देखा जाता है। विविधता में एकता भारत की शक्ति और मजबूती है जो आज एक महत्वपूर्ण गुण के रुप में भारत की पहचान करता है। विश्व में भारत सबसे पुरानी सभ्यता का एक जाना-माना देश है जहाँ वर्षों से कई प्रजातीय समूह एक साथ रहते हैं। भारत विविध सभ्यताओं का देश है जहाँ लोग अपने धर्म और इच्छा के अनुसार लगभग 1650 भाषाएँ और बोलियों का इस्तेमाल करते हैं। संस्कृति परंपरा धर्म और भाषा से अलग होने के बावजूद भी लोग यहाँ पर एक दूसरे का सम्मान करते हैं साथ ही भाईचारे के भावनाओं के साथ एक साथ रहते हैं। अपने राष्ट्र का एक महान चरित्र है विविधता में एकता जो इंसानियत के एक संबंध में सभी धर्मों के लोगों को बाँध के रखता है। कार्यक्रम मे मुख्यरुप से अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्य अभिषेक सिंह चन्देल अशोक कुमार मौर्य रामसुन्दर निषाद कृष्णमुरारी गुप्ता जीत सिंह खरवार कमलेश चौबे संतोष शुक्ला, शंम्भू नारायण सिंह, सुरेश शुक्ला, जिला मिडीया प्रभारी अनूप तिवारी, सुनिल सिंह, रविन्द्र केशरी, राहुल पटेल, सुनिल पटेल, मोहर लाल खरवार, प्रमोद दूबे, आशीष केशरी सहित तमाम आदिवासी कलाकार भी मौजूद रहे।

## देशभक्ति गीत-गायन प्रतियोगिता का आयोजन

**सोनभद्र।** एनटीपीसी विंध्याचल में राजभाषा पखवाड़ा, 2022 के अंतर्गत सोमवार को राजभाषा अनुभाग द्वारा महिला वर्ग हेतु देशभक्ति गीत-गायन एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन परियोजना के क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में किया गया। प्रतियोगिता में काफी संख्या में नगर परिसर में निवास कर रही महिलाओं नें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता हेतु जीवनलता, शिक्षिका डी पॉल स्कूल विंध्यनगर एवं चित्रा भारती शिक्षिक सरस्वती शिशु मंदिर विंध्यनगर निर्णायक के रूप में उपस्थित रही। प्रतियोगिता में भाग ले रहीं सभी महिला प्रतिभागियों ने देशभक्ति गीत एवं कविता सुनाकर सभी को आनंदित कर दिया। तत्पश्चात निर्णायकों नें सभी प्रतिभागी कर्मचारियों द्वारा सुनाये गए देशभक्ति गीत एवं कविता को सुनकर दिये गए तर्कों का मूल्यांकन विषय वस्तु, तर्कशक्ति एवं प्रस्तुति के आधार पर विजयी प्रतिभागियों की घोषणा की। विजयी प्रतिभागियों को राजभाषा पखवाड़ा 2022 के समापन समारोह के दौरान परियोजना प्रमुख द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन मंगला हरीन्द्रन द्वारा किया गया।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की कैद

**सोनभद्र।** साढ़े आठ वर्ष पूर्व दलित नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाकर दोषी अजीत कुमार यादव को 10 वर्ष की कैद एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक बभनी थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी पीड़िता दलित नाबालिग लड़की ने 25 सितंबर 2014 को दुद्धी कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि एक मार्च 2014 को 7 बजे जब वह अपने कमरे में थी तभी बभनी थाना क्षेत्र के भंवर गांव निवासी अजीत कुमार यादव पुत्र शिवसम्पत यादव आ गया और उसे चार पहिया वाहन से अनपरा अपने रूम में ले गया। जहां पर हाथ-पैर बांधकर जबरन दुष्कर्म किया। जाति सूचक शब्दों से गाली देकर शिकायत करने पर जान मारने की धमकी दिया। उसके बाद बेहोशी हाल में उसे तालाब के किनारे फेंक दिया। जब होश आया तो रोने की आवाज सुनकर एक वृद्ध व्यक्ति ने उसका हाथ पैर खोला। उसके बाद उसे वह अपने साथ दुद्धी कोतवाली ले गया। किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाद में कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म पॉक्सो एक्ट एवं एससी एसटी एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी अजीत कुमार यादव को 10 वर्ष की कैद एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वही अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह एडवोकेट ने बहस की।

## महिला सुरक्षा संबंधित कंपनी स्तरीय बैठक हुई सम्पन्न

**सोनभद्र।** सोमवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ककरी क्षेत्र में कंपनी स्तर पर गठित आतंरिक शिकायत समिति आईसीसी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान कंपनी स्तरीय समिति के सदस्य सफ्दर खान रजीना बा संध्या पाण्डेय एवं सफूरा रुबाब उपस्थित रहे। इसके साथ ही ककरी क्षेत्र की आतंरिक शिकायत समिति के सदस्य प्रतिभा तिरु, अभय कुमार सिंह, डॉ. लीनी उन्नीकृष्णन एवं शिप्रा सिंह भी उपस्थिति रहीं। इस बैठक में परियोजना में कार्यरत महिला कर्मियों एवं महिला संविदा कर्मियों सहित 50 महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर किसी भी तरह के दुर्व्यवहार तथा सुरक्षा संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की और साथ ही बैठक में उपस्थित महिला कर्मियों के प्रश्नों का निदान भी किया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को कार्यस्थल, निवास स्थल एवं सार्वजनिक स्थानों पर हुई अभद्रता या गलत व्यवहार के खिलाफउचित कदम उठाने के बारे में जागरूक किया गया। एनसीएल में महिलाओं को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए पूर्व में भी इस तरह की बैठक का आयोजन किया जाता रहा है। कार्यक्रम के अंत में स्टाफ अधिकारी कार्मिक संदीप कुमार शाह ने समिति के सदस्यों एवं उपस्थित सभी महिला कर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# महाराजा अग्रसेन समाजवाद के अग्रदूतः अनिल कुमार जैन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**श्री** श्री 1008 महाराज अग्रसेन जी के जयन्ती के पावन अवसर पर संकल्प संस्था के तत्वावधान में संस्था के सदस्यों एवं अग्रबन्धुओं ने श्री अग्रसेन वाटिका, मैदागिन स्थित श्री श्री 1008 महाराज अग्रसेन जी के प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं पुष्पाजंलि अर्पित की।इस अवसर पर संकल्प संस्था के संरक्षक अनिल कुमार जैन ने सभी को श्री महाराज अग्रसेन जयन्ती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परम पूज्य महाराजा अग्रसेन जी को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले प्रत्येक परिवार की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक परिवार उसे ''एक रूपया व एक ईंट'' देगा, जिससे आसानी से नवागन्तुक परिवार स्वयं के लिए निवास स्थान व व्यापार का प्रबंध कर सके। महाराजा अग्रसेन ने तंत्रीय शासन प्रणाली के प्रतिकार में एक नई व्यवस्था को जन्म दिया, उन्होंने पुनः वैदिक सनातन आर्य सस्कृंति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य की पुनर्गठन में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की पुनः प्रतिष्ठा का बीड़ा उठाया। इस तरह महाराज अग्रसेन के राजकाल में अग्रोदय गणराज्य ने दिन दूनी- रात चौगुनी तरक्की की। कहते हैं कि इसकी चरम समृद्धि के समय वहां लाखों व्यापारी रहा करते थे। वहां आने वाले नवागत परिवार को राज्य में बसने वाले परिवार सहायता के तौर पर एक रुपया और एक ईंट भेंट करते थे, इस तरह उस नवागत को लाखों रुपये और ईंटें अपने को स्थापित करने हेतु प्राप्त हो जाती थीं जिससे वह चिंता रहित हो अपना व्यापार शुरू कर लेता था।

# प्रधानों के प्रतिधिमंडल ने सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

संवाददाता। मऊ

**ग्राम** प्रधानों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा। ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। सौपे गए मांग पत्र में ग्राम प्रधानों ने मांग किया कि महायोजना के तहत जिले के कोपागंज ब्लाक अंतर्गत कोपागंजए अदरीए कुर्थीजाफरपुर ग्राम पंचायतों के सीमा विस्तार की प्रक्रिया को जनहित में तत्काल प्रभाव से रोका जाए। चेताया कि अगर जनहित में मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आरपार का आंदोलन किया जाएगा। जिलाधिकारी को सौपे गए ज्ञापन में गाम प्रधानों ने कहा है कि जिले के नगर पंचायतों का सीमा विस्तार अभी जल्द ही वर्ष 2019 में किया गया था। इसमें नगर पंचायत कोपागंज का भी सीमा विस्तार किया गया था। सीमा विस्तार के पश्चात ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों का चुनाव वर्ष 2021 में कराया गया था। हम सभी ग्राम प्रधानी का कार्यकाल अभी 15 माह का ही हुआ है। ग्राम प्रधानों द्वारा ग्राम पंचायतों में तेजी के साथ विकास कार्य भी कराया जा रहा है। इसलिए ग्राम पंचायतों के अधूरे विकास कार्य को देखते हुए वर्तमान में चयनित ग्राम प्रधानों को कार्यकाल पूरा करने का अवसर प्रदान किया जाए। कोपागंजए अदरीए कुर्थीजाफरपुर का सीमा विस्तार करने के प्रस्ताव को जनहित में तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रुप से कोपागंज ब्लाक अंतर्गत ग्राम दर्प नारायनपुर की ग्राम प्रधान सुनीता यादवए ग्राम पंचायत जयरामगढ़ के ग्राम प्रधान अजय कुमारए ग्राम पंचायत खालिसपुर की ग्राम प्रधान खुशबुनिशाए ग्राम पंचायत अदरी की ग्राम प्रधान अर्चनाए ग्राम प्रधान जय प्रकाश भारतीए ग्राम प्रधान सूर्यभान चौहानए ग्राम प्रधान श्याम सुन्दरए ग्राम प्रधान जितेन्द्र कुमारए आदि मौजूद रहे।ग्राम प्रधान उदय यादवए ग्राम पंचायत सहरोज की ग्राम प्रधान इशरावती देवी आदि शामिल रहे।

## वर्षा बुमराह ने पहना डीआईडी सुपर मॉम्स सीज़न 3 का ताज

**वाराणसी।** डीआईडी सुपर मॉम्स के पिछले दो सीज़न्स ने कुछ ऐसी बेमिसाल मांओं को प्रस्तुत किया था, जिनकी डांसिंग स्किल्स यंग डांसर्स को भी मात दे सकती हैं और जिन्हें मिले जबर्दस्त रिस्पॉन्स के बाद ज़ी टीवी ने इस साल जुलाई में अपने इस पॉपुलर नॉन-फिक्शन शो का तीसरा सीज़न लॉन्च किया। इस शो का हिस्सा बनने के लिए हज़ारों मांओं ने ऑडिशन दिया था।लेकिन ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में केवल कुछ ही मॉम्स टॉप 12 में अपनी जगह बना पाईं।

## सीओ ने मेधावियों को किया सम्मानित

**मुग़लसराय चन्दौली।** अलीनगर स्थित न्यू प्रीपवेल क्लासेज में आयोजित पुलिस की पाठशाला व पुरस्कार वितरण समाराहे में सीओ अनिरुद्ध सिंह कानून की बारीकियां बताई और मेधावी छात्र.छात्राओं को सम्मानित ?भी किया। इस मौके पर डिप्टी एसपी अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि आज के समय में बेटियों को साइबर क्राइम से काफी सतर्क रहने की जरूरत है। आपकी एक छोटी सी लापरवाही आपको मुसीबत में डाल सकती है। इससे बचने का एक ही सूत्र है कि बेटियां एक हाथ में साइंस रखें तो दूसरे हाथ में संस्कार हो। ऐसा करने पर वे साइबर क्राइम की शिकार नहीं हो सकती। वहीं अंडरट्रेनिंग सीओ आशुतोष कुमार ने कहा कि आप मोबाइल नोटिफिकेशन के चक्कर में न पड़े। आज ज्यादातार महिलाएं ही साइबर अपराध ?का शिकार हो रही हैं। कोई नोटिफिकेशन और वीडियो कॉल को बिना जाने रिसिव न करें। अगर करना पड़े तो मोबाइल को अपने फेस की तरफ न करने ऊपर कर दें ।

# पालिका अध्यक्ष ने किया मेले का गहन निरीक्षण

संवाददाता। मीरजापुर।

**नगर पा**लिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने सोमवार की दोपहर शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन विन्ध्याचल पहुँचकर मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया।नपाध्यक्ष पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पालिका प्रशासन द्वारा किये गए कार्यों का जायजा लेने विंध्यधाम पहुँचे थे।जहा नपाध्यक्ष ने बरतर तिराहे से निरीक्षण प्रारंभ करते हुये विंध्याचल के सदर बाजारएचिकान टोलाएबलुआ घाटएपक्का घाटएनयी वीआईपीएपुरानी वीआइपीएमन्दिर परिषर सहित कई स्थानों का पैदल ही स्थलीय निरीक्षण किया।उन्होंने अधिकारियों को घाटो पर विशेष साफसफाई कराने का निर्देश दिया।सफाई कर्मचारियों को पालिका के द्वारा दिये गये ड्रेस पहन कर ही कार्य करने का निर्देश भी दिया गया।निरीक्षण के दौरान एक सफाईकर्मी द्वारा कार्य मे लापरवाही बरतने पर नपाध्यक्ष ने कार्यवाही करनें का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।जिस कर्मचारी की ड्यूटी जिस बीट पर लगी है।अगर उस बीट पर वहा गन्दगी पायी जाती है तो सफाईकर्मी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।अधिकारियों को मेला क्षेत्र में पानी और प्रकाश व्यवस्था को भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मेला क्षेत्र में अधिकारियों को फॉगिंग और सैनिटाइजेसन करने का भी निर्देश दिया है।उन्होंने कहा कि दूर.दराज से लोग माता के दर्शन करने विंध्याचल आते है।इसीलिए अधिकारियों को व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है।इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों का पहचान पत्र जल्द जारी करते हुये सफाई कर्मचारियों की संख्या लिस्ट वार ज़ोन प्रभारियों को लिस्ट सौपने का निर्देश दिया गया है।

## देवी पूजन से विश्वकल्याण के साथ राष्ट्र उत्थान और संस्कृत का पोषण होगा:कुलपति

**वाराणसी।** सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने नवरात्रि के प्रतिपदा तिथि को आज पूर्वांह विश्वप्रसिद्ध मन्दिर ज्ञान.विज्ञान की संवाहीका एवं बुद्धि विवेक और शील की देवी माँ वाग्देवी एवं माँ दुर्गा जी की विधि पूर्वक पूजन अर्चन किये।कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने उस दौरान बताया कि आज प्रथम दिन माँ शैल पुत्री रुप का पूजन किया जाता है इसमें पूजन विधि के साथ राष्ट्रउत्थान और विश्वकल्याण एवं संस्कृत के उत्थान के लिये पूजन किया जा रहा है।कुलपति प्रो हरेराम ने कहा कि यह पूजन विश्वविद्यालय परिसर मे विद्या ज्ञान और आस्था का प्रवाह सदैव बना रहेएयहां से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर सदैव राष्ट्र कल्याण एवं जनकल्याण के लिये समर्पित भाव स्थापित करते रहें।कुलपति प्रो त्रिपाठी ने कहा कि यह परिसर सर्वदा जनकल्याण एवं मंगलकारी सोच ही रखते हुये सदैव शास्त्रों के विधान से कार्य करता है तथा जन.जन को सुख समृद्धि एवं शान्ति के भाव के लिये इस तरह के पूजन और अनुष्ठान किये जा रहे हैं।कुलपति प्रो त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय संस्कृतिएसंस्कार और संस्कृत का अनूठा सम्बंध हैएयह एक संगम प्रवाह है इसी से हमारी पहचान हैएयह संस्था सदैव इसी पहचान को अक्षुण बनाने की अविरल कोशिस करती रहती है। कुलपति प्रो0 हरेराम त्रिपाठी अपने हाथों से कलश स्थापनए वरुण पूजनए मातृका पूजन एवाग्देवी पूजन के साथ ही साथ चण्डीपाठ कर संकल्प लिया स इसमें नव दिन माँ दुर्गा की आराधना होगी और नवमी को पुनःआहूति होगी पूजा के प्रारम्भ में गणेश पूजन एवं अन्य देव पूजन करते हुये माँ का पूजन किया गया।उस दौरान विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों सहित उपस्थित थे।

# अंकिता की हत्या
## गुस्से में जनता

**उत्तराखंड** में युवा अंकिता भंडारी की हत्या पर शुरुआत में सरकार की प्रतिक्रिया ढीलीढाली रही। एक होटल में महिला रिसेप्निस्ट अंकिता भंडारी की हत्या ने एक बार फिर भारतीय राजनीति का विद्रूप चेहरा दिखा दिया है। पौड़ी जिले के वनान्तर रिजार्ट में काम कर रही लड़की की हत्या का आरोप तीन लोगों पर है जिसमें होटल के मालिक का लड़का भी शामिल है जो उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी का नेता है। मीडिया खबरों के अनुसार, आरोपी उसे वेश्यावृत्ति में धकेलना चाहते थे जिसका वह विरोध कर रही थी। कहा जाता है कि उसने विनोद आर्य के बेटे व मुख्य आरोपी पुलकित आर्य द्वारा छेड़छाड़ के प्रयास का विरोध किया था। भाजपा ने विनोद आर्य को पार्टी से निकाल दिया है। शनिवार को अंकिता की लाश एक नहर से बरामद हुई। कोई आश्चर्य नहीं कि इस हत्या से जनता का गुस्सा न केवल हिमालयी राज्य, बल्कि सारे देश में भड़क उठा। एक लड़की का जीवन इसलिए छीन लिया गया कि एक राजनेता का बेटा उससे अपनी इच्छानुसार व्यवहार नहीं कर सका। उसने जबरन उसे चूमने तथा वेश्यावृत्ति कराने का प्रयास किया और बात न मानने पर छुटकारा पाने के लिए उसे नहर में धकेल दिया। अंकिता के परिवारी सदस्य न केवल गुस्सा हैं, बल्कि उनको उत्तराखंड अधिकारियों के निर्णयों व कार्रवाइयों पर संदेह है। अंकिता के रिश्तेदारों तथा अन्य लोगों ने श्रीनगर-केदारनाथ राजमार्ग पर प्रदर्शन किया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा उस रिजार्ट को नष्ट करने पर सवाल उठाए जहां पीड़िता काम करती थी। उनका आरोप है कि यह सबूत नष्ट करने का प्रयास है। उन्होंने पहले अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने तक उसके अंतिम संस्कार से भी इनकार कर दिया था क्योंकि अंतरिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कहा गया था कि अंकिता की मौत डूबने से हुई थी।




विपक्ष ने परिवार का समर्थन किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने इसे 'सुनियोजित हत्या' बताते हुए कहा है कि विध्वंस की कार्रवाई सबूत मिटाने के उद्देश्य से की गई। विपक्ष ने पुलिस पर सुस्ती का आरोप भी लगाया है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट राजस्व पटवारी द्वारा दर्ज कराई गई। उत्तराखंड पुलिस प्रमुख अशोक कुमार ने इसमें कुछ गलत नहीं बताया है क्योंकि राज्य में 'राजस्व अधिकारियों द्वारा एफआईआर दर्ज कराने की व्यवस्था है।' लेकिन असली समस्या यह है कि राजनेता अपने मूल कामों को भूल जाते हैं जिसमें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखना तथा कानून-व्यवस्था ठीक रखना शामिल है। इस लापरवाही के साथ ही विभिन्न आयोजन करने में उनकी दिलचस्पी बढ़ती जाती है। उदाहरणार्थ, अंकिता की हत्या के कुछ ही दिन पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपना जन्मदिन देहरादून में दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। उन्होंने इसे 'संकल्प दिवस' का नाम दिया। उनकी पार्टी का एक प्रमुख नारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' है। धामी व अन्य भाजपा नेता लड़कियों की शिक्षा और बेहतरी, महिला सशक्तीकरण, जेंडर न्याय, आदि के बारे में अच्छी-अच्छी बातें करते हैं। इसके साथ ही संकल्प दिवस जैसे आयोजनों पर कुछ उपहार दिए जाते हैं। लेकिन एक लाख उपहार, अच्छी-अच्छी बातें व आयोजन वह काम नहीं कर सकते हैं जो गंभीर प्रशासन व अच्छी पुलिस व्यवस्था से हो सकता है। इस घटना को देखते हुए धामी राजनीतिक रूप से कमजोर हुए हैं। उनको समझना चाहिए कि अच्छी-अच्छी बातें करने तथा कांवरियों का सम्मान करने जैसी कार्रवाइयों से ज्यादा लाभदायक परिणाम नहीं प्राप्त होंगे। उनको सुशासन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

# ताइवान पर कब्जे की प्रतीक्षा में चीन

चीनी सेना अभी ताइवान पर हमले के लिए तैयार नहीं है। इसके लिए आवश्यक सैन्य आधुनिकीकरण में अभी कुछ और समय लगेगा।



**सोनल शुक्ला**
(लेखिका, विदेश नीति विशेषज्ञ हैं।)





युद्ध कला सुन जू के अनुसार, 'सभी प्रकार के युद्ध धोखे पर आधारित हैं। इसलिए जब हम हमला करने में सक्षम हो तब दिखाना चाहिए कि ऐसा नहीं कर सकते हैं, अपनी शक्तियों का प्रयोग करते समय हमें निष्क्रिय दिखना चाहिए, जब हम निकट हों तो हमें दुश्मन को विश्वास दिला देना चाहिए कि हम बहुत दूर हैं और जब हम बहुत दूर हों तो दुश्मन को विश्वास दिलाना चाहिए कि हम निकट हैं।' इतिहास इस बात की गवाही देता है कि चीनी तभी हमला करते हैं जब उसकी उम्मीद बहुत कम होती है। तीसरा विश्व युद्ध शुरू करने के लिए 2022 उपयुक्त नहीं है। चीन अभी युद्ध के लिए तैयार नहीं है। उसके पास वर्तमान समय में आक्रमण के लिए समुचित उपकरण नहीं हैं और उसके सैन्य बल संयुक्त जल-थल अभियान के लिए तैयार नहीं हैं जो इस मामले में जरूरी होगा। इस वर्ष शी जिनपिंग अभूतपूर्व रूप से पार्टी की बीसवीं कांग्रेस में तीसरे कार्यकाल के लिए प्रयास करेंगे और इसलिए वे अति-उत्साह छोड़ कर स्थायित्व प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

पुन: चुनाव के ठीक बाद शी के अधिकार को चुनौती देने वाला कोई नहीं होगा। ऐसे में उम्मीद की जाती है कि वे ज्यादा आक्रामक विदेश नीति अपनाएंगे तथा चीन के निकट स्थिति विवादों में ज्यादा हस्तक्षेप करेंगे। ताइवान तथा भारत के साथ सीमा विवाद उनके केन्द्र में हैं। वे प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के खिलाफ ज्यादा आक्रामक दिखना चाहते हैं। अमेरिकन कांग्रेस सेमीकंडक्टर चिप्स पर एक विधेयक पास करने की तैयारी कर रही है और यह भी ताइवान पर बढ़ते टकराव का संकेत है। पेंटागन ने अनुमान लगाया है कि चीन अगले दो साल तक ताइवान पर हमला नहीं करेगा। सीआईए निदेशक ने चेतावनी दी है कि इस दशक में आगे बढ़ने पर ताइवान पर हमले का जोखिम भी बढ़ जाएगा।

ताइवान का एकीकरण शी के लिए व्यक्तिगत विरासत का मामला तथा उनके 'चीनी सपने' का आवश्यक अंग है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी महाशक्ति के रूप में 'चीनी राष्ट्र के महान पुनर्जीवन' के लिए काम कर रही है। इसलिए ताइवान पर कब्जा करना संभवत: उनके तीसरे कार्यकाल में संभव है। यदि ऐसा न हो सके तो यह उनके चौथे कार्यकाल में निश्चित माना जा रहा है। शी ने चीनी सेना के आधुनिकीकरण को 2035 के बजाय 2017 में ही करने का निर्णय किया जिसके अनुसार आधुनिकीकरण के प्रमुख लक्ष्य 2027 तक निश्चित रूप से प्राप्त कर लिए जाएंगे। इस प्रकार यदि पहले नहीं तो इस दशक के अंतिम अर्धांश में ताइवान पर हमले की संभावना है। लेकिन ताइपेई व बीजिंग या वाशिंगटन के साथ बढ़ती दुश्मनी के कारण दुर्घटनावश युद्ध की संभावना को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, हालांकि इसकी संभावनायें कम हैं। शी पुतिन द्वारा की गई गलती नहीं दुहराना चाहते हैं। इस प्रकार वे चीन के पूरी तरह तैयार होने से पहले हमला नहीं करेंगे ताकि ताइपेई पर निश्चित रूप से थोड़े ही समय में कब्जा कर सकें।

अमेरिकी सेना के जनरल डगलस मैक्आर्थर ने ताइवान को 'न डूबने वाला विमानवाहक पोत तथा पनडुब्बी अड्डा' बताया है। इसका बीजिंग तथा वाशिंगटन के लिए असाधारण रणनीतिक व सुरक्षा संबंधी महत्व है। इससे महत्वपूर्ण रूप से फिलीपीन्स सागर, पूर्वी व दक्षिणी चीन सागर के बीच के समुद्र तथा पश्चिमी प्रशांत पर नियंत्रण रखा जा सकता है जो जापान से इंडोनेशिया तक फैला हुआ है। इसके साथ ही ताइवान दूसरी द्वीपीय श्रृंखला है जो अमेरिकी सैनिक अड्डे गुआम की सीमा में आता है। ताइपेई पर बीजिंग के नियंत्रण से चीनी सैनिक शक्ति में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा फिलीपीन सागर में उसकी निगरानी व कार्रवाई क्षमता में वृद्धि होगी। इससे अमेरिकी सेना की वहां कार्रवाई क्षमता घटेगी, अमेरिकी नौसैनिक व वायुसैनिक कार्रवाइयों की क्षमता प्रभावित होगी। इससे वह विवादित द्वीपों पर चीनी हमले की स्थिति में अपनी रक्षा संधि से जुड़े जापान, दक्षिण कोरिया व फिलीपीन्स की रक्षा करने में कमजोर हो जाएगा। ताइवान पर नियंत्रण न होने पर अमेरिका व चीन के बीच टकराव की स्थिति में वाशिंगटन चीन के सतही राडार सिस्टमों व लड़ाकू जहाजों को नष्ट कर देख जो फिलीपीन सागर में चुपचाप प्रवेश करने का खतरा पैदा करेंगे।

लेकिन ताइवान पर नियंत्रण से चीन को द्वीप के पूर्वी तट पर हाइड्रोफोन तैनात करने में सुविधा होगी। वर्तमान समय में बीजिंग के नियंत्रण वाले प्रथम प्रायद्वीप की तुलना में यहां समुद्र ज्यादा गहरा है। इन हाइड्रोफोनों को नष्ट करना कठिन होगा जो हजारों मील दूर से आने वाले अमेरिकी लड़ाकू जहाजों की स्थिति बता देंगे। इसलिए ताइवान पर चीन का कब्जा 'गेम चेंजर' साबित हो सकता है। अमेरिकी युद्धपोतों का पता लगने के बाद वे चीनी पनडुब्बियों का आसान निशाना बन सकते हैं जो फिलीपीन के समुद्र में आजादी से भ्रमण कर सकेंगी। इससे अमेरिका प्रशांत महासागर में अपने हितों की रक्षा करने में अक्षम हो जाएगा। ताइवान पर चीनी कब्जे के बाद उत्तर-पूर्वी एशियान की जहाजरानी सेवाओं पर चीनी नियंत्रण का खतरा मंडराने लगेगा।

सबसे बड़े सेमीकंडक्टर चिप सप्लायर तथा नैनो चिप्स पर लगभग एकाधिकार रखने वाला ताइपेई वाशिंगटन व बीजिंग के लिए अत्यधिक आर्थिक व तकनीकी महत्व का क्षेत्र है। इसलिए ताइपेई पर नियंत्रण से बीजिंग की अंतरिक्ष, सैनिक व आर्थिक प्रगति में भारी तेजी आएगी। इसके साथ ही वह पश्चिम के तकनीकी-औद्योगिक समुच्चय को भारी नुकसान पहुंचा सकेगा। बीजिंग द्वारा टकराव की स्थिति में अपनाई जाने वाली 'सलामी स्लाइसिंग' प्रमुख रणनीति है। इसका अर्थ विवादित क्षेत्र में अनियमित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराना तथा इसके बाद स्थाई कब्जे या स्थाई उपस्थिति की स्थिति पैदा करना है। मध्यवर्ती रेखा के अस्तित्व से इनकार तथा बार-बार इसे पार करने के माध्यम से चीन वाइवान के एडीआईजेड क्षेत्र का उल्लंघन करता है। वह ताइवान जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय समुद्र के बजाय चीनी नियंत्रण वाला क्षेत्र मानता है और इस द्वीप के निकट सैनिक अभ्यास करता है। ऐसा कर तथा नाकेबंदी के माध्यम से बीजिंग नई स्थितियों को सामान्य बनाना चाहता है।

मजेदार बात है कि इस बार बीजिंग ने वाशिंगटन पर ही 'एक चीन नीति' की सलामी स्लाइसिंग का आरोप लगाया है। अमेरिका ताइवान से अपने संबंधों पर एक इंच भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। उसने दोनों देशों के बीच व्यापार व निवेश बढ़ाने की व्यापारिक पहल की है तथा द्वीप पर अनेक उच्च पदस्थ अधिकारी व राजनेता जाते रहते हैं। हालांकि, 'रणनीतिक अस्पष्टता' की नीति में भी अनेक समस्यायें हैं। बाइडेन ने तीन बार घोषणा की है कि यदि हमला होता है तो अमेरिका सैनिक हस्तक्षेप करेगा। ताइवान रिलेशन्स एक्ट, 1979 अब अमेरिका का घरेलू कानून है। इसके अनुसार बीजिंग द्वारा बल प्रयोग की स्थिति में वह ताइवान की रक्षा करेगा। महत्वपूर्ण है कि ताइवान की रक्षा के लिए न जाना वाशिंगटन के अपने हितों के भी विरुद्ध है। बीजिंग द्वारा हमले के परिदृश्य में उसके कमजोर बिंदुओं को सटीक लाजिस्टिक्स के रूप में पहचाना गया है जो हमले के जल-थल रूप के लिए महत्वपूर्ण है। पीएलए के पास उभयचर वाहनों तथा जटिल लाजिस्टिक मिशनों व सैनिक परिवहन विमानों के लिए प्रशिक्षित सैनिकों की कमी है। शी ने निर्देश दिए हैं कि चीनी रक्षा उद्योग खासकर ऐसे हथियार तैयार करे जिनका प्रयोग ताइपेई के बचाव में आने वाले अमेरिकी या अन्य मित्र देशों की सेनाओं के खिलाफ किया जा सके। इन आयुधों में एकदम सटीक व मारक मिसाइलें व क्रूज़ मिसाइलें, समन्वित वायु रक्षा प्रणालियां व उपग्रह-मारक मिसाइलें तथा इनके समर्थन में नाभिकीय हथियारों का भारी भंडार शामिल हैं।

वाशिंगटन ताइवान को एंटी-शिप मिसाइलों व हवा से हवा में मार करने वाले आयुधों की सप्लाई कर इस असमान युद्ध के लिए तैयार कर रहा है। ताइवान ने अपने रक्षा रणनीति में परिवर्तन कर इसे 'पोरकूपीन रणनीति' में बदला है जिसमें माइनों, छोटी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों, नागरिक सुरक्षा तथा गुरिल्ला प्रतिरोध शामिल हैं। यह अनुमान लगाना कठिन है कि हमले की स्थिति में अमेरिका की सहभागिता किस स्तर की होगी, लेकिन इसके सैनिक हस्तक्षेप होने की संभावना है। हमले के लंबा चलने की संभावना है। इससे निपटने के लिए ताइवान को सैनिक, खाद्यान्न व अन्य आवश्यक सामग्रियों की सप्लाई सुनिश्चित करनी होगी ताकि वह चीन को लंबे समय तक रोक सके। लेकिन युद्ध में अंतत: आम ताइवानी जनता की सहभागिता सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। दुनिया में ताइवान वाशिंगटन तथा बीजिंग के लिए सबसे कठिन समस्या है। लंबे समय तक चलने वाला युद्ध चीनी अर्थव्यवस्था के लिए विभीषिका सिद्ध हो सकता है। इससे राजनीतिक अस्थिरता पैदा होगी जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी तथा शी के नेतृत्व के लिए समस्यायें पैदा कर सकती है।

# डिजिटल स्वास्थ्य सेवा हेतु बेहतर कनेक्टिविटी

**नितेंद्र सिसोदिया**
(लेखक, चिकित्सा क्षेत्र से संबद्ध हैं)

डिजिटल स्वास्थ्य वितरण सेवा लोकप्रियता प्राप्त कर रही है, लेकिन ग्रामीण भारत में इसका विस्तार कनेक्टिविटी पर निर्भर करेगा। अधिकांश उद्योगों और जीवन-दायरों की तरह, भारत में स्वास्थ्य सेवा भी कई स्तरों पर डिजिटलीकरण के दौर से गुजर रही है। भले ही सरकार ने अपने ऐतिहासिक राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (एनडीएचएम) के साथ आगे बढ़कर नेतृत्व किया है, जिसे कि अब आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) नाम दिया गया है, मगर स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत निजी क्षेत्र भी धीरे-धीरे डिजिटलीकरण को अपना रहा है। कम से कम मेट्रो शहरों और बड़े शहरों में कुछ छोटे शहरों के अलावा, कई निजी और साथ ही तृतीयक देखभाल प्रदान करने वाले सार्वजनिक अस्पताल हाल के दिनों में किसी न किसी प्रकार के डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना (या उन्नयन) और संसाधनों और कर्मियों को आवंटित करने में लगे हुए हैं। इसमें इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में रोगी डेटा का प्रबंधन करने के लिए अस्पताल सूचना प्रणाली, अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड्स (ईएमआर), आदि के संदर्भ में स्वास्थ्य सेवा आईटी अनुप्रयोगों का कार्यान्वयन भी शामिल होगा। इसी तरह, रोगी भी अधिक डिजिटल प्रौद्योगिकी-प्रेमी स्वास्थ्य देखभाल रिसीवर के रूप में विकसित हो रहे हैं, स्मार्टफोन और अन्य उपकरणों का उपयोग न केवल वे नैदानिक रिपोर्ट और डॉक्टरों के नुस्खे को संग्रहीत करने के लिए, बल्कि अपॉइंटमेंट लेने, परामर्श करने, घर-आधारित निदान और परीक्षण सुविधाओं का उपयोग करने और दवाओं का ऑर्डर करने के लिए भी कर रहे हैं। डिजिटल हेल्थ रिकार्ड रखने से रोगी को डाक्टरों से संपर्क करने तथा उनसे विचार-विमर्श में आसानी होती है। एनडीएचएम कार्यक्रम को 2020 में छह केंद्र शासित प्रदेशों में पायलट परियोजना के बतौर लॉन्च किया गया था, जब तीन प्रमुख रजिस्ट्रियां जैसे हेल्थ आईडी, हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री (एचपीआर), हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री (एचएफआर) और डेटा एक्सचेंज के लिए डिजिटल ढांचा विकसित और कार्यान्वित किया गया था। इस सफलता के आधार पर, कार्यक्रम का सितंबर 2021 में देशव्यापी रोलआउट में विस्तार किया गया, जिसमें आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा), स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री, आभा ऐप, हेल्थकेयर पेशेवर रजिस्ट्री और एकीकृत स्वास्थ्य इंटरफेस (यूएचआई) जैसे प्रमुख घटकों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

शुरू करने के एक साल के भीतर, स्वास्थ्य सेवाओं के इस डिजिटलीकरण कार्यक्रम ने काफी सफलता दर्ज की है। एबीडीएम वेबसाइट के अनुसार 12 सितंबर, 2022 तक, 24 करोड़ से अधिक आभा नंबर बनाए गए हैं, जिसमें 1,44,371 स्वास्थ्य सुविधाएं और 69,312 स्वास्थ्य पेशेवर पंजीकृत हैं, साथ ही सात लाख से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड ऐप डाउनलोड हैं। इस साल जुलाई तक, 32 निजी संस्थाओं सहित 52 डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं / अनुप्रयोगों को एबीडीएम के साथ एकीकृत किया गया है। इसके अलावा, जुलाई के अंत तक, एबीडीएम सैंडबॉक्स, जो कि डिजिटल ऐप या स्वास्थ्य उत्पाद को वास्तविक उपयोग के लिए प्रसारित किए जाने से पहले, एकीकरण के प्रयोग का डिजीटल स्थान है, में 919 हेल्थटेक इनोवेटर्स थे। जबकि 24 करोड़ से अधिक आभा नंबर पहले ही भारत की आबादी का एक-छठा हिस्सा हो सकते हैं, मगर सच्चाई यह है कि स्वास्थ्य सेवा वैल्यू चैन का एक बड़ा हिस्सा सरकार द्वारा संचालित एबीडीएम अभियान से बाहर है।

सरकार के अपने आंकड़ों के मुताबिक करीब 12 लाख स्वास्थ्य सुविधाओं में से महज 1.4 लाख सुविधाएं ही एबीडीएम मंच से जुड़ी हैं। इसी तरह, आज 50 लाख हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स में से केवल 69,000 का मंच से जुड़ना पुन: एक नगण्य संख्या है। इससे स्पष्ट है कि ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों को स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण से जोड़ना जरूरी है। स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण के लिए बेहतर नेटवर्क कनेक्टिविटी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बिना इसका देशव्यापी विस्तार असंभव है। नेशनल हेल्थ प्रोफाइल 2019 के अनुसार, ग्रामीण भारत के केवल 65 प्रतिशत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कंप्यूटर थे। और तथ्य यह है कि 65 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण भारत में अभी भी इंटरनेट नहीं है। हालांकि, राष्ट्रव्यापी एबीडीएम की शुरुआत को केवल एक वर्ष ही हुआ है। उम्मीद है कि इंटरनेट और डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए एक देशव्यापी बुनियादी ढांचे की नींव अगले 25 वर्षों में एक बेहतर इंटरनेट-संपन्न भारत सुनिश्चित करेगी। यह संभावना है कि शुरू में दर्जा एक और दर्जा -दो श्रेणी वाले शहरों में स्वास्थ्य सुविधाएं डिजिटल राह अपनाएंगी। समूची वैल्यू चैन में सभी हितधारकों को राज्यों में नियामकों व एजेंसियों, सेवा प्रदाताओं, अस्पतालों, चिकित्सा पेशेवरों, नैदानिक प्रयोगशालाओं, स्वास्थ्य सेवा सॉफ्टवेयर व्रिक्रेताओं, डिजिटल सहमति समाधान प्रदाताओं, ईएचआर/ ईएमआर/ पीएचआर समाधान प्रदाताओं, हार्डवेयर निर्माताओं और बीमा कंपनियों , सभी के हितों का ध्यान रखने के लिए आम सहमति तक पहुंचने की आवश्यकता है। यह देखते हुए कि 75 प्रतिशत से अधिक बाह्य मरीजों और 60 प्रतिशत भर्ती मरीजों को निजी सुविधाओं में इलाज मिलता है, ऐसे में निजी खिलाड़ियों को पर्याप्त रूप से प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है।

भारत में आज भी सरकारी अस्पतालों के बजाय निजी स्वास्थ्य सेवाओं का वर्चस्व है तथा उनका विस्तार हो रहा है। निजी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए तदनुसार, उपयुक्त पीपीपी मॉडल तैयार करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, रोगी रिकॉर्ड निर्माताओं और सॉफ्टवेयर प्रदाताओं को इंटरऑपरेबल सिस्टम जैसे कि फ्री और ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर डिजाइन करने के लिए आश्वस्त होने की जरूरत है। इसी तरह, अस्पतालों को अपने सिस्टम को अपग्रेड करना होगा। महत्वपूर्ण रूप से, कानूनी ढांचे के साथ-साथ तकनीकी नवाचारों के माध्यम से डेटा की गोपनीयता और गोपनीयता सुनिश्चित की जानी चाहिए। पहले ही, भारत ने अद्भुत संख्या में हेल्थटेक स्टार्टअप्स का उदय देखा है। आईओटी की दुनिया में, कृत्रिम मेधा, मशीन लर्निंग और रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) का आगमन न केवल बेहतर नैदानिक निर्णय लेने और उपचार के निजीकरण को उत्प्रेरित कर रहे है, बल्कि स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान, सस्ती दवा की खोज, रोग निगरानी, यहां तक कि बीमारियों की भविष्यवाणी के मामले में भी, अधिकारियों की मदद कर रहे हैं। इसलिए, डिजिटलीकरण हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य वितरण तंत्र में काफी सुधार कर रहा है।

देश भर में डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया विशाल कोविड -19 टीकाकरण अभ्यास इस सुधार की मिसाल है, यहां तक कि हम एबीडीएम पर काम करना और उसमें सुधार करना जारी रखे हैं। उम्मीद है कि वर्तमान समय में स्वतंत्रता का अमृत काल मनाने वाले भारत में 2047 तक, स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क कहीं अधिक कुशलता प्रभावी ढंग से डिजिटल हो जाएगा। इससे हम सभी नागरिकों का स्वास्थ्य बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे।

## आप की बात

### हैवानियत पर लगाम

**देश** में हैवानियत हद पार करने लग गई है। देश में, प्रदेशों में और स्थानीय प्रशासनों के पास संवैधानिक शक्ति से लबरेज विशाल अमला होने के बावजूद आखिर क्यों कानून व्यवस्था डगमगा रही है ? महिलायें, युवतियां और बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं आये दिन हो रही हैं। अब तो बालक भी इस तरह की जघन्य घटना का शिकार हो गया। दिल्ली में 12 वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म, मारपीट व बेहोश होने की घटना सामने आई है। महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने भी घटना पर नाराजगी जताते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करके रिपोर्ट मांगी है। सरकार कतिपय लोगों में बढ़ती हैवानियत पर शीघ्र संज्ञान ले और इसकी रोकथाम के लिए उचित व सख्त कदम उठाये। अगर कहीं प्रशासनिक चूक या लापरवाही हो रही है तो उसमें भी सुधार करने के प्रयास करे ताकि लोगों में हैवानियत खत्म हो और इंसानियत जागे। जनता में इंसानियत जगाने के लिए केवल कानून लागू करने वाली एजेंसियों व पुलिस प्रशासन के साथ ही धर्मगुरुओं, समाजसुधारकों तथा सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से बुजुर्गों को अपनी भूमिका निभानी होगी।

-**शकुंतला महेश,** इंदौर

### नशे का अवैध व्यापार

**दिल्ली** पुलिस ने गिरफ्तार अफगानी मूल के दो तस्करों की निशानदेही पर मुम्बई के बन्दरगाह से 345 किग्रा हेरोइन बरामद किया। नशीले पदार्थो की यह खेप पिछले वर्ष कंटेनर में रखकर अफगानिस्तान, ईरान और दुबई के रास्ते नावा शेवा बन्दरगाह मुम्बई मंगाई गई थी। इसे मुलेठी की जड़ों के ऊपर लेप लगाकर भेजा गया था। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1750 करोड़ रुपये आंकी गई। इन्हीं अफगान तस्करों की निशान देही पर 312.5 किलोग्राम मेथामफेटामाइन और 10 किलोग्राम हेरोइन लखनऊ से बरामद की गई। भारत में ड्रग्स तस्कर वर्षो से सक्रिय हैं जो सीमापार से पंजाब, कश्मीर, उत्तरपूर्व क्षेत्रों, समुद्री रास्ते, ड्रोनों द्वारा मादक पदार्थों को सीमा के अंदर बैठे एजेंटों के पास पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। जिसका उपयोग आतंकवाद और अराजकता फैलाने के लिये उपयोग हो रहा है। लेकिन हमारे देश की सक्रिय सुरक्षा व्यवस्था का जाल दिनोंदिन मजबूत हो रहा है। सरकार को चाहिए कि विदेशी तत्वों के इशारे पर नाचने वाले देशद्रोही तत्वों का पता लगाकर उन्हें सख्त सजा देने की ओर ध्यान दे।

-**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव


### बेटियों का संपूर्ण विकास

**बेटियों** को अपने सर्वांगीण विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना आज के दौर में समाज और सरकार का प्रमुख दायित्व है। लैंगिक आधार पर बेटियों से कोई भेदभाव पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर नहीं होना चाहिए। उनकी रूचि के अनुसार उन्हें मार्गदर्शन एवं उस क्षेत्र में उन्नति करने के संसाधन उन्हें सरकार और समाज द्वारा मुहैया करवाए जाने चाहिए। बेटियों के सपनों को साकार करने में सहभागी बनकर सरकार और समाज को समानता का वातावरण निर्मित करने में अपना योगदान प्रदान करना चाहिए। बेटियों के सपने तभी पूरे हो सकते हैं जब हम उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कौशल विकास संबंधी उनकी मूलभूत जरूरतों को उन्हें अच्छे से प्रदान कर सकेंगे। सुदूर इलाकों में बेटियों को कुरीतियों एवं अंधविश्वासों से बचाने के संबंध में भी जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है। बाल विवाह पर भी रोक लगना चाहिए। भ्रूण हत्या हमारे समाज के लिए एक अभिशाप के समान है। महिला विकास के लिए भ्रूण हत्या पर पूरी तरह से रोक लगना भी आवश्यक है।

-**ललित महालकरी,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**पीएफआई** पर देशव्यापी छापों के बाद केवल केरल में दयनीय स्थिति क्यों दिखी ? यह केरल के लिए काला दिन है।

– **प्रकाश जावड़ेकर**
भाजपा नेता



**पीएफआई** द्वारा केरल में बुलाई हड़ताल में पूर्व-नियोजित हिंसा दिखी। राज्य में संगठित व हिंसक हस्तक्षेप हुआ है।

– **पिनाराई विजयन**
केरल के मुख्यमंत्री



**यदि** हिंदुस्तान के हिंदू तथा मराठी हिंदू मामला अपने हाथ में ले लें तो ये बदमाश कहां मुंह छिपाएंगे ?

– **राज ठाकरे**
मनसे प्रमुख

# राष्ट्रवाद की विचारधारा ने सांस्कृतिक विविधता वाले देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया: लल्लू सिंह

**संवाददाता।** अयोध्या

**एक भारत** श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना के तहत विविधता में एकता की झलक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभागार सुचित्तागंज सोहावल व ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा अयोध्या में दिखाई दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन्मदिवस सेवा पखवाड़े के तहत चलाये जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत यहां से एक संदेश देने का प्रयास किया गया। आयोजन में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पंजाब की भेषभूषा को धारण किया। महानगर व जिले के पदाधिकारियों के द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था।

मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि राष्ट्रवाद की विचारधारा ने सांस्कृतिक विविधता वाले देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। इस राष्ट्रवाद की लौ को पोषित करने का कार्य वर्तमान केन्द्र व प्रदेश की सरकार ने किया है। हमारी समृद्धशाली सांस्कृतिक विरासत पर्यटन की असीम सम्भावनाएं पैदा करती है। जो क्षेत्र के विकास में सम्बल प्रदान करता है। केन्द्र व प्रदेश सरकार ने पर्यटन के विकास के लिए कई योजनाएं प्रदान की है। कई प्रोजक्ट पर काम चल रहा है।

महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि आयोजनों के माध्यम से हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का काम सरकार ने किया है। दीपोत्सव आज वैश्विक स्तर पर हमारी संस्कृति को परिभाषित कर रहा है।

महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विविधता में एकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।

हम सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे है। इसमें सबका प्रयास भी समाहित है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत यूपी के विभिन्न जिलों में विभिन्न प्रांतों की भेष भूषा व संस्कृति को अपनाते हुए एक संदेश देने का प्रयास करना था। जिसके तहत अयोध्या में पंजाब की भेषभूषा अपनाते हुए कार्यक्रम में पार्टी ने भागीदारी की।

महानगर में कार्यक्रम के दौरान ब्रह्मकुंड गुरुद्वारे के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी गुरजीत सिंह खालसा ने सबका स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बालकृष्ण वैश्य, कार्यक्रम के प्रभारी आकाशमणि त्रिपाठी समेत पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

सुचित्तागंज सोहावल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सरदार चरणजीत सिंह, सरदार सुरजीत सिंह, सरदार मनप्रीत सिंह, सरदार सुरेंद्र सिंह, सरदार जसप्रीत सिंह, सरदार त्रिलोचन सिंह, सरदार सिंह, सरदार हरजीत सिंह, सरदार कुलदीप सिंह, सरदार सतनाम सिंह, व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी, राघवेन्द्र पाण्डेय, जिला मंत्री इन्द्र सेन मंडल अध्यक्ष अरुण तिवारी, राकेश पाण्डेय राणा, विनोद गौड़ प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

# फंड मिलने के बावजूद अधूरी पड़ी हैं कई योजनाएं: कमिश्नर

● मंडलायुक्त ने की ससमीक्षा बैठक

**संवाददाता।** अयोध्या

**मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा** की अध्यक्षता में मण्डल में निर्माणाधीन 50 लाख से अधिक की परियोजनाओं (सड़क को छोड़कर) के प्रगति की समीक्षा में निर्माणाधीन कार्यों के प्रशासकीय विभाग तथा कार्यदायी विभाग के अधिकारियों के साथ आयुक्त सभागार में बैठक आहुत की। सर्वप्रथम उन्होंने ऐसे कार्यों की समीक्षा की जिनमें शासन द्वारा पूरा पैसा उपलब्ध करा दिया गया है, परन्तु कार्य अभी तक पूरा नही हुआ। ऐसे कार्यों की समीक्षा करते हुये मण्डलायुक्त ने जनपद अम्बेडकरनगर में निर्माणाधीन राजे सुल्तानपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की समीक्षा करते हुये कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रमोद कुमार यादव अनुपस्थित पाये गये जिस पर उन्होंने तत्काल राजकीय निर्माण निगम के एमडी संजय तिवारी को दूरभाष के माध्यम से सम्बंधित की उपस्थिति चेक कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन भी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा शासन द्वारा पूरा पैसा प्राप्त होने के बाद भी कार्य पूरा नही किया गया है इसकी जांच करायी जाय तथा वसूली की कार्यवाही की जाय तथा यदि आवश्यकता हो तो एफआईआर भी करवायी जाय। उन्होंने राजकीय बालिका इंटर कालेज भीटी अम्बेडकरनगर में पूरा पैसा प्राप्त होने के बावजूद कार्य पूर्ण न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि इसकी जांच करायी जाय तथा जो भी जिम्मेदार हो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करते हुये उन्हें मण्डल से ब्लैक लिस्ट किया जाय। उन्होंने कहा कि जिस भी प्रोजेक्ट में भूमि से सम्बंधित कोई समस्या हो तो वहां कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण सम्बंधित तहसील प्रशासन से स्वयं सम्पर्क कर भूमि विवाद का निस्तारण करवायें। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन कार्यो को पूर्ण करने में सभी कार्यदायी संस्थाएं अपने सारे सम्भव प्रयास करें तथा व्यक्तिगत रूप से लेकर कार्य को निपटाये खानापूर्ति न करें।

उन्होंने कहा कि मण्डल में जहां भी कार्यदायी संस्थाओं/ठेकेदारों के खिलाफ समय से कार्य न पूर्ण करने अथवा अपूर्ण कार्य के सम्बंध में एफआईआर दर्ज करायी गयी है उनकी प्रगति रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये तथा उन्होंने कहा कि सम्बंधित निर्माणाधीन कार्य राजकीय विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों की लापरवाही के कारण विलम्ब हुआ उसके लिए सम्बंधित कार्यदायी संस्था ही जिम्मेदार है। कार्यदायी संस्था अपने अधीनस्थ दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये निर्माणाधीन कार्य को समय से पूर्ण करायें अन्यथा कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्यवाही हेतु शासन को रिपोर्ट प्रस्तुत की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी मण्डलीय अधिकारियों को मण्डल में अपने विभाग से सम्बंधित सभी निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति की सम्पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने मण्डल के समस्त जिलों जनपद अयोध्या की निर्माणाधीन 126 परियोजनाओं, बाराबंकी की 156, अमेठी की 115, सुल्तानपुर की 69, अम्बेडकरनगर की 89 सहित कुल 506 परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की तथा सभी को समय पर गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द्र चन्द्र जैन, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या, मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण विभाग सहित सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण में सीखी गई जानकारी से बच्चों को लाभान्वित करें शिक्षक: खंड शिक्षा अधिकारी

**बीकापुर** अयोध्या। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चल रहे ब्लॉक स्तरीय प्राथमिक शिक्षकों व शिक्षामित्रों के चार दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम फेरे के साथ निपुण प्रशिक्षण का समापन सोमवार को हुआ। शिक्षकों को निपुण भारत मिशन के तहत साप्ताहिक गतिविधियों, शिक्षण योजनाओं व भाषा एवं गणित के लक्ष्य की जानकारी दी गई। पाँचवे व अंतिम फेरे के प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक, शिक्षिका व शिक्षा मित्रों ने भाषा व गणित आधारित सामूहिक कार्य के बारे में अपना प्रस्तुतीकरण ग्रुप के साथ दिया। विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने और बच्चों को लक्ष्य प्राप्त कराने के लिए विभिन्न बातों के बारे में भी प्रशिक्षकों ने बताया। प्रशिक्षक एआरपी राम नारायण वर्मा पुनीत सिंह सुजीत सिंह सचिन त्रिपाठी ने शिक्षकों को एनईपी 2020, निपुण भारत के उद्देश्य, दक्षताएं, आकलन, कोविड-19 के दौरान बच्चों के अधिगम क्षति, सीखने का सिद्धांत, भाषा शिक्षण पद्धति, डिकोडिंग, पठन, लेखन व योजना अनुसार सप्ताह के हर कार्यदिवस में कक्षा एक से तीन तक के बच्चों के बीच किये जाने वाले विषयों पर विस्तृत जानकारी दिया। चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी देकर शिक्षण योजना अनुसार कार्य करने, कार्य पत्रक को भरने और सावधिक आकलन के साथ-साथ ट्रैकर के माध्यम से आकलन करने के बारे में भी बताया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी बीकापुर अमित कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में ज्योति पब्लिक स्कूल बीकापुर पर चल रहे प्रशिक्षण का अंतिम व पाँचवा फेरा प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

## एसबीआई कार्ड का फेस्टिव ऑफर

**कानपुर।** भारत के सबसे बड़े प्योर.प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता एसबीआई कार्ड ने अपने फेस्टिव ऑफ़र 2022 के अवसर पर ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफ़र पेश किए हैं, जो 22 सितंबर से 31 अक्टूबर तक जारी रहेंगे। टियर 1 टियर 2 और टियर 3 शहरों में विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन एवं ऑफ़लाइन मर्चेंट में 1600 से अधिक ऑफ़र के साथ एसबीआई कार्ड ने अपने ग्राहकों के खरीदारी के अनुभव को अधिक फ़ायदेमंद बनाते हुए उनके लिए त्योहारों की खुशियां बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। श्री रामा मोहन राव अमाराए एमडी एवं सीईओए एसबीआई कार्डए के अनुसारए श्हमारे अनुभव के अनुसार त्योहारों के अवसर पर ग्राहक अधिक खर्च करते हैंए जिसमें पहले से योजना बनाकर किए जाने वाले और अनियोजितए दोनों प्रकार के खर्च होतें हैं। ग्राहकों को सबसे ज्यादा अहमियत देने वाले ब्रांड के नाते हमने हमेशा अपने ग्राहकों के भुगतान अनुभव को पहले से कई गुना बेहतर बनाने का प्रयास किया है चाहे वे ऑनलाइन खरीदारी करें या ऑफ़लाइन।

# अतीक को संरक्षण देने का काम कर रही सपा: सिद्धार्थनाथ

● दिसंबर व जनवरी तक होगा गरीबों को प्रधानमंत्री आवास का आवंटन

● आकाशीय बिजली से मृत्यु पर पत्नी कविता को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता का सौंपा प्रमाण पत्र



निरीक्षण करते पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह।

**प्रयागराज।** लूकरगंज में बन रहे प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण आज उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने किया। उन्होंने पहले ब्लॉक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीडीए अधिकारियों ने भवन के नक्शे को दिखाया और बताया कि 36 आवास पहले ब्लॉक में बन रहे हैं। दूसरे ब्लॉक में 40 आवास बनेंगे। जिसकी नींव की खुदाई हो चुकी है। पहला ब्लॉक जो लगभग दिसंबर जनवरी तक बनकर गरीबों को सौगात मिल जाएगी। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि अवैध कब्जा माफिया अतीक अहमद से योगी सरकार द्वारा मुक्त कराया गया था। दिसंबर 2021 में मुख्यमंत्री योगी ने इसकी आधारशिला रखी थी। माफिया अतीक से मुक्त कराई भूमि पर गरीबों का आवास बन रहा है। पहले ब्लॉक का लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। जो दिसंबर जनवरी तक पूर्ण होकर गरीबों को आवंटित हो जाएंगे। कहा कि खुदाई के दौरान समाजवादी पार्टी के झंडे मिल रहे हैं।

माफिया अतीक अहमद को कौन संरक्षण दे रहा है यह तो झंडे बता रहे हैं। माफिया अतीक अहमद को संरक्षण देने का काम सपा कर रही थी। दूसरे तल तक जाकर हर ब्लॉक की बारीकी से देखा और दीवारों पर हाथ रखकर गुणवत्ता को परखा। सचिव पीडीए अजीत सिंह ने बताया कि लगभग साढ़े छ: हजार लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन किया। जिसका लाटरी पद्धति से आवंटन किया जाएगा। इसके बाद तेवरा गांव आकाशीय बिजली गिरने से स्व नरेश पासी की पत्नी कविता देवी से मिले और 4 लाख रुपए की सरकार के द्वारा आर्थिक सहायता का प्रमाण पत्र सौंपा।

## जिन्दगी का बनकर रहें अटूट हिस्सा: तिवारी

**प्रयागराज।** पिछले तीस वर्षों से ज़ी टीवी एक ऐसे ब्रॉडकास्टर के रूप में उभरा है। जिसने लोगों को ऐसे विषयों पर कहानियां दिखाईं। जो उनके दिल के करीब हैं और उन्हें ऐसे किरदारों से मिलाया। जो उनकी जिंदगी का एक अटूट हिस्सा बन गए। इस चैनल ने एक बार फि़र अपने लोगों को एक नया फिक्शन शो मैं हूं। अपराजिता दिखाने के लिए बोधी ट्री प्रोडक्शन्स के साथ हाथ मिलाया है। शो में तीन बेटियों का ख्याल रख रहीं एक मां का दिल छू लेने वाला सफ़र है। जो अपने पति अक्षय के शादी से बाहर प्यार में पड़ने और उनको उनकी किस्मत पर छोड़ जाने के बाद अपनी बेटियों को जिंदगी के उतार चढ़ाव के लिए तैयार कर रही हैं। देखिए यह दिलचस्प फैमिली ड्रामा सत्ताईस सितंबर से हर सोमवार से शनिवार शाम साढ़े सात बजे सिर्फज़ी टीवी पर आएगा। टीवी इंडस्ट्री के जाने माने चेहरे श्वेता तिवारी मानव गोहिल और श्वेता गुलाटी शो के कलाकारों में शामिल हैं। कहानी नोएडा उत्तर प्रदेश में शुरू होती है।

## क्विक न्यूज

### एमओयू से आधुनिक शिक्षा व शोध क्षेत्र को मिलेगी गति

**मिल्कीपुर अयोध्या।** राष्ट्रीय मत्स्यिकी अनुसंधान ब्यूरो लखनऊ व कृषि विश्वविद्यालय के बीच एमओयू मत्स्यिकी महाविद्यायल के कमेटी हाल में आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद दिल्ली के राष्ट्रीय मत्स्यिकी अनुसंधान ब्यूरो लखनऊ के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। मत्स्यिकी अनुसंधान लखनऊ की ओर से निदेशक डा. कुलदीप कुमार लाल व आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने हस्ताक्षर किया। इस समझौते से अब तकनीकि आदान-प्रदान हो सकेगा। विश्विद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने बताया कि इस तकनीकी समझौते से छात्रों को आने वाले समय में आधुनिक शिक्षा व शोध के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। मत्स्यिकी के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं बहुत अधिक हैं। मत्स्यिकी अनुसंधान ब्यूरो लखनऊ के निदेशक डा. कुलदीप कुमार लाल ने कहा कि यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच सेतु का काम करेगा। उन्होंने उद्देश्यों व कार्य करने की शैली का जिक्र करते हुए कहा कि यह संस्थान मत्स्यिकी जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उपमहानिदेशक डा. आई. जे सिंह ने मत्स्यिकी के क्षेत्र को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इसमें रोजगार की संभावना बहुत अधिक है। कार्यक्रम से पूर्व कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने स्मृति चिह्न भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह ने किया तथा मत्स्यिकी विभाग के अधिष्ठाता ए.के गंगवार ने धन्यावाद ज्ञापित किया।

### एमटीए विभाग में प्रतियोगिता आयोजित

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के एमटीए विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत सोमवार को रंगोली, पोस्टर, फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली मे अंकिता, दिव्यांश सिंह एवं अभिनव सिंह प्रथम रहे। वहीं अमृता यादव एवं अंकिता श्रीवास्तव को द्वितीय, कुलदीप कुमार मौर्या, स्तुति सिंह और अमन शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। दूसरी ओर पोस्टर प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम, अमरेन्द्र द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फाटोग्राफी में आँचल प्रथम नमामिशम पाठक द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान पर दिव्यांश वर्मा रहे। इस प्रतियोगिता में एमटीए एवं वी. वॉक टूरिज्म हास्पिटालिटी के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दी। शुभारम्भ अविवि सलाहकार समिति के अध्यक्ष व विभाग के समन्वयक प्रो. अजय प्रताप सिंह द्वारा किया गया। छात्रों को प्रेरित करते हुए बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं मे व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने के साथ पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ. सरिता द्विवेदी, डॉ. शिवांश श्रीवास्तव व डॉ. शालिनी सिंह रही। विभागीय शिक्षक डॉ. दिलीप कुमार सिंह, डॉ. सरोज सिंह, डॉ. साक्षी सिंह, डॉ. मो. सादिक सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### राजर्षि टंडन मुक्त विवि में बीएड प्रवेश काउंसलिंग आज से

**प्रयागराज।** उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि प्रयागराज के सत्र 2022.23 में बीएड में प्रवेश के लिए बीएड प्रवेश परामर्श कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। बीएड प्रवेश परीक्षा में सफ्ल अभ्यर्थियों की पहले चरण की काउंसलिंग 27 28 एवं 30 सितंबर को सरस्वती परिसर में प्रात: 10 बजे से आयोजित की जाएगी। दूसरे चरण की काउंसलिंग 11/12 एवं 15 अक्टूबर 2022 को प्रस्तावित है। प्रवेश परीक्षा में सफ्ल अभ्यर्थियों के प्रवेश परामर्श कार्यक्रम के सफ्ल संचालन के लिए आज कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया तथा काउंसलिंग कार्यक्रम के सफ्ल संचालन के लिए प्रवेश पूर्व परामर्श पटल स्वागत पटल सहायता एवं समस्या समाधान पटल जांच पटल जांच पटल कार्य समन्वयन अध्ययन केंद्र आबंटन पटल कार्यक्रम शुल्क संग्रह पटल सूची व परामर्श पत्र अपलोड प्रवेश कार्ड व पहचान पत्र निर्माण पटल प्रवेश कार्ड तथा पहचान पत्र वितरण पटल पत्रावली संग्रह पटल अध्ययन सामग्री वितरण पटल तथा विद्युत व माइक व्यवस्था पटल से संबंधित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संयोजक प्रोफेसर पी के पांडेय ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# एनसीआर के नए सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने पदभार संभाला

● डा. शिवम शर्मा वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक समन्वय बने



सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय।

**प्रयागराज।** उमरे प्रयागराज के नवनियुक्त मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सीपीआरओ एनसीआर हिमांशु शेखर उपाध्याय ने सोमवार को पदभार संभाल लिया। यह पदभार निवर्तमान मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी डा शिवम शर्मा से आज ग्रहण किया। डा शिवम शर्मा का स्थानान्तरण वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक समन्वय प्रयागराज मंडल उत्तर मध्य रेलवे के पद पर हुआ है। 2007 सिविल सेवा बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा आईआरटीएस अधिकारी हैं। उपाध्याय मूलत: अंबेडकरनगर के रहने वाले हैं। इलाहाबाद विवि से अर्थशास्त्र से परास्नातक की पढ़ाई की है। वह प्रतिष्ठित डॉ अमरनाथ झा छात्रावास के अंत:वासी रहे हैं। नवनियुक्त मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय इससे पूर्व उप मुख्य परिचालन प्रबंधक योजना का दायित्व निभा रहे थे। उपाध्याय की छवि एक तेज़ तर्रार अधिकारी की है। वह उमरे में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रह चुके हैं। मंडल परिचालन प्रबंधक झाँसी वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक सामान्य प्रयागराज मंडल वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक आगरा एवं उप मुख्य यातायात प्रबंधक सह स्टेशन निदेशक कानपुर रहे हैं। निवर्तमान सीपीआरओ डा शिवम शर्मा का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है। उनके कार्यकाल में मीडिया से बेहतर सम्बन्ध थे। नए सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय का स्वागत उनके मातहत पीआरओ और उनकी टीम ने किया। इस मौके पर पीआरओ डॉ अमित मालवीय पीआरओ मनीष सिंह रहमानी रागिनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# डॉ शिवम शर्मा ने वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक समन्वय की संभाली जिम्मेदारी

**प्रयागराज।** 2011 सिविल सेवा बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा आइआरटीएस अधिकारी डॉ शिवम शर्मा ने आज प्रयागराज मण्डल के वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक समन्वय का पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व डॉ शर्मा मुख्य जनसंपर्क अधिकारी उमरे मुख्यालय का दायित्व निभा रहे थे। यह पदभार निवर्तमान वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक समन्वय श्रीकृष्ण शुक्ला से ग्रहण किया है। जिनका स्थानान्तरण उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में हो गया है। डॉ शिवम मूलत: अलीगढ़ के रहने वाले हैं। वह अलीगढ़ मुस्लिम विवि से स्नातक हैं। दन्त चिकित्सा में स्नातक की पढ़ाई जे एन मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ मुस्लिम विवि से पूरी की। विवि द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों विशेष रूप से सिविल सेवा के लिए इच्छुक छात्रों के कैरियर मार्गदर्शन आदि में भाग लेते रहे हैं। डॉ शिवम शर्मा की छवि एक तेज़ तर्रार अधिकारी की है। वह उमरे में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रह चुके हैं। मंडल यातायात प्रबंधक टूण्डला वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक योजना प्रयागराज मंडल उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक दावा उमरे उप मुख्य परिचालन प्रबंधक योजना एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी उमरे आदि रहे हैं। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने ट्वीटर पर उमरे के ट्विटर हैंडल फ्लोवर्स की संख्या को 75000 फ्लोवर्स तक कर दिया। डॉ शिवम शर्मा के कुशल प्रबंधन में प्रयागराज जंक्शन पर आयोजित आज़ादी की रेलगाड़ी और स्टेशन कार्यक्रम के अंशों को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में स्थान मिला। मण्डल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा ने श्रीकृष्ण शुक्ला को वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक समन्वय के रूप में उनके शानदार कामकाज के लिए बधाई दी और वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक समन्वय डॉ शिवम शर्मा का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया।



श्रीकृष्ण शुक्ला से पदभार ग्रहण करते डा शिवम शर्मा।

# झूंसी स्टेशन का होगा समग्र विकास: जीएम

● आगामी कुंभ 2025 की तैयारियों के दृष्टिगत रेल और सिविल प्रशासन की प्रथम समन्वय बैठक आयोजित



महाकुंभ को लेकर बैठक करते जीएम प्रमोद कुमार और कमिश्नर विजय विश्वास पंत।

**प्रयागराज।** उमरे मुख्यालय में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे की अध्यक्षता में आज आगामी कुंभ 2025 की तैयारियों के दृष्टिगत रेल एवं सिविल प्रशासन की प्रथम समन्वय बैठक आयोजित हुई। महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने सभी को आश्वस्त किया कि रेल प्रशासन प्रयागराज में आयोजित होने वाले सबसे बड़े मानव समागम कुंभ मेलों में सदैव ही महत्वपूर्ण योगदान करती रही है और हम आगामी कुंभ में भी इसे पूर्णत: दायित्वपूर्ण तरीके से निर्वहन करेंगे। कुछ समय में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर चालू हो जाएगा और मालगाड़ियों को उस पर स्थानानंतरित कर दिया जाएगा तो उससे यात्री गाड़ियों के लिए अतिरिक्त रेल मार्ग उपलब्ध हो जाएगा। सिविल प्रशासन पुलिस एवं रेल के अधिकारियों की संयुक्त टीम बना कर सभी स्टेशनों पर वांछित सुधारों और विकास कार्यों की सूची बनाने की बात कही। सूबेदारगंज स्टेशन के लिए प्रस्तावित रोड ओवर ब्रिज से एक मार्ग जोड़ने कानपुर मार्ग साइड से स्टेशन को चौड़ा करने तथा इसी प्रकार नैनी स्टेशन संपर्क मार्ग एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन मार्ग का चौहरीकरण झुंसी स्टेशन की कनेक्टिविटी को बेहतर करने की बात भी कही। झूंसी स्टेशन के समग्र विकास की भी आवश्यकता जताई। निरंजन पुल को भविष्य के दो अतिरिक्त रेल मार्ग के लिए चौड़ा किया जाना है। इसके साथ ही आई ई आर टी रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित रोड ओवर ब्रिज के मार्ग की सभी बाधाओं को दूर करने के संबंध में भी चर्चा हुई। महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने आश्वस्त किया कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई बाधा नहीं होगी एवं जहां कहीं भी किसी परियोजना के लिए धन के शेयरिंग की आवश्यकता होगी आवश्यक कार्यवाई की जाएगी। कमिश्नर प्रयागराज मंडल विजय विश्वास पंत पुलिस महानिरीक्षक डॉ राकेश सिंह जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं रेल प्रशासन की ओर से अपर महाप्रबंधक रंजन यादव मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय से प्रमुख विभागाध्यक्ष उत्तर रेलवे एवं पूर्वोत्तर रेलवे तथा उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# गांधी की नज़र में सिनेमा एक औद्योगिक कला: प्रो ललित जोशी

● गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान इलाहाबाद विवि द्वारा गांधी सप्ताह का शुभारंभ

● विशेष व्याख्यान, लेखक से संवाद एवं विद्यार्थियों हेतु अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन



अतिथियों के साथ छात्रगण।

**प्रयागराज।** गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान इलाहाबाद विवि द्वारा आज गांधी सप्ताह का उद्घाटन हुआ। विशेष व्याख्यान के अंतर्गत आज प्रो ललित जोशी ने सिनेमा में गांधी विषय पर व्याख्यान दिया। अध्यक्षीय वक्तव्य प्रो प्रणय कृष्ण और स्वागत वक्तव्य संस्थान के निदेशक प्रो संतोष भदौरिया ने दिया। प्रो भदौरिया ने कहा कि गांधी के जीवन एवं विचार से पुन: संवाद करने की ज़रूरत है। गांधी को अलग अलग आयामों में जानने और समझने प्रयास युवा पीढ़ी को करना चाहिए। गांधी को कुछ तिथियों तक सीमित करना ठीक नहीं है। गांधी और सिनेमा के रिश्ते को समझने में यह व्याख्यान हमारी मदद करेगा। प्रो ललित जोशी ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में सिनेमा की बड़ी भूमिका थी। 20 वीं शताब्दी के आरंभ से ही सिनेमा को सामने लाने की तमाम कोशिशें तेज हुईं। सिनेमा एक औद्योगिक कला है। गांधी के मन में सिनेमा और कला को लेकर संशय था। गांधी ने अनेक अवसरों पर फ़िल्म देखने से इंकार कर दिया था। सिनेमा जनित संस्कृति को लेकर उनका संशय लगातार कायम रहा। वह इस संस्कृति को भारतीय जीवन संस्कृति के लिए उचित नहीं समझते थे। एक जगह उन्होंने कहा था कि सिनेमा पाप है और मैं इस पाप से सम्बद्ध नहीं होना चाहता। दीवाल पर लगे सिनेमा संबंधी पोस्टर को उन्होंने अश्लील कहा और सिनेमा को लेकर उनकी दृष्टि कुछ अलग ही थी। सिनेमा को लेकर उनकी सोच बड़ी सीमित थी। तभी उन्होंने कहा था कि सिनेमा नाटक देखने से युवाओं की बरबादी होती है। सिनेमा थियेटर बिल्कुल बंद करना चाहिए। कुमार स्वामी भी गांधी की ही तरह औद्योगिक कला के विरुद्ध थे। बेंजामिन जैसे विचारक ने कहा था कि औद्योगिक कला से कला की वास्तविक आभा क्षीण होती है। गांधी की सिनेमा संबंधी जो सोच थी। वह उस दौर के तमाम बड़े चिंतकों की भी थी। प्रेमचंद की भी सिनेमा की संस्कृति को लेकर राय बड़ी तीखी थी। हालांकि गांधी को सिनेमा से परहेज भले था लेकिन खुद अपने जीवन पर बनी डॉक्यूमेंट्री को वह चाव से देखते थे। अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए प्रो प्रणय कृष्ण ने कहा कि छात्र जीवन से ही इस परिसर से बहुत सी यादें जुड़ी हैं। गांधी और सिनेमा के नकार वाले रिश्ते को लेकर उन्होंने बताया कि संस्थान के निदेशक रहे बनवारी लाल शर्मा ने भी गांधी के सिनेमा संबंधी विचारों से प्रेरित होकर अपने दौर में अश्लीलता के विरुद्ध आंदोलन चलाया था। हालांकि अब कला के नाम पर जो कुछ चल रहा है। उसे सेंसर बोर्ड देख ही रहा है और हम सबके सामने भी आ ही रहा है। उन्होंने सिनेमा में अपसंस्कृति को ख़ारिज करने के महत्व को बताया। साथ ही एटेनबरो की गांधी जीवन से संबंधी फ़िल्म की भी चर्चा की। गांधी के जीवन पर आधारित कुछ वृत्तचित्रों और उनकी लंदन यात्रा से संबंधित वृत्तचित्रों का प्रदर्शन भी किया गया। संचालन डॉ धीरेंद्र धवल और धन्यवाद ज्ञापन हरिओम कुमार ने किया। प्रो जयशंकर प्रो सालेहा रसीद कथाकार असरार गांधी अनिल रंजन भौमिक डॉ सुनील विक्रम डॉ कुमार वीरेंद्र डॉ अमृता डॉ वीरेंद्र मीणा डॉ अनिल कुमार डॉ रेहान दिव्या राहुल कुमार धर्मवीर सरोज अतुल सिंह निशांत सृष्टि प्रतिमा श्वेता सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### इंटौजा ट्रैक्टर-ट्राली हादसे के बाद अटरिया इलाके में हुआ गमगीन माहौल

# टिकौली पहुंचे दस शव तो मच गया कोहराम

**उनई के दुर्गा मंदिर में मनौती मांगने ट्रैक्टर ट्राली से गए थे, टिकौली गांव में एएसपी एनपी सिंह, एसडीएम ए.के. सिंह पहुंचे, सीओ यादुवेन्द्र यादव पुलिस बल के साथ गांव में रहे लगातार मुस्तैद**

संवाददाता। सीतापुर

**हे भगवान** ये तूने क्या किया, सीतापुर के टिकौली गांव के वांषिदों को दुख बांटने भी नहीं दिया। नवरात्रि के पहले दिन रात में लड़कियों और महिलाओं के 10 षव जब एक साथ पहुंचे, तो गांव वाले एक दूसरे का दुख भी नहीं बांट पाए। बांटे भी तो कैसे, घर-घर से चीत्कारे उठ रही थी, करूणरूदन से पूरा इलाका गूंजा हुआ था, किसी की प्यारी-दुलारी बेटी हमेषा के लिए उनसे दूर जा चुकी थी तो किसी की पत्नी का साथ हमेषा के लिए छूट चुका था। हृदय विदारक यह मंजर देखकर हर किसी का कलेजा कांप जा रहा था। परिवारीजन तो बेहोष हो जा रहे थे। जिन्होंने मनौती का आयोजन किया था, व देवरानी-जेठानी और दोनों की बेटियां भी हादसे में मारी गई। दरअसल टिकौली गांव के इन लोगो को यह कतई भी भान नहीं होगा कि सोमवार को जिस टैक्टर ट्राली से वह इंटौजा के उनई गांव स्थित दुर्गा मंदिर में मनौती मांगने के लिए जा रहे है, फिर लौटकर कभी नहीं आएगे। इन्हें यह पता होता कि घर से कुछ ही दूर आगे मौत उनका इंतजार कर रही है तो वह षायद कभी नहीं जाते। आपको बता दें कि सीतापुर अटरिया के टिकौली गांव निवासी चुन्नी लाल उर्फ चुन्नन पत्नी कोमल परिजनों और गांव वालों के साथ सोमवार को इंटौजा के उनई गांव स्थित दुर्गा मंदिर में मनौती मांगने के लिए नवरात्रि के पहले दिन टैक्टर ट्राली से निकले थे। उनके साथ गांव के अन्य 46 लोग भी दर्षन पूजन के लिए निकले थे। उनकी टैक्टर ट्राली इंटौजा के असनहा स्थित गद्दीपुरवा में उस समय हादसे का षिकार हो गई जब बेकाबू ट्रक ने टैक्टर-ट्राली को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि टैक्टर-ट्राली सड़क किनारे बड़े तालाब में पलट गई और उस पर सवार सभी श्रद्धालु ट्राली के नीचे दब गए। जिनमें 10 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में तीन लड़कियां और 7 महिलाएं षामिल है। यह सभी टिकौली गांव के ही रहने वाले है जिनमें दो परिवार की मां-बेटी भी है, मृतकों में रामरतन मौर्य की 48 वर्षीया पत्नी सुषमा और 21 वर्षीया बेटी रूचि, चुन्नीलाल की 45 वर्षीय पत्नी कोमल, 13 वर्षीया बेटी आयुषी उर्फ बिट्टो, राजकिषोर मौर्या की 54 वर्षीया पत्नी मालती, सुखलाल मौर्या की 50 वर्ष की पत्नी सुखरानी, छोटेलाल मौर्या की 46 वर्षीय पत्नी केतकी, पवन गुप्ता की 13 वर्षीय बेटी अंषिका, रामखेलावन पांडेय की 40 वर्षीय पत्नी सुनीला और बाबू अवस्थी की 48 वर्षीय पत्नी अन्नपूर्णा षामिल है। हादसे की जानकारी पाते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताते हुए मृतको के परिजनों को 4-4 लाख रूपये सहायता राषि देने की घोषणा की है। उधर हादसा देख गद्दीपुरवा के पूर्व प्रधान जुहूर के नेतृत्व में गांव के लोगो ने तालाब से 13 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। कुछ देर बाद एसडीआरएफकी टीम भी मौके पर पहुंच गई। टैक्टर ट्राली चालक नरेष पाल जब मौके से लोगो के षव निकलने लगे तो वह भाग गया। सूचना मिलते ही इटौंजा के प्रभारी निरीक्षक रवींद्र कुमार अपनी टीम के साथ पहुंच गये। राहत कार्य ग्रामीणों की मदद से शुरू किया। तीन शव को बाहर निकाला। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक हादसे की शिकार ट्राली तालाब मे गिरते ही सभी उसके नीचे दब गये थे। बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा था। किसी तरह पुलिस व ग्रामीणों ने ट्राली के नीचे से लोगों को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक 37 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। करीब 3 बजे तक राहत कार्य चलता रहा। अंतिम शव दोपहर में करीब पौने 2 बजे एसडीआरएफ ने निकाला। इसके बाद डेढ़ घंटे तक पूरे तालाब में सर्च अभियान चलता रहा। वहीं ट्रैक्टर व ट्रॉली को बाहर निकालने के लिए पुलिस ने जेसीबी मंगाई थी। सोमवार रात जब टिकौली गांव में एक साथ 10 षव पहुंचे तो करूण रूदन से इलाका गूंज उठा। चुन्नी लाल मौर्या की पत्नी कोमल और बेटी आयुषी जो कोछ भराई के कार्यक्रम में घर से निकली थी, मां बेटी सहित जेठानी सुषमा और भतीजी रूचि की लाषे जब घर पहुंची तो चुन्नीलाल और भाई रामरतन बेहोष हो गए। इनके घरों की देहरी हमेषा के लिए सूनी हो गई। गांव में षव आने से पहले ही अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह, एसडीएम सिधौली ए.के. सिंह, सीओ यादवेन्द्र यादव व अन्य पुलिस के अधिकारी मौजूद थे। इन सभी षवों का मंगलवार को अन्तिम संस्कार किया जाएगा।

# आठ चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता। सीतापुर



**चोरी, लूट** करने वाले अपराधियों पर पुलिस का षिकंजा कसता जा रहा है, क्षेत्रों में हो रही चोरियों को लेकर पुलिस ने एक्षन लेना षुरू कर दिया है। इसको लेकर सीतापुर के पुलिस अधीक्षक घुले सुषील चन्द्रभान ने जनपद में चोरी की हो रही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए टीमें गठित कर घटनाओं का अनावरण कर सलिप्ति अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कार्रवाई करने के निर्देष मातहतों को दिए थे। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस ने चोरी की घटनाओं में लिप्त 8 षातिर चोरों को गिरफ्तार कर खुलासा किया है। एसपी आफिस में खुलासा करते हुए एडिषनल एसपी दक्षिणी एनपी सिंह ने बताया कि 8 षातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से करीब 4 लाख कीमत के सोने, चांदी के जेवराज, अैवध षस्त्र बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि जो अभियुक्त पकड़े गए उनमें संजय वर्मा पुत्र मनोहर लाल सेमरापुरवा थाना मानपुर, सलीम पुत्र मंगू पलियापुरवा थाना रामपुरकलां, योगेन्द्र कुमार पुत्र जिंदर उर्फ पिंकू, अनिकेत उर्फछोटू अंकित पुत्र लोनिया नरेन्द्रपुर थाना सदरपुर, रामचन्द्र उर्फ छोटू पुत्र दीनबंधु लोनिया देवमन बेलवा थाना सकरन, सुषील चौहान पुत्र सोने लाल वेमन बेलवा थाना सकरन, सकटू पुत्र षैलेन्द्र उर्फगया प्रसाद षिवपुर थाना सदरपुर, टिंकू उर्फ तेजप्रताप पुत्र बराती गुरैंचा थाना सदरपुर के निवासी है जिन्हें नसीराबाद से गिरफ्तार किया है। यह सभी थाना कोतवाली नगर, मिश्रिख, संदना, रामपुर कला, सिधौली, मछरेहटा, बाराबंकी आदि क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं में सलिप्तता स्वीकारी है। जिस सम्बंध में पहले से ही थाना कोतवाली नगर, मिश्रिख, सदंना, रामपुरकला, मछरेहटा में मुकदमें पंजीकृत है। एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह ने बताया कि मिश्रिख सीओ सुषील कुमार यादव के नेतृत्व में स्वाट टीम के प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र विक्रम सिंह, कास्टेबल उमेष मिश्रा, रवि वर्मा, गुरूपाल, अनुराग पांडेय, सोहनलाल, अनुराग पांडेय, सोहनपाल, राहुल कुमार, दानवीर चड्ढा सहित संदना थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विषम्भरदयाल सिंह, दीनानाथ यादव, रजनीष वर्मा, हेड कास्टेबल अरूण कुमार सिंह, परवेज, रंजीत कुमार ने अपराधियों को पकड़ा है।

# छात्रों की सकारात्मक सोच में सहायक सेल्फी विद कैंपस अभियान: अजय

संवाददाता। सीतापुर

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद सीतापुर अवध द्वारा जिले के विभिन्न कॉलेज कैम्पसों में सेल्फी विद कैम्पस यूनिट अभियान चलाकर कॉलेज कार्यकारिणी का गठन किया गया। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन एबीवीपी सीतापुर जिले द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान के तहत संगठन द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षिक कौंशल को विस्तार अथवा विकसित करने के लिए सभी कॉलेजों में कालेज कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है। एबीवीपी सीतापुर विभाग के विभाग संगठन मंत्री अजय प्रताप शुक्ला की उपस्थिति में जिले के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोली व राधा कृष्ण सत्य प्रभा शिक्षा संस्थान इण्टर कॉलेज महोली एवं सीतापुर के आरएमपी इण्टर कालेज में कालेज कार्यकारिणी का गठन किया गया। उन्होनें छात्र-छात्राओं को इस अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि आज का युग आधुनिक युग है, आज हर विद्यार्थी सोशल मीडिया के सहयोग से अपनी हर बात समाज तक पहुंचा सकता है, विद्यालय से प्राप्त अपने अनुभवों को अपने शिक्षकों के साथ सेल्फी के माध्यम से सोशल मीडिया पर साझा कर सकता है। इन सभी विषयों को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों में सकारात्मक सोंच को विकसित करने हेतु अभाविप यह अभियान चला रही है। हम समाज को बता सकते हैं कि जिस कालेज में हम शिक्षा ले रहे हैं वहां सिर्फज्ञान के लिए ही नही अपितु समाज व देश के विकास में सहायक विभिन्न गतिविधियों के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

# निजी चिकित्सालयों क्लीनिक व पैथोलॉजी के लिए सीएमओ ने जारी किए आवश्यक दिशा-निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**जनपद में** संचालित सभी चिकित्सकीय प्रतिष्ठानों के संचालकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इनका अनुपालन न करने पर सभी निजी चिकित्सकीय संस्थान जैसे क्लीनिक हॉस्पिटल और पैथोलॉजी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

सीएमओ डॉ अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में किए जा रहे हैं निरीक्षण के क्रम में निजी प्रतिष्ठानों में कुछ कमियां पाई गई हैं। जिन के क्रम में निर्देश जारी किया है। अगर निरीक्षण के दौरान कमियां पाई गई तो इन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी चिकित्सालय पर संबंधित पत्रावली हर समय उपलब्ध रहनी चाहिए। सभी निजी चिकित्सालयों पर एलोपैथिक चिकित्सक का नाम विशेषज्ञता और मोबाइल नंबर और बैठने का समय चिकित्सालय की मुख्य दीवार प्रवेश द्वार पर अंकित होना चाहिए। उक्त चिकित्सक लगातार निरीक्षण के क्रम में दो बार अनुपस्थित पाया गया तो चिकित्सालय के विरुद्ध अनुशासनिक विधिक कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सालय में प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ का होना आवश्यक है। वहीं 24 घंटे इमरजेंसी सेवा देने वाले चिकित्सालयों में एमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर का ड्यूटी रोस्टर आवश्यकता होना चाहिए। साथ ही कूड़ा प्रबंधन सहित अग्निशमन यन्त्र व बायोवेस्ट की व्यवस्था होनी चाहिए। पंजीकृत पैथोलॉजी एवं चिकित्सालयों में अगर संक्रामक रोगों की पुष्टि होती है तो इसकी सूचना तत्काल सीएमओ कार्यालय संक्रामक रोग विभाग को मेल आईडी पर देना सुनिश्चित करें। बीएचटी पर सर्जरी किए जाने वाले चिकित्सक व भर्ती किए जाने वाले मरीजों की बीएचटी सर्जिकल नोट साफसाफ होना चाहिए। सभी चिकित्सालयों द्वारा प्रस्ताव सामान्य व ऑपरेशन की पूर्ण जानकारी 21 से 20 तारीख के बाद उपलब्ध कराना आवश्यक है।

अगर चिकित्सालय में एंबुलेंस क्रियाशील है तो उसका पूर्ण विवरण सीएमओ कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना चाहिए। यदि चिकित्सालय का पंजीकरण सीआरएस पोर्टल पर नहीं है तो सीएमओ कार्यालय से अनिवार्य रूप से करवा लेंए जो चिकित्सक ऑनकॉल आते हैं उनकी सूची भी चिकित्सालय के बाहर चस्पा कराई जानी चाहिए। उपरोक्त बिंदुओं में से किसी भी बिंदु में कमी पाए जाने पर विधिक कार्रवाई निरीक्षण टीम द्वारा की जाएगी।

### पूर्वोत्तर रेलवे ओबीसी रेल कर्मचारी एसोसिएशन का हुआ द्विवार्षिक अधिवेशन

# मेमू चालू कराने के लिए होगा प्रयास: राजेश वर्मा

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर जंक्षन पर पूर्वोत्तर रेलवे ओबीसी रेल कर्मचारी एसोसिएषन के द्विवार्षिक अधिवेषन का आयोजन किया गया जिसका षुभारम्भ मुख्य अतिथि सीतापुर सांसद राजेष वर्मा ने दीप जलाकर किया। सांसद का एसोसिएषन के पदाधिकारियों ने फूल-माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में गोरखपुर मंडल, इज्जतनगर मंडल, लखनऊ मंडल संगठन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। अधिवेषन को सम्बोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग संसदीय समिति के चेयरमैन सांसद राजेष वर्मा ने कहा कि पहले कहीं ओबीसी के कार्यालय नहीं हुआ करते थे लेकिन अब हर जगह ओबीसी के रेल कर्मचारियों के लिए कार्यालय का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा है कि ओबीसी रेल कर्मचारियों की समस्याओं को हर समय हम उठाते रहेगें। सांसद राजेष वर्मा ने इससे पहले जंक्षन पर 100 फिट ऊंचे बने ध्वज का लोकार्पण किया व दो लिफ्टों का फीता काटकर षुभारम्भ किया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि लिफ्ट व ओबीसी कार्यालय भवन की लागत लगभग करीब 1 करोड़ है। इस दौरान रेलवे की वरिष्ठ मंडल मानसी मित्तल, वरिष्ठ विद्युत इंजीनियर धर्मेन्द्र यादव, डीसीएम मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुज कुमार सिंह, सीतापुर रेलवे अधीक्षक ए.के. षुक्ला, पूर्वोत्तर रेलवे ओबीसी रेल कर्मचारी एसोसिएषन के अध्यक्ष सीपी वर्मा, जोनल महामंत्री एसबी यादव, षाखा अध्यक्ष सुरेष वर्मा, षाखा मंत्री अनुरूद्ध यादव, जोनल अध्यक्ष रामहस्ख यादव, एसबी यादव, पुरूषोत्तम यादव, वीरेन्द्र यादव, भाजपा नेता संतोष सिंह, अनिल सिंह, राजेष षुक्ला, पूनम मिश्रा, षाषि तिवारी, पीयूष मिश्रा, पंकज पांडेय, रोहित सिंह, संजय मिश्रा, कंचन प्रभा पांडेय, जीआरपी एसओ एम.के. सिंह, इंस्पेक्टर अजय कुमार सहित तमाम रेलवे कर्मचारी मौजूद रहे।

# विविधता में एकता कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब



**निघासन खीरी।** नगर पंचायत निघासन के जेपी पैलेस मैं बद्री प्रसाद मौर्य समर्थक कार्यकर्ता सम्मेलन मैं विविधता में एकता के कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोबरन लाल भार्गव ने की। मुख्य अतिथि राजकिशोर मौर्य रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने भाजपा की नीतियों पर ध्यान आकर्षित किया सभा को संबोधित करते हुए बद्री प्रसाद मोदी ने कहा कि 10 वर्ष पूर्व के मेरे कार्यकाल को जनता ने भलीभांति जांचा वा परखा है। हर गरीब व्यक्ति को जनकल्याण की योजनाओं को उनके तक पहुंचाना हमारा प्रथम लक्ष्य होगा। इस इस सम्मेलन में भाजपा नेता कनक पाल सिंह राणाए प्रधानाचार्य संगम लाल मिश्राए दयाशंकर मौर्यए शैलेंद्र पटेलए रामरतन गौतमए वार्ड अध्यक्ष रामअवतार कश्यपए कल्लू वर्माए सरवन वर्माए लेख राम शाक्य एगुड्डू जोशीए चंद्रिका प्रसाद कश्यपए मुनीर अहमदए अंकित मौर्य एरमेश लोधीए सहीराम लोधीए गुड्डू जोशी व विपिन मौर्य आदि हजारों कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित रहे।

# डीएम व चेयरमैन ने लखीमपुर खीरी महायोजना 2031 प्रारूप प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को नगर पालिका परिषद लखीमपुर में लखीमपुर खीरी महायोजना 2031 प्रारूप प्रदर्शनी का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एवं नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष निरुपमा मौनी बाजपेई ने एडीएम संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में फीता काटकर किया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि भारत सरकार की अमृत योजना के अंतर्गत लखीमपुर महायोजना.2031 प्रारूप पर जन सामान्य एवं विभिन्न शासकीय विभागोंए अभिकरणए हितबद्ध व्यक्तियोंए संस्थाओं से आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रण के लिए प्रदर्शनी लगाई गई। यह प्रदर्शनी 26 सितंबर से 25 अक्टूबर तक रहेगी। केंद्र सरकार की अमृत योजना के तहत महायोजना.2031 का प्रारूप तैयार किया गया है। 26 सितंबर से 25 अक्टूबर तक जन सामान्य व व्यापारी आदि आपत्तियां व सुझाव लिखित रूप में दे सकते हैं। एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह ने बताया कि पीएम की अमृत योजना के अन्तर्गत लखीमपुर महायोजना . 2031 प्रारूप के प्रविधानो की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदर्शनी कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर परिसर में 26 सितंबर से 25 अक्टूबर तक ;कार्य दिवसद्ध की अवधि हेतु नियत की गई है। लखीमपुर महायोजना. 2031 के प्रारूप की प्रति जनपद लखीमपुर एनआईसी बेब साइट पर उपलब्ध रहेगी। उपरोक्त महा योजना के सम्बन्ध में नगर में स्थित समस्त शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय कार्यालय एवं जन सामान्य ध् हितबद्ध व्यक्ति ध् संस्थाओं आदि से लखीमपुर महायोजना.2031 प्रारूप के सम्बन्ध में अपने बहुमूल्य सुझाव व आपत्ति पंजीकृत डाक अथवा नगर पालिका परिषद कार्यालय में उपस्थित होकर दे सकते हैं। आपत्ति एवं सुझाव निर्धारित तिथि के उपरान्त स्वीकार नहीं किये जायेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत में अवर अभियंता विनियमित क्षेत्र लखीमपुर प्रदीप त्रिवेदी ने प्रदर्शनी की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। कार्यक्रम में नियत प्राधिकारीए विनियमित क्षेत्रध् एसडीएम ;सदरद्ध श्रीमती श्रद्धा सिंहए संयुक्त नियोजक संभागीय नियोजन खंड लखनऊ विशाल भारतीए ईओ संजय कुमारएअवर अभियंता ;विनियमित क्षेत्रद्ध प्रदीप त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में सभासद एवं समाज के संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### घायल बच्चों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराएं चिकित्सक:डीएम



**लखीमपुर खीरी।** सोमवार की सुबह तहसील व ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम बाजपेई में कच्ची दीवार गिरने से दो बच्चों की मृत्यु एवं तीन बच्चों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना मिलते ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन बाजपेई गांव पहुंचेए जहां अफसरों ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि दुख की इस घड़ी में शासन.प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ में हैं। डॉक्टरों की निगरानी में घायल बच्चों का समुचित इलाज मुहैया कराया जा रहा है। इस दौरान एडीएम संजय सिंहए एएसपी अरुण सिंहए एसडीएम ;सदरद्ध श्रद्धा सिंहए डीपीआरओ सोम्यशील सिंहए प्रभारी निरीक्षक सदर चंद्रशेखर सिंह मौजूद रहे। इसके बाद डीएम.एसपी ओयल स्थित जिला अस्पताल पहुंचेए जहां उन्होंने ग्राम बाजपेई में कच्ची दीवार गिरने से गंभीर रूप से घायल एडमिट बच्चों के संबंध में चिकित्सकों से जानकारी ली। डीएम ने मौके पर मौजूद सीएमओ व सीएमएस को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देश दिए।

### धूमधाम से मनाया गया मीना का जन्मदिन



**निघासन.खीरी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही विकास क्षेत्र रमियाबेहड़ में विद्यालय के बच्चों की उपस्थिति में मीना राजू मंच से संबंधित कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा धूमधाम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मीना का जन्मदिन मनाया गया ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष बालिका शिक्षा एअंधविश्वासए रूढ़िवादिता आदि के प्रति जागरूक करने के लिए तथा विभिन्न जीवन कौशल के विकास हेतु 24 सितंबर को मीना का जन्मदिन मनाया जाता है। मीना का काल्पनिक पात्र यूनिसेफके द्वारा बनाया गया है। यूनिसेफदुनिया भर मे बच्चों की शैक्षिक गतिविधियां और समग्र विकास हेतु कार्य करता है। विद्यालय में पावर एंजेल नैंसीए कोषाध्यक्ष कविता और सचिव नैंसी चक्रवर्ती के द्वारा अपनी कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ केक काटकर मीना का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशफाक खान ग्राम प्रतिनिधि रईस अहमद व शिक्षक अभिभावक संघ के सदस्य उपस्थित रहे। पूरा कार्यक्रम विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश की देखरेख में संपन्न कराया गया ज्ञात हो कि ओम प्रकाश बालिका शिक्षा के अंतर्गत सेल्फएस्टीम और बॉडी कॉन्फिडेंस के जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर भी हैं। कार्यक्रम के अवसर पर बालिका शिक्षा को बड़ावा देनेए बालिकाओं को मुख्यधारा में जोड़ने तथा आउट ऑफबच्चों को नामांकन हेतु प्रोत्साहित करने के लिए विशेष रूप से मीना मंच के सदस्यों प्रियाए कविताए रोशनीए शालिनीए रक्षा राजपूतए अनामिकाए छायाए जीनतए शबनम को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष और ग्राम प्रधान के द्वारा के द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन हेतु विशेष रूप से इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश की तारीफकी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के शिक्षक सखारामए अनुदेशक कपिल कुमार मौर्य और केशवराम मौर्य ने विशेष रुप से सहयोग प्रदान किया। साथ ही विद्यालय के छात्रों बादलए अमनए शोभितए आदित्यए अजीतए अदनान आदि ने भी सहयोग किया।

### रोटरी क्लब बरेली साउथ द्वारा आयोजित विराट दशहरा मेला 6, 7 और 8 अक्टूबर को

**बरेली ।** क्लब मेला प्रांगण में लगाया जा रहा है । मेले के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है । मेले में 7 अक्टूबर को गायन प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर और सीनियर वर्ग में किया जा रहा है । गायन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों का ऑडिशन आज चौपला रोड स्थित रोटरी भवन में ऑडिशन में दोनो वर्गो के 80 प्रतिभागी ने भाग लिया ।गायन प्रतियोगिता के आयोजन में श्रीमती नेहा भारतीय, सोनाली अग्रवाल, मंजू धीरवानी, प्रसून अग्रवाल, नुपुर अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, मिली अग्रवाल, स्वस्ति जैसवाल, प्रीति जिंदल, नीलू मेहरोत्रा,रचना जसोरिया और जूही अग्रवाल ने जज की भूमिका निभाई । कार्यक्रम का संचालन श्री अनिल अग्रवाल ,अजय जसोरिया और अनूप अग्रवाल ने किया । गायन प्रतियोगिता में कपिल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विभोर भरतरिया, राजीव बुबना, संदीप मेहरा का सहयोग रहा ।

### नवरात्र के पहले दिन मंदिर में भक्तों की भीड़ , मंदिरों में गूंजे माता के जयकारे

**बरेली ।** नवरात्र के पहले दिन साहूकारा नो देवी मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़ सुबह से ही मंदिर में पहुच रहे है देवी भक्त , यहाँ का नो देवी मंदिर प्राचीन मंदिर है यह की आस्था है भक्त जो मांगता है उसे मिलता है। मंदिरों में माता का श्रंगार व महाआरती के साथ पूजा कर भक्तों के दर्शन के लिए पट खोल दिये गये । नवरात्र में में पूरी तरह से आस्था के साथ पूजा करने से भक्तों पर माता की कृपा होती है उन्होंने बताया कि नवरात्र के पहले दिन घरों में माता की स्थापना की जाती है । इस दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है । पर्वतराज घर में पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा । इनका वाहन वृषभ है इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से जानी जाती हिमालय है इनकी उपासना से विशेष फल की प्राप्ति होती है शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही भारी संख्या में महिलाएं , बच्चे , बुजर्ग सहित भक्तगण मंदिर पहुंचे । शहर में कालीबाड़ी स्थित कालीदेवी मंदिर , साहूकारा स्थित नव दुर्गा मंदिर , बदायू रोड चौरासी घंटा मंदिर , नेकपुर स्थित ललिता देवी मंदिर , डेंटल कालेज रोड स्थित मां वैष्णोधाम मनोकामना मंदिर सहित सभी प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा ।

### एएनएम ने बच्चों को लगाए टीके



**मोहम्मदी.खीरी।** मोहम्मदी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक मयंक मिश्राए बीसीपीएम प्रेम कुमार ने एमबीए मेमोरियल स्कूल में 5 वर्ष से 7 वर्ष के बच्चों को डीपीडी गला घोटू और 7 वर्ष के 16 वर्ष तक के बच्चों को टीडी टिटनेस की रोकथाम के लिए इंजेक्शन एमबीए मेमोरियल स्कूल में कैंप लगाकर एएनएम सीमा कुमारी के माध्यम से सभी बच्चों के लगवाए गए। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद अब्बास नकवीए उप प्रधानाचार्य नीलम भल्लाए मधु राठौरए बिलकीस फातमा व नाजमा वानो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### रेलवे लाइन के पास मिली ग्रामीण की लाश, हत्या की आशंका

**बरेली ।**रविवार की दोपहर घर से निकले इस ग्रामीण की लाश सोमवार को घर से दूर रेलवे लाइन किनारे पाई गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा घर वालों ने हत्या की आशंका जताई।शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सनईया निवासी 45 वर्षीय अफरोज पुत्र मोहम्मद सुल्तान खा की लाश सोमवार को भोजीपुरा थाना क्षेत्र में पढ़री गांव के पास रेलवे लाइन के किनारे पाई गई मृतक के सिर में चोट के निशान थे पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अफरोज खेती करता था और रविवार की दोपहर बिना बताए घर से बाहर गया था लेकिन वह वापस नहीं लौटा शाम तक उसका इंतजार करने के बाद घर के लोगों ने उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला इधर आज सुबह पढ़री गांव के लोगों ने उसकी लाश को रेलवे लाइन के किनारे देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली उन्होंने हत्या की आशंका जताते हुए कहा कि अफरोज का बरेली शहर में रहने वाले एक व्यक्ति से जमीनी विवाद चल रहा था इसी रंजिश के चलते उसकी हत्या कर दी गई पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी मृतक 3 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम सितारा बी है ।

### विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर फार्मासिस्टों ने किये फल वितरण

**बरेली।** रविवार को पूरे विश्व में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया इस अवसर पर बरेली में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में अध्यक्ष जनार्दन गंगवार के नेतृत्व में जिला अस्पताल के वार्ड में मरीजों को फल वितरण किया गया इस अवसर पर जनार्दन गंगवार ने कहा कि हम प्रत्येक सीएचसी पीएचसी पर फल वितरण कर रहे है उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग में फार्मासिस्ट का एक बड़ा रोल होता है और फार्मासिस्ट दवाओं के बारे में पूर्ण ज्ञान रखता है और फार्मासिस्ट के बिना मरीज का इलाज अधूरा होता है।

# थरूर का दावा पूरे देश से उनको कांग्रेस कार्यकर्ताओं का समर्थन

भाषा। पलक्कड़ (केरल)




**कांग्रेस** के नेता शशि थरूर ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए उनके पास पूरे देश के पार्टी कार्यकर्ताओं का समर्थन है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष पद के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की उम्मीदवारी को लेकर असमंजस के बीच थरूर ने पलक्कड़ के पट्टामबी में भारत जोड़ो यात्रा से इतर राहुल गांधी से भी मुलाकात की। थरूर ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी के बारे में पूछे जाने पर पत्रकारों से कहा, जब मैं नामांकन पत्र दाखिल करूंगा तब आप देखिएगा मुझे कितना समर्थन मिला है। यदि मुझे अधिकांश राज्यों के पार्टी कार्यकर्ताओं का समर्थन मिलता है तो मैं चुनाव मैदान में रहूंगा। देश के अलग-अलग हिस्सों से अनेक लोगों ने मुझसे चुनाव लड़ने का अनुरोध किया है। थरूर ने कहा कि वह चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं, लेकिन 30 सितंबर को नामांकन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख के बाद ही सबकुछ स्पष्ट होगा। कांग्रेस की ओर से बृहस्पतिवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 24 सितंबर से 30 सितंबर तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच की तिथि एक अक्टूबर है, जबकि नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 8 अक्टूबर है। अगर जरूरत पड़ी तो मतदान 17 अक्टूबर को होगा। मतों की गिनती 19 अक्टूबर को होगी और उसी दिन परिणाम घोषित किया जाएगा। चुनाव में प्रदेश कांगेस कमेटी के 9000 से अधिक प्रतिनिधि मतदान करेंगे।




गुजरात के अहमदाबाद शहर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर स्थानीय कार्यकर्ताओं व नेताओं के साथ

# पीओके के बारे में निर्णय 1971 के युद्ध के दौरान ही लिया जाना चाहिए था : राजनाथ

संवाददाता। शिमला



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुद्दे के बारे में फैसला 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ही कर लिया जाना चाहिए था। सिंह ने हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के बडोली में शहीदों के परिवारों के सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। सिंह ने कहा, "हमने हाल ही में 1971 के युद्ध में जीत की स्वर्ण जयंती मनाई। 1971 के उस युद्ध को इतिहास में याद रखा जाएगा, क्योंकि वह युद्ध संपत्ति, कब्जे या सत्ता के बदले मानवता के लिए लड़ा गया था।" उन्होंने कहा, एक ही अफसोस है। पीओके पर फैसला उसी समय हो जाना चाहिए था। सिंह ने हमीरपुर जिले के नादौन में भी ऐसे ही एक कार्यक्रम में भाग लिया। रक्षा मंत्री ने कांगड़ा में, देश को आत्मनिर्भर बनाने के केंद्र के दृढ़ संकल्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नजरिए को साकार करने के लिए किए गए उपायों के कारण हुई प्रगति को रेखांकित किया। सिंह ने कहा, पहले, भारत को एक रक्षा आयातक के रूप में जाना जाता था। आज, यह दुनिया के प्रमुख 25 रक्षा निर्यातकों में से एक है। आठ साल पहले रक्षा निर्यात लगभग 900 करोड़ रुपए था जो अब 13,000 करोड़ रुपए को पार कर गया है। हमें उम्मीद है कि 2025 तक रक्षा निर्यात 35,000 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा और 2047 के लिए निर्धारित 2.7 लाख करोड़ रुपए के लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।

सिंह ने कहा कि भारत ने कभी भी किसी देश पर हमला नहीं किया है और न ही उसने एक इंच विदेशी भूमि पर कब्जा किया है। उन्होंने देश को आश्वासन दिया कि अगर भारत में सद्भाव को बिगाड़ने का कोई प्रयास किया जाता है, तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा, भारत एक शांतिप्रिय देश है, लेकिन इसे कायर या युद्ध से डरने वाला समझने की भूल नहीं करनी चाहिए। ऐसे समय, जब हम कोविड-19 से निपट रहे थे, हमें चीन के साथ उत्तरी सीमा पर तनाव का सामना करना पड़ा। गलवान की घटना के दौरान हमारे सैनिकों के साहस ने साबित कर दिया कि कितनी भी बड़ी ताकत क्यों न हो, भारत कभी नहीं झुकेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद का गठन और सैन्य मामलों के विभाग की स्थापना राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए उठाए गए कुछ प्रमुख कदम हैं। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के दरवाजे लड़कियों के लिए खोल दिए गए हैं वहीं सशस्त्र बलों में महिलाओं को स्थाई कमीशन दिया जा रहा है। हमने युद्धपोतों पर महिलाओं की तैनाती के लिए भी मंजूरी दी है।

## अगर गहलोत को बदला गया तो कांग्रेस को नुकसान होगा: धारीवाल

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के वफादार विधायकों की शहरी विकास मंत्री शांति धारीवाल के घर हुई बैठक का रविवार देर रात एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें धारीवाल यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि अगर अशोक गहलोत को बदला गया, तो कांग्रेस को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि किसी भी तरह अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बने रहें। धारीवाल ने कहा कि आलाकमान में बैठा हुआ कोई आदमी यह बता दे कि अशोक गहलोत के पास कौन से दो पद हैं, जो उनसे इस्तीफा मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी उनके पास केवल मुख्यमंत्री का पद है और जब दूसरा पद मिलगे तब कोई बात उठेगी। धारीवाल ने वीडियो में यह कहते हुए दिखाई दिए कि आज क्या बात उठ गई, आज आप इस्तीफा मांगने के लिए तैयार हो रहे हो। जिस षड्यंत्र से पंजाब खोया...राजस्थान भी खोने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपन लोग संभल जाएं तो राजस्थान बचेगा वरना राजस्थान भी हाथ से जाएगा। धारीवाल वीडियो में यह भी कहते दिखे कि, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने पहले दिन ही मना कर दिया था कि उनका कोई लेना देना नहीं है इस पद से.. मैं जहां पर हूं वहां प्रसन्न हूं।

# भारत का समग्र विकास आरएसएस का लक्ष्य: मोहन भागवत



भाषा। शिलाँग

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि भारत का समग्र विकास ही उनके स्वयंसेवी संगठन का लक्ष्य है। भागवत ने इस पर्वतीय राज्य के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन रविवार को एक जनसभा में कहा, आरएसएस का लक्ष्य समाज को संगठित करना है ताकि भारत चहुंमुखी विकास कर सके। आरएसएस व्यक्तिगत स्वार्थों को त्यागकर देश के लिए बलिदान करना सिखाता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता पर आधारित सदियों पुराने मूल्यों में निहित आस्था देश के लोगों को बांधने वाली शक्ति है।भागवत ने कहा, भारतीय एवं हिंदू एक समानार्थी भू-सांस्कृतिक पहचान है। हम सभी हिंदू हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीयों ने देश के प्राचीन इतिहास से बलिदान की परंपरा सीखी।उन्होंने कहा, हमारे पूर्वज विभिन्न विदेशी भूमि पर गए और उन्होंने जापान, कोरिया, इंडोनेशिया और कई अन्य देशों को भी यही मूल्य दिए। भागवत ने कहा कि भारत ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान विभिन्न देशों में टीके भेजकर मानवता की सेवा की और वह आर्थिक संकट में श्रीलंका के साथ खड़ा रहा।उन्होंने कहा, जब भारत शक्तिशाली बनता है तो हर नागरिक शक्तिशाली बनता है। भागवत पूर्वोत्तर राज्य की दो दिवसीय यात्रा के दौरान आरएसएस के विभिन्न पदाधिकारियों और सामाजिक संगठनों के नेताओं से मुलाकात करेंगे।

## तमिलनाडु में संघ के सदस्यों की परिसंपत्तियों पर हमले के सिलसिले में 14 लोग गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं हिंदू संगठनों से संबद्ध व्यक्तियों की परिसंपत्तियों पर विस्फोटक पदार्थ फेंकने के सिलसिले में कुल 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यहां जारी एक सरकारी बयान के अनुसार ऐसी घटनाओं के सिलसिले में कुल 19 मामले दर्ज किए गए थे। कोयंबटूर, सलेम, इरोड, डिंडीगुल, तूतीकोरिन, कन्याकुमारी एवं मदुरै में कुछ खास परिसंपत्तियों पर मिट्टी के तेल से भरी बोतलें फेंकी गई थीं और वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया गया था। पिछले सप्ताह पोपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के विरूद्ध राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के छापे के बाद भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सदस्यों के परिसरों एवं वाहनों को निशाना बनाया गया। भाजपा ने इन घटनाओं के लिए पीएफआई को जिम्मेदार ठहराया है। सोमवार को पुलिस ने कहा कि कोयंबटूर के पोल्लाची में तीन व्यक्तियों समेत कुल 14 लोगों को संबंधित जिलों में मिट्टी के तेल से भरी बोतलें फेंकने की घटनाओं के सिलसिल में गिरफ्तार किया गया है। सलेम , इरोड, डिंडीगुल और मदुरै में भी गिरफ्तारियां की गई हैं।

## कॉमन सर्विस सेंटर- शुगरबॉक्स डिजिटल इंडिया के निर्माण में जुटे

**प्रयागराज।** कॉमन सर्विस सेंटर एक महत्वपूर्ण ईगवर्नेंस पहल है, जो डिजिटल इंडिया के विकास में योगदान दे रही है। सीएससी और शुगरबॉक्स नेटवर्क कोलैब्रेशन करते हुए डिजिटल कनेक्टिविटी की पहुंच को अंतिम मील तक बढ़ा रहे हैं, यहां तक कि दूर दराज के गांवों में भी सुविधा दे रहे हैं जिससे कि भविष्य के लिए डिजिटल इकोनॉमी का निर्माण हो सकें। देश में इंटरनेट यूजर्स की संख्या बढ़ रही है। जनवरी 2022 तक 600 मिलियन से अधिक लोगों या भारत की लगभग आधी आबादी के पास इंटरनेट की पहुंच थी। फिर भी इंटरनेट की पहुंच बढ़ने के बावजूद, कनेक्टिविटी के मामले में शहरी और ग्रामीण के बीच डिजिटल गैप बड़े पैमाने पर बना हुआ है। नीति आयोग सतत विकास लक्ष्य इंडिया इंडेक्स 2020-2021 रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश प्रति 100 जनसंख्या पर 38.73 के स्कोर पर था। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी के रोलआउट में कई चुनौतियां मौजूद हैं। सीएससी और शुगरबॉक्स साझेदारी का उद्देश्य इस डिजिटल गैप को पाटना है। सुगरबॉक्स नेटवर्क्सए एक हाइपरलोकल क्लाउड टेक्नोलॉजी सॉल्यूशनए एक सक्रिय नेटवर्क कनेक्शन की अनुपस्थिति में भीए स्थान या सामर्थ्य की परवाह किए बिनाए डिजिटल सूचना और सेवाओं तक पहुंच को बढ़ाता है। बिलारी की सरपंच श्रीमती पुष्पा देवी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, डिजिटल रूप से जुड़े रहना न केवल शहरों और महानगरों के लिए बल्कि गांवों के लिए भी समान रूप से एक आवश्यकता बन गई है। डिजिटल पहुंच के लाभों ने उस क्षेत्र या गांव के विकास और विकास पर प्रत्यक्ष प्रभाव दिखाया हैए चाहे वह शिक्षा या वित्तीय समावेशन के माध्यम से हो। सीएससी और शुगरबॉक्स के बिलारी में आने सेए ग्रामीणों को अब विश्वसनीय और सस्ती डिजिटल पहुंच प्राप्त हो रही है। यह हमारे गांव के लिए डिजिटल यूनिवर्स के माध्यम से उपलब्ध जानकारी के साथ.साथ सेवाओं के बारे में जागरूक रहने, सीखने और सर्च के लिए एक कदम है।

## यूएई के वायुसेना प्रमुख ने वायुसेना प्रमुख से मुलाकत की

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की वायुसेना के कमांडर और वायु रक्षा मेजर जनरल इब्राहिम नासिर मोहम्मद अल अलावी ने सोमवार को वायुसेना प्रमुख वी आर चौधरी से मुलाकात की। दोनों ने मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। यह जानकारी वायुसेना ने दी।दोनों देशों के वायु सेना प्रमुखों ने आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर भी बात की।वायुसेना ने ट्वीट किया, यूएई वायुसेना और वायु रक्षा के कमांडर मेजर जनरल इब्राहिम नासिर मोहम्मद अल अलावी ने आज एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी से मुलाकात की। दोनों देशों के वायु सेना प्रमुखों ने मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने और आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों और क्षेत्रों पर चर्चा की। भारतीय वायुसेना के ट्विटर हैंडल ने भी दोनों देशों के वायु सेना प्रमुखों की मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा कीं।

राजीव गांधी हत्याकांड मामला

## नलिनी की याचिका पर केंद्र और तमिलनाडु को कोर्ट का नोटिस

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने राजीव गांधी हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रही नलिनी श्रीहरन की समय से पहले रिहाई की मांग से जुड़ी याचिका पर सोमवार को केंद्र और तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने केंद्र और तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी करते हुए याचिका पर उनका जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने मामले में दोषी ठहराए गए आर पी रविचंद्रन की याचिका पर भी नोटिस जारी किए।

नलिनी ने मद्रास उच्च न्यायालय के 17 जून के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें समय पूर्व रिहाई के उनके अनुरोध को खारिज कर दिया गया था और दोषी ठहराए गए ए जी पेरारीवलन की रिहाई को लेकर उच्चतम न्यायालय के आदेश का उल्लेख किया था। उच्च न्यायालय ने 17 जून को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड में दोषी श्रीहरन और रविचंद्रन की याचिकाओं को खारिज कर दिया था, जिसमें राज्य के राज्यपाल की सहमति के बिना उनकी रिहाई का आदेश दिया गया था।

उच्च न्यायालय ने उनकी याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि उच्च न्यायालयों के पास संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत ऐसा करने की शक्ति नहीं है। उच्चतम न्यायालय के पास अनुच्छेद 142 के तहत विशेष शक्ति है।संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्ति का इस्तेमाल करते हुए शीर्ष अदालत ने 18 मई को पेरारिवलन को रिहा करने का आदेश दिया था। पेरारिवलन जेल में 30 साल से ज्यादा की सजा काट चुके थे। तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में एक चुनावी रैली के दौरान 21 मई, 1991 की रात को एक महिला आत्मघाती हमलावर द्वारा राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी।

## नारायण राणे के बंगले में अनधिकृत निर्माण ध्वस्त करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मुंबई के जुहू इलाके में केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बंगले में अनधिकृत निर्माण ध्वस्त करने के लिए बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को निर्देश देने संबंधी बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एफएसआई) और तटीय नियमन क्षेत्र नियमों का उल्लंघन किया गया है। एफएसआई वह अधिकतम अनुमति प्राप्त फ्लोर क्षेत्र होता है, जिसपर किसी भूखंड पर निर्माण किया जा सकता है।उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ याचिका राणे परिवार के स्वामित्व वाली कालका रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड ने दायर किया था। याचिका न्यायमूर्ति एस. के. कौल और न्यायमूर्ति ए.एस. ओका की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई, जिसने इसपर विचार करने से इनकार कर दिया।उल्लेखनीय है कि 20 सितंबर को उच्च न्यायालय ने कहा था, इसमें कोई दो राय नहीं है कि याचिकाकर्ता ने मंजूरी प्राप्त योजना और कानून के प्रावधान का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन करते हुए व्यापक स्तर पर अनधिकृत निर्माण किया। इससे पहले, बीएमसी ने उच्च न्यायालय से कहा था कि वह केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे के जुहू स्थित बंगले पर अनधिकृत निर्माण को वैधता प्रदान करने की दूसरी अर्जी पर विचार करने को इच्छुक है। उच्च न्यायालय ने कहा था कि यदि बीएमसी का रुख स्वीकार कर लिया गया तो शहर में कोई भी व्यक्ति पहले व्यापक स्तर पर अनधिकृत निर्माण करेगा और फिर उसे वैधता प्रदान करने का अनुरोध करेगा। उच्च न्यायालय ने कालका रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड की याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें बीएमसी को नगर निकाय के पूर्व के आदेशों से प्रभावित हुए बगैर दूसरी अर्जी पर फैसला करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। बीएमसी ने निर्माण में नियमों का उल्लंघन किए जाने का जिक्र करते हुए जून में पहली अर्जी खारिज कर दी थी। कंपनी ने जुलाई में दूसरी अर्जी दायर कर दावा किया था कि वह निर्माण कार्य के अपेक्षाकृत छोटे हिस्से को वैधता प्रदान करने का अनुरोध कर रही है।

**● शीर्ष न्यायालय ने कहा कि फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एफएसआई) और तटीय नियमन क्षेत्र नियमों का उल्लंघन किया गया है**



तेजपुर में दुर्गा पूजा के अवसर पर मूर्तिकार देवी दुर्गा की मूर्ति का निर्माण करते हुए

## भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए ममता का रुख नरम: माकपा

भाषा। नई दिल्ली

**मार्क्सवादी** कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने भ्रष्टाचारियों-अपराधियों के गठजोड़ को बचाने के प्रयास में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपना रुख नरम कर लिया है। माकपा ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस भ्रष्टाचारियों-अपराधियों का गठजोड़ बनकर रह गई है। पार्टी के मुखपत्र पीपुल्स डेमोक्रेसी के संपादकीय में एक प्रेसवार्ता में दिए गए ममता बनर्जी के बयान को उद्धृत करते हुए कहा गया कि उन्होंने (ममता ने) हाल ही में कुछ नई खोज की हैं। इसमें कहा गया है कि आरएसएस और नरेंद्र मोदी में सदगुणों का मिलना संकेत करता है कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख इस गठजोड़ को बचाने के लेकर बेताब हैं। संपादकीय में कहा गया कि संघ-भाजपा के साथ उनके इस तरह के तालमेल से चकित नहीं होना चाहिए, क्योंकि पहले भी ममता बनर्जी केंद्र की अटल बिहारी वाजपेई सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुकी हैं।

पश्चिम बंगाल में भाजपा के हाथों हार के बाद सियासी जमीन फिर से हासिल करने के प्रयास के बीच वाम दल ने तृणमूल कांग्रेस पर यह हमला किया। फिलहाल भाजपा पश्चिम बंगाल में मुख्य विपक्षी दल है। संपादीयक में, बनर्जी को संवाददाता सम्मेलन में यह कहते हुए उद्धृत किया गया है कि आरएसएस बुरा नहीं है। संपादकीय में कहा गया, इसी तरह उन्होंने एक और आविष्कार किया, वह इस बात में विश्वास नहीं करतीं कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय एजेसियों के दुरुपयोग के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ है।

## ग्लोब ऑयल समिट में एशियन पाम ऑयल एलायंस बनेगा

**नोएडा।** ग्लोबल सस्टेनेबल एग्रीकल्चरल स्पेशियलिटी ऑर्गेनाइजेशन सॉलिडरीडाड नेटवर्क की पहल पर एशिया के पांच प्रमुख पाम तेल आयात करने वाले देशों के शीर्ष खाद्य तेल उद्योग संघ पहली बार एशियाई पाम ऑयल एलायंस बनाने के लिए एक साथ आए हैं। एलायंस यह सुनिश्चित करने के लिए दुनिया भर में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है कि पाम ऑयल को उच्च गुणवत्ता वालेए किफायती और स्वस्थ वनस्पति तेल के रूप में मान्यता दी जाए और पाम ऑयल की अब तक बन चुकी नकारात्मक छवि को बदला जाए। एपीओए गठबंधन भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल के शीर्ष सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन द्वारा शुरू किया गया है। आने वाले वर्ष मेंए एशिया में पाम तेल के उत्पादन और शोधन में कार्यरत अन्य चुनिंदा कम्पनियों या उद्योग संगठनों को शामिल करने के लिए सदस्यता का और विस्तार किया जाएगा। एपीओए सेकेट्रेट को शुरू में द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशनऑफइंडिया द्वारा प्रबंधित किया जाएगा। एपीओए की पहली आम सभा की बैठक में अदानी विल्मर लिमिटेड के निदेशक और एसईए के अध्यक्ष अतुल चतुर्वेदी को एपीओ के पहले अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। कार्यक्रम के दौरान एपीओए की वेबसाइट और लोगो भी लॉन्च किया गया।

## गुजरात में प्रधानमंत्री की चुनावी रैलियों पर होने वाले खर्च को पार्टी के खर्च में जोड़ा जाए: भाजपा

संवाददाता। अहमदाबाद

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को राज्य की दो दिवसीय यात्रा शुरू करने वाले मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार के साथ हुईं बैठकों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनाव रैलियों पर होने वाले खर्च को पार्टी के खर्च में जोड़ने की मांग की जबकि कांग्रेस ने चुनाव प्रक्रिया में और पारदर्शिता लाने का अनुरोध किया।गुजरात के संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशोक पटेल ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करने व राजनीतिक प्रतिनिधियों से मिलने के लिए गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर है।गांधीनगर में सीईसी से मिलने वाले पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे गुजरात भाजपा के उपाध्यक्ष गोरधन जदाफिया ने कहा कि सीईसी के साथ बैठक के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा ने मतदान का समय बढ़ाने की मांग की।

## विहिप की गरबा आयोजन स्थलों पर गैर हिंदुओं का प्रवेश रोकने की मांग

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने सोमवार को मांग की कि नवरात्र उत्सव के दौरान गरबा और डांडिया कार्यक्रमों में प्रवेश की अनुमति पहचानपत्र की जांच के बाद ही दी जानी चाहिए और गैर-हिंदुओं को आयोजन स्थलों में अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। विहिप की विदर्भ इकाई ने इस संबंध में महाराष्ट्र सरकार और नागपुर पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा है।सोमवार से शुरू हुए देवी दुर्गा के नौ दिवसीय उत्सव के दौरान पारंपरिक गरबा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।विहिप के विदर्भ क्षेत्र के सचिव गोविंद शेंदे ने एक विज्ञप्ति में कहा कि विदर्भ में विभिन्न संगठनों और मंडलों द्वारा कई गरबा और डांडिया कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

# विश्व पटल पर आज भारत का रुख काफी मायने रखता है : जयशंकर

**भाषा।** वाशिंगटन



**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि विश्व पटल पर आज भारत काफी मायने रखता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से भारत के रुख को महत्व दिया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सत्र से इतर जयशंकर ने न्यूयॉर्क में कई विश्व नेताओं से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि इन बैठकों में मिली प्रतिक्रिया के आधार पर वह उक्त बात कह सकते हैं। जयशंकर ने भारत एवं अमेरिका के फ्रेंडशिप काउंसिल एंड फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायसपोरा स्टडीज़ (एफआईआईडीएस) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के साथ बातचीत में कहा कि आज विश्व पटल पर भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं उनकी नीतियों की वजह से भारत के रुख को गंभीरता से लिया जाता है। उन्होंने न्यूयॉर्क में उनकी बैठकों के संदर्भ में कहा, आज हमारा रुख मायने रखता है, हमारे विचार मायने रखते हैं...इनमें आज बड़े मुद्दों से निपटने की क्षमता है। मेरा मानना है कि पिछले छह दिन में की गई वार्ताओं से यह बात प्रमुखता से सामने आई है। यूक्रेन के एक सवाल पर जयशंकर ने कहा कि आज दुनिया की स्थिति ऐसी है कि एक बड़े संघर्ष का असर पूरी दुनिया पर पड़ता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इस संघर्ष के कई पहलू हैं और शायद उनमें से कुछ से (पहले) निपटा जा सकता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लॉस एंजिलिस और ह्यूस्टन तक के भारतीय-अमेरिकी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे। संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक महासभा में हिस्सा लेने के लिए न्यूयॉर्क में चार दिन तक रुकने के बाद विदेश मंत्री अमेरिकी राजधानी वाशिंगटन पहुंचे। वाशिंगटन यात्रा के दौरान जयशंकर अमेरिका के विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन, रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात कर सकते हैं। वह कॉरपोरेट क्षेत्र और थिंक-टैंक समुदाय के लोगों से भी बातचीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा, एक राजनयिक के तौर पर मेरे अभी तक के कार्यकाल में शायद सबसे बड़ा बदलाव जो मैंने देखा और मुझे इसका हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला, वह भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में आया बदलाव है। मंत्री ने कहा कि भारतीय-अमेरिकी दोनों देशों के बीच एक पुल के तौर पर इस बदलाव का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध को मजबूत करने में भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक बड़ी भूमिका है और इसके बारे में जितना बोला जाए कम हैं। जयशंकर ने कहा, भारत, अमेरिका के संबंध केवल सरकारी नीतियों की वजह से नहीं, बल्कि भारतीय-अमेरिकियों की वजह से भी बदले हैं।

## जापान और अमेरिका के बीच गठबंधन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता व समृद्धि का अभिन्न अंग : हैरिस

**भाषा।** तोक्यो

**अमेरिका की** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सोमवार को तोक्यो पहुंचने के कुछ ही देर बाद जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मुलाकात की। वह जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए यहां आई हैं। आबे की जुलाई में हत्या कर दी गई थी। मंगलवार को उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। आबे को श्रद्धांजलि देने यहां पहुंचीं हैरिस के नेतृत्व में एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल भी साथ आया है। हैरिस ने अकासका पैलेस में कहा, जापान और अमेरिका के बीच गठबंधन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता व समृद्धि का अभिन्न अंग है। किशिदा ने कहा कि आबे ने दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

## बांग्लादेश: हिंदू श्रद्धालुओं से भरी नौका पलटने से जान गंवाने वालों की संख्या हुई 50

**भाषा।** ढाका

**पश्चिमोत्तर** बांग्लादेश के सदियों पुराने मंदिर में हिंदू श्रद्धालुओं को ले जा रही एक नौका के रविवार को पलटने के बाद सोमवार तक हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 50 हो गई है, जिनमें अधिकतर बच्चे और महिलाएं हैं। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। बता दें कि रविवार को दुर्गा पूजा उत्सव से पूर्व महालया के मौके पर हिंदू श्रद्धालु बोदेश्वरी मंदिर की ओर जा रहे थे, तभी देश के उत्तर-पश्चिमी पंचगढ़ जिले में कोरोटो नदी में, उन्हें ले जा रही नौका पलट गई। स्थानीय थाना प्रभारी अधिकारी सुजॉय कुमार के मुताबिक, अधिकारियों ने 25 और लोगों के शव बरामद किए हैं, जिससे इस घटना में जान गंवाने वालों की संख्या 50 हो गई है। इनमें 13 बच्चे, 25 महिलाएं और 12 पुरुष शामिल हैं।

### पश्चिमी लीबिया में झड़प, पांच लोगों की मौत

**काहिरा।** पश्चिमी लीबिया में प्रतिद्वंद्वी मिलिशिया के बीच एक बार फिर झड़प होने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जिसमें 10 वर्षीय एक लड़की भी शामिल है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पश्चिमी शहर ज़ाविया में प्रतिद्वंद्वी मिलिशिया के बीच रविवार को यह झड़प हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय की आपात सेवाओं ने बताया कि पांच लोग इस झड़प में मारे गए और कम से कम 13 अन्य नागरिक घायल हुए हैं। गौरतलब है कि अगस्त में भी राजधानी त्रिपोली में हुई ऐसी झड़पों में 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

### जर्मन चांसलर ओलाफ कोरोना वायरस से संक्रमित

बर्लिन। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। उनके प्रवक्ता स्टेफेन हेबेसट्रेट ने सोमवार को बताया कि कोरोना वायरस जांच में वह संक्रमित पाए गए। उनके अनुसार चांसलर को इस संक्रमण के हल्के लक्षण हैं और उन्होंने तत्काल खुद को सबसे अलग कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि शोल्ज ने इस सप्ताह के अपने सारे सार्वजनिक कार्यक्रमों को रद्द कर दिया है लेकिन उनकी सरकारी बैठकों में डिजिटल तरीके से भाग लेने की योजना है। शोल्ज रविवार को खाड़ी देशों की दो दिवसीय यात्रा से लौटे थे। उससे पहले वह न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में थे। इस सप्ताह शोल्ज इस वायरस से संक्रमित होने वाले एकमात्र सरकारी अधिकारी नहीं हैं। गृह मंत्री नैंनी फेसर ने सोमवार को ट्वीट किया कि वह भी कोरोना वायरस की जांच में संक्रमित पाई गई हैं।

### रूस के पूर्व निर्धारित जनमत संग्रह से यूक्रेन में लोगों में डर का माहौल

**कीव।** यूक्रेन में हमले के बाद, क्रेमलिन द्वारा पुलिस की मदद से कराए जा रहे जनमत संग्रह और कब्जे में लिए जा चुके चार क्षेत्रों के रूस में विलय की संभावना के बीच वहां के लोगों को दुश्वारियों एवं राजनीतिक दमन का डर सता रहा है। सात महीने से रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई चल रही है। इन क्षेत्रों के कई बाशिंदे जनमत संग्रह शुरू होने से पहले वहां से जा चुके हैं। लोगों को डर है कि उनसे जबरन मतदान करवाया जाएगा या रूस की सेना में भर्ती कर लिया जाएगा। शुक्रवार को निर्धारित मतदान से पूर्व रूसी कब्जे वाले खेरसोन शहर को छोड़ चुके पेट्रो कोबर्निक ने कहा कि रूसी कानून के अधीन रहने की आशंका और युद्ध के कारण बिगड़ते हालत ने उन्हें एवं अन्य को भविष्य को लेकर बेचैन कर दिया है। कोबर्निक ने फोन पर कहा , स्थिति तेजी से बदल रही है और लोगों को डर है कि उन्हें रूसी सेना द्वारा या यूक्रेन के गुरिल्लों और आगे बढ़ रहे ।

# उत्तर कोरिया की धमकी के बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने शुरू किया सैन्य अभ्यास

**भाषा।** सियोल

**अमेरिका और** दक्षिण कोरिया ने कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी तट पर सोमवार को सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया। दोनों देशों के बीच पांच वर्ष में यह इस तरह का पहला सैन्य अभ्यास है। इससे एक दिन पहले उत्तर कोरिया ने अभ्यास के संभावित जवाब के रूप में छोटी दूरी की एक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था।

उत्तर कोरिया आने वाले दिनों में और परीक्षण कर सकता है क्योंकि वह अमेरिका-दक्षिण कोरिया सैन्य अभ्यासों को देश पर आक्रमण करने के अभ्यास के तौर पर देखता है और अकसर अपने प्रतिद्वंद्वियों पर हमला करने के लिए तैयार किए गए हथियारों का प्रदर्शन करता रहता है। दक्षिण कोरिया की नौसेना के बयान में कहा गया है कि चार दिन के इस अभ्यास का उद्देश्य उत्तर कोरिया के उकसावे का जवाब देने के लिए सहयोगियों के ठोस संकल्प को प्रकट करना और संयुक्त नौसैन्य अभ्यास की क्षमता में सुधार करना है। बयान के अनुसार 20 से अधिक अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई नौसैन्य जहाजों इस अभ्यास में हिस्सा लेंगे। इनमें परमाणु ऊर्जा से संचालित विमान वाहक यूएसएस रोनाल्ड रीगन, एक यूएस क्रूजर और दक्षिण कोरियाई व अमेरिकी विध्वंसक पोत शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि अमेरिका और दक्षिण कोरियाई लड़ाकू विमान व हेलीकॉप्टर भी प्रशिक्षण में हिस्सा लेंगे।

### द.कोरिया के राष्ट्रपति ने देश की मीडिया पर अमेरिका के साथ सबंध खराब करने का लगाया आरोप

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक एओल ने देश की मीडिया पर अमेरिका के साथ सबंध खराब करने का सोमवार को आरोप लगाया। गौरतलब है कि टीवी प्रसारक मुन्हवा ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एमबीसी) ने एक वीडियो जारी किया था, जिसमे यून कथित तौर पर अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों तथा अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का अपमान करते दिख रहे हैं। वीडियो पिछले सप्ताह उनकी न्यूयॉर्क यात्रा का है, जहां वह संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे थे। यून ने सोमवार को कनाडा यात्रा सम्पन्न करने के बाद कहा कि मीडिया दक्षिण कोरिया की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। तथ्यों से परे ऐसी खबरों से गठबंधन को नुकसान पहुंच सकता है। यून ने कहा कि खबरों के पीछे का सत्य सामने आना चाहिए। वहीं, कंजर्वेटिव पीपल पावर पार्टी ने एमबीसी के खिलाफ कार्वाई की चेतावनी भी दी है। वीडियो में आवाज स्पष्ट नही है। हालांकि यून को कथित तौर पर फिर भी कुछ अपशब्द का इस्तेमाल करते हुए सुना जा सकता है। वीडियो साझा करते हुए एमबीसी ने लिखा, क्या यह बाइडन के लिए बहुत आपत्तिजनक नही होगा...... एमबीसी के वीडियो के प्रसारित होने के बाद यून के कई प्रतिद्वंद्वियो ने उनकी आलोचना की और इससे एक बड़ी भूल करार दिया है। यून के कार्यालय ने इन खबरों को खारिज करते हुए कहा कि वह (यून) अमेरिकी कांग्रेस या बाइडन के बारे में बात नही कर रहे थे। यून की प्रवक्ता किम यून हे ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह (यून) दक्षिण कोरिया की विपक्ष नियंत्रित नेशनल असेंबली के 10 करोड़ डॉलर के योगदान की उनकी योजना को अस्वीकार करने को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे थे।

## बलूचिस्तान में हेलीकॉप्टर हादसे में पाक सेना के छह अधिकारियों की मौत

**इस्लामाबाद।** दक्षिण पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें दो पायलट समेट सेना के छह अधिकारियों की मौत हो गई। सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेना की तरफ से कहा गया कि रविवार रात प्रांत के हरनाई इलाके के खोस्त में एक उड़ान अभियान के दौरान यह हादसा हुआ। सेना ने कहा कि दो पायलटों समेत हेलीकॉप्टर में सवार छह कर्मियों की हादसे में मौत हो गई। दुर्घटना क्यों हुई, इसकी कोई वजह नहीं बताई गई है। यह दुर्घटना एक अगस्त को बलूचिस्तान में इसी तरह की घटना के एक महीने से अधिक समय बाद हुई है। तब पाकिस्तान सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें एक लेफ्टिनेंट जनरल सहित उसमें सवार सभी छह कर्मियों की मौत हो गई थी। सेना के मुताबिक, वह हादसा खराब मौसम के कारण हुआ था।

### दक्षिण कोरिया में शॉपिंग मॉल में आग लगी, सात की मौत

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के डायजियोन शहर में सोमवार को एक शॉपिंग मॉल के भूतल में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डायजियोन दमकल मुख्यालय के एक अधिकारी गो सेउंग-चिओल ने बताया कि दमकल कर्मी आग पर काबू पाने के बाद हताहतों की तलाश कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग सुबह 7 बजकर 45 मिनट पर लगी और तेजी से भूतल में फैल गई। गो ने कहा कि 500 से अधिक दमकल कर्मी और 90 वाहनों को आग बुझाने के लिए तैनात किया गया और शाम तीन बजे उसपर काबू पा लिया गया। हालांकि इमारत में अभी धुआं भरा हुआ है।

### टिकट रिफंड अनुरोध का दो से तीन दिन में निपटान किया जाएगा: एअर इंडिया

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने पात्र ग्राहकों के टिकट का पैसा लौटाने की प्रक्रिया मे लगने वाले समय को घटाकर दो से तीन दिन करने का दावा किया है। विमानन कंपनी एयर इंडिया ने सोमवार को एक बयान मे कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान कई एयरलाइन के लिए टिकट का पैसा वापस लौटाना एक परेशानी का मुद्दा था। कंपनी ने दावा किया कि सरकार से एयरलाइन का नियंत्रण लेने के बाद शुरू के कुछ महीनो मे 150 करोड़ रुपए से अधिक की राशि के 2.5 लाख से अधिक मामलों का निपटान किया गया है। विमानन कंपनी के अनुसार, वेबसाइट पर दर्ज धनवापसी के वैध अनुरोध का दो से तीन दिनो के भीतर निपटान किया जाएगा।

### गोल्डी सोलर विस्तार करेगा

**नई दिल्ली।** गोल्डी सोलर ने अपने बिजनेस के विस्तार से जुड़ी योजनाओं के तहत 5,000 करोड़ रुपये से अधिक रकम के निवेश से जुड़े प्लान का ऐलान किया है। गोल्डी सोलर भारत में क्वालिटी को लेकर सबसे सजग क्वालिटी ब्रांड है। हेट्रोजंक्शन टेक्नोलॉजी से लैस इस प्रोडक्ट में कार्बन मॉड्यूल सीरीज का कम इस्तेमाल किया गया है और इसकी दक्षता काफी अधिक है। गोल्डी सोलर का लक्ष्य मॉड्यूलए सेल और कच्चे माल निर्माण क्षमताओं के साथ एंड-ट-एंड और वर्टीकल इंटीग्रेटेड कंपनी बनना है। इस प्लान के अनुरूप कंपनी गुजरात में सेल मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट में प्रोडक्शन शुरू करने की योजना है। इसके बाद कंपनी अपनी क्षमता को बढ़ाकर 5 गीगावाट करेगी। इसके साथ ही साथ कंपनी की विभिन्न पदों पर 4,500 से ज्यादा लोगों की नियुक्ति करने की योजना है। गोल्डी सोलर के मैनेजिंग डायरेक्टर कैप्टन ईश्वर ढोलकिया ने कहा कि बिल्कुल जमीनी स्तर पर रोजगार पैदा करने के लिए गोल्डी सोलर की प्रस्तावित विनिर्माण इकाई के आसपास के जनजातीय इलाकों से 25 प्रतिशत वर्कफ ोर्स की भर्ती की योजना है।

### कर कटौती योजना से ब्रिटिश पाउंड चार दशक के निचले स्तर पर आया

**लंदन।** ब्रिटेन की नई सरकार द्वारा करों मे कटौती और खर्च को बढ़ावा देने की योजना सामने आने के बाद सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले ब्रिटिश पाउंड में तेज गिरावट हुई। पाउंड सोमवार को शुरुआती कारोबार मे 1.0349 प्रति अमेरिकी डॉलर के निचले स्तर तक गिर गया, हालांकि बाद मे इसमे थोड़ा सुधार हुआ और यह 2.3 प्रतिशत कमजोरी के साथ 1.0671 प्रति डॉलर के भाव पर था। इस तरह पाउंड, डॉलर के मुकाबले चार दशक के निचले स्तर पर है।


# शेयर बाजारों में गिरावट जारी

**भाषा।** मुंबई

**घरेलू शेयर** बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भारी गिरावट दर्ज की गई और बीएसई सेंसेक्स 953.70 अंक लुढ़ककर बंद हुआ। कई देशों के केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरों में आक्रामक वृद्धि और वैश्विक बाजारों में मंदी की बढ़ती आशंका के चलते विदेशी निवेशकों की बिकवाली से घरेलू बाजारों में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपए के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने का भी निवेशकों की धारणा पर प्रभाव पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार चौथे कारोबार सत्र में गिरावट आई और यह 953.70 अंक यानी 1.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,145.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय

**● सेंसेक्स 953.70 अंक लुढ़का, आईटी शेयर लाभ में**

सेंसेक्स 1,060.68 अंक तक गिर गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 311.05 अंक यानी 1.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,016.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 5.49 प्रतिशत की गिरावट हुई। टाटा स्टील, आईटीसी, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और इंडसइंड बैंक के शेयर भी प्रमुख रूप से गिरावट में रहे। दूसरी तरफ एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, टीसीएस, विप्रो और नेस्ले के शेयर लाभ के साथ बंद हुए। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा



अनुसंधान प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, कमजोर वैश्विक संकेतों और रुपए में लगातार गिरावट के कारण निफ्टी लगातार चौथे कारोबारी सत्र में नुकसान में रहा। उन्होंने कहा, उच्च मुद्रास्फीति और वैश्विक मंदी की आशंका लगातार बढ़ने के कारण इक्विटी समेत जोखिम वाली वैश्विक संपत्तियों में सोमवार को बड़ी बिकवाली दर्ज की गई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड रिजर्व के ब्याज दरों में आक्रामक वृद्धि की वजह से डॉलर में तेजी, सुस्त आर्थिक वृद्धि और सतर्क निवेशकों की बढ़ती मांग वैश्विक शेयर बाजारों में उथल-पुथल पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, इन सबके बीच रुपए में गिरावट, बांड प्रतिफल बढ़ने और एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख के साथ घरेलू बाजार नुकसान में रहे। केवल आईटी क्षेत्र लाभ में रहे। इसका कारण यह संभावना है कि वैश्विक मंदी की आशंका का ज्यादातर असर कीमत के रूप में आ चुका है। बीएसई का मिडकैप 3.33 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक 2.84 प्रतिशत टूट गए। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में बंद हुए। यूरोपीय शेयर बाजारों में शुरूआती कारोबार में गिरावट का रुख था।

## काला धन कानून के तहत नोटिस पर अनिल अंबानी के खिलाफ 17 नवंबर तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीः अदालत

**भाषा।** मुंबई

**बंबई उच्च** न्यायालय ने आयकर विभाग को निर्देश दिया है कि वह रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के खिलाफ 17 नवंबर तक कोई दंडात्मक कार्वाई न करे। आयकर विभाग ने अंबानी को काला धन कानून के तहत नोटिस भेजकर पूछा था कि आखिर उन पर मुकदमा क्यों न चलाया जाए। आयकर विभाग ने आठ अगस्त, 2022 को अंबानी को दो स्विस बैंक खातों में रखे 814 करोड़ रुपए से अधिक के अघोषित धन पर नोटिस जारी किया था और आरोप लगाया कि उन्होंने कथित रूप से 420 करोड़ रुपए की कर चोरी की। विभाग ने अंबानी (63) पर कर



चोरी का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने जानबूझकर भारतीय कर अधिकारियों को अपने विदेशी बैंक खाते के विवरण और वित्तीय हितों के बारे में नहीं बताया। अंबानी ने इस महीने की शुरुआत में नोटिस को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें दावा किया गया कि काला धन कानून 2015 में लागू किया गया था, जबकि कथित लेनदेन 2006-2007 और 2010-2011 के हैं। अंबानी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रफीक दादा ने कहा कि अधिनियम के प्रावधान पिछली तारीख से प्रभावी नहीं हो सकते। आयकर विभाग की ओर से पेश अधिवक्ता अखिलेश्वर शर्मा ने याचिका पर जवाब देने के लिए समय मांगा। न्यायमूर्ति एस वी गंगापुरवाला और न्यायमूर्ति आर एन लड्ढा की खंडपीठ ने इसकी अनुमति दी और याचिका पर सुनवाई के लिए 17 नवंबर की तारीख तय की। अदालत ने कहा, आयकर विभाग अगली तारीख तक याचिकाकर्ता (अंबानी) के खिलाफ कारण बताओ नोटिस के तहत कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं करेगा। पीठ ने आयकर विभाग को अंबानी की इस दलील का जवाब देने को भी कहा कि काला धन कानून के प्रावधान पिछली तारीख से लागू नहीं हो सकते।

# एसएंडपी को उम्मीद, चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहेगी

भाषा। नई दिल्ली

**एसएंडपी** ग्लोबल रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रह सकती है। साथ ही रेटिंग एजेंसी ने कहा कि मुद्रास्फीति 2022 के अंत तक छह प्रतिशत के ऊपर रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति की अधिकतम सीमा छह प्रतिशत तय की है। हालांकि महंगाई लगातार इस स्तर से ऊपर बनी हुई है। एसएंडपी ने एशिया प्रशांत के लिए अपने आर्थिक पूर्वानुमानों में कहा कि अगले साल भारत की वृद्धि को घरेलू मांग में सुधार का समर्थन मिलेगा। बयान में कहा गया, हमने भारत के वृद्धि पूर्वानुमान को वित्त वर्ष 2022-2023 के लिए 7.3 प्रतिशत और अगले वित्तीय वर्ष के लिए 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा है, हालांकि इसमें कमी का जोखिम बना हुआ है। उच्च मुद्रास्फीति और बढ़ती नीतिगत ब्याज दरों के बीच अन्य एजेंसियों ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद के वृद्धि अनुमान में कटौती की है। इस महीने की शुरुआत में, फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि अनुमान को घटाकर सात प्रतिशत कर दिया था, जो इससे पहले 7.8 प्रतिशत था। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने भी अपने अनुमान को सात प्रतिशत से घटाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया था। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपने पूर्वानुमान को 7.5 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-मार्च) में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

### निर्यात बढ़ाने के लिए जीसीसी बाजारों में प्रदर्शनी, अन्य कार्यक्रम आयोजित करेगा फियो

**दुबई।** भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने भारत से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बाजारों में प्रदर्शनी समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है। जीसीसी का गठन मई, 1981 में किया गया था। इसके सदस्य देश सऊदी अरब, बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) हैं। फियो के अनुसार, जीसीसी को भारत का निर्यात वित्त वर्ष 2021-22 में 44 प्रतिशत बढ़कर 43.9 अरब डॉलर रहा, जो 2020-21 में 27.8 अरब डॉलर था। फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, वित्त वर्ष 2021-22 में जीसीसी में हमारा निर्यात प्रदर्शन शानदार रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के अलावा, सऊदी अरब को हमारे निर्यात में 49 प्रतिशत, ओमान को 33 प्रतिशत, कतर को 43 प्रतिशत, कुवैत को 17 प्रतिशत और बहरीन को निर्यात में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। फियो के अध्यक्ष ए शक्तिवेल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में हमने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि इसमें प्रदर्शनी, बीटूबी (कंपनियों के बीच) प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता, संवाद सत्र और क्षमता निर्माण कार्यक्रम शामिल हैं। ए कार्यक्रम भारत के निर्यात को बढ़ाने के लिए आयोजित किए जाएंगे है। फियो के सदस्य सुपर सोर्सिंग दुबई (एसएसडी) कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यहां आए हैं।

## विदेश व्यापार नीति को मार्च 2023 तक बढ़ाने का फैसला

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने इस समय लागू विदेश व्यापार नीति (2015-20) को छह और महीनों के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अमित यादव ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि मौजूदा विदेश व्यापार नीति को मार्च 2023 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। इसकी अवधि 30 सितंबर को ही समाप्त होने वाली थी। यादव ने कहा कि उद्योग संगठनों एवं निर्यात संवर्धन परिषदों जैसे विभिन्न क्षेत्रों से मौजूदा व्यापार नीति को ही फिलहाल बनाए रखने का अनुरोध किया गया था। संगठन मौजूदा हालात में नई विदेश व्यापार नीति लागू करने के पक्ष में नहीं थे। विदेश व्यापार की गतिविधियों से जुड़े तमाम संगठनों का मानना है कि वैश्विक चुनौतियों और रुपए की स्थिति में आ रहे उतार-चढ़ाव को देखते हुए अभी मौजूदा नीति को ही जारी रखना सही होगा। उनका कहना है कि नई विदेश व्यापार नीति को नए वित्त वर्ष की शुरुआत से लागू करना वाजिब होगा। इसके पहले उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय ने कहा था कि सितंबर के अंत तक वह नई विदेश व्यापार नीति जारी कर देगा।

## टाटा मोटर्स का नया पिकअप योद्धा 2.0

**हैदराबाद।** भारत में वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स ने योद्धा 2.0, इंट्रा वी20 बाइ फ्यूल और इंट्रा वी50 को लॉन्च किया। कंपनी ने इन उत्पादों की पेशकश के साथ ही देश के तेजी से बढ़ रहे पिकअप सेगमेंट में नए मानक स्थापित किये हैं। यह मजबूत और शानदार पिकअप्स एकदम नई बोल्ड डिजाइन में उतारे गए हैं। ये नए वाहन भार उठाने की सबसे ज्यादा क्षमता, डेक की सबसे ज्यादा लंबाई और सबसे लंबी रेंज की पेशकश करते हैं। इनमें सुरक्षित और आरामदायक ड्राइव के लिये जरूरी कई आधुनिक फीचर्स मौजूद हैं। नये योद्धा 2.0, इंट्रा वी20 बाइ.फ्यूल और इंट्रा वी50 को शहरों एवं गांवों में अलग.अलग तरह की जरूरतों में इस्तेमाल करने के लिए डिजाइन किया गया है। ये पिकअप्स तेजी से बढ़ रहे कृषि, पोल्ट्री और डेयरी सेक्टर्स की मोबिलिटी जरूरतों को पूरा करने के लिए एकदम आदर्श वाहन हैं। टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने कहा कि हमारे छोटे वाणिज्यिक वाहन लाखों ग्राहकों को आजीविका देने और और उन्हें सफल बनाने के लिये जाने जाते हैं। ग्राहक अपने कारोबार को बढ़ाना चाहते हैं और एक बेहतर जीवन जीने की चाहत रखते हैंए ऐसे में उन्हें हमारी पिकअप्स की नई श्रृंखला में एकदम उपयुक्त साथी मिलेगा।

### डाबर आंवला हेयर ऑयल की ब्राण्ड अम्बेस्डर बनीं दीपिका

**लखनऊ ।** नैचुरल पर्सनल केयर कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने दुनिया के नंबर एक हेयर ऑयल ब्राण्ड डाबर आंवला के लिए बॉलीवुड दीवा दीपिका पादुकोण को नई ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। कैंपेन में दीपिका पादुकोण असली आंवला.डाबर आंवला के इस्तेमाल के बारे में बताती हैं जो किसी आम हेयर ऑयल के मुकाबले बालों को 2.गुना मजबूत बनाता है। अभिषेक जुगरान वाईस प्रेज़ीडेन्ट. मार्केटिंगए डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा, डाबर आंवला के परिवार में दीपिका पादुकोण का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।

### एफएफएस ने 88 एआईएफ को 7,385 करोड़ रुपए देने की प्रतिबद्धता जताईः मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वर्ष 2016 में स्टार्टअप के लिए गठित कोषों के कोष (एफएफएस) ने इस साल 24 सितंबर तक 88 वैकल्पिक निवेश कोषों (एआईएफ) को 7,385 करोड़ रुपए मुहैया कराने की प्रतिबद्धता जताई है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एफएफएस की पहल ने भारतीय स्टार्टअप परिवेश में घरेलू पूंजी लाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

### कंपनियां 2023 में कर्मचारियों के वेतन में कर सकती है 10.4 प्रतिशत की वृद्धि : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** देश में कंपनियां अपने कारोबार में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद के बीच वर्ष 2023 में कर्मचारियों के वेतन में 10.4 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती हैं। वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एओएन पीएलसी के भारत में वेतन वृद्धि के ताजा सर्वेक्षण के अनुसार वेतन में 2023 के दौरान 10.4 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। यह आंकड़ा फरवरी के वेतन में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि के अनुमान से अधिक है। वहीं, 2022 के दौरान वेतन में 10.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। अध्ययन के तहत देश में 40 से अधिक उद्योगों की 1,300 कंपनियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। इसमें कहा गया कि 2022 की पहली छमाही में नौकरी छोड़ने की दर 20.3 प्रतिशत के उच्च स्तर पर रही। इसलिए कंपनियों पर वेतन में वृद्धि का दबाव है। यह दर वर्ष 2021 में 21 प्रतिशत के मुकाबले कम है। सर्वेक्षण के अनुसार, यह प्रवृत्ति अगले कुछ महीने जारी रहने की संभावना है। भारत में एओन में ह्यूमन कैपिटल सॉल्यूशंस भागीदार आर चौधरी ने कहा, वैश्विक चुनौतियों और उच्च घरेलू मुद्रास्फीति के बावजूद 2023 में भारत में अनुमानित वेतन वृद्धि दहाई अंकों में होगी।

# अयोध्या में शुरू हुई 3डी तकनीक पर दुनिया की पहली रामलीला

**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या

- **योगी सरकार बनने के बाद भव्य रामलीला की हुई शुरुआत**
- **पात्रों के रूप में दिखेंगे बीजेपी सांसद और बॉलीवुड एक्टर**
- **5 अक्टूबर तक चलेगी अयोध्या की रामलीला डीडी यूपी पर होगा लाइव टेलीकास्ट**
- **पात्रों के वस्त्र और आभूषण हैं लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र**



**योगी** सरकार ने सत्ता में आने के बाद से ही अयोध्या के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। यहां एक तरफ भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है, तो वहीं विकास एवं सुंदरीकरण के कार्यों की एक लंबी श्रृंखला भी गतिमान है। इसके अलावा दीपोत्सव के जरिए इस प्राचीन नगरी के गौरव की पुनर्स्थापना का कार्य भी हो रहा है। वहीं शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन से अयोध्या की बहुविख्यात रामलीला भी शुरू हो गयी है। इसमें फिल्मी कलाकारों और भाजपा सांसदों द्वारा विभिन्न पात्रों की भूमिका निभायी जाएगी। सबसे खास बात यह है कि इस साल अयोध्या की रामलीला में दुनिया में पहली बार 3डी तकनीक का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। लक्ष्मण किला मंदिर परिसर में रामलीला का मंचन 5 अक्टूबर तक होगा।

**विभिन्न किरदारों के रूप में दिखेंगी नामी हस्तियां, कोई बनेगा शबरी, कोई नारद मुनि:** अयोध्या की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मालिक बाबी के मुताबिक, कई कलाकार अयोध्या पहुंच कर रिहर्सल कर रहे हैं। इस बार रामलीला में बीजेपी सांसद मनोज तिवारी, रवि किशन और दिनेश लाल यादव %निरहुआ% भी दिखेंगे। इसके अलावा महाभारत सीरियल के %शकुनी मामा% गुफी पेंटल रामलीला में नारद मुनि की भूमिका निभा रहे हैं। गिरजा शंकर राजा दशरथ तो फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री शबरी की भूमिका में दिखाई देंगी। मशहूर कलाकार राकेश बेदी और रजा मुराद जैसी कई हस्तियां अयोध्या की रामलीला में विभिन्न पात्रों के रूप में नजर आएंगी। रावण की भूमिका शाहबाज खान निभा रहे हैं।

**3डी तकनीक है खास :** अयोध्या में इस साल की रामलीला 3डी तकनीक पर प्रस्तुत की जाने वाली दुनिया की पहली रामलीला बन गयी है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मालिक बाबी के अनुसार वीआईपी गैलरी के लिए 3डी चश्मे की भी व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि रामलीला के मंच पर एलईडी स्क्रीन लगी है, उस पर रामायण काल के बैकग्राउंड को 3डी पर प्रस्तुत किया जा रहा है। जिससे रामलीला का सजीव मंचन श्रद्धालुओं को दिखे। इसके अलावा इस बार रामलीला में प्रभु श्रीराम और माता सीता के वस्त्र व आभूषण भी लोगों के लिए विशेष आकर्षण हैं। प्रभु श्रीराम के वस्त्र विशेष तौर पर नेपाल के जनकपुर के डिजाइनरों ने तैयार किये हैं, जबकि असली सोने से निर्मित माता सीता के आभूषणों को मुंबई के डिजाइनरों ने तैयार किया है।


**11 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था :** इस साल फिल्मी कलाकारों से सजी अयोध्या की रामलीला का तीसरा संस्करण है। इसका आयोजन सीएम योगी आदित्यनाथ और संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के सहयोग से हो रहा है। रामलीला स्थल पर करीब 11 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है। जहां 2020 में 16 करोड़ और 2021 में 22 करोड़ श्रद्धालुओं ने अयोध्या की रामलीला का लाइव टेलीकास्ट दूरदर्शन और कई सेटेलाइट चैनल व सोशल मीडिया, यूट्यूब पर देखा, वहीं इस साल इसे 50 करोड़ दर्शकों तक पहुंचाने का प्लान बनाया गया है। अयोध्या की रामलीला प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक यूपी दूरदर्शन पर लाइव टेलीकास्ट की जाती है। इसके पहले शनिवार को कलाकारों ने रिहर्सल में काफी मेहनत की।

**रावण दहन के दिन कई मंत्री और फिल्म एक्टर रहेंगे मौजूद :** सुभाष मालिक बाबी ने बताया कि रामलीला स्थल पर रावण दहन के दिन कई मंत्री और फिल्म कलाकार मौजूद रहेंगे, जिसमें आशीष शर्मा, सोनारिका भदौरिया, अंकित शर्मा, गोविंद नामदेव और भजन गायक अनूप जलोटा के अलावा प्रोड्यूसर करण राजदान अपनी फिल्म %हिंदुत्व% की स्टारकास्ट के साथ शामिल होंगे। रामानन्द सागर के लोकप्रिय धारावाहिक रामायण में सीता माता का किरदार निभाने वाली दीपिका चिखलिया इस वर्ष रावण दहन के मौके पर अयोध्या में मौजूद रहेंगी।

## एटा में सपा नेता व जिला पंचायत सदस्य हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार

**एटा।** एटा जिले की अलीगंज कोतवाली पुलिस ने समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव को हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर आरोपों के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।अलीगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) विक्रांत त्रिवेदी ने बताया कि डकैती, हत्या के प्रयास और एक महिला के उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में कोतवाली में पिछले वर्ष 18 सितंबर को दर्ज मामले में यादव की गिरफ्तारी की गई है। यादव काफी समय से फरार थे।हालांकि विनोद यादव की गिरफ्तारी अलीगंज पुलिस ने तब की जब वह सीओ सकीट सुनील कुमार त्यागी के यहां जुगेंद्र सिंह यादव के कुर्क आवास पर चस्पा किए गए नोटिस में अपने बयान दर्ज कराने गया था। पुलिस ने उसे वहां बयान दर्ज करने के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस बात की पुष्टि सीओ सकीट ने की है। पुलिस के अनुसार, समाजवादी पार्टी के नेता एवं पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव, विनोद के चाचा हैं। पुलिस विभिन्न आपराधिक मामलों में रामेश्वर और जुगेंद्र की संपत्ति कुर्क कर चुकी है। जुगेंद्र की पत्नी रेखा यादव एटा की जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। वह और उनके पति गिरोहबंद अधिनियम के तहत मामला दर्ज होने के बाद से फरार हैं। रामेश्वर यादव जेल में बंद हैं।

# छोटे मामलों में सत्र न्यायालय को जमानत खारिज करने की जरूरत नहीं: हाईकोर्ट



**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हाल ही में एक आदेश में कहा कि सत्र न्यायालय को छोटे-मोटे मामलों में न्यायिक मंथन किए बगैर जमानत की अर्जी खारिज करने की जरूरत नहीं है।बुलंदशहर के रुद्र दत्त शर्मा नाम के एक व्यक्ति पर दर्ज एक आपराधिक मामले में अग्रिम जमानत की अर्जी पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुरेश कुमार गुप्ता ने यह टिप्पणी की। शर्मा पर भादंसं की धारा 1471353 (दंगे से जुड़े आरोप) के तहत मामला दर्ज किया गया था।याचिकाकर्ता के वकील की दलील सुनने और इस मामले के तथ्यों पर गौर करने के बाद अदालत ने कहा, इस मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए मेरा विचार है कि अकसर यह देखा गया है कि छोटे-मोटे मामलों में भी सत्र न्यायालय, न्यायिक मंथन किए बगैर और नियमित तौर पर जमानत की अर्जी खारिज कर देता है। अदालत ने कहा, यह बहुत खेदजनक है। इस तरह की जमानत अर्जी पर सत्र न्यायालय द्वारा विचार किया जाना चाहिए और निर्णय दिया जाना चाहिए। यह अग्रिम जमानत का एकदम सही मामला है और इसलिए जमानत मंजूर की जाती है। अदालत ने अमन प्रीत सिंह बनाम सीबीआई के मामले का भी हवाला दिया जिसमें व्यवस्था दी गई थी कि कोई व्यक्ति जो किसी गैर जमानतीा संज्ञेय अपराध में आरोपी है, यदि जांच के दौरान उसे हिरासत में नहीं लिया गया है तो ऐसे मामले में यह उचित है कि उसे जमानत पर रिहा किया जाए क्योंकि जांच के दौरान उसे गिरफ्तार नहीं किया जाना या हिरासत में उसे पेश नहीं किया जाना उसे जमानत पर रिहा होने का पात्र बनाने के लिए पर्याप्त है। गत 16 सितंबर को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी थी कि उसका मुवक्किल निर्दोष है और उसे मौजूदा मामले में झूठा फंसाया गया है। याचिकाकर्ता की उम्र 60 वर्ष है और मामले में उसकी कोई भूमिका नहीं है। याचिकाकर्ता के खिलाफ जिस अपराध का आरोप लगाया गया है, उसमें दो वर्ष तक के कारावास की सजा का प्रावधान है।

## पुलिस मुठभेड़ में घायल दो गौ-तस्कर गिरफ्तार

**फतेहपुर।** फतेहपुर जिले में बिंदकी कोतवाली पुलिस और विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने मुठभेड़ में घायल दो गौ-तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजे मुखबिर की सूचना पर बिंदकी कोतवाली पुलिस और एसओजी प्रथम की टीम आलमगंज प्रतापपुर गांव के पास पहुंची। पुलिस टीम को देखते ही गौ-तस्करों ने गोलीबारी शुरू कर दी और जवाबी कार्वाई में गौ-तस्कर अंसार और शाकिब उर्फ चींटा पैर में गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया, जबकि एक अन्य तस्कर फरार हो गया। एसपी ने बताया कि पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के पास से दो तमंचा, कारतूस, एक मोटर साइकिल, गोकशी में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार और एक गाय बरामद की है। उन्होंने बताया कि अंसार के विरुद्ध गंभीर अपराधों के आठ मुकदमे दर्ज हैं और शाकिब के खिलाफ चार मुकदमे दर्ज हैं।

## जमीन पर जबरन कब्जे के विरोध में किसान और उसके बेटे ने आत्मदाह की कोशिश की

**शाहजहांपु।** शाहजहांपुर जिले के खुटार क्षेत्र में सोमवार को एक निजी ऊर्जा कंपनी के अधिकारियों द्वारा जमीन पर कथित रूप से जबरन कब्जा करने के विरोध में एक किसान और उसके बेटे ने आत्मदाह का प्रयास किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक किसान ने आरोप लगाया कि उसने इसकी शिकायत अधिकारियों से की थी, मगर उनकी कोई सुनवाई नही हुई। खुटार थाने के प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि विजौरा बिजोरिया गांव के कुलविंदर सिंह (53) और उनके पिता रतन सिंह (85) ने अपने खेत पर कब्जे की कोशिश का आरोप लगाते हुए इसके विरोध में खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने माचिस छीनकर उनकी कोशिश को नाकाम कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि उप जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार तथा राजस्व विभाग की टीम भेजी गई थी। टीम की मौजूदगी में ही किसान ने तेल डालकर आत्महत्या का प्रयास किया जिसे पुलिस ने विफल कर दिया। उन्होंने बताया कि दोनों किसानों को बंडा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से रतन सिंह को शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज स्थानांतरित किया गया है। बंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर रिजवान खान ने बताया कि खुद पर मिट्टी का तेल उड़ेलते वक्त तेल कुलविंदर सिंह और रतन सिंह की आंखों के साथ-साथ मुंह के रास्ते पेट में चला गया जिससे उनका रक्तचाप बढ़ गया है। कुलविंदर ने बताया कि उनके खेत में एक निजी कंपनी के अधिकारियों ने बिना बताए केबल डाल दी। उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नही हुई। कुलविंदर ने दावा किया कि सोमवार को नायब तहसीलदार पुलिस बल के साथ आ गए और जबरन खेत पर कब्जा करवा रहे थे। कुलविंदर ने कहा कि इसी के चलते उन्होंने और उनके पिता ने आत्मदाह का प्रयास किया। उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## हाई टेंशन तार की चपेट में आने से दो युवकों की मृत्यु

**प्रयागराज।** जिले के यमुना पार करछना थाना क्षेत्र के बरांव लाला का पुरा गांव में सोमवार को दुर्गा पूजा पंडाल का लाउडस्पीकर लगाते समय हाई टेंशन तार की चपेट मे आने से दो युवको की मृत्यु हो गई। करछना के क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान ने बताया कि करंट की चपेट में आने से दोनो युवक खंभे से नीचे गिर पड़े जिन्हे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। चौहान ने कहा कि मृतकों की पहचान शिवम केसरवानी (18) और राहुल वर्मा (18) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

## स्पोर्ट्स प्रशिक्षक की ट्रेन से गिरकर मौत

**इटावा।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर कानपुर टूण्डला संभाग में इटावा जिले के इकदिल एवं भर्थना रेलवे स्टेशन के मध्य संगम एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर मेरठ के मोदी स्पोर्ट एकेडमी में प्रशिक्षक पद पर तैनात एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार वह भारतीय बास्केट बॉल के चयनित रेफरी थे। इटावा के पुलिस अधीक्षक (नगर) कपिल देव सिंह ने बताया कि दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर कानपुर टूण्डला संभाग मे इटावा जिले के इकदिल एवं भर्थना रेलवे स्टेशन के मध्य 24-25 सितंबर की दरमियानी रात संगम एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई थी। मरने वाले की शिनाख्त मेरठ के यशवर्धन राणा (25) रूप मे हुई है। उन्होंने बताया कि यशवर्धन राणा मेरठ मे मोदी स्पोर्ट एकेडमी मे प्रशिक्षक पद पर तैनात थे तथा भारतीय बास्केट बॉल के चयनित रेफरी थे। वह कानपुर के चौधरी हरमोहन सिंह यादव पैरामेडिकल कॉलेज में 23 से 29 सितंबर तक आयोजित 61वीं उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रेफरी के तौर पर हिस्सा लेने संगम एक्सप्रेस ट्रेन से मेरठ टीम के साथ कानपुर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि राणा ट्रेन के एस-पांच कोच मे थे तथा एस-तीन एवं एस-सात कोच मे बास्केट बॉल टीम यात्रा कर रही थी। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह ट्रेन के कानपुर स्टेशन पर पहुंचने पर कोच में यशवर्धन राणा के नहीं होने पर खोजबीन की गई। खोजबीन मे पता चला कि इटावा जिले की भर्थना स्टेशन के पास रात्रि में रेल लाइन किनारे एक शव पड़ा मिला है। इस सूचना पर बास्केटबॉल संघ के पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर शव की पहचान की।

# डिवाइडर से टकराकर पलटी कार सिपाही समेत चार लोगों की मौत

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले के मंसूरपुर क्षेत्र में सोमवार को दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराने से एक पुलिस कांस्टेबल समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मेरठ से हरिद्वार जा रहे लोगों से भरी एक कार मंसूरपुर थाना क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में मेरठ में तैनात कांस्टेबल कुलदीप मिश्रा (30) तथा तीन अन्य लोगों मनीष (26) अमन गौतम (25) तथा एक गौतम (25) तथा एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि इस दुर्घटना में घायल एक अन्य व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

## हादसे में दम्पति की जान गई

**बदायूं ।** जिले के उझानी क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली और कार की टक्कर में एक दम्पति की मौत हो गई तथा दो अन्य लोग घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अमित किशोर श्रीवास्तव ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात बदायूं के उझानी क्षेत्र के बरामयखेड़ा गांव के पास एक कार और ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर हो गई। इस घटना में वेद प्रकाश (23) तथा उसकी पत्नी रूबी (21) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में मुकेश और अंश नामक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रीवास्तव ने बताया कि वेद प्रकाश अपनी पत्नी को पास के गांव गुराई स्थित अपनी ससुराल से विदा कराकर अपने घर परौली गांव लौट रहा था।

## युवक ने किया भाभी से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**सहारनपुर ।** सहारनपुर जिले के देवबंद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक द्वारा कथित तौर पर चाकू दिखाकर अपनी भाभी से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि देवबंद थाने में पीड़िता ने रविवार देर शाम तहरीर देकर अपने देवर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।उन्होने कहा कि तहरीर मे थाना भवन के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व देवबंद क्षेत्र के एक गांव मे हुई थी। उसने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उसके दो अविवाहित देवर उस पर गलत नजर रखने लगे थे।राय ने बताया कि महिला ने दावा किया कि देवर ने 15 दिन पहले भी उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत की तो उसने यह बात अपने पति को बताई, लेकिन पति ने उल्टे उसे ही डांट फटकार चुप कर दिया। पीड़िता ने तहरीर मे कहा है कि विगत 24 सितंबर को उसका पति, सास ओर ससुर मजदूरी पर गए हुए थे, पीड़िता ने तहरीर मे कहा है कि विगत 24 सितंबर को उसका पति, सास ओर ससुर मजदूरी पर गए हुए थे, इसी बीच उसका एक देवर कमरे मे घुस आया ओर चाकू का डर दिखाकर उससे दुष्कर्म किया और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का कहना है कि उसने जब यह बात अपने पति, सास, ससुर को बताई तो उसकी ससुराल वाले आरोपी देवर को लेकर फरार हो गए। महिला ने अपने मायके वालों को बुलाकर रविवार शाम थाना देवबंद पहुंचकर तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बुन्देलखण्ड की बेटियों की तकदीर बदलने की मुहिम

## मंडलायुक्त ने नवेली-बंदेली अभियान को लेकर लिए बांदा डीएम की सराहना की

**आलोक निगम।** बांदा





**पूर्व** प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान.3 के अन्तर्गत बेटी पढाओए बेटी बचाओ के तहत ष्नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सवष् अभियान का शुभारम्भ 25 दिसम्बर 2021 में इसी 300 शैय्या युक्त महिला जिला अस्पताल के प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ थाए जिसमें 11 नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव मनाया गया था और केक काटा तथा सोहर भी गाये गए थे। आज उसी क्रम में आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा आरपीसिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री विपिन कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सवष् कार्यक्रम उपरोक्त स्थल पर सम्पन्न हुआ।आज शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सव का आयोजन उपरोक्त स्थल पर सम्पन्न हुआए जिसमें 10 बच्चियों का जन्मोत्सव केक काटकर तथा सोहर गीत गाकर हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चियों की माता श्रीमती आरती पालए श्रीमती सनैना देवीए श्रीमती आरतीए श्रीमती पूनमए श्रीमती डालीए श्रीमती चन्द्रकलीए श्रीमती कोमलए श्रीमती शिवरानीए श्रीमती बबिता देवीए श्रीमती माया की नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ महिला जिला अस्पताल में मनाया गया और जन्म प्रमाण देकर माताओं को सम्मानित किया गया।आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल आर0पी0सिंह ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिलाधिकारी बांदा द्वारा चलाये जा रहे नवेली.बुन्देली कार्यक्रम जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। उनके द्वारा जनपद में जनता के लिए अन्य विभिन्न प्रकार के नवाचार कार्यक्रम चलाये जा रहे हैंए जो समाज के लिए बहुत उपयोगी एवं लाभ परक हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित ही इस योजना से हमारी बुन्देलखण्ड की बेटियां आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनेगीं। उन्होंने सभी मातृ शक्तियों से अनुरोध किया कि अब अपने घरों के साथ.साथ लोंगो को जागरूक करें और अच्छी शिक्षा.दीक्षा देकर स्वावलम्बी बनायें। पुलिस उप महा निरीक्षक विपिन मिश्रा, जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ष्नवेली.बुन्देलीष् कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि बालक.बालिकाओं के बीच बढ रहे लैंगिग भेदभाव को कम करना तथा बालिकाओं के लिए सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं से लाभान्वित कराना। अभिभावकों का बालिकाओं के प्रति सम्मान बढानाए कन्या भ्रूण हत्या पर नियंत्रण करना और जनपद के लैंगिक अनुपात में सुधार करना और आम.जनमानस में जागरूकता फैलाना। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भा0ज0पा0 श्री संजय सिंहए जिलाधिकारी बांदा श्री अनुराग पटेलए पुलिस अधीक्षक श्री अभिनन्दनए ज्वाइंट मजिस्टेऊट प्रशिक्षु आई0ए0एस0 श्री जगत साईए नगर मजिस्टेऊट श्री राजेश वर्माए उप जिलाधिकारी सदर सुरभि शर्माए तहसीलदार सदर पुष्पकए महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती वन्दना गुप्ताए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पुरूष श्री एस0एन0मिश्राए महिला अधीक्षिका श्रीमती सुनीता सिंहए जिला प्रोबेसन अधिकारी मीनू सिंहए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रिन्सी मौर्या सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं पत्रकार गण उपस्थित रहे।

## प्रॉब्लम सॉल्विंग एप्रोच के प्रोत्साहन की मुहिम

**लखनऊ।** समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाली इनोवेशन की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ वीवो ने आज एक देशव्यापी पहल वीवो इग्नाइटश् को शुरू किया है। इस पहल के जरिए वीवो का उद्देश्य प्रॉब्लम.सॉल्विंग एप्रोच के साथ पूरे भारत में स्टूडेंट्स को सशक्त बनाने और देश के जरुरी मुद्दों पर बात करने के लिए सबसे उपयुक्त और आवश्यक वैज्ञानिक विचारों को एकीकृत कर लागू करने के लिए सही टेक्नोलॉजी को विकसित करना है। वीवो इंडिया के बिजनेस स्ट्रैटेजी हेड पैघम दानिश ने कहा वीवो में हम बेहतरीन और सरल उत्पादों और अनुभवों के जरिए दुनिया में खुशी लाने के लिए समर्पित हैं। इस विचार के अनुरूप वीवो के साथ हमारा लक्ष्य महत्वाकांक्षी युवाओं के मन में प्रॉब्लम.सॉल्विंग एप्रोच को प्रोत्साहित करना है। साथ ही देश से जुड़े अहम मुद्दों पर बात करने के लिए उन्हें अपने तकनीकी और रचनात्मक विचारों को प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

## लड़की के साथ दुष्कर्म कर उसे जला कर मारने के जुर्म एक व्यक्ति को उम्रकैद

**संभल।** संभल की जिला अदालत ने 11 वर्षीय एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म कर उसे जलाकर मारने के जुर्म में आज एक व्यक्ति आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उसपर बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। शासकीय अधिवक्ता नरेंद्र कुमार यादव ने बताया की नखासा थाना क्षेत्र में 21 नवंबर 2019 को जब 11 वर्षीय यह नाबालिग लड़की घर में अकेली थी, तब उसके पड़ोसी जीशान ने उसके साथ दुष्कर्म किया। यादव के अनुसार जब लड़की ने उसकी शिकायत घर वालों से करने की बात कही, तो जीशान ने उसके ऊपर मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा दी। अधिवक्ता के मुताबिक वारदात के समय लड़की की मां दवा लेने बाहर गई थी। उन्होने बताया कि लड़की को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा बाद में तबियत बिगड़ने पर उसे सफदरगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यादव के मुताबिक लड़की के परिजनों की तहरीर पर नखासा थाने में मामला दर्ज किया गया। उक्त मामले की सुनवाई पास्को एक्ट के न्यायाधीश अशोक कुमार यादव ने सोमवार को जीशान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उसपर बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 27 सितंबर, 2022



# पंड्या को आराम, शाहबाज लेंगे स्थान


**● दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की टी20 टीम घोषित, अय्यर शामिल, कोविड से नही उबरे शमी,हुड्डा भी बाहर**

**भाषा**। नई दिल्ली
















**कोविड**-19 से उबरने में नाकाम रहने के बाद भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की टी20 श्रृंखला से बाहर हो गए हैं जबकि बंगाल के हरफनमौला शाहबाज अहमद को हार्दिक पंड्या की जगह टीम में शामिल किया गया है। पंड्या को आराम दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 28 सितंबर से तिरुवनंतपुरम में शुरू हो रही है। ऑलराउंडर दीपक हुड्डा भी पीठ की जकड़न के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। राष्ट्रीय चयन समिति दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल करने के लिए तैयार है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, शमी कोविड-19 से उबर नहीं पाए हैं। उन्हें और समय की जरूरत है और इसलिए वह दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला से बाहर हो जाएंगे। उमेश यादव दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के लिए शमी के विकल्प के तौर पर टीम में बने रहेंगे। हालांकि यह पूछे जाने पर कि पंड्या के स्थान पर शाहबाज को क्यों चुना गया है, सूत्र ने कहा, क्या कोई तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर है जो हार्दिक की जगह ले सकता है। राज बावा को बहुत कम अनुभव है और इसलिए हमने उन्हें अनुभव दिलाने के लिए भारत ए टीम में रखा। उसे निखरने के लिए समय की जरूत है। मुझे कोई दूसरा नाम बताओ? हुड्डा के भी श्रृंखला से बाहर होने के कारण चयनकर्ताओं ने शायद सोचा होगा कि एक बल्लेबाज बेहतर विकल्प रहेगा। सूत्र ने कहा, शाहबाज एक बल्लेबाजी ऑलराउंडर है जो बाएं हाथ का अच्छा स्पिनर भी है। वह बैकअप की तरह है अगर अक्षर को 10 दिन में छह टी20 अंतरराष्ट्रीय के कारण किसी मैच में आराम की जरूरत पड़ी तो। इस दौरान देश भर में यात्रा करनी होगी। माना जा रहा है कि चयनकर्ता और बीसीसीआई के आला अधिकारी हाल के दिनों में चोट के इतने मामलों से नाखुश हैं। सूत्र ने कहा, कार्यभार प्रबंधन पर इतना जोर दिया जा रहा है। फिर भी इतने सारे मामले सामने आ रहे हैं। अब हुड्डा की पीठ में जकड़न है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह टी20 विश्व कप से पहले फिट हो जाएगा। भारत के शीर्ष खिलाड़ी टी20 विश्व कप की तैयारी में व्यस्त हैं और ऐसे में शिखर धवन की अगुवाई वाली एकदिवसीय टीम में बहुत सारे चेहरे वे होंगे जो जिम्बाब्वे में खेले थे लेकिन कुछ नए खिलाड़ियों को भी मौका मिल सकता है। शुभमन गिल, संजू सैमसन का टीम में चुना जाना निश्चित है। मध्य प्रदेश के युवा बल्लेबाज रजत पाटीदार को इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू क्रिकेट में शानदार सत्र के बाद पहली बार टीम में शामिल किए जाने की संभावना है। पाटीदार के लिए सत्र शानदार रहा है। उन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया और फिर रणजी ट्रॉफी फाइनल में शतक जड़ा। उन्होंने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में दो शतक मारे और इसी टीम के खिलाफ पहले लिस्ट ए मैच में नाबाद 45 रन बनाए। सूत्र ने कहा, आप रजत के मौजूदा फॉर्म को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं और वह एकदिवसीय टीम में जगह का प्रबल दावेदार है। यहां तक कि श्रेयस भी मुख्य टीम के साथ स्टैंडबाय के रूप में ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करेगा। मध्य क्रम में कुछ स्थान होंगे। इस बीच हनुमा विहारी सौराष्ट्र के खिलाफ ईरानी कप मैच में शेष भारत की टीम का नेतृत्व करेंगे।

### आईसीसी टी2० रैंकिंग में भारत को इंग्लैंड पर सात अंक की बढ़त

**दुबई**। भारत ने आस्ट्रेलिया को तीन मैचों की श्रृंखला मे हराकर आईसीसी टी20 रैंकिंग मे दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड पर बढत सात अंक की कर ली है। पहले मैच मे मिली हार के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने नागपुर मे श्रृंखला मे बराबरी की और हैदराबाद मे तीसरा वनडे और श्रृंखला अपने नाम कर ली। भारत को इससे एक अंक का फायदा मिला और अब उसके 268 अंक है जबकि इंग्लैंड उससे सात अंक पीछे है। भारत को अब दक्षिण अफ्रीका से श्रृंखला खेलनी है जिससे शीर्ष पर अपनी जगह और पुख्ता करने का मौका मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका 258 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है और वह भी बुधवार से शुरू हो रही श्रृंखला के जरिए अपनी रैंकिंग बेहतर कर सकता है। पाकिस्तान ने इंग्लैंड को कराची मे चौथे टी20 मे हराकर भारत को इंग्लैंड पर बढत पक्की करने मे मदद की। पाकिस्तान और दक्श्ज्ञिण अफ्रीका दोनो तीसरे स्थान पर है। पाकिस्तान को अभी इंग्लैड से तीन मैच और खेलने है और वह अपनी रैंकिंग मे सुधार कर सकता है। इंग्लैड बाकी तीन मे से एक भी मैच जीतने पर दूसरे स्थान पर बना रहेगा। विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया छठे स्थान पर खिसक गया है।

## भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम टी20 मैच के लिए तिरुवनंतपुरम पहुंची



**तिरूवनंतपुरम**। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 28 सितंबर को यहां ग्रीनफील्ड स्टेडियम में होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए भारतीय क्रिकेट टीम सोमवार को शहर पहुंच गई। भारतीय टीम का तिरूवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रशंसकों और केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने जोरदार स्वागत किया। दक्षिण अफ्रीका की टीम रविवार को यहां पहुंची थी और उसने आज अभ्यास शुरू किया। केसीए ने विज्ञप्ति में कहा, टीम इंडिया 27 सितंबर को मैदान पर अभ्यास करेगी। वे शाम पांच बजे से रात आठ बजे तक अभ्यास करेंगे। दक्षिण अफ्रीकी टीम दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक मैदान पर अभ्यास करेगी। टीम के कप्तान 27 सितंबर को मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में हिस्सा लेंगे। केसीए ने कहा कि मैच के केवल दो हजार टिकट बचे हैं। स्टेडियम की क्षमता 55 हजार दर्शकों की है। केसीए के संयुक्त सचिव रजिथ राजेंद्रन और तिरूवनंतपुरम जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजीव ने हवाई अड्डे पर भारतीय टीम का स्वागत किया। अपर-टीयर, पवेलियन और केसीए ग्रैंडस्टैंड के टिकटों की दरें क्रमश: ।,500 रुपए, 2,750 रुपए और 6,000 रुपए हैं। केसीए ग्रैंडस्टैंड सीटों के टिकट में भोजन का खर्च शामिल होगा।

### तसनीम, राजावत ने छत्तीसगढ इंटरनेशनल चैलेंज में एकल खिताब जीते

**रायपुर**। पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक खिलाड़ी तसनीम मीर और थॉमस कप विजेता प्रियांशु राजावत ने छत्तीसगढ इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन मे महिला और पुरूष एकल खिताब जीत लिए है। तसनीम ने छठी वरीयता प्राप्त सामिया फारूकी को 14-21, 21-17, 21 -11 से मात दी जबकि राजावत ने शुभांकर डे को 21 -13, 21-11 से हराया। मिश्रित युगल मे एन सिक्की रेड्डी और रोहन कपूर ने थाईलैड के रेचापोल एम और चासिनी कोरेपाप को 22- 20, 23- 21 से मात दी। पुरूष युगल मे दोनो भारतीय टीमें ही आमने सामने थी।तीसरी वरीयता प्राप्त ईशान भटनागर और केसाइ प्रतीक ने दूसरी वरीयता प्राप्त कृष्णा प्रसाद और विष्णुवर्धन गौड़ को 17 - 21, 21 - 15, 23- 21 से मात दी। भारत की आरती सारा सुनील और पूजा डांडु हालांकि महिला युगल मे जापान की चिसाटो होशी और मीयू ताकाहाशी से 21- 12, 12-21, 7 -21 से हार गई।

### जूलियस बाएर कप शतरंज : कार्लसन से हारे अर्जुन एरिगेसी

**न्यूयॉर्क**। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी जूलियस बाएर जनरेशन कप आनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे मैच में मैग्नस कार्लसन से हार गए। पहला मैच जीतने के बाद नॉर्वे के कार्लसन ने दूसरे मैच में पहले दो गेम जीतकर एरिगेसी को वापसी का कोई मौका नही दिया। चार बाजियो का पहला मैच जीतने के बाद कार्लसन को खिताब के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी। उन्होने दूसरे मैच के दोनो गेम जीत लिए। फाइनल मे चार चार बाजियो के दो मैच खेले गए। अगर खिलाड़ी एक एक मैच जीतते तो ब्लिट्ज टाइब्रेकर होता। कार्लसन ने पहले दौर मे एक ही गेम गंवाया और इस टूर्नामेंट के प्रदर्शन के आधार पर वह 2900 टूर रेटिंग अंक हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

### भारतीय क्रिकेटर तानिया के साथ लंदन के होटल में लूट की वारदात

**नई दिल्ली**। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज तानिया भाटिया ने सोमवार को दावा किया कि लंदन के मैरियट होटल में महिला टीम के प्रवास के दौरान नक्दी, कार्ड और आभूषण सहित उनका महत्वपूर्ण सामान लूट लिया गया। तानिया ने ट्विटर पर लिखा, मैरियट होटल लंदन मैडा वेले के प्रबंधन से हैरान और निराश हूं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ी के रूप में हाल के प्रवास के दौरान किसी ने मेरे कमरे मे प्रवेश किया और नक्दी, कार्ड, घड़ियां और आभूषण के साथ मेरा बैग चुरा लिया। इतना असुरक्षित। उन्होने इंग्लैड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के ट्विटर हैंडल को टैग करते हुए एक अन्य ट्वीट में लिखा, इस मामले की त्वरित जांच और समाधान की उम्मीद है। ईसीबी के पसंदीदा होटल साझेदार मे सुरक्षा की कमी आश्चर्यजनक है। उम्मीद है कि वे भी संज्ञान लेंगे। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी की शिकायत पर होटल ने अपने ट्विटर हैंडल के माध्यम से जवाब दिया और लिखा , तानिया, हमें यह सुनकर खेद है। कृपया अपना नाम और ईमेल पता के अलावा अपने आरक्षण के विवरण को साझा करें, ताकि हम इसकी जांच कर सके। भारत ने 10 से 24 सितंबर तक इंग्लैंड में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही एकदिवसीय मैच खेले थे। तानिया भारतीय महिला एकदिवसीय टीम का हिस्सा थी।

## रोहित ने भुवनेश्वर और हर्षल का बचाव किया



**भाषा**। हैदराबाद

**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और हर्षल पटेल का बचाव करते हुए टी20 विश्व कप से पहले उनके फॉर्म में लौटने का यकीन जताया है। एशिया कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में 2-1 से हराया। भुवनेश्वर और हर्षल हालांकि काफी महंगे साबित हुए और 12 से अधिक की औसत से रन दिए। रोहित ने कहा , भुवी को समय देने की जरूरत है क्योंकि टीम में उसके जैसा खिलाड़ी होने से हमें पता होता है कि वह क्या कर सकता है। उसका खराब फॉर्म ज्यादा दिन नहीं रहेगा। हम कुछ योजनाओं पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि डैथ ओवरों में उसे गेंदबाजी के अधिक विकल्प दे सकेंगे। इससे वह पहले की तरह ही प्रदर्शन कर पाएगा। उन्होंने कहा कि भुवनेश्वर में आत्मविश्वास की कमी नहीं है। उन्होंने कहा , मुझे नहीं लगता कि आत्मविश्वास की कोई कमी है। हमें उस पर और उसके कौशल पर भरोसा बनाए रखने की जरूरत है। हम अपनी ओर से देख रहे हैं कि क्या किया जा सकता है क्योंकि डैथ ओवरों में कुछ भी हो सकता है। ऐसे में गेंदबाजी के विकल्प होने जरूरी है ताकि उसके अनुसार फील्ड लगाई जा सके। इसके अनुसार ढलने के लिए अनुभव की जरूरत है। लंबी चोट के बाद लौटे हर्षल ने तीन मैचों में आठ ओवरों में 99 रन दे डाले लेकिन रोहित ने कहा कि एक श्रृंखला के आधार पर उसका आकलन नहीं किया जाना चाहिए। हर्षल हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। चोट के बाद लौटना आसान नहीं होता। वह करीब दो महीने से नहीं खेला है और वापसी आसान नहीं होती। उसका आकलन इस श्रृंखला के तीन मैचों के आधार पर नहीं होना चाहिए क्योंकि हमें पता है कि वह क्या कर सकता है। टीम के प्रदर्शन के बारे में रोहित ने कहा , हम सभी विभागों में बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। पिछले आठ या नौ मैचों से बल्लेबाजी शानदार रही है लेकिन हम और आक्रामक खेलना चाहते हैं। गेंदबाजी के बारे में उन्होंने कहा , गेंदबाजी मुख्य फोकस है। फील्डिंग में सुधार लगातार चलता रहता है और हम आगे भी करते रहेंगे। सूर्यकुमार यादव ने तीसरे मैच में 69 रन बनाकर भारत को जीत तक पहुंचाया जबकि विराट कोहली ने अर्धशतक जमाया। हम सभी को सूर्य के बारे में पता है कि वह मैदान के चारों ओर शॉट खेल सकता है और यह उसकी खासियत है। वह लगातार निखर रहा है और इस मैच में उसकी पारी खास थी क्योंकि पावरप्ले में हमारे दो विकेट गिर चुके थे। दूसरे छोर पर विराट के साथ उसने बेहद उपयोगी साझेदारी की।

### विश्व कप से पहले कार्तिक को खेलने का अधिक समय देना चाहता हूं



**हैदराबाद**। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अगले महीने आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज रोहित शर्मा को बल्लेबाजी का अधिक समय देना चाहते हैं। भारत अंतिम एकादश में कार्तिक और ऋषभ पंत में से एक को चुन रहा है। एशिया कप में पंत को चुना गया जबकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों मैचों में कार्तिक को उतारा गया। आस्ट्रेलिया को तीन मैचों की श्रृंखला में हराने के बाद रोहित ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा , मैं इन दोनों खिलाड़ियों को विश्व कप से पहले अधिक से अधिक मौके देना चाहता हूं। एशिया कप में दोनों के सारे मैच खेलने की पूरी संभावना थी। लेकिन मुझे लगता है कि दिनेश को अधिक समय देने की जरूरत है।उसे इस श्रृंखला में ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला। शायद तीन गेंद। यह काफी नहीं है। कार्तिक ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल सात गेंद खेली जबकि पंत ने एक मैच खेला लेकिन बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। पंत को भी समय की जरूरत है लेकिन इस श्रृंखला में बल्लेबाजी क्रम में स्थिरता बनाए रखना जरूरी थी। भारतीय टीम अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला खेलेगी और रोहित ने कहा कि कार्तिक और पंत को अंतिम एकादश में साथ में शामिल करना हालात पर निर्भर करेगा। मुझे नहीं पता कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्या होगा। हमें उनकी गेंदबाजी पर गौर करना होगा। हम बल्लेबाजी में लचीलापन रखना चाहते हैं। अगर हालात के अनुसार बाएं हाथ के बल्लेबाज को उतारना होगा तो हम वैसा करेंगे और दाहिने हाथ का बल्लेबाज चाहिए होगा तो उसे उतारेंगे। इन सभी के प्रबंधन को लेकर काफी सतर्क रहना होगा।

## जडेजा की गैरमौजूदगी का असर नहीं हुआ, अक्षर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया : मैकडोनाल्ड

**भाषा**। हैदराबाद



**आस्ट्रेलिया** के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि टी20 श्रृंखला में रविंद्र जडेजा के नहीं खेलने से भारतीय टीम कमजोर नहीं हुई बल्कि अक्षर पटेल के रूप में उन्हें बेहतरीन विकल्प मिला। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर को चोटिल जडेजा की जगह उतारा गया। अक्षर ने तीन मैचों की श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेकर अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। मैकडोनाल्ड ने तीसरे मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , अक्षर का प्रदर्शन शानदार रहा। जडेजा के बाहर होने के बाद सभी ने सोचा था कि भारतीय टीम कमजोर होगी लेकिन उन्हें एक और शानदार खिलाड़ी मिल गया। यह पूछने पर कि विश्व कप से पहले श्रृंखला में मिली हार क्या चिंता का सबब है, कोच ने कहा , पूरी श्रृंखला में रनरेट अच्छा रहा और काफी मनोरंजक क्रिकेट खेली गई। बल्ले का गेंद पर दबदबा रहा और गेंदबाजों के लिए कुछ था नहीं। आस्ट्रेलिया और यहां के हालात अलग हैं। वहां पिचों में अधिक उछाल होगी और मिशेल स्टार्क टीम में लौटेंगे जिससे हमारा आक्रमण मजबूत होगा।

### टी20 की तैयारी में असम क्रिकेट संघ

**गुवाहाटी**। असम क्रिकेट संघ ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो अक्टूबर को होने वाले टी20 मैच में बारिश होने की दशा में समय का कम से कम नुकसान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। यहां भारत और श्रीलंका के बीच जनवरी 2020 में खेला गया पिछला मैच भारी बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। एसीए सचिव देवजीत सैकिया ने पीटीआई से कहा , गुवाहाटी में सर्दियों के मौसम में अप्रत्याशित बारिश हुई और यही वजह है कि 2020 में मैच रद्द करना पड़ा था। दो अक्टूबर को बारिश का पूर्वानुमान नहीं है लेकिन मौसम पर किसी का वश नहीं है। हमने दो अक्टूबर के लिए सारे इंतजाम किए हैं। एसीए ने दो बेहद कम वजन के पिच कवर अमेरिका से मंगवाए हैं और उसके पास पहले ही से 20 कवर हैं। इन कवर के इस्तेमाल से पानी या नमी पिच के भीतर नहीं जाएंगे। बीसीसीआई के मुख्य क्यूरेटर को 16 सितंबर को यह मैदान दिया गया था। इस मैच में मैदान खचाखच भरा रहने की उम्मीद है और आनलाइन टिकटों की बिक्री के पहले चरण में रूझान बहुत अच्छा रहा है। पहले चरण के सारे टिकट बिक गए और अब 26 सितंबर को दूसरे चरण की बिक्री शुरू होगी। स्टेडियम की क्षमता 39000 दर्शकों की है जिनमें से 8000 विभिन्न एजेंसियों, प्रदेश ईकाई , प्रायोजकों और अन्य अतिथियों को निशुल्क पास दिए जाएंगे। सैकिया ने कहा कि दुर्गापूजा और गांधी जयंती के साथ पड़ने के कारण मैच में भीड़ के प्रबंधन के अतिरिक्त उपाय किए जाएंगे।

## पाकिस्तान ने रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को हराया

**भाषा**। कराची

**पाकिस्तान** ने आखिरी दो ओवर में इंग्लैंड के लचर प्रदर्शन का फायदा उठाकर चौथे मैच में उससे जीत छीनकर सात मैचों की टी20 श्रृंखला में 2-2 से बराबरी कर ली। पाकिस्तान के चार विकेट पर 166 रन के जवाब में इंग्लैंड को चौथे मैच में 18 गेंद में 33 रन की जरूरत थी लेकिन लियाम डॉसन (17 गेंद में 34 रन) ने तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनैन के डाले 18वें ओवर में चार चौके और एक छक्के समेत 24 रन ले डाले। इसके बाद उन्होंने 19वें ओवर में हारिस रऊफ को चौका लगाया। उस समय इंग्लैंड को दस गेंद में पांच रन चाहिए थे और उसके तीन विकेट बाकी थे। रऊफ ने हालांकि डॉसन को मिडविकेट पर लपकवाया और टी20 में पदार्पण कर रहे ओली स्टोन को खाता भी नहीं खोलने दिया। आखिरी ओवर में इंग्लैंड को चार रन चाहिए थे लेकिन रीसे टॉपले रन आउट हो गए और पाकिस्तान ने चार गेंद बाकी रहते तीन रन से जीत दर्ज की। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान मोईन अली ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने 67 गेंद में 88 रन बनाए जो श्रृंखला में उनका तीसरा अर्धशतक है। रिजवान और कप्तान बाबर आजम (28 गेंद में 36 रन) ने 71 गेंद में 97 रन जोड़कर पाकिस्तान को शानदार शुरूआत दी। इंग्लैंड का शीर्षक्रम हसनैन और नवाज की गेंदों का सामना नहीं कर सका। उसके लिए बेन डकेट ने 33 और मोईन अली ने 29 रन का योगदान दिया।


### रन आउट से जुड़े नियमों को लेकर स्पष्टता चाहती हैं केट क्रॉस


**भाषा**। लंदन

**इंग्लैंड की** तेज गेंदबाज केट क्रॉस यहां लार्ड्स में भारत के खिलाफ अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में चार्ली डीन के विवादास्पद तरीके से रन आउट होने के बाद चाहती हैं कि गेंदबाजी छोर पर क्रीज से बाहर निकलने पर रन आउट से जुड़े अस्पष्ट नियम को स्पष्ट किया जाना चाहिए। भारत ने शनिवार को इंग्लैंड को 16 रन से हराया जब आलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड की अंतिम बल्लेबाज डीन (47) को रन आउट किया क्योंकि वह गेंदबाजी छोर पर गेंद फेंके जाने से पहले ही क्रीज छोड़कर काफी आगे निकल गईं थी। डीन को इस तरह से आउट किए जाने को लेकर इंग्लैंड की टीम नाखुश थी और इसके बाद खेल भावना को लेकर बहस शुरू हो गई। क्रॉस ने बीबीसी के नो बॉल पोडकास्ट पर कहा, इस तरह की चीजों से मुझे लगता है कि यह चीज सामने आती है कि नियमों को सही तरीके से नहीं लिखा गया है जिससे कि वे स्पष्ट हों। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि नियमों को लेकर और स्पष्ट शब्दों का इस्तेमाल करने की जरूरत है क्योंकि यह काफी अस्पष्ट है।

## हमने डीन को कई बार चेतावनी दी थी, दीप्ति ने विवादित रन आउट पर कहा

**भाषा**। कोलकाता





**भारतीय** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने तीसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में चार्ली डीन को रन आउट करने के फैसले का बचाव करते हुए सोमवर को यहां कहा कि इंग्लैंड टीम की इस बल्लेबाज को आउट करने से पहले कई बार आगाह किया गया था। दीप्ति ने नॉन स्ट्राइक छोर पर गेंदबाजी करने से पहले आगे निकल गई डीन को रन आउट किया जिससे भारत यह मैच जीतने में सफल रहा। चार्ली डीन तब 47 रन पर खेल रही थी और इंग्लैंड को जीत के लिए 17 रन की दरकार थी। यह रन आउट खेल के नियमों के अनुसार था लेकिन इंग्लैंड के खिलाड़ी इससे खुश नहीं थे। दीप्ति के इस तरीके ने एक बार फिर से खेल भावना को लेकर बहस शुरू कर दी। दीप्ति ने इंग्लैंड से यहां पहुंचने के बाद कहा, यह हमारी योजना थी क्योंकि वो बार बार ऐसा कर रही थी हम पहले ही उसे चेतावनी दे चुके थे। हमने नियमों और दिशानिर्देशों के मुताबिक अपना काम किया। रन आउट के इस तरीके को फिलहाल अनुचित तरीके में रखा गया है लेकिन अगले महीने से लागू होने वाले आईसीसी खेल के नियमों में इसे रन आउट की श्रेणी में कर दिया जाएगा। दीप्ति ने कहा कि टीम के खिलाड़ियों ने डीन को आउट करने से पहले अंपायर को भी उनके बार-बार क्रीज से बाहर निकलने के बारे में बताया था। अंपायर को बोला था हम लोगों ने, फिर भी वह बाहर निकल रही थी।

### रन आउट को सही ठहराने के लिए भारत को चेतावनी के बारे में झूठ बोलने की जरूरत नहीः नाइट

**नई दिल्ली**। कूल्हे की चोट से उबर रही इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच मे दीप्ति शर्मा के गेंदबाजी छोर पर चार्ली डीन को रन आउट करने से पहले उन्हे चेतावनी देने को लेकर भारतीय महिला टीम पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। भारत ने शनिवार को इंग्लैड को 16 रन से हराया जब आलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इंग्लैड की अंतिम बल्लेबाज डीन (47) को रन आउट किया क्योंकि वह गेंदबाजी छोर पर गेंद फेंके जाने से पहले ही क्रीज छोड़कर काफी आगे निकल गईं थी। डीन को इस तरह से आउट किए जाने को लेकर इंग्लैड की टीम नाखुश थी और इसके बाद खेल भावना को लेकर बहस शुरू हो गई। स्वदेश लौटने के बाद दीप्ति ने सोमवार को खुलासा किया कि चार्ली डीन को रन आउट किए जाने से पहले क्रीज से बाहर निकलने को लेकर कई बार आगाह किया गया था। नाइट ने हालांकि कई ट्वीट करके दीप्ति के दावे को खारिज किया। नाइट ने ट्विटर पर लिखा, मैच खत्म हो चुका है। चार्ली को वैध तरीके से आउट किया गया। भारत मैच और श्रृंखला जीतने का हकदार था लेकिन कोई चेतावनी नही दी गई। इसे देने की कोई जरूरत नही थी, इससे आउट होना कम वैध नही हो जाता।

### भारतीय फुटबॉल टीम के सामने वियतनाम की चुनौती

**भाषा**। हो ची मिन्ह सिटी

**भारतीय** फुटबॉल टीम को मंगलवार को यहां हंग थिन्ह मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट में वियतनाम की चुनौती का सामना करना होगा। भारत को पिछले शनिवार को उससे कम रैंकिंग वाले सिंगापुर ने ।-। से बराबरी पर रोक दिया था। वियतनाम की टीम पहले मैच में सिंगापुर को 4-0 से हराने के बाद आत्मविश्वास से भरी है और भारतीय टीम को उसके खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह अधिक मजबूत टीम के खिलाफ काफी अलग मुकाबला होगा इसलिए हमारा रवैया भी इसी के अनुसार बदलेगा। हमें अधिक एकाग्र होने की जरूरत है। साथ ही हमें अपने डिफेंस पर भी ध्यान देना होगा। लंबी दूर के शॉट के साथ वे कड़ी चुनौती पेश करते हैं और हमें उनके सटीक क्रॉस से भी निपटना होगा। भारत के मुख्य कोच ने वियतनाम और सिंगापुर के बीच मुकाबले पर भी करीबी नजर रखी और उनका मानना है कि मंगलवार का उनका प्रतिद्वंद्वी एक संगठित टीम है।

### खिलाड़ी तीन-चार साल अभ्यास नहीं करने पर खेल के तरीके को भूल जाता हैः निशानेबाज विजय कुमार



**नई दिल्ली**। लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी करने वाले ओलंपिक रजत पदक विजेता निशानेबाज विजय कुमार ने कहा कि तीन-चार साल तक अभ्यास से दूर रहने पर खिलाड़ी खेल के तरीके को भूल जाता है। लंदन ओलंपिक मे रजत पदक जीतने वाले इस पिस्टल निशानेबाज ने हिमाचल प्रदेश पुलिस के करियर पर ध्यान देने के लिए निशानेबाजी से ब्रेक लिया था। इस दौरान उन्हे गहन प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा जिसमे उनका अधिकांश समय और ध्यान लगा था। उन्होने पिछले साल खेलो मे फिर वापसी की। विजय ने कहा, निशानेबाजी से दूर होना मेरे लिए ज्यादा बड़ा मसला नही था क्योंकि मै खुद को नौकरी की सुरक्षा मुहैया करा रहा था। मै खेलो मे फिर से नई शुरुआत कर रहा हूं। उन्होने कहा कि पुलिस ट्रेनिंग के दौरान उन्हे कई चुनौतियो का सामना करना पड़ा लेकिन इससे एक खिलाड़ी के तौर पर निशानेबाज कही खो गया।

### वाणी आयरिश महिला ओपन में 29वें, त्वेसा 49वें स्थान पर

**ड्रोमोलैंड (आयरलैंड)**। भारत की वाणी कपूर लगातार तीसरे दिन दो अंडर 70 के स्कोर से यहां लेडीज यूरोपीय टूर के केपीएमजी महिला आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त 29वें स्थान पर रही। भारत की ही त्वेसा मलिक ने संयुक्त 29वां स्थान हासिल किया। पहले दौर मे 72 के स्कोर से शुरुआत करने वाली वाणी ने अगले तीन दौर मे 70 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर छह अंडर 282 रहा। अंतिम दिन 72 का स्कोर बनाने वाली त्वेसा का कुल स्कोर एक अंडर 287 रहा। दीक्षा डागर और अमनदीप द्राल कट हासिल करने मे नाकाम रही थी। चेक गणराज्य की क्लारा स्पिलकोवा ने प्ले ऑफ मे जीत के साथ लेडीज यूरोपीय टूर पर दूसरा खिताब जीता।

### विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने को बेताब हूं : गुरजंत



**बेंगलुरू** राष्ट्रमंडल खेलो मे भारत को रजत पदक दिलाने मे अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय हॉकी टीम के फॉरवर्ड गुरजंत सिंह का इरादा अब अगले साल होने वाले एफआईएच विश्व कप मे अपनी छाप छोड़ने का है। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे गुरजंत ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति मे कहा , मुझे खुशी है कि मै राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता टीम मे था। ओलंपिक और राष्ट्रमंडल पदक जीतना बड़ी बात है। मैने उन पहलुओं को गौर किया है जिन पर और मेहनत करने की जरूरत है। मै अगले साल भुवनेश्वर और राउरकेला मे होने वाले विश्व कप मे और अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। भारत लगातार दूसरी बार विश्व कप की मेजबानी कर रहा है जो 13 से 29 जनवरी के बीच खेला जाएगा। विश्व कप खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है और मुझे उम्मीद है कि मुझे घरेलू मैदान पर खेलने का मौका मिलेगा।

# पौराणिक, आध्यात्मिक व दार्शनिक कथाएं संजोए है मूसानगर का मुक्तादेवी मंदिर

**● मां के दर्शन से पूरी होती हैं सभी की मुरादें**

**रामनाथ वर्मा।** पुखरायां, कानपुर देहात





**उत्तर** वाहिनी यमुना नदी के तट पर स्थित प्राचीन मुक्तादेवी मंदिर लोगों की प्रमुख आस्था को केंद्र है। जहां पर शारदीय नवरात्र के पहले दिन देवी स्वरूपा प्रथम शैलपुत्री के दर्शन के लिये भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कानपुर देहात समेत सीमावर्ती जनपदों एवं कई प्रदेशों के भक्तों ने माता के दरवार में माथा टेककर मन्नत मांगी। यह मंदिर अपने आप में कई पौराणितक, अध्यात्मिक, दार्शनिक एवं धार्मिक महत्व संजोए है। यही कारण नवरात्रों में दर्शन करने को भीड़ उमड़ती है।

लोक मान्यता के अनुसार राजा दश प्रजापति के यज्ञ में जब माता पार्वती सती हुई तो क्रोधित भगवान शंकर उन्हें कंधे में लेकर अपने धाम जा रहे थे। जहां पर माता पार्वती का मुकुट गिरा था उसी स्थान पर माता मुक्तेश्वरी का मंदिर बना है। माता पार्वती का मुकुट गिरने के कारण ही इस स्थान का नाम मुकुटेश्वरी पड़ा। समय के साथ इस स्थान का नाम बदल गया और आज मुक्तेश्वरी के नाम पर जाना जाता है। वहीं किंवदतिं है कि मूसानगर का प्राचीन नाम मुक्तानगर था। जिसे प्रहलाद के पौत्र दैत्यराज बलि ने बसाया था। दैत्यराज बलि को भगवान विष्णु के वामन अवतार द्वारा छले जाने की कथा ग्रामीणों से आज भी सुनी जा सकती है। ग्रामीणों में से नितिन कुमार दुबे ने बताया की मुक्तादेवी के आसपास का क्षेत्र मंदिर की दंत कथाओं से जुड़ा है। उन्होंने मंदिर के पीछे की ओर बसे गांव हलिया के बारे में बताया कि यहां पर भगवान के वामन अवतार ने बलि के सिर पर पैर रखा था। छलिया का मतलब राजा बलि को छलने वाला है। छलिया का अपभ्रंश ही आज गांव हलिया है। मूसानगर के नीरज ने बताया कि यह कहानियां पीढ़ियों से गुजरती हुई आज उन तक पहुंची हैं। मंदिर के गर्भ गृह की ओर इशारा करते हुए उन्होंने बताया की माता सती का मुकुट यहीं पर एक करील की झाड़ी में अटक गया था। जहां पर ग्वाले गाय चराने जाते थे। एक ग्वाले की दुधारू गाय यहां पर चरने के बाद जब घर पहुंचती थी तो उसके थानों से दूध की एक भी बूंद नहीं निकलती थी। जिससे परेशान होकर एक दिन ग्वाले ने गाय का पीछा किया तो वहां पर देखा कि गाय एक सुंदर कन्या को दूध पिला रही है। बताते हैं कि माता सती के मुकुट ने कन्या का रूप धारण कर लिया था। लोगों ने कन्या को गांव ले जाने की बहुत कोशिश की लेकिन वह टस से मस नहीं हुई और पत्थर की मूरत बन गई। कुछ लोगों ने बताया कि राजा बलि ने इसी स्थान पर त्रेता युग में माता मुक्तेश्वरी का मंदिर बनवाया था और एक अश्वमेघ व 99 वे अन्य यज्ञ पूरे किए थे। लेकिन 100 वां यज्ञ खंडित हो गया था। अन्यथा यह स्थान साक्षात पितृ तीर्थ बन गया बन जाता। वही राजीव सोनी बताते हैं कि मंदिर के निकट ही मूसानगर कस्बे में देवयानी सरोवर स्थित है जिसे छोटी गया भी कहा जाता है। पित्र पक्ष में लोग श्राद्ध, तर्पण और प्रथम पिंडदान देवयानी सरोवर में ही करने के बाद बिहार गया जाते हैं।

## जिले के वेबसाइट पर संरक्षित है मंदिर का इतिहास

**मुक्ता देवी** मंदिर को कानपुर देहात की पौराणिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहरों में गिना जाता है। जिले की आधिकारिक वेबसाइट के साथ ही विरासत पुस्तिका में इसका उल्लेख देखा जा सकता है। मंदिर को पुरातत्व धरोहर के रूप में संरक्षित किया गया है। वर्तमान समय में मंदिर को नया रूप देने के लिए कराये गए रंग रोगन और लगाये गए टाइल्स एवं अन्य निर्माण कार्य के चलते उसके पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्वरूप को छिप गए हैं। 1976 के एक शोध में कार्बन डेटिंग तथा पुरातत्व विभाग द्वारा इस मंदिर को 5000 साल पुराना बताया गया था। श्रद्धालुओं इतिहासकारों के साथ-साथ ही मंदिर ने रजवाड़ों को भी अपनी ओर आकर्षित किया था। बताते हैं कि मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ व दतिया के राजघरानों ने मंदिर परिसर में दो भवनों का निर्माण भी कराया था।

## सती के श्राप से पत्थर हो गई थी पूरी बारात

**मुक्तेश्वरी** मंदिर के अंदर एक छोटा सा म्यूजियम भी है। जिसमें असंख्य पत्थर की खंडित मूर्तियां रखी हुई हैं। यह अंकोरवाट के प्राचीन मूर्ति शिल्प का आभास कराती हैं। नरसिंह अवतार, गणेश, भूदेवी, विष्णु, शाक्यमुनि व यक्षिणियां की मूर्तियां विद्यमान हैं। ग्रामीणों ने इन खंडित मूर्तियों के बारे में एक दिलचस्प एवं अनोखी कहानी सुनाते हैं। बताया कि यह मूर्तियां बारात का एक .श्य हैं। गुजरे जमाने में मुक्तानगर में कहीं से एक बारात आयी थी। होने वाली दुल्हन के ससुरालीजनों में से किसी एक रिश्तेदार ने दुल्हन पर कुदृष्टि डाल दी थी। जिसके चलते दुल्हन की याचना पर माता सती के श्राप से पूरी बारात पत्थर बन गई थी।

# दशहरे पर प्रतिभाएं की जाएंगी सम्मानित : वीरेंद्र सिंह राठौर



**संवाददाता।** फरुखाबाद

**क्षत्रिय** महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि इस बार विजयदशमी व शस्त्र पूजन समारोह 4 अक्टूबर को क्षत्रीय भवन बघार रोड पर मनाया जायेगा। होटल राजपूताना में प्रेस वार्ता के दौरान श्री राठौर ने बताया कि विजयदशमी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कु हरबंश सिंह पूर्व सांसद के अलावा विधायक गणों में मानवेंद्र सिंह रानू,वीर विक्रम सिंह, सत्यपाल सिंह को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि 75 प्रतिशत अंक पाने वाले 10बी,12 बी के प्रत्येक प्रतिभाशाली तथा खेलकूद,किसी भी कला में प्रवीण समाज के लोगो को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कोरोना के तीन वर्ष बाद अगले वर्ष जनवरी,फरवरी में समाज के लोगो का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जायेगा। जिला अध्यक्ष रामबहादुर सिंह ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चे अपने अंक पत्र की छाया प्रति के साथ इन मोबाइल पर संपर्क करे 9919911122, 7985263455 तथा 9919023946, 7905183214 पर जमा कर सकते है।

# बीएसए ने मेरा विद्यालय, स्वच्छ अभियान का किया शुभारम्भ

**संवाददाता।** कानपुर देहात



बारा के सॅविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्रों को स्वच्छता के सम्बन्ध में शपथ दिलाती बीएसए रिद्धि पाण्डेय

**बीएसए** रिद्धि पाण्डेय ने अकबरपुर ब्लाक क्षेत्र के बारा स्थित संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय में पहुँच कर मेरा विद्यालय, स्वच्छ अभियान का शुभारम्भ किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक, छात्र तथा अभिवावक मौजूद रहे।

बीएसए ने छात्रों को स्वच्छ विद्यालय रखने के लिये शपथ दिलायी गयी, बीएसए ने कहा कि स्वच्छता की आदत दैनिक दिनचर्या में शामिल करनी होगी। सॅचारी रोगों से बचाव में हमारी स्वच्छता की आदत ही सहायक होगी। सफाई करने के पूर्व शिक्षक और छात्र क्रमबद्ध योजना बनायें और इस योजना को लागू करने में जो भी उपकरण आयें उनको सूचीबद्ध करते हुये विद्यालय स्वच्छता योजना को लागू किया जाये। उन्होंने कहा कि इस योजना का मूल उद्देश्य छात्रों में राष्ट्र की सम्पत्ति के प्रति अपनत्व का भाव पैदा करना है। बीएसए ने शिक्षा के मॅदिर विद्यालय की पवित्रता को बरकार रखने के लिये शिक्षकों, अभिवावकों व छात्रों को अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिये प्रेरित किया उन्होंने मेरा विद्यालय स्वच्छता अभियान को त्यौहार की तरह आयोजित किये जाने की अपील की। कार्यक्रम के समापन के बाद बीएसए ने रसोई घर में जाकर रसोईयों को स्वच्छता सम्बन्धी निर्देश देते हुये मिड डे मिल की गुणवत्ता परखी तथा स्वयॅ भोजन को चख कर स्वच्छता सम्बन्धी निर्देश जारी किये। इस दौरान प्रमुख रूप से संत कुमार दीक्षित, अजय गुप्ता, सुनीता कटियार, श्वेता पाण्डेय, शहाना इमरान, क्षमा पियॅका, अनुदेशक ॲकिता यादव, जय गोविन्द सहित अभिवावक व छात्र मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### भाजपा नेता को मातृ शोक

**घाटमपुर।** भाजपा कानपुर ग्रामीण के पूर्व जिला मंत्री डा0 दिलीप पटेल की माता बिमला सचान पत्नी स्व0 राजकुमार सचान का निधन हो गया है, परिजनों के मुताविक बिमला सचान की रबिवार दोपहर अचानक तबियत बिगड़ गयी जिस पर उन्हें इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया जहॉ उनका निधन हो गया। सोमवार को पैत्रिक गांव चतुरी पुरवा थाना सजेती ( घाटमपुर ) में ही पति राजकुमार की समाधि स्थल के पास ही उनका अन्तिम संस्कार कर दिया गया, वो अपने पीछे दो पुत्र दिलीप और अनूप तथा तीन पुत्रियों का हंसता-खोलता परिवार छोड़ गयी है। भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिला मंत्री तथा वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार ने उनके अचानक निधन पर गहरा दुख ब्यक्त करते हुए उनकी उनकी आत्मा की शान्ति मिले ईश्वर से प्रार्थना की है।

### सड़क हादसे में वृद्धा की मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम स्कूरी एनएच-2 में पैदल जा रही 65 वर्षीय वृद्धा को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के संवत गांव निवासी स्व0 मेवालाल पासवान की पत्नी देवकली सुबह खेत से पैदल घर जा रही थी। जब वह स्कूरी के समीप एनएच-2 में पहुंची तभी पीछे से आ रहा अज्ञात वाहन उसे रौंदता हुआ निकल गया। जिससे वृद्धा की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया।

### पुजारी ने मांगी अपनी व मन्दिर की सुरक्षा

**फतेहपुर।** शहर के पटेल नगर चौराहा स्थित हनुमान मन्दिर के पुजारी प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया कि पिछलें दिनों अदिति गेस्ट हाउस के मालिक रजऊ पांडेय द्वारा पूर्व में हनुमान जी की मूर्ति के लिये दान किये गये मुकुट को वापस ले गये थे। उन्होंने आज मुकुट को वापस कर दिया है, जिसे पुनः हनुमान जी की मूर्ति पर लगा दिया गया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को एक पत्र प्रेषित कर किसी साजिश में फसाये जाने की सम्भावना व्यक्त करते हुए मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था एवं उनकी सुरक्षा हेतु उचित कार्यवाही करने का अनुरोध किया है।

### पूरी तरह टूट चुकी है कांग्रेस, अन्त निकटः साध्वी

**फतेहपुर।** केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने राजस्थान कांग्रेस में चल रहे राजनैतिक घमासान को लेकर कहा कि कांग्रेस पूरी तरह टूटकर बिखर चुकी है। कांग्रेस का अस्तित्व खत्म होने जा रहा है। दो राज्य बचे हैं, इस बार के चुनाव में वहां से भी कांग्रेस खत्म हो जायेगी। आजम खान द्वारा पुलिस की सुरक्षा वापस करने के सवाल पर कहा कि जो आदमी बिलकुल खत्म होने के कगार पर है, उसके लिए क्या कह सकती हूँ। सरकार की जिम्मेदारी है सुरक्षा देना। अब उस पर विश्वास न करना एक अलग विषय है।

### चमकने के लिए हो जाएं तैयार

**लखनऊ।** इस दीवाली दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित मेकअप ब्राण्ड्स में से एक मैक कॉस्मेटिक्स इंडिया अपनी ब्राण्ड अम्बेसडर और बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर तथा अपने क्यूरेटेड किट्सए इन.स्टोर इवेंट्स मास्टरक्लासेज़ और गिवअवेज़ के साथ त्योहारों के सीज़न को ष्लाईट अपष् करने यानि अनूठी चमक देने के लिए तैयार है। कैंपेन के बारे में बात करते हुए कारेन थॉम्पसनए ब्राण्ड मैनेजरए मैक कॉस्मेटिक्स इंडिया ने कहा त्योहारों के सीज़न में रोशनी चमक और रंगों का महत्व बहुत अधिक बढ़ जाता है और भूमि से बेहतर इनका प्रतिनिधित्व और कौन कर सकता है। वे अपने पसंदीदा प्रोडक्ट्स से युक्त तीन शानदार किट्स लेकर आई हैं। हमारे उपभोक्ता इन किट्स का लाभ उठा सकेंए इसके लिए इन तीन लिमिटेड एडीशन किट्स को रु 2000 से रु 3250 की कीमत पर पेश किया गया है जो आपके लिए और आपके अपनों के लिए बेहतरीन उपहार है।

### कचरा प्रबन्धन को लेकर डीएम ने की बैठक

**फतेहपुर।** जिला पर्यावरण समिति एव जिला गंगा सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में ठोस अपशिष्ट, कन्सट्रक्शन वेस्ट, ई-वेस्ट के प्रबन्धन एवं निस्तारण में होने वाली प्रगति की समीक्षा की और अपर जिलाधिकारी न्यायिक को निर्देश दिये कि जनपद के समस्त नगर पालिकाओं/नगर पंचायतों में उपरोक्त के सम्बन्ध होने वाले कार्यों की प्रगति की परस्पर निगरानी रखें। क्षेत्रीय अधिकारी यूपीपीसीबी प्रयागराज को ई-वेस्ट के एसेसमेन्ट के लिए आदेशित किया। वृक्षारोपण 2022 की जियों टैगिंग के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, जिला गंगा सुरक्षा समिति के नामित सदस्य एवं नमामि गंगे के संयोजक शैलेन्द्र शरन सिम्पल, जिला कृषि अधिकारी बृजेश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुशवाहा, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र राज सिंह जिला विकास अधिकारी एवं अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

### नवरात्रि के अवसर पर 151 कन्याओं का किया पूजन

**फतेहपुर।** जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र में नवरात्रि के शुभ अवसर पर डॉ0 सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में सर्वप्रथम श्रीमोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में फिर बाद में सरस्वती शिशु मंदिर चौक में कन्या पूजन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन यूथ आइकॉन डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

### वीवो की नई लॉचिंग

**लखनऊ।** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने आज अपने वाई.सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए वाई 16 लॉन्च किया। वाई 16 दो आकर्षक रंगों . स्टेलर ब्लैक और ड्रिज़लिंग गोल्ड में उपलब्ध होगा। ये स्मार्टफोन वीवो इंडिया ई.स्टोर और सभी पार्टनर रिटेल स्टोर पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। साथ हीए ग्राहक सभी पार्टनर रिटेल स्टोर पर कोटक आईडीएफसी वनकार्ड बीओबी फेडरल एयू बैंक कार्ड का उपयोग करके 1000 रुपए तक का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैंए जबकि ऑनलाइन स्मार्टफोन खरीदने वाले उपभोक्ता एचडीएफसी डेबिट ध् क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 750 रुपए कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं।सभी वीवो उपकरणों की तरहए वीवो वाई16 मेक इन इंडिया के लिए वीवो की प्रतिबद्धता का पालन करता है और वीवो की ग्रेटर नोएडा सुविधा में निर्मित होता है जो हजारों लोगों को रोजगार देता है।

### नहर से शव बरामद

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मानिकपुर के समीप नहर से सुबह ग्रामीणों की सूचना पर 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद करते हुये जिला चिकित्सालय के मर्च्युरी हाउस में रखवा दिया है। पुलिस ने आस-पास के लोगों के मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नही हो सकी थी।

# नवरात्र के पहले दिन शैलपुत्री के रुप में पूजी गयीं मां कुष्मांडा, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

**● अन्य देवी मंदिरों में भी उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, गूंजे जयकारे**

**संवाददाता।** घाटमपुर




**शारदीय नवरात्र** के पहले दिन देवी के प्रथम स्वरुप मॉ शैल पुत्री का दर्शन-पूजन किया जाता है वह भय का नाश व शांन्ति प्रदान करती है और इसी के चलते आज पहले दिन शैल पुत्री के रुप में मॉ कुष्मॉण्डा की श्रद्वालुओं ने पूजा अर्चना की क्षेत्र के अन्य देवी मंदिरों में भी मॉ के जयकारों के बीच तड़के से श्रद्वालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी, वही पुलिस ने भी सुरक्षा के कड़े इन्तजाम किये थे, घरों में भी मॉ के भक्तो ने कलश स्थापना कर माता की बिशेष पूजा अर्चना की। नगर के कानपुर रोड पर स्थित कुष्मॉण्डा देवी मंदिर में भोर पहर से ही मॉ के जयकारों के बीच श्रद्वालूओं की भीड़ उमड़ना शुरु हो गयी थी, श्राद्वालुओं को दर्शन-पूजा में कोई परेशानी न हो इसके लिये मंदिर प्रबन्धन व पालिका ने मंदिर के मुख्य गेट से मंदिर तक बेरी कैटिंग कर महिलाओं व बच्चो तथा पुरुयों के लिये अलग-अलग लाइन से आने की ब्यवस्था की थी, दर्शन-पूजन के के दौरान श्रद्वालुओं की भीड़ न इक्कठा हो इसके लिये भी श्रद्वालुओं को माइक से हटाने की घोषणा करने की ब्यवस्था भी की गयी थी। मन्नतें पूरी होने पर जगह-जगह भक्तो ने प्रसाद बितरण किया, मॉ के दर्शन व पूजा-अर्चना तथा प्रसाद बितरण दिन भर चलता रहा। पतारा क्षेत्र के गांव नगेलिनपुर स्थित नगेलिन देवी मंदिर तथा भद्र काली मंदिर भदरस में भी श्रद्वालुओं की मॉ के जयकारों के बीच उमड़ती रही।

# काव्य गोष्ठी का आयोजन



**फर्रुखाबाद।** प्रत्येक वर्ष की तरह हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत भारत विकास परिषद मुख्य शाखा फर्रुखाबाद द्वारा श्री राधा श्याम शक्ति मंदिर लोहाई रोड फर्रुखाबाद के परिषद में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राधा गोविंद पाठक( मथुरा ) ने काव्य पाठ किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ शिव ओम अंबर जी ने तथा कार्यक्रम का संचालन श्री बृजकिशोर सिंह जी ने कियाद्य श्री रमेश चंद्र त्रिपाठी ने हिंदी पर अपना वक्तव्य दिया तथा प्रीति तिवारी को ओमप्रकाश मिश्र कंचन स्मृति सम्मान से विभूषित किया गया श्री महेश पाल सिंह उपकारी, उपकार मणि, उत्कर्ष अग्निहोत्री तथा डॉ यशवंत सिंह राठौर ने काव्य पाठ कियाद्य कार्यक्रम में परिषद के श्री अजय पुरवार, श्री रमाकांत तिवारी, श्री अशोक वर्मा, श्री उमेश गुप्ता, श्री आदेश अवस्थी, श्री संजय गर्ग ,डॉ जितेंद्र यादव, श्री गिरीश चंद द्विवेदी, श्री धीरेंद्र सिंह श्री अतुल रस्तोगी श्री कन्हैया लाल जैन, महिला संयोजिका श्रीमती अनीता तिवारी तथा अध्यक्ष संजीव सिंह चौहान आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति फेज-4 के तहत अभियान

**फतेहपुर।** शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व जागरूकता एवं सशक्त बनाने के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाएड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चालाया जा रहा है। महिला थाना अध्यक्ष कांति सिंह अपनी एंटी रोमियो टीम के साथ जोनिहा चौराहा, दुर्गा मंदिर हरिहरगंज, साईं मंदिर वर्मा तिराहा, बांके बिहारी शांति नगर, ताम्बेश्वर मंदिर आदि, थाना धाता अंर्तगत धाता इण्टमीडियट कॉलेज धाता, नरीहाई कस्बा धाता, गाजीपुर में जनता इंटर कॉलेज गाजीपुर थाना खखरेरु में शिवभजन बालिका इंटर कॉलेज शिवपुर व थाना थरियांव अंर्तगत राम जानकी इंटर कॉलेज नौबस्ता में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को, मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, अभियान के तहत हेल्प लाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090- वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930- साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102- स्वास्थ्य सेवा, 108- एंबुलेंस सेवा, 1098- चाइल्ड हेल्प लाइन से अवगत कराया गया।

# राठौर साहू समाज के वार्षिकोत्सव में प्रतिभाएं सम्मानित

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**जिला राठौर** साहू समाज का वार्षिकोत्सव तथा प्रतिभाशाली सम्मान समारोह ठंडी सड़क स्थित नवभारत सभा भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 2020,21,22 के हाई स्कूल से प्रास्नातक तथा टेक्निकल क्षेत्र के प्रतिभाशाली 387 को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राजेश राठौर ने कहा समाज के लोगो को एक मत के साथ संगठित रहना होगा,मेधावियों को प्रेरणा दी कि कड़ी मेहनत करे, देश तुम्हारा इंतजार कर रहा है। विशिष्ट अतिथि राजकुमार राठौर व श्रीमती उर्मिला राठौर ने भी मेधावियों को प्रोत्साहित किया । सांसद मुकेश राजपूत, विधायक मेजर सुनील दत्त दिवेदी, सुशील शाक्य ने भी मेधावियों को इसी प्रकार से परिश्रम करते रहने की प्रेरणा दी।जिला अध्यक्ष फ्तेहचंद्र राठौर,राकेश राठौर ने समाज के लोगो का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके बाद संगठन का सर्वसम्मति से चुनाव हुआ जिसमे जिला अध्यक्ष रामसिंह राठौर, महामंत्री विजय राठौर,कोषाध्यक्ष रामौतार राठौर को चुना गया। इस मौके पर सुधीर,पंकज, अमर सिंह, संगीताचार्य मुन्ना लाल,सेवाराम,सुनील राठौर ने विचार व्यक्त किए । अध्यक्षता राम नरेश राठौर व संचालन श्रीमती इंदिरा राठौर ने किया ।

# विविधता में एकता कार्यक्रम आयोजित

**फतेहपुर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा में विविधता में एकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने भाग लिया तो वही कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सचान व सह संयोजक रेखा सरोज रहीं। कार्यक्रम में ज्ञानी गुरबचन सिंह ने प्रार्थना सभा आयोजित किया। उनके नेतृत्व में भाजपा जिलाध्यक्ष का अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तो जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक को सरदार पपिन्दर सिंह ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वही गुरुद्वारे की मन्जीत कौर ने महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ज्योति प्रवीण को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के चलते यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें तमाम लोगों ने एक साथ बैठकर गुरुद्वारे में प्रार्थना, सबद, कीर्तन सुना, एक साथ बैठकर प्रसाद चखा।

# सवर्णों के लिए बने काले कानून को अविलंब समाप्त किया जाए: गंगा सिंह

संवाददाता। सताँव(रायबरेली)



**अखिल भारतीय** क्षत्रिय कल्याण परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष गंगा सिंह चौहान ने कहा है कि सवर्ण आयोग गठित करने, आरक्षण, आर्थिक आधार पर लागू करने और सवर्णों के लिए बने काले कानून (एससी एसटी एक्ट) को अविलम्ब समाप्त कराने के लिए शीघ्र ही बड़ा आन्दोलन चलाया जायेगा। सई नदी के सिरसा घाट स्थित मलिकमऊ कृषि वानिकी सहकारी समिति परिसर में आयोजित परिषद की बैठक मे अध्यक्षीय सम्बोधन मे श्री चौहान ने अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के गठन के उद्देश्य पर भी प्रकाश डाला। वानिकी परिसर मे आयोजित हुई अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की बैठक को होमगार्ड्स के आईजी रणजीत सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित किया। उन्होने गुलामी की हर शिनाख्त मिटाने की जरूरत पर जोर दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम मे पहुँचे क्षत्रिय संगठन के दोनो वरिष्ठ जनों का आईएफएफडीसी के पूर्व निदेशक विजय बहादुर सिंह ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर शानदार स्वागत किया। दोनो पदाधिकारियों ने बाद मे समिति परिसर मे पौध रोपण भी किया। विजय बहादुर सिंह ने प्रान्तीय महा सचिव रमेश सिंह, प्रान्तीय युवा अध्यक्ष उग्रसेन सिंह, प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष राम लखन सिंह, मेढ़ावाँ के राना प्रताप सिंह, अमेठी के अशोक सिंह, राजमूर्ति सिंह व दद्दन सिंह, राही के अमर बहादुर सिंह, गौरा के समर बहादुर व अमर बहादुर, पहाड़गढ़ के बीरेन्द्र विक्रम तथा लालगंज के आलोक सिंह को भी अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बैठक मे अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की रायबरेली इकाई का गठन किया गया, जिसमे सताँव के पूर्व ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह के पुत्र अभिषेक प्रताप सिंह को सर्व सम्मति से जिलाध्यक्ष बनाया गया, जबकि महेश प्रताप सिंह को जिला कमेटी का संरक्षक मनोनीत किया गया है। इसके अतिरिक्त जिला कार्यकारिणी में विजय बहादुर सिंह व उदय भान सिंह को महामंत्री, रवि कुमार सिंह व सुनील कुमार सिंह (बच्चा सिंह) को मंत्री, प्रदीप कुमार सिंह को मीडिया प्रभारी एवम् बीरेन्द्र सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। कार्यक्रम आयोजक विजय बहादुर सिंह ने नव गठित रायबरेली जिला इकाई के सभी पदाधिकारियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभा मे मुख्यरूप से संजय सिंह, अजय सिंह, धनञ्जय सिंह, सुन्दरम् सिंह, बच्चू सिंह, विमल देव सिंह, राम बहादुर सिंह, रामबली सिंह व सौरभ सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# 26 सितंबर से 10 अक्टूबर तक सुकन्या महाअभियान

संवाददाता। रायबरेली

**नवरात्रि के** आरंभ के दिन ही कन्याओं को सामाजिक रूप से समृद्ध करने के लिए भारतीय डाक विभाग रायबरेली मंडल ने सुकन्या समृद्धि योजना हेल्पलाइन नंबर 9580903125 जारी किया है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय रायबरेली डॉ रेनू चौधरी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनुपम सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी वैभव त्रिपाठी, एवं अधीक्षक डाकघर रायबरेली मंडल पुरुषोत्तम नाथ की उपस्थिति में इस हेल्पलाइन नंबर का उद्घाटन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि की भूमिका में डॉ रेनू चौधरी रहीं। दिनांक 26 सितंबर से प्रारंभ होकर 10 अक्टूबर तक सुकन्या समृद्धि योजना का महा अभियान चलाया जाएगा जिसमें विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाकर खाते खोले जाएंगे एवं चिन्हित किए गए 10 गांवों को संपूर्ण सुकन्या ग्राम बनाया जाना तय हुआ है। इन 10 ग्रामों में बघौला, संडी नागिन ,भखउवापुर, मखदूमपुर, रसेहता, ईचौली, भदसाना, मोन ,बेनीमाधवगंज, बरहा शामिल हैं। भारतीय डाक विभाग ने इस अभियान की थीम नवरात्रि नौ दिन सुरक्षा हर दिनष् के तहत सुकन्या खातों को प्रत्येक ग्राम एवं प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर से सुदूर क्षेत्रों में बैठे लोगों को भी सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में कोई भी जानकारी लेने हेतु पोस्ट ऑफिस तक जाने की भी आवश्यकता नहीं है वह घर से ही इस नंबर पर संपूर्ण जानकारी ले सकते हैं एवं डाककर्मी द्वारा घर पर ही खाता भी खुलवा सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### वृहद पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न

**रायबरेली।** पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु राज्य स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड एवं कारागार धर्मवीर प्रजापति,एसी एस अनिल कुमार एवं पुलिस महानिदेशक होमगार्ड विजय कुमार मौर्य के सोमवार को बछरावां ब्लाक में नीमटीकर अमृत सरोवर पर मण्लीया कमांडेंट घनश्याम चतुर्वेदी एवं जिला कमांडेंट बृजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रागनी बर्मा,ए टू डीसी विजेन्द्र विक्रम सिंह, पीसी पी भंवर सिंह,बिनय सिंह वीओ भारत भूषण सिंह,रबिकांत, संदीप कुमार सिंह,राजबरधन शुक्ला सीसी सुरेश कुमार सहित होमगार्ड के जवान एवं स्कूल के बच्चों एवं गांव के लोगों ने भाग लिया।

### नैय्या नाले में नहाते वक्त दो की डूबकर मौत

**महराजगंज रायबरेली।।** बीते मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के पूरे बनमानुष मजरे कुबना गांव में घटी लोमहर्षक घटना के मामले में तहसील प्रशासन द्वारा पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना के तौर पर तत्परता दिखाते हुए तत्काल पीड़ित परिजनों को सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है, विदित हो कि बीते मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के पूरे बनमानुष मजरे कुबना गांव के रहने वाले धर्मराज का 17 वर्षीय पुत्र प्रदीप व महेश का साढ़े 17 वर्षीय पुत्र अरुण मछली पकड़ने नैय्या नाले में गए थे नैय्या नाले में ही दोनों नहाने लगे थे नहाते वक्त दोनों की डूबकर मौत हो गई थी मामले में एसडीएम सालिकराम व तहसीलदार अनिल पाठक ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल के साथ ही मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया था आज सोमवार को मृतक अरुण की मां बब्ली व मृतक प्रदीप के पिता धर्म राज को नवागत एसडीएम धीरज श्रीवास्तव ने कार्यालय बुलाकर उनके बैंक खातों में भेजी गई सहायता राशि का प्रमाण पत्र सौंपा गया तहसीलदार अनिल पाठक ने बताया की पीड़ित परिजनों को उत्तर प्रदेश राज्य आपदा मोचक निधि से पीड़ित परिजनों को चार चार लाख रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है, जिसका प्रमाण पत्र उन्हें आज सौंपा गया है।

### उप जिलाधिकारी सलोन का कार्यभार ग्रहण किया

**सलोन।** नवागंतुक उप जिलाधिकारी सालिक राम ने सोमवार को तहसील सलोन का कार्य भार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान उन्होंने तहसील के अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि तहसील में आने वाले फरियादी को अनावश्यक दौड़ाया ना जाए शासन की मंशा के अनुरूप सभी कार्य करें। उन्होंने तहसील के अधिकारी व कर्मचारी को निर्देश देते हुए कहा कि कम समय में पीड़ित को उचित न्याय मिले यही हम सब का सबसे बड़ा कार्य है। फरियादी बिना किसी सिफारिस के सीधा मिले। उन्होंने इस त्योहारी सीजन पर रोड पर अतिक्रमण की बात करते हुए कहा कि इस समय रोड पर भीड़ ज्यादा बढ़ रही है इसलिए मार्ग को खाली रखा जाए इसके लिए नगर पंचायत व पुलिस टीम के साथ अतिक्रमण हटाने पर जोर दिया जाएगा।

### मां कामाख्या धाम पूरी हो रही भक्तों की मुराद



**शुकुल बाजार ,अमेठी।** विकास खंड बाजार शुकुल के अंतिम छोर पर बसे मांझगांव स्थित मां कामाख्या धाम मंदिर काफी समय से भक्तों की मुराद पूरी करने के लिए प्रसिद्ध है ।जहां पर कोई भी भक्त दिल से मां के दरबार में अर्जी लगाता है तो खाली हाथ नहीं लौटता है । विकासखंड शुकुल बाजार के पन्नी में स्थित मां कामाख्या धाम मंदिर गोमती नदी तट के किनारे है ॖ जहां पर प्रत्येक वर्ष नवरात्रि में भक्तों का आना जाना रहता है और नवमी के दिन मेला भी लगता है ॖ सिद्ध पीठ होने के नाते लोग अपनी मुरादे लेकर मां के दरबार में आते हैं और अर्जी लगा कर मां का जयकारा लगाते हैं और मां भक्तों की मुराद अवश्य पूरी करते हैं ॖ मां कामाख्या देवी मंदिर के पुजारी सुरेंद्र जी महाराज बताते हैं कि मां के दरबार में प्रत्येक वर्ष भक्तों की संख्या बढ़ जाती है लोगों का विश्वास इस धाम के प्रति बढ़ रहा है।

# जोरों पर है लकड़ी की अवैध कटान



**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना क्षेत्र बाजार शुकुल लकड़ी माफियाओं के लिए मुफीद माना जा रहा है । यहां पर दूसरे जनपद के लोग धड़ल्ले से जंगल सहित अन्य बेशकीमती पेड़ों पर आरे चला रहे हैं । जिससे क्षेत्र की हरियाली पर संकट गहराता जा रहा है । पुलिस विभाग व वन विभाग लकड़ी के अवैध कटान पर कोई भी अंकुश नहीं लगा पा रहा है । जिससे क्षेत्र के जंगलों सहित हरियाली का सफाया होता जा रहा है । अभी एक सप्ताह पूर्व थाने के पीछे हरे आम के पेड़ काट दिए गए ॖ परंतु लकड़ी उठा ले जाने तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी वहां नहीं पहुंचा था । क्षेत्र में कई जगहों पर लकड़कट्टों ने अवैध लकड़ी का अड्डा बना रखा है । जहां पर बाकायदा तौल की जाती है। सूत्र बताते हैं कि लकड़कटा दिन-रात मजदूरों को लगाकर जंगल में अवैध रूप से लकड़ियां काटते हैं। ट्रैक्टर पर लादकर जिले की सीमा से बाहर पहुंचाते हैं । यही नहीं लकड़ी माफिया सुबह भोर में 5:00 बजे और रात्रि के 10:00 बजे के बाद इस इन अवैध लकड़ी की ट्राली को आरा मशीनों पर ले जाते देखे जाते हैं । जब कोई इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से करता है तो विभागीय अधिकारी भी इस बात की सूचना लकड़ी माफियाओं तक पहुंचा कर अपना हक अदा करते हैं ।थाना क्षेत्र के पाली किसनी खेममऊ मांझगांव आदि दर्जनों आस-पास के गांव में कटान धड़ल्ले से जारी है।

### क्या बोल रहे जिम्मेदार अधिकारी--

इस संबंध में वन रेंजर मुसाफिरखाना से बात करनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया और क्षेत्रीय दरोगा ने बाद में बात करेंगे या कहते हो फोन काट दिया ।

# रामकथा सुन भावविभोर हुए श्रोता



श्रीराम कथा सुनाते हुए स्वामी प्रणव पुरी महाराज

**गौरीगंज ,अमेठी ।** स्थानीय विधायक राकेश प्रताप सिंह के आवास मऊ गांव में शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन से श्री रामकथा का शुभारंभ हुआ। जिसमें पहले दिन कथावाचक स्वामी प्रणव पुरी महाराज ने मानस के कई मार्मिक प्रसंगों का वर्णन करते हुए श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने बताया कि साधन धाम मोच्छ कर द्वारा। पाइ न जेहिं परलोक सँवारा॥ बड़े भाग्य से यह मनुष्य शरीर मिला है। सब ग्रंथों ने यही कहा है कि यह शरीर देवताओं को भी दुर्लभ है। इसलिए यह शरीर पाने के बाद राम नाम का स्मरण करते हुए अपना परलोक सुधार लीजिए ।श्रीरामचरितमानस एक सुन्दर सरोवर है जिसमें वक्ता-श्रोतारूपी चार घाट हैं । इसकी कथाके चार वक्ता हैं ङ्क शिव जी, काकभुशुण्डि, याज्ञवल्क्य और स्वयं तुलसीदास तथा चार ही श्रोता हैं, क्रमशः पार्वती जी, गरु ?, भरद्वाज और स्वमन ।आगे उन्होंने मानस की चौपाई रामु कवन प्रभु पूछउँ तोही। कहिअ बुझाइ कृपानिधि मोही। माता पार्वती ने भगवान शिव से यह प्रश्न किया है। श्री रामचरितमानस में प्रसंग आता है की वन में सीता जी के हरण के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और लक्ष्मण सीता जी को खोजते हुए चल रहे थे उस समय भगवान शिव ने उन्हें प्रणाम किया माता सती को संदेह हुआ। यह दोनों राजपुत्र हैं कौन जिन्हें वे भोलेनाथ प्रणाम कर रहे हैं ।जिन्हें सारा संसार प्रणाम करता है ।इस संदेह को दूर करने के लिए जब वह सीता जी का रूप धारण करके उनके सम्मुख गई तो लक्ष्मण महाराज तो चकित हो गए। किंतु भगवान राम उन्हें पहचान गए और उन्हें प्रणाम करने के बाद पूछा ।विपिन अकेलि फिरहु केहि हेतू। कहहु बहोरि कहां वृषकेतू ।इस प्रसंग को विस्तार पूर्वक सुनाते हुये शिवजी का प्रण, दक्ष यज्ञ, सती का देह त्याग आदि प्रसंगों को सुन श्रोता मन्त्र मुग्ध हो गये। कथा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक तेजभान सिंह प्रियंक हरि विजय तिवारी मुसाफिरखाना ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश प्रताप सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शाहगढ़ डी के श्रीवास्तव विनय शास्त्री राजेश सिंह कटारी जिला पंचायत सदस्य केडी सरोज रामसुफल पासी भटगवा प्रधान बब्बन सिंह प्रधान ललित सिंह राममूर्ति सिंह शेखर सिंह सहित हजारों की संख्या में कथा प्रेमी उपस्थित रहे ।

# युवा उत्सव को लेकर हुआ मंथन

संवाददाता। अमेठी



**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में नेहरू युवा केंद्र अमेठी के तत्वाधान में जिला युवा उत्सव के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला युवा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र आराधना राज ने बताया कि जिला युवा उत्सव कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी एवं युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान किए जाने के उद्देश्य से 6 विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम/प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी है, सभी प्रतियोगिता के लिए थीम 卐विकसित भारत का लक्ष्य ञ्च2047卐 निर्धारित किया गया है। सांस्कृतिक प्रतियोगिता सामूहिक पारस्परिक लोक कला संगीत पर आधारित होंगीं। उन्होंने बताया कि जिला युवा उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत युवा कलाकार चित्रकला प्रतियोगिता, युवा काव्य लेखन प्रतियोगिता, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता तथा युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रतिभागी अमेठी जनपद का मूल निवासी होना चाहिए, साथ ही उसकी आयु 1 अप्रैल 2022 को 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए, प्रतिभागियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 2 अक्टूबर 2022 निर्धारित हैं, पंजीकरण फार्म ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए नेहरू युवा केंद्र क्षत्रिय भवन आरआर पीजी कॉलेज के सामने सरवन पुर रोड अमेठी में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार भी दिया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी, उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र आराधना राज, जिला विद्यालय निरीक्षक उदय प्रकाश मिश्र, जीएमडीआईसी राजीव कुमार पाठक, शिक्षाविद जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी, सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सफलता के लिए धरातल पर करनी पड़ती है कड़ी मेहनत: अनुराग

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

- देश के प्रसिद्ध कोचिंग संस्थानों के शिक्षकों के मार्गदर्शन में निखरेंगी ग्रामीण प्रतिभायें-अब्बास अली
- प्रताप कैम्पस का भव्य समारोह के बीच हुआ शुभारम्भ

**शिक्षा व मेंहनत** कभी भी बेकार नही जाती। असफलताओं से सीख लेकर आगे बढने वाला मनुष्य ही आसमान की ऊंचाईयों को छूता है। आलोचनाओं से घबराकर लक्ष्य से भटकना नही चाहियें।

उक्त उद्गार कस्बे के मेंन रोड में बैसवारा डिग्री कालेज के पास स्थित प्रताप कैम्पस के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि आईआरएस अनुराग त्रिपाठी ने व्यक्त किये। श्री त्रिपाठी ने कहा कि सफलता के लिये आवश्यक नही बडी छलांग ही लगाई जायें कभी कभी छोटे-छोटे प्रयासो के सहारे में भी नैया पार लगाई जा सकती है। बडी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र पहले एकदिवसीय परीक्षाओं से अपने सफर का प्रारम्भ करें। आईपीएस अधिकारी व विशिष्ट अतिथि सैयद अब्बास अली ने कहा कि चहां चाह होती है वही राह प्रारम्भ होती है। जब भी विद्यार्थी तैयारी करे तो पूरे मन से करे जिसके बाद पूरे विश्व में उन्हे सफलता से कोई नही रोक सकता। उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने पढाई के दौरान आने वाली बाधाओं को लेकर कहा कि जब तक आप सफल नही हो जाते तब तक नाते रिस्तेदारी से दूर रहना चाहियें इसके बाद सभी आप के पास फिर से हो जायेगें। अभ्यर्थियों को करके सीखने पर जोर देना चाहियें। अपनी शिक्षा व तैयारी के विषय में बताते हुए एसडीएम भावुक हो गये कि किस प्रकार उन्होने कठिनाईयों के बीच सफलता प्राप्त की है। तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह ने कहा कि कलम, कृपाण की धरा पर यह संस्थान ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच दिलाने में अहम साबित होगा। क्षेत्राधिकारी महिपाल पाठक ने कहा कि लालगंज जैसे क्षेत्र में यह संस्थान बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जिसमें योग्यताधारी शिक्षको की टीम व यहां से जुडे विभिन्न पदो पर आसीन अधिकारीगण अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन करते रहेगें। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की वंदना दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। जिसके बाद सभी अतिथियों को बैज, बुके व प्रतीक चिंन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक नेता आशीष प्रताप सिंह ने किया। आभार डायरेक्टर व डिप्टी कमिश्नर अंजनीश प्रताप सिह ने किया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी कुलदीप, डिग्री कालेज के पूर्व प्राचार्य प्रो0 अरूण कुमार सिंह, डॉ निरंजन राय, डॉ महादेव सिंह, राजेश सिंह फौजी, विश्वास बहादुर सिंह, अनंत विजय सिंह, अवनेंद्र बहादुर आदि मौजूद रहे।





## लगन लगी तो जगी उम्मीद

**लालगंज।** पूर्व शिक्षक स्व. शिवमोहन सिंह के सपनो को साकार करने के लिये उनके पुत्र अंजनीश प्रताप सिंह ने प्रताप कैम्पस में लखनऊ, दिल्ली समेंत अन्य स्थानों से योग्य अध्यापको को एक स्थान पर लाने के लिये कडी मेंहनत की है। स्व0 सिंह का सपना था कि बैसवारे में भी एक ऐसा संस्थान हो जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के निर्धन छात्रो को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी व मार्गदर्शन मिल सके। संस्थान में लखनऊ, दिल्ली समेंत अनेक प्रतिष्ठित संस्थाओं में वर्षो से अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षको का मार्गदर्शन मिलेगा। उद्घाटन समारोह में अंजनीश ने कहा कि उन्होने अपने पिता के आर्शीवाद से ही उनके सपने को पूरा किया है। भले ही वह शरीर के रूप में हमारे साथ नही है लेकिन सूक्ष्म रूप में वह यहां मौजूद है।

# अंबेडकर चौराहे पर होर्डिंग लगाने को लेकर विवाद



**अमेठी।** नगर पंचायत अमेठी अंतर्गत अंबेडकर चौराहे पर होर्डिंग लगाने को लेकर विवाद हो गया। नगर पंचायत के ठेकेदार के कर्मियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सांसद स्मृति ईरानी की होर्डिंग फाड़ दी । जिसके बाद सूचना पर पहुंची भाजपा जिला महामंत्री व अन्य लोगों की कर्मियों से कहासुनी और हाथापाई हो गई। इसी बात को लेकर दूसरे दिन सफाईकर्मियों ने भाजपा नेता पर मुकदमा दर्ज कराए जाने को लेकर रोड जाम कर दिया। मुकदमा दर्ज होने के बाद आवागमन शुरू हुआ।

कोतवाली क्षेत्र अमेठी अंतर्गत नगर पंचायत के ठेके के कर्मी अंबेडकर चौराहे पर दुर्गा पूजा में अंबे ग्रुप की होर्डिंग लगा रहे थे। होर्डिंग पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी सहित कई लोगों की फोटो लगी हुई थी। बताया जा रहा है कि यह होर्डिंग लगाने के लिए उन्होंने अमृत महोत्सव के दौरान पीएम मोदी सांसद स्मृति ईरानी की फोटो लगी भाजपा जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला व अन्य लोगों की होर्डिंग फाड़ दी। इन नेताओं को जब इसकी जानकारी हुई तो रात में ही मौके पर पहुंच गए। कहासुनी के बाद हाथापाई होने लगी। घटना के बाद रात में ही पीडि़त ठेका कर्मी आशीष कुमार मुकदमा दर्ज कराने के लिए गए। रात में मुकदमा दर्ज न होने पर सुबह सफाई कर्मियों ने हंगामा शुरू कर दिया। अंबेडकर चौराहे पर नगर पंचायत के ट्रैक्टर व ट्राली लगाकर आवागमन अवरुद्ध कर दिया गया। जाम की सूचना मिलते ही तहसीलदार बृजमोहन की अगुवाई में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीओ ने एससी/ एसटी अधिनियम व अन्य धाराओं में सुधांशु शुक्ला व अन्य 05 के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा कर उसकी कॉपी धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों को दी तो प्रदर्शन शांत हुआ।

# शॉर्ट फिल्म अधूरी मोहब्बत की हो चुकी है आधे से ज्यादा शूटिंग



**शिवगढ़,रायबरेली।** कई शॉर्ट फिल्मों एवं एल्वमों में सफल निर्देशन करने के साथ ही कई हिंदी फिल्मों, भोजपुरी फिल्मों एवं मराठी फिल्मों में काम कर चुके शिवगढ़ क्षेत्र के ढेकवा गांव के रहने वाले कपूर चंद्रा इन दिनों शार्ट फिल्म अधूरी मोहब्बत की शूटिंग कर रहे हैं। जिसकी आधे से ज्यादा शूटिंग हो चुकी है शेष शूटिंग का कुछ भाग अपनी मातृभूमि शिवगढ़ नगर पंचायत में करने वाले हैं। जिसकी जानकारी उन्होंने शिवगढ़ नगर पंचायत में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी। फिल्म अधूरी मोहब्बत की जानकारी देते हुए निर्देशक कपूर चंद्रा ने बताया कि फिल्म के निर्माता विजय पांडेय हैं। जिसमें मुख्य किरदार में अखिलेश यादव उर्फ शनी, रोहित पांडेय, नंदिनी दीक्षित, स्वीटी, विजय पांडेय, सुजीत यादव, लकी यादव, अंश यादव नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म अधूरी मोहब्बत एक प्रेम कथा पर आधारित फिल्म है। जिसमें अभिनेता अखिलेश यादव उर्फ शनी लकड़हारा धर्मा का किरदार निभाते नजर आयेंगे। वहीं अभिनेत्री नंदिनी दीक्षित लकड़हारे की प्रेमिका रागिनी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। फिल्म में विजय पांडेय खलनायक दिग्विजय सिंह की भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म का क्लाइमैक्स अन्य फिल्मों से बिल्कुल अलग है,जो दर्शकों को काफी पसंद आएगा। ज्ञात हो कि लघु फिल्म अधूरी मोहब्बत के निर्देशक कपूर चंद्र अब तक शार्ट फिल्म समानता एक आईना, समानता की जंग, खलनायक का अंत आदि शॉर्ट फिल्मों का सफल निर्देशन कर चुके हैं। इसके साथ ही कपूर चंद्रा मशहूर फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा के निर्देशन में बनी हिंदी फिल्म गांधीगिरी, राम जन्मभूमि, लफंगे नवाब, काशी टू कश्मीर, भोजपुरी फिल्म धर्म के सौदागर, द ग्रेट हीरो हीरालाल, मराठी फिल्म विजय दीनानाथ चौहान सहित फिल्मों में काम कर चुके हैं।

# शारदीय नवरात्रि का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर, में शारदीय नवरात्रि का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आज नवरात्रि के शुभारम्भ सुअवसर के प्रथम दिन पर विद्यालय के विशाल प्रांगण में माँ शैलपुत्री का आकर्षक दरबार सजाया गया। माँ की आकर्षक, मनमोहक झांकी देखकर उपस्थित अभिभावक एवं अन्य सभी आगन्तुकों का मन मुग्ध हो गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह जी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों ने श्रद्धा-भक्ति पूर्वक माँ का पूजन अर्चन सम्पन्न किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये मातारानी के भक्तिपूर्ण गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में शिक्षक सार्थक शुक्ला, भावना श्रीवास्तव और उनके सहयोगी साथियों का योगदान सराहनीय रहा।

अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्य जी ने अपने सम्बोधन में बच्चों से कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति उपासना का पर्व है। नौ दिनों तक जो श्रद्धा-भक्ति पूर्वक माँ के अनेकानेक रूपों की उपासना करता है, उसे सुख-शान्ति, समृद्धि और बुद्धि-विवेक प्राप्त होता है। माँ का आशीर्वाद आप सभी पर हमेशा बना रहे। नवरात्रि के पावन पर्व की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में से हेड-मिस्ट्रेस श्रीमती संध्या अग्रवाल, नितिन सिंह, मायाकान्त दीक्षित, प्रमान्शु श्रीवास्तव, रमाशंकर पाठक, माधुरी शुक्ला, दीपाजंलि सिंह, रजंना बाजपेई, साधना मिश्रा, दीपक गुप्ता, आदित्य मिश्रा, हरजीत सिंह, संजय श्रीवास्तव, राज किशोर, मनोज कुमार सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

● किये पूजन अर्चन

संवाददाता। संतकबीरनगर

**शक्ति** की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र शुरू होने के साथ ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ जुटने लगी है। देवी मंदिरों में भोर से ही श्रद्धालुओं का रेला पहुँचने लगा है। मंदिरों में नवरात्र की भारी चहल-पहल शुरू हो गई है। मंदिरों में बनजे वाले घंट-घड़ियाल तथा आरती की ध्वनियों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। इसके साथ ही नवरात्र व्रत और अनुष्ठान भी शुरू हो गए है। आज नवरात्र का पहला दिन होने के कारण मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही और धूप व अगरबत्ती की सुगंध से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। चारो ओर नवरात्र की धूम तथा चहल-पहल रही। शारदीय नवरात्र के अवसर पर खलीलाबाद के विभिन्न देवी मंदिरों को भव्य स्वरूप दिया गया है। मंदिर परिसर के वातावरण की दिव्यता के कारण इस मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। देवी मंदिरों में भोर के पहले से ही व्रतियों एवं अन्य श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट खोलने के साथ ही पूजा-अर्चना शुरू कर दे रहे हैं। आज नवरात्र का पहला दिन होने के कारण मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमडी तथा धूप व अमरबत्ती की सुगंध से पूरा वातावरण सुवासित व भक्तिमय हो गया। चारो ओर नवरात्र की धूम तथा चहल-पहल रही। शहर के देवी मंदिरों श्री समय जी माता मंदिर, माँ सिद्धिदा मंदिर के साथ ही वन देवी मंदिर उस्का कला सहित अन्य मंदिरो में भी भारी संख्या में भक्तों ने पूजा-अर्चना की और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने की प्रार्थना की। नवरात्र के प्रथम दिन समय माता मंदिर पर भोर से ही पूजा-पाठ करने के लिए भक्तगण की कतार लग गई थी। शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारी संख्या में महिला-पुरूष पुलिसकर्मी तैनात किए गए है। समय माता मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारीगण भक्तों को माता के दर्शन तथा पूजा-पाठ करने में सहयोग दे रहे है। मंदिर के अन्दर लगे सीसीटीवी कैमरे से अराजक तत्वों पर भी नजर रखी जा रही है। मंदिर के बाहर नवरात्र के पूजा-पाठ सामग्रियों की दुकानें सज गई है। समय माता एवं मां सिद्धिदा मंदिर, मां वन देवी सहित अन्य मंदिरों में आज श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। समय माता मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारी सहित अन्य लोग व्यवस्था में लगे रहे।



समय माता मंदिर में पूजन अर्चन करने जाते भक्तगण पायनियर

# सीएम से नपा अध्यक्ष ने की मुलाकात

● खलीलाबाद समय माता मंदिर सुन्दरीकरण व पालिका क्षेत्र में विकास कार्य कराये जाने के लिए दिया अनुरोध पत्र

संवाददाता। संतकबीरनगर



मुख्यमंत्री से भेंट करते खलीलाबाद नगर पालिका अध्यक्ष पायनियर

**खलीलाबाद** नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा रविवार की देर शाम प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर शिष्टाचार भेंट किये। मुख्यमंत्री ने अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा के अनुरोध को सुने। भेंट उपरान्त नगर पालिका अध्यक्ष खलीलाबाद श्याम सुन्दर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री से भेंट बहुत ही सार्थक रहा। उन्होने बताया कि खलीलाबाद नगर पालिका क्षेत्र में किये गये विकास कार्यों को उन्होने बुकलेट के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रस्तुत किये। इसके साथ ही उन्होने मुख्यमंत्री को अनुरोध पत्र देकर जनपद के प्राचीन समय माता मंदिर के सुन्दरीकरण, सटे पोखरे का सुन्दरीकरण एवं खलीलाबाद नगर पालिका क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए अनुरोध पत्र दिये। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के परिसीमन में आये गांवो का सुन्दरीकरण कार्य एवं पुरानी तहसील को आडिटोरियम तथा पुस्तकालय बनाये जाने का प्रस्ताव दिये है। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आश्वासन के साथ अस्वस्थ किया है कि खलीलाबाद नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्य में किसी प्रकार की बाधा नही आयेगी। समय से सभी विकास कार्य के लिए प्रदेश सरकार संस्तुति प्रदान करेगा।

# निर्माणाधीन कारागार का डीएम ने किया निरीक्षण



संवाददाता। श्रावस्ती

**जिलाधिकारी** नेहा प्रकाश ने निर्माणाधीन जिला कारागार का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन जेल में कैम्पस की साफसफाई, पेंटिंग एवं फैब्रीकेशन का कार्य प्रारम्भ पाया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पुरूष बैरकए किचनए उच्च सुरक्षा बैरकए केन्द्रीय वाच टावरए आवास एवं प्रशासनिक भवन आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होने निर्देश दिया कि अधूरे कार्यो को पूरा कराने हेतु तेजी लाई जाए ताकि समय से जेल का निर्माण कार्य पूरा होकर जिले के बंदियों को रखा जा सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमारए राजकीय निर्माण निगम के अवर अभियंता रजनीश कुमारए थानाध्यक्ष सुपर वाइजर सुरेन्द्र दुबे सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खुशहाल जीवन जीने में डॉक्टर के साथ-साथ फार्मासिस्ट की भी है बड़ी भूमिकाः सीएमओ

● दवाओं के विशेषज्ञ होते फार्मासिस्टः डा. वीके वर्मा

● चिकित्सा क्षेत्र में औषधियों की विश्वसनीयता, गुणवत्ता व सही सलाह जरूरीः डा. आलोक

संवाददाता। बस्ती




**हमारे** स्वस्थ रहने और खुशहाल जीवन जीने में डॉक्टर के साथ-साथ फार्मासिस्ट की बड़ी भूमिका है। फार्मासिस्ट को केमिस्ट भी कहा जाता है, उन्हें दवाइयों के बारे में संपूर्ण जानकारी होती है। यह दिवस मना कर हम उन सभी फार्मेसिस्टों को यह संदेश देते हैं कि वह हमारे लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। यह विचार मुख्य चिकित्साधिकारी डा. रूद्र प्रताप मिश्रा ने व्यक्त किया। वे विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में डा. वीके वर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बसुआपार में आयोजित गोष्ठी को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। सीएमओ ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत कड़ी हैं। इंस्टीट्यूट के प्रबंधक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डा. वीके वर्मा ने कहा कि बस्ती जैसे पिछड़े क्षेत्र में एलोपैथिक, होम्योपैथिक, आर्युवेदिक एवं यूनानी विधा में फार्मासिस्टों के शिक्षा की पूर्ण व्यवस्था की गई है। अब इस विधा में पारंगत होने के लिये छात्रों को भटकना नहीं पड़ता। अनेक फार्मासिस्टों को जहां सरकारी सेवा में अवसर मिला है वहीं कई छात्र उत्तीर्ण होने के बाद स्व प्रेरणा से जनमानस की सेवा कर रहे हैं। निदेशक डा. आलोक रंजन वर्मा ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में औषधियों की विश्वसनीयता, गुणवत्ता व सही सलाह जरूरी है। फार्मेसिस्ट दवाओं का विशेषज्ञ होने के साथ ड्रग काउंसलर भी है। वर्तमान परिदृश्य में औषधियों की खोज के बाद, सही भंडारण, सही वितरण और सही सलाह से मानव जीवन को बचाया जा सकता है। प्रधानाचार्य पवन कुमार गुप्ता ने आभार व्यक्त करते हुये फार्मासिस्टों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. रूद्र प्रताप मिश्रा और आपदा प्रबंधन के रंजीत रंजन को अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में फार्मेसी की शिक्षा ले रहे छात्र शालिनी पटेल, मो. मेहताब, रानी कुमारी, साधना, सुनन्दा देवी, अभिषेक चौधरी को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल कुमार चौधरी, घनश्याम यादव, आकाश मौर्य, अंकिता गुप्ता, ओम प्रकाश चौटाला, वीरेन्द्र कुमार वर्मा, विनोद कुमार, नीलम सिंह, शिवा उपाध्याय के साथ ही छात्र उपस्थित रहे।

# पुलिस मॉनीटरिंग सेल की पहल से दुष्कर्म के अभियुक्त को आठ वर्ष की सश्रम सजा

● 60 हजार रुपया लगा अर्थदंड

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जनपद** में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने महिलाओं / बालिकाओं संबंधी अपराधों पर कठोरता से नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दंडित कराने हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन शिकंजा के तहत सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अभियोगों को चिन्हित कराते हुए अपर पुलिस पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में मानीटरिंग सेल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में मानीटरिंग सेल की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी के फ्लस्वरूप सोमवार को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम, द्वारा थाना मेहदावल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 353 / 2010 धारा 376 / 506 भादवि के मामलें में अभियुक्त नाम पता चिन्ता पुत्र रामवृक्ष निवासी गगनई राव थाना मेंहदावल को अन्तर्गत धारा 376 / 506 भादवि के अपराध में दोषसिद्ध पाते हुए 08 वर्ष के सश्रम कारावास व 60,000 रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा अर्थदण्ड न अदा करने पर अभियुक्त को 07 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई। विदित हो कि अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ मुह दबाकर व चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए बलात्कार किया गया था। जिसके सम्बन्ध में वादिनी द्वारा थाना मेहदावल पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। जिसकी विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय द्वारा सम्पादित की गयी थी। मॉनिटरिंग सेल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 4.0 के अन्तर्गत महिला संबंधी अपराधों में आरोपियों को प्रभावी पैरवी करते हुये निरन्तर सजा दिलाई जा रही है।

# विभिन्न धर्मो के सम्भ्रान्तों की बैठक में मोदी की प्रशंसा

संवाददाता। संतकबीरनगर

**सेवा** पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर विविध कार्यक्रम किये जा रहे है। इसी क्रम में सोमवार को विविधता में एकता कार्यक्रम भाजपा नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह के नेतृत्व में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा खलीलाबाद पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला संयोजक भाजपा की जिले के उपाध्यक्ष दिनेश पाण्डेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री सबका साथ सबका विकास के साथ इस देश में कार्य कर रहे हैं और हर वर्ग के लोगों का उत्थान कर रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष अमर राय ने कहा कि आज देश की संस्कृति और सभ्यता को बनाए रखने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रेय जाता है। विभिन्न जातियों विभिन्न संस्कृतियों अलग धर्म एवं विभिन्न भाषाओं अलग-अलग रीति रिवाज अलग प्रकार के व्यंजन इन अनेक और विभिन्न चीजों को एक छतरी में एकत्रित करना की विविधता में एकता है। जैन समुदाय एवं व्यापार मंडल के



बैठक में उपस्थित विभिन्न धर्मो के लोग पायनियर

प्रांतीय उपाध्यक्ष अमित जैन ने कहा कि जैन समुदाय के आराध्य एवं महापुरुषों ने जैन समुदाय को एकता के रूप में पिरो कर रखा है। मारवाड़ी समाज के शरद बिहारी पोद्दार ने कहा कि राजस्थान की मारवाड़ी भाषा शैली उसकी संस्कृत में देश में अलग स्थान रखती है। सिख समुदाय गुरुद्वारा के अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह ने कहा कि सिक्ख समुदाय के गुरुओं ने देश धर्म और संस्कृति बचाने के लिए अपनी शहादत दी है और सिख गुरुओं ने सेवा समर्पण और त्याग करना सिखाया है सिक्ख मतलब सीख देने वाला होता है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री कौशलेंद्र सिंह दीपू, जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा, नगर महामंत्री मुरलीधर जायसवाल, विष्णु मिश्रा, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला, भगवान दास, गुरनाम सिंह, रविंद्र पाल सिंह, त्रिलोचन सिंह, जसविंदर सिंह, सवी सिंह, दिनेश चौरानियां, विनीत चड्ढा, जगदीश, हिम्मत सिंह, शिवशंकर, सत्यप्रकाश सिपाही, गौरव अग्रहरि, जितेंद्र गुप्ता, दिलीप मिश्रा, प्रदीप सिंह, सुरेंद्र पाठक, मनोज सोनी, सुनील गुप्ता, वीरेंद्र शर्मा, विवेक मिश्रा, श्यामू तिवारी, सौरभ जायसवाल सहित सम्भ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा सहित सभी त्योहारों में कोई भी नई परम्परा नहीं होगी लागूः डीएम

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सोमवार को जनपद के पुलिस प्रशासन के अधिकारियों सहित शांति कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक कर निर्देश दिया कि जनपद में नवरात्र, दुर्गा पूजा सहित सभी त्योहारों में कोई भी नई परम्परा नही लागू होगी। उन्होने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि सभी त्योहार में आपसी भाईचारा को बनाते हुए प्रेम सौहार्द के साथ सभी त्योहार मनाये। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने कहा कि सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। शासन के निर्देशों का पालन शक्ति के साथ कराया जायेगा। उन्होने कहा कि त्योहारो से जुड़े सम्बन्धित विभागो के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि बिजली, पानी, साफ-सफाई सहित अन्य कार्य समय से कराये जाय। उन्होने दुर्गा पूजा पण्डालो के स्थापना के लिए जो नियम निर्धारित है उसका पालन व्यवस्थापक लोग करें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे दूसरे को तकलीफ हो। उन्होने सभी धर्म के शांति कमेटी के पदाधिकारी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि त्योहारो को सम्पन्न कराये जाने में अपना सहयोग प्रदान करें। जिससे कबीर की धरती पर सौहार्द बना रहे। पुलिस कप्तान सोनम कुमार ने शांति कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा त्योहार सहित सभी त्योहारों में तेज ध्वनि के यंत्रो पर पूरी तरह से प्रतिबन्ध है और इसका पालन सभी को करना है। उन्होने कहा कि कानून व्यवस्था में खलल पैदा करने वालो पर सख्त कार्यवाही होगी। आम जनमानस अफ्वाहो से बचे। पुलिस सोशल मीडिया पर निगाह बनाये रखेगी। पुलिस फोर्स सार्वजनिक स्थानो पर तैनात रहेगी। इसके अलावा पैदल मार्च के लिए अलग से फोर्स लगायी गई है। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती संगीता वर्मा सहित समस्त थानाध्यक्ष एवं शांति कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# बीस हजार करोड़ से होगा मछुआ समुदाय का विकासः संजय निषाद

संवाददाता। बस्ती



संजय निषाद

**मत्स्य** विकास मंत्री डा. संजय निषाद ने बताया कि प्रधानमंत्री ने मछुआ समुदाय के आर्थिक विकास के लिए 20 हजार करोड़ रुपये का बजट में प्रस्तावित किया है, जिसके द्वारा अनुदान पर ऋण दिलाकर मछुआरों को व्यवसाय कराया जायेगा तथा मछुआ आवास बनाये जायेंगे। उन्होने बताया कि वर्तमान में केन्द्र एंव राज्य की सरकार मछुआ समुदाय के विकास के लिए सतत् प्रयत्नशील है। प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलग मंत्रालय बनाकर इसके विकास के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है।

उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत 25 प्रकार की योजनाएं संचालित की जाती है। इन योजनाओं में ऋण लेने पर अनुसूचित जाति/जनजाति एवं महिला को 60 प्रतिशत तथा पुरूषों को 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। इसके लिए उन्होने प्रधानमंत्री एंव मुख्यमंत्री को बधाई दिया है। उन्होने कहा कि संविधान में सभी समस्याओं का समाधान है। अंग्रेजो द्वारा कानून पारित किया गया था कि मछुआरे डाकू होते है और इन्हें किसी प्रकार की सुविधा से वंचित कर दिया था। आजादी के 70 साल बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मछुआरों का सम्मान लौटाया है। मछुआरा समुदाय से 11 विधायक है, जो पहले सड़क पर समुदाय के लिए वकालत करते है, अब सदन में वकालत करते है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मुझे इंग्लैण्ड और स्कार्टलैंड भेजा गया था, जहाँ मेरे द्वारा यह बताया गया कि मछुआरे डाकू नही होते है और वे समाज और देश के हित में कार्य करते है। उन्होने मछुआ समंदाय के लोगों को जाग्रत करते हुए कहा कि ज्ञान ही धन है, इसलिए सभी ज्ञान प्राप्त करें और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाये। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा वर्तमान समय में मछुआरों के विकास के लिए सतत् कार्य किया जा रहा है। उ0प्र0 में निषाद राज बोर्ड गठित करने की प्रक्रिया चल रही है और शीघ्र ही इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

# पुलिस ने पीछाकर गोवंश तस्करों को वाहन समेत पकड़ा

**विक्रमजोत/बस्ती।** छावनी थाना क्षेत्र में सोमवार को गोवंशीय पशुओं को लादकर खेसुआ गांव के पास खड़ी डीसीएम को छावनी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। डीसीएम में 17 गोवंशीय पशु लादे गए थे, जिसमे से 3 मृत हो गए। बताया जा रहा कि डीसीएम खराब हो जाने के कारण पशु पशु तस्कर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। थानाध्यक्ष छावनी उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि पशु तस्करों का पुलिस टीम पीछा कर रही थी, पशु तस्कर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए।

छावनी पुलिस ने थाना क्षेत्र के फ़ेरलेन पर खेसुआ गांव के सामने गोवंशीय पशुओं को लादकर खड़े डीसीएम को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार मेरठ जिले की गाड़ी से पशुओं को बिहार के रास्ते बंगाल ले जाया जा रहा था। थानाध्यक्ष छावनी उमा शंकर त्रिपाठी व चौकी इंचार्ज विक्रमजोत ओमप्रकाश मिश्रा गोवंशीय लादकर जा रहे डीसीएम का पीछा कर रहे थे, पशु तस्कर खेसुआ के पास गाड़ी खराब हो जाने पर सड़क किनारे डीसीएम खड़ा कर फरार हो गए।

# नहीं सुधर रहे, विकास भवन के कर्मी, फिर 'नदारद' मिले

● चेतावनी के बाद भी समय से नहीं पहुंच रहे कर्मी

● लिखित में देने के बावजूद अधिकारी अपने कार्यालयों की साफ-सफाई पर नहीं दे रहे ध्यान

● अतिरिक्त प्रभार वाला कोई भी अधिकारी बैठने का रोस्टर जारी नहीं कर रहा : सीडीओ

संवाददाता। बस्ती



निरीक्षण करते सीडीओ पायनियर

**सीडीओ** डा. राजेष कुमार प्रजापति के कई निरीक्षण, चेतावनी और सुधर जाने की धमकी के बाद भी विकास भवन के अधिकारी और कर्मचारी हैं, कि सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। इतना ही नहीं पूरी दुनिया साफ-सफाई को लेकर सजग हैं, और विकास भवन के जिम्मेदारों की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। यहां तक तक जिस कुर्सी पर यह लोग बैठते हैं, और जिसकी पूजा करनी चाहिए वह कुर्सी और मेज गंदगी से पटा रहता है। आलमारी और पत्रावलियां तो मानो कभी साफ ही नहीं किया जाता है। जिस तरह गुंडा और मवाली लोग सड़क पर पान खाकर थूकते हैं, ठीक वहीं पान का पिच कार्यालय के कोने-कोने में सीडीओ को दिखाई दिया। करोड़ों रुपये के इस आलीशान भवन को कूड़ा बनाने में लगे हुएं है। एक दर्जन से अधिक सीडीओ साफ-सफाई के बारे में लिख चुके हैं, यहां तक कि यह भी लिखा जाता है, कि फ्लां तिथि को निरीक्षण होगा, साफ-सफाई होनी चाहिए। उस दिन भी अधिकारी और कर्मचारी साफ-सफाई नहीं कराए रहते है। अब फिर सीडीओ ने सभी कार्यालयों को लिखा है, कि वह छह अक्टूबर को विकास भवन का निरीक्षण करेंगें, साफ-सफाई और उपस्थिति होनी चाहिए। अब देखना है, कि कितने अधिकारी और कर्मचारी पूर्व सूचना के बाद भी गायब रहते हैं, और कार्यालयों में गंदगी किए रहते हैं। इस बार सीडीओ ने अंतिम चेतावनी देते हुए लिखा है, कि अगर गड़बड़ी मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी और इसकी जानकारी डीएम को भी दी जाएगी। सोमवार को एक बार फिर सीडीओ ने सात विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण किया। जिन कार्यालयों का निरीक्षण सुबह 10.20 से 10.40 बजे तक किया गया, उनमें अल्पसंख्यक कल्याण, जिला गन्ना विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास, जिला युवा कल्याण विभाग और सहायक निदेषक रेषम कार्यालय षामिल रहा। इसमें मत्स्य विभाग के दिनेष प्रताप सिंह, सहकारिता के सुधाकर श्रीवास्तव, उषा देवी, अल्पसंख्यक के राम सुरेष, पषुपालन के बिंदु पांडेय, आईसीडी के विवेक त्रिपाठी एवं पियांग षुक्ल और आईसीडीएस की ज्योत्सना द्विवेदी नहीं मिली।

# मेडिकल कालेज को मिली 'पैरा मेडिकल' व 'नर्सिंग' की मान्यता

संवाददाता। बस्ती

**बस्ती** मेडिकल कालेज ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कड़ी निगरानी और निरीक्षण के बाद इस मेडिकल कालेज को पैरा मेडिकल और बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कराने की मान्यता मिली है। मेडिकल कालेज को पहले ही 100 एमबीबीएस के बच्चों को पढ़ाने की मान्यता मिल चुकी हैं, अब उसी कड़ी में पैरा मेडिकल और नर्सिंग की भी मान्यता मिली है। इसमें 60 सीट बीएससी नर्सिंग, 40 डिप्लोमा इन लैब टेक्नीषियन, 20 डिप्लोमा इन सीटी स्कैन टेक्नीषियन और 30 सीटों पर डिप्लोमा इन आपरेषन थिएटर टेक्नीषियन के अभ्यर्थियों को डिप्लोमा की पढ़ाई होगी। प्रधानाचार्य डा. मनोज कुमार ने बताया कि पैरा मेडिकल और नर्सिंग के पाठ्यक्रम संचालित किए जाने की अनुमति और अनिवार्यता प्रमाण-पत्र मेडिकल कालेज को मिला है। पाठ्यक्रम 22-23 से षुरु हो जाएगा। बताया कि फिलहाल दोनों डिप्लोमा का पाठ्यक्रम उपलब्ध संसाधनों में ही संचालित होगा। एमबीबीएस के लेक्चर हाल और परीक्षा हाल का उपयोग होगा। नर्सिंग के अभ्यर्थियों के लिए फिलहाल अभी हास्टल की सुविधा नहीं है। इन्हें मेडिकल कालेज के बाहर ही रह कर पढ़ाई करनी होगी। बताया कि दो साल बाद दोनों का अपना भवन हो जाएगा। बताया कि पैरामेडिकल और नर्सिंग के प्रधानाचार्य अलग-अलग होगें, मगर दोनों के वित्तीय और प्रषासनिक अधिकार मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य के पास रहेगा। बताया कि सभी अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया के तहत आएगें। प्रोफेसर ट्यूटर और प्रधानाचार्य की भर्ती का विज्ञापन निकल चुका है।

वैसे अब मेडिकल कालेज की अहमियत और बढ़ जाएगी। 150 अभ्यर्थी के आ जाने से मेडिकल कालेज के आसपास का माहौल और चहल पहल और बढ़ जाएगा। रोजगार के अवसर बढ़ जाएगें। इन सबके आलावा मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य के उपर फिलहाल और जिम्मेदारी बढ़ गई।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की गई जान

● देवी पंडाल में साउंड सिस्टम लगाने के लिए आ रहे थे तीनों साथी

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)


मृतक सत्यम का फइल फोटो



मृतक लोकेश का फइल फोटो


मृतक अमर सिंह का फइल फोटो

**देवी प्रतिमा** का पंडाल साउंड सिस्टम लगाने कस्बा राठ आ रहे बाइक सवार तीन युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमे दो युवकों और एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक मुस्करा थाने के नीम का डेरा गांव निवासी 18 वर्षीय सत्यम पुत्र नारायणदास, 13 वर्षीय अमर सिंह उर्फसौरभ पुत्र सुघर सिंह और 15 वर्षीय लवकेश पुत्र कर्ण सिंह तीनों साथी देवी प्रतिमा के पंडाल में साउंड सिस्टम लगाने के लिए, एक बाइक से राठ कस्बा रहे थे। जैसे ही बाइक श्यामला देवी मंदिर के पास ही पहुंची तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को उठाकर मोर्चरी में रखवा दिये। युवकों की मौत पर पूरे गांव में मातम छा गया है। अस्पताल में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

## मासूम की तालाब में डूबने से मौत



**राठ (हमीरपुर)।** तालाब में नहाने गए कक्षा एक के छात्र की डूबने से मौत हो गई। बालक की मौत से स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है।चिकासी थाने के बड़ा खरका गांव के रामनरेश का सात वर्षीय भतीजा अनुज कुमार सोमवार को गांव के तालाब में नहाने गया था। नहाते समय गहरे पानी में डूब गया। ग्रामीणों की मदद से मासूम को बाहर निकाल सीएचसी ले गए। जहां डा.भरत राजपूत ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने कहा स्वजन शव का पोस्टमार्टम कराए बिना ले गए हैं। मृतक गांव के ही परिषदीय विद्यालय में नर्सरी का छात्र था। इकलौते पुत्र की मौत पर मां आराधना, छोटी बहन आयुषी का रो रो कर बुरा हाल है।

किसान सम्मान निधि भू सत्यापन

# काम में लापरवाही बरतने पर विभाग के 31 प्राविधिक सहायकों का रोका वेतन

संवाददाता। हमीरपुर

● कई बार चेतावनी देने के बाद भी अभी तक सत्तर फीसदी ही हो पाया है सत्यापन

**प्रधानमंत्री** किसान सम्मान निधि योजना में किसानो के भू सत्यापन में लापरवाही में बरतने पर कृषि विभाग के उपनिदेशक(कृषि) ने विभाग के सभी इकतीस प्राविधिक सहायकों का वेतन रोक दिया है। जिससे विभाग में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के मुताबिक जिले में किसान सम्मान निधि वितरण का सत्यापन कराने के बाद शासनादेश के मुताबिक अब संबंधित किसानों के भू अभिलेखों की जांच करायी जा रही है,किसान सम्मान निधि सभी बड़े किसानों को देना था,जिसमे सैकड़ो अपात्र किसानों को धनराशि मिल गयी थी जिसमे लाखों रुपये की वसूली की जा चुकी है। सैकड़ो आयकर दाताओं से निधि की लाखो रुपये की वसूली की गयी है। इधर सम्मान निधि का सत्यापन हो नही पाया कि शासन ने संबंधित किसानों के भू अभिलेखों के सत्यापन कराने के आदेश कर दिये है। उपकृषि निदेशक हरीशंकर भार्गव ने बताया कि किसानों के भू सत्यापन की जिम्मेदारी प्रावधिक सहायकों(टीए) व संविदा कर्मी ब्लाक टेक्नीशीयन मैनेजर (बीटीएम) उनके अधीन काम करने वाले असिस्टेंट टेक्नीकल मैनेजर (एटीएम) को दी गयी थी जिले में 31 प्राविधिक सहायक नियुक्त है। हालाकि जिले में 59 न्यायपंचायते है जिसमे हर न्यायपंचायत में एक टीए होना चाहिये मगर कर्मियों की कमी को देखते हुये कई लोगो को डबल चार्ज दिया गया है। शासन के आदेश थे कि सितम्बर माह में शत प्रतिशत सत्यापन हो जाना चाहिये मगर अभी तक सिर्फ सत्तर फीसदी सत्यापन हो पाया है जेडी के सख्त आदेश के बाद भी टीए लक्ष्य के अनुरुप सत्यापन का काम नही कर पाये है,एटीएम व बीटीएम का वेतन पहले ही रोक दिया गया था आज टीए का वेतन रोक दिया गया है उन्होने बताया कि प्राविधिक सहायकों का काम प्रत्येक न्याय पंचायत में किसानों को तकनीकि जानकारी देना होता है मगर उनकी लापरवाही वहा पर भी साबित हुई है। इधर कल इसी मामले को लेकर शासन द्वारा वीडियो क्रान्फ्रसिंग होनी है।

## क्विक न्यूज

### इगोहटा में एक ने फांसी लगाकर जान दी तो दूसरे की नाले में डूब कर हुई मौत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** क्षेत्र के इगोहटा गांव में कल देर रात एक मजदूर ने फांसी लगाकर जान दे दी वहीं दूसरी घटना में एक चरवाहे की नाले में डूबने से मृत्यु हो गयी। गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। कल शाम गांव का बच्चू (65) पुत्र भिखारी कुशवाहा रोजाना की तरह अपनी भैंसों को चराने गया था शाम को वापस घर लौट रहा था तभी मुमुख आश्रम के पास बह रहे नाले में भैंसो को पानी से बाहर निकालते समय वह नाले में डूब गया, लोगों की नजर पड़ी तो उसे ढूंढते हुए काफी वक्त लग गया सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल भेजा किंतु रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है, ग्रामीण बताते हैं कि जब मुहल्ले में चरवाहे के नाले में डूबने की खबर मुहल्ले में पहुंची तो मुहल्ले के लोग उसे देखने पहुंच गए, तभी अपना घर सुनसान देखकर अज्ञात कारणों से चंद्रपाल(55) पुत्र रामजीवन कुटार ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, घर के लोग लौटकर आए तो देखा कि उसका शव फांसी से लटका हुआ है और मौत हो चुकी है, यह देख परिजनों में कोहराम मच गया, सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, मृतक अपने पीछे पत्नी सहित अमरपाल, राजकुमार, अंकित, योगेंद्र तथा ज्ञानेंद्र पांच पुत्रों सहित परिजनों को दुखी छोड़ गया है, सोमवार को गमगीन माहौल में दोनों का अन्तिम संस्कार किया गया है।

### श्रमिक का शव गांव आते ही मचा कोहराम

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बांकी के एक श्रमिक का शव करंट से हुई मौत के बाद दिल्ली से रविवार को जब गाँव आया तो परिजनों में कोहराम मच गया, गांव में ही उसका अंतिम संस्कार किया गया, मृतक श्रमिक अपने पीछे दो मासूम बच्चे पत्नी आदि को रोता बिलखता छोड़ गया है।परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार श्याम जी नामदेव 35 वर्ष पुत्र जुगुल किशोर दिल्ली की किसी कम्पनी में काम करता था, दो दिन पूर्व करंट की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई थी, रविवार को दोपहर बाद उसका शव दिल्ली से पैतृक गांव बांकी लाया गया तो परिवार में कोहराम मच गया, भारी मन के माहौल में गांव में ही उसका अंतिम संस्कार किया गया, श्रमिक की मौत से उसकी पत्नी तथा बच्चों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है, क्योंकि परिवार की मौत के बाद पत्नी सहित बच्चों की परवरिश की विकट समस्या खड़ी हो गई है।

### एक्सईएन ने अभियान चला दो लाख वसूले, 54 कनेक्शन काटे

**कोंच (जालौन)।** तमाम कसरतें के बाद भी नगर में विद्युत विभाग की बकायेदारी कम नही हो पा रही है बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया पड़ी विद्युत बिलों धनराशि बसूलने के लिए स्वयं अधीशाषी अभियन्ता को आना पड़ा उन्होंने उपभोक्ताओं के घर घर जाकर 2 लाख से अधिक की बकायेदारी बसूली और 54 कनेक्शन भी बकायेदारों के कटवा दिए। विद्युत विभाग का सारा ध्यान अपनी बकाये पड़ी विद्युत बिलों की धनराशि को बसूलना है इसके लिए वह कटिया धारकों को नहीं नजर अंदाज कर आगे बढ़ जाते है लेकिन बकायेदारी की कम होने का नाम ही नहीं ले रही सोमवार को अधीशाषी अभियन्ता अखिलेश सिंह कोंच पहुंचे और एसडीओ अनिरुद्ध मौर्य, अवर अभियन्ता रामू गुप्ता,तथा विद्युत कर्मचारियों के साथ नगर के कई इलाकों में घूमे उन्होंने बकायेदार उपभोक्ता ओ से ही बात की और बिल जमा करने का अनिरोध किया इस दौरान कुछ बकायेदार उपभोक्ताओ ने ईमानदारी दिखाते हुए 2 लाख रुपये बकायेदारी के जमा कर दिए उन बकायेदारों ने बकायेदारी जमा नहीं की उन 54 बकायेदारों के कनेक्शन फ़िलहाल काट दिए गए एसडीओ ने बताया कि जिनके कनेक्शन काटे गए है उनके कनेक्शन तभी जोड़े जाएंगे जब वह अपनी बकाया पड़ी अपनी विद्युत बिलों की धनराशि जमा कर देंगे।

### अंडा लेने गये युवक पर लाठी, डंडों से हमला कर किया मरणासन्न

**जालौन (उरई)।** गांव में दुकान पर अंडा लेने के लिए गए युवक को रंजिश के चलते गांव के ही युवकों ने लाठी, डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आई मां को भी नहीं बख्शा। मारपीट में घायल हुए मां बेटे को कोतवाली पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी प्रमोद सक्सेना रविवार की रात गांव में ही स्थित एक दुकान पर अंडा खरीदने के लिए गया थे। दुकान पर उन्हें रंजीत व उनके 3 साथी मिल गए। रंजीत, प्रमोद से रंजिश मानता है। रंजिश के चलते अड़े खरीद रहे प्रमोद के साथ उसने गाली, गलौज शुरू कर दी। जब प्रमोद ने उसे गाली देने से रोका तो उसने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इसकी जानकारी जब प्रमोद की मां मीरा देवी को मिली कि कुछ लोग उनके पुत्र के साथ मारपीट कर रहे हैं। तो मां मीरा देवी भी मौके पर पहुंच गई और पुत्र को बचाने का प्रयास किया। लेकिन प्रमोद को पीट रहे लोगों ने मां के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। घटना में मां, बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। उक्त संदर्भ में कोतवाल शैलेंद्र सिंह ने बताया कि घटना को लेकर अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

### सेवानिवृत्त हुये शिक्षकों को सम्मानित करेगा प्राथमिक शिक्षक संघ

**जालौन (उरई)।** सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में सम्मान किया जाएगा। यह बात शिक्षक संघ की बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष लालजी पाठक ने की कही। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्र की अध्यक्षता में कन्या जूनियर हाईस्कूल मुरलीमनोहर में संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि कोई भी संगठन तभी मजबूत होता है जब सब मिलकर संगठन हित में प्रयास करते हैं। संगठन की मजबूती से उससे जुड़े लोग भी मजबूत होते हैं। इसलिए संगठन में अधिक से अधिक शिक्षकों को जोड़ने का प्रयास करें। ब्लॉक अध्यक्ष लालजी पाठक ने कहा कि इस वर्ष सेवानिवृत्त हुए शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाना है। इसके अलावा बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ एक बाबू के भ्रष्टाचार एवं अनुशासनहीन कार्यप्रणाली के खिलाफशिक्षकों ने रोष व्यक्त किया।

### मनाइए धमाकेदार त्योहार

**कानपुर।** ई.मार्केटप्लेस, रिलायंस रिटेल के जिओमार्ट ने आज अपकमिंग फेस्टिवल सीजन के लिए अपने महीने भर चलने वाले फेस्टिवल फिएस्टा के शुरुआती की घोषणा की। फेस्टिवल सीजन सेल 23 अक्टूबर 2022 तक चलेगी। जिओमार्ट में इस दौरान दो सेल इवेंट्स होंगे त्योहार रेडी सेल और बेस्टिवल सेल। इस अनाउंसमेंट के बारे में बताते हुएए जिओमार्ट के सीईओ श्री संदीप वरगंती ने कहा सबसे बड़े मल्टीचैनल होमग्रोन ई.मार्केटप्लेस के रूप में हमारा लक्ष्य लोकल स्टोर्सए किरानाए एसएमबी ;स्माल एंड मीडियम बिजनेसेजद्ध एमएसएमईज स्थानीय कारीगरों और बढ़ती महिला उद्यमियों को सशक्त बनाकर डिजिटल रिटेल इकोसिस्टम में बदलाव लाना है। इस दिवाली अपने सभी ग्राहकों की खाने से लेकर फैशन तक की सभी खरीदारी की ज़रूरतों के लिए जिओमार्टए वन.स्टॉप शॉप बनने के लिए तैयार है। जहां महीने भर चलने वाले शॉपिंग फेस्टिवल के दौरान ऑफर्स की भरमार होगी। वहीं जिओमार्ट अपने ग्राहकों को एसबीआई ;भारतीय स्टेट बैंकद्ध डेबिट कार्ड्स पर एक अतिरिक्त ऑफर भी देगा।

## पीआरडी जवान समेत चार घायल,अस्पताल में भर्ती

**मौदहा ( हमीरपुर )।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पीआरडी जवान समेत चार लोग घायल हो गये सभी घायलों को गंभीर हालत में सीएचसी मौदहा में भर्ती कराया गया है। आज सुबह पीआरडी जवान शिवकरण अपने साथी महेश पुत्र अच्छेलाल के साथ मौदहा कोतवाली में ड्यूटी के लिए जा रहे था तभी कपसा मार्ग में चार पहिया ने टक्कर मार दी जिससे पीआरडी जवान जमीन में गिर गया दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए आनन-फानन में राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया दूसरी घटना कस्बा निवासी पूर्व भारतीय स्टेट बैंक मैनेजर जावेद अपनी गाड़ी से घर जा रहे थे तभी मुकंदी होटल के पास बाइक का नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रहे इकरार हुसैन अध्यापक राशन वितरण करवा कर घर जा रहे थे से टकरा गए जिसमें इकरार हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों घायलों को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उनका इलाज जारी है।

# चार गौशालाओं के निरीक्षण में लापरवाही पर बीडीओ ने दो सफाईकर्मियों को थमाया नोटिस

● तीन गौशालाओं के केयरटेकरों को हटाने का सुनाया फरमान

संवाददाता। कदौरा (जालौन)


रैला गांव की गौशाला का निरीक्षण करते बीडीओ अश्वनी कुमार सिंह पायनियर

**गोशालाओं** की व्यवस्थाएं दुरुस्त करवाने के लिए अधिकारियों ने सख्ती बरतना शुरू कर दी है। गोशालाओ में गंदगी मिलने पर दो सफाई कर्मियों को नोटिस थमा कर तीन केयर टेकरों को हटाने के निर्देश सचिवो को दिए है।

सोमवार को बीडीओ अश्वनी कुमार सिंह ने क्षेत्र की बरखेरा, हरचंदपुर, रैला व छौंक गांव स्थित गोशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बारिश से बरखेरा, रैला में कीचड़ को देख कर नाराजगी जताते हुए प्रधानो को चेतावनी दी। कि तत्काल मौरम मंगवा कर डलवाएं। गोशाला में कीचड़ दिखा तो कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। हरचंद्रपुर गोशाला में गोबर न उठाने एवं केयर टेकर नदारत मिलने पर कार्यवाही के लिए कहा। छौंक गांव की गोशाला में भूसा स्टॉक, रजिस्टर चेक कर नियमित साफसफाई के आदेश दिए। बीडीओ अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि रैला व बरखेरा गोशाला में सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर दो कर्मियो को नोटिस दिए है। हरचंद्रपुर में एक, रैला में दो केयरटेकर नदारत थे उनको हटाने के निर्देश प्रधान व सचिव को दिए है। जिन गोशाला में पड़ंजा बिछवाने की अवयश्कता है। उसके लिए जेई को स्टीमेट बनाने के आदेश दिए गए है। गौशाला संचालन में लापरवाही बरतने वाले सचिवों व प्रधानों को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर दीपक चतुर्वेदी, धर्म सिंह, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## कुठौंद के अमृत सरोवर तालाब पर किया वृहद वृक्षारोपण

**कुठौंद (जालौन)।** सोमवार को अमृत सरोवर तालाब कुठौंद में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य प्रमुख प्रतिनिधि अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी उर्फ रामू, जिला कमांडेंट राजेश सिंह, प्रधान नरेंद्र महंत प्रधान संघ अध्यक्ष, बीओ बृजेश कुमार सिंह सेंगर, बीओ धर्मेंद्र अवस्थी, कंपनी कमांडर कैलाश नारायण, सहायक कंपनी समर सिंह, पीसी अनिल कुमार की मौजूदगी में वृहद स्तर पर अनेकों प्रकार के पौधे रोपित किये गये। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रमुख प्रतिनिधि अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी ने पृथ्वी को वृक्षों से हरा भरा रखने की कई उपाय बताते हुए कहां वृक्षों की देखभाल अपने पुत्र की तरह करनी चाहिये। उनकी समय-समय पर रक्षा, सुरक्षा व देखभाल करना चाहिए। क्योंकि यही वृक्ष बड़े होकर हजारों मनुष्यों को जलवायु पर्यावरण स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं जिला कमांडेंट राजेश कुमार सिंह ने वृक्षों को बहु कीमती बताते हुए मनुष्य के जीवन में जो वृक्षों से आदान-प्रदान होता है।

# प्रमुख सचिव परिवहन ने जिला पंचायत अध्यक्ष के पत्र का लिया संज्ञान, शुरू हुई एआरटीओ के खिलाफ कार्रवाई

संवाददाता। उरई (जालौन)

● परिवहन मुख्यालय से सचिवालय में मंगई पुरानी सस्पेंसन की फाईल

● जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुख्य सचिव परिवहन को दूरभाष से पूरे विषय की जानकारी दी

● शिकायत में भ्रष्टाचार से संबंधित वीडियो बतौर साक्ष्य भी भेजे

**सहायक** संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सौरभ कुमार के कथित भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायत में एक नया मोड़ आया है। जब जिला पंचायत अध्यक्ष व पूर्व सांसद घनश्याम अनुरागी ने प्रमुख सचिव परिवहन को लिखित शिकायत कर सक्ष्यों के साथ अवगत कराया था कि एआरटीओ कार्यालय में लगातार कथित तरीके से भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसके वीडियो, फोटो व आडियो भी सौंपे थे। इस शिकायत का संज्ञान लेते हुये प्रमुख सचिव परिवहन ने एआरटीओ सौरभ कुमार से संबंधित फाईल परिवहन मुख्यालय से सचिवालय में मंगवा ली है। गौरतलब है कि सौरभ कुमार ने जनपद इटावा में तैनाती के दौरान एआरटीओ रहते पूर्व में लगभग 175 ट्रकों के गलत तरीके से रजिस्ट्रेशन के मामले में सस्पेंड हुये थे जिसका मामला अब भी न्यायलय में विचाराधीन है। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी में मुख्य सचिव परिवहन को दूरभाष पर इस विषय से अवगत कराया। इस संबंध में मुख्य सचिव परिवहन ने बताया कि सस्पेंशन से संबंधित फाईल मंगवा ली गयी है और उसकी पुन: समीक्षा की जा रही है व जिला पंचायत अध्यक्ष को आश्वासन भी दिया कि जल्द ही शासन स्तर से एक जांच समिति गठित की जायेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी ने एक 7 बिन्दुओं से संबंधित नये पत्र को प्रमुख सचिव को भेजा जिसमें पुराने बिन्दुओं के अलावा नये बिन्दु शामिल है। घनश्याम अनुरागी ने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के सख्त खिलाफ है और किसी को भी यह अधिकार नही है कि वह मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ के जनता के हित में लिये गये सपनों को इस तरह कुचलने का प्रयास करें।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी में चतुर्वेदी को सदस्य बनाये जाने की मांग

**जालौन ( उरई )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यों में प्रत्येक ब्लॉक से एक सदस्य होना चाहिए। लेकिन प्रदेश कांग्रेस कमेटी की जो संभावित सूची तैयार की गई है। उसमें जालौन ब्लॉक को बंचित रखा गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से कमेटी में विष्णु चतुर्वेदी को सदस्य बनाए जाने की मांग की है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यों की जो संभावित सूची तैयार की गई है। वह मानक के अनुरूप तैयार नहीं हुई है। सूची में प्रत्येक ब्लॉक से एक सदस्य होना चाहिए। कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष गोल्डी अवस्थी ने उक्त सूची में संसोधन कर जालौन ब्लॉक से सदस्य बनाए जाने की मांग की है। कांग्रेस कार्यकर्ता जाकिर अंसारी, रामबाबू जाटव, अतुल तिवारी, अशोक चौधरी, शिवराज याज्ञिक आदि ने सर्वसम्मति से जालौन ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु चतुर्वेदी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सदस्य बनाए जाने की मांग प्रदेश अध्यक्ष से की है।

# नवरात्र के प्रथम दिन उत्साह पूर्वक हवन-पूजन हुआ शुरू



**मौदहा ( हमीरपुर )।** मां दुर्गा नवरात्र के प्रथम दिन देवी भक्तों का उत्साह के साथ नगर समेत क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में 66 स्थानों में हवन पूजा के साथ पूजा शुरु हो गयी। कोविड के कारण बीते वर्ष देवी मां के भक्त नवरात्रि का त्योहार पंडालों में देवी का स्थापित कर नहीं कर पाए इस वर्ष दोगुने उत्साह के साथ पंडालों को सजाया गया। पुराणों के अनुसार नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है शैलपुत्री जो हिमालय राज की पुत्री हैंइसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री के नाम से जानते हैं इनकी आराधना से भक्तों के मन वांछित फल प्राप्त होते हैं और मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए मंत्रों का जाप करते हैं। मंत्रों के प्रभाव माता रानी जल्दी प्रसन्न होती है और भक्तों को मनोवांछित कामनाएं पूर्ण करती है। नवरात्र में नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं पंडालों में स्थापित कर मां भक्तों द्वारा नौ दिन तक उनका विधिवत पूजन अर्चन करते हैं। इस मौके पर नगर के रामलीला मैदान, तहसील मार्ग, गुड़ाही बाजार समेत मां एक दर्जन से अधिक स्थानों पर मां भक्तों ने बड़े ही उल्लास के साथ अपने पांडाल सजा कर देवी प्रतिमाएं प्राण प्रतिष्ठित करवाया।

# शक्ति पीठों में पूजा-अर्चना के लिये लगा रहा भक्तों का तांता



**जालौन ( उरई )।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में सुबह ही तांता लगा रहा। भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां की आराधना की एवं सुख समृद्धि की कामना की। नगर में स्थापित छोटी माता, बड़ी माता, लखिया मंदिर, छठी माता मंदिर, नवदेवी मंदिर, कामांक्षा देवी मंदिर के अलावा देवी भक्तों द्वारा नगर विभिन्न मुहल्लों में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। जहां नवरात्रि के प्रथम दिन रोली, अक्षत, फूल, चंदन आदि से देवी भक्तों द्वारा श्रद्धा के साथ देवीजी के प्रथम रूप शैलपुत्री का पूजन-अर्चन किया गया। सुबह 4 बजते ही मंदिरों में शंख, घड़ियालों की ध्वनि गूंजने लगी। इसके बाद दिन भर देवी भक्तों का मंदिरों पर तांता लगा रहा। शास्त्रों के अनुसार, नवरात्रि के प्रथम दिन माता पार्वती का पूजन किया जाता है। नवरात्रि के पहले दिन क्षेत्रीय गांव उदोतपुरा, देवरी, सारंगपुर, छिरिया सलेमपुर, लौना, कैंथ, कुंवरपुरा आदि सहित सभी गांवों में देवी मंदिरों पर मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई।

# अंतत: राम ने तोड़ा धनुष, डाली सीता के गले में जयमाल

संवाददाता। कोंच (जालौन)


रामलीला का मंचन करते कलाकार पायनियर

**कोंच** रामलीला में रविवार रात धनुर्भंग लीला का बेजोड़ मंचन किया गया जिसमें महाराज जनक की प्रतिज्ञानुसार देश देशांतर के राजा धनुष तोड़ने रंगभूमि में आते हैं लेकिन अंतत: राम ने धनुष तोड़ा और सीता ने उनके कंठ में जयमाल डाली। रावण-वाणासुर और लक्ष्मण-परशुराम संवादों का मैदान में उपस्थित हजारों दर्शकों ने आनंद उठाया। बिदूषक दूल्हा और नाऊ कक्का की हंसी ठठ्ठे की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया।

गल्ला व्यापारियों की संस्था धर्मादा रक्षिणी सभा द्वारा संचालित रामलीला के 170वें महोत्सव में रविवार की रात धनुर्भंग लीला का शानदार मंचन किया गया। मिथिला नरेश महाराज जनक घोषणा करते हैं कि जो भी शिव धनुष पिनाक की प्रत्यंचा चढ़ाएगा उसके साथ वह अपनी तनया सीता का विवाह करेंगे। निर्धारित तिथि पर जनकपुर की रंगशाला में देश देशांतर के राजे महाराजे और राजकुमार सीता को वरण करने के उद्देश्य से एकत्रित होते हैं। राक्षसराज रावण और दानवराज वाणासुर भी रंगभूमि में आते हैं। दोनों के बीच हुए तीखे वाक् युद्ध को दर्शकों ने खूब सराहा। लीला में मनोरंजन के लिए बिदूषक दूल्हा और नाऊ कक्का की ऊटपटांग हरकतें दर्शकों को गुदगुदाने में सफल रही। रंगभूमि में उपस्थित कोई राजा महाराजा जब धनुष को तिल भर भी न हिला सके तो जनक अपनी प्रतिज्ञा को लेकर विलाप करने लगते हैं और पृथ्वी को वीर विहीन जब बताते हैं तो लक्ष्मण उनकी बात पर कुपित हो उठते हैं। वह कहते हैं कि जिस सभा में रघुवंश का एक छोटा बालक भी अगर उपस्थित है तो यह कहने का साहस कोई कैसे कर सकता है कि पृथ्वी वीरों से खाली है। गुरु विश्वामित्र का आदेश पाकर राम धनुष उठा लेते हैं और जैसे ही प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास करते हैं, धनुष टूट जाता है। जनकनंदिनी सीता सखियों के संग आकर राम के कंठ में जयमाल डाल देती हैं। चारों तरफ से पुष्प वर्षा होने लगती है। पिनाक ध्वंस की घोर गर्जना सुनकर जमदग्नेय परशुराम वहां आ जाते हैं। लक्ष्मण और परशुराम के मध्य हुए गर्मागर्म संवादों का भी दर्शकों ने आनंद लिया। जनक की भूमिका सिद्धहस्त रंगकर्मी राजकुमार हिंगवासिया, विश्वामित्र का सुशील दूरवार मिरकू महाराज, परशुराम रमेश तिवारी, सुनयना सूरज शर्मा, शतानंद संतोष त्रिपाठी, रावण रूपेश सोनी, वाणासुर संजय सिंघाल, चतुर सखी अतुल चतुर्वेदी, बिदूषक दूल्हा बप्पी लहरी, नाऊ कक्का कल्लू याज्ञिक, सुमति अनिल अग्रवाल, विमति ध्रुव सोनी, राजाओं की भूमिका में जवाहर अग्रवाल, नीरज अग्रवाल आदि रहे। सांकेतिक विभाग की कमान दिनेश मानव, नीरज द्विवेदी, नंदराम स्वर्णकार, अभिषेक रिछारिया पुन्नी ने संभाल रखी थी। रामलीला समिति के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल मोंठ वाले, मंत्री संजय सोनी, कोषाध्यक्ष सुधीर सोनी खूजा वाले, अभिनय विभाग के मंत्री सुधीर आदि विभिन्न व्यवस्थाओं में लगे थे।